दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 137 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, रविवार 17 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)

आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आज जनपद जालौन में 14,800 करोड़ लागत से निर्मित, 296 कि.मी. लंबा 'बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे' राष्ट्र को किया समर्पित

देश के प्रत्येक गांव में 1 माह तक मनाया जाए आजादी का 75 वां पर्व : माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

आज का दिन बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक है, यह एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड समेत पूरे उ.प्र. की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम प्रदान करेगा

राम कृपाल सिंह नेशनल ब्यूरो चीफ/ब्यूरो उरई (जालौन) ।शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जालौन के कैथरी गांव में बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण किया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे 14,850 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है।

एक्सप्रेस वे का सफर

- शिलान्यास 29 फरवरी 2020
- लंबाई –296.070 किलोमीटर
- कुल लागत– 14849.09 करोड़
- ढांचा– फोर लेन चौड़ा,4 रेलवे ओबर ब्रिज,14 बड़े पुल,4 टोल प्लाजा,7 रैंप प्लाजा,268 छोटे पुल, 214 अंडरपास
- नदियां– बागे,केन,बेतबा, सेंगुर, यमुना, श्यामा, चंद्रावल,विरमा।
- इन छैः पैकेज में हुआ एक्सप्रेस वे का निर्माण।
- चित्रकूट के गोंडा से बांदा के मनोखर तक –80.49 किमी
- मनोखर से महोबा के कौहारी तक –50.300 किमी
- कोहारी से हमीरपुर के ब्रोलीखरका तक –49 किमी
- ब्रौलीखरका से जालौन के सालाबाद तक –51 किमी
- बखरिया से इटावा के कुदरौल तक –42.280 किमी

के अंदर 296 किमी0 लंबे इस एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे के लिए लोगों को बधाई दी। जिस धरती ने अनगिनत सूरवीर पैदा किए, जहां के खून में भारत भक्ति बहती है, जहां के बेटे–बेटियों के पराक्रम और परिश्रम ने हमेशा देश का नाम रोशन किया है, उस बुंदेलखंड की धरती को आज एक्सप्रेसवे का उपहार देते हुए, उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते मुझे बहुत खुशी हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं दशकों से उत्तर प्रदेश आता–जाता रहा हूं, यूपी के आशीर्वाद से पिछले 8 साल से देश के प्रधानसेवक के रूप में कार्य करने का आप सबने जिम्मा दिया है। लेकिन मैंने हमेशा देखा कि अगर यूपी में दो महत्वपूर्ण चीजें जोड़ दी जाएं, तो उत्तर प्रदेश चुनौतियों को चुनौती देने की बहुत बड़ी ताकत के साथ खड़ा हो जाएगा। पहला मुद्दा था– यहां की खराब कानून व्यवस्था, पहले यहां क्या हाल था ये आप जानते हैं। दूसरा, हर प्रकार से खराब कनेक्टिविटी।

पीएम मोदी ने कहा कि कैंथरी में बोलते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी तो 3–4 घंटे कम हुई ही है, लेकिन इसका लाभ इससे भी कहीं ज्यादा है। ये एक्सप्रेसवे यहां सिर्फ वाहनों को गति नहीं देगा, बल्कि ये पूरे बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को गति देगा। उन्होंने कहा कि एक समय था जब माना जाता था कि यातायात के आधुनिक साधनों पर पहला अधिकार सिर्फ बड़े–बड़े शहरों का ही है। लेकिन अब सरकार भी बदली है, मिजाज भी बदला है। ये मोदी है, ये योगी है। पुरानी सोच को पीछे छोड़कर, हम एक नए तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यूपी नए संकल्पों को लेकर अब तेज गति से दौड़ने के लिए तैयार हो चुका है। यही सबका साथ है, सबका विकास है। कोई पीछे न छूटे, सब मिलकर काम करें, इसी दिशा में डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। यूपी के छोटे–छोटे जिले हवाई सेवा से जुड़ें, इसके लिए भी तेजी से काम किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे के बगल में जो स्थान हैं, वहां बहुत सारे किले हैं। यूरोप के बहुत सारे देशों में किले देखने का बहुत बड़ा पर्यटन उद्योग चलता है। मैं आज योगी जी की सरकार से कहूंगा कि अब बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बनने के बाद आप भी इन किलो को देखने के लिए एक शानदार टूरिज्म सर्किट बनाईये। पीएम मोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आज यूपी जिस तरह आधुनिक हो रहा है, ये अभूतपूर्व है। जिस यूपी में सरयू नहर परियोजना को पूरा होने में 40 साल लगे, जिस यूपी में गोरखपुर फर्टिलाइजर प्लांट 30 साल से बंद बड़ा था, जिस यूपी में अर्जुन डैम परियोजना को पूरा होने में 12 साल लगे।

उदघाटन समारोह के बाद कैथेरी मै प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व मुख्यमंत्री जी के मध्य शिष्टाचार अभिवादन के साथ विमर्श भी हुआ कि केन वेतवा नदी लिंक परियोजना की सौगात हंम दिये दे रहे प साढ़े चार हजार करोड की परियोजना हैं । पचनद वॉध परियोजना तीन हजार करोड की हैं उसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव जी किसी अन्य कार्यक्रम मे करेगे । प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करती है वुन्देलखण्ड की जनता की उन्होंने एक्सप्रेसवे के उदघाटन अवसर पर सिचाई ससाधनो की द्वष्टि से वडी सौगात दी । सिचाई ससाधनो मे वृद्धि होगी तो किसान भी समृद्ध व खुशहाल होगा । प्रधानमंत्री मोदी जी ने बुन्देलखण्ड में झॉसी कालिजर रामपुरा व कालपी के रानी झॉसी मंत्रणा कक्ष को पर्यटन के रूप मे सर्किट वनाकर उसे विकसित कर रोजगार के अक्सर वढाने की वात कही ।

मोदी ने वात वात में प्रदेश में हुये विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी जी की तारीफ की जवकि पिछली सरकारो की लूट खसोट पर अपने व्यंग वाण भी चलाये । युवाओ का आवाहन किया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर गॉव गॉव जाकर कुछ न कुछ कार्यक्रम कर सरकार की उपलब्धियो के वारे मै भी वताये । मंच पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व जल शक्ति मंत्री स्वतत्र देव सिंह, संगठन महामंत्री सुनील वंसल,क्षेत्रीप अध्यक्ष मानवेन्द्र सिह ,रामेन्द्र वना दिलीप दुवें उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व वृजेश पाठक केन्द्रीय मंत्री भानुपताप वर्मा प्रदेश कें राज्यमत्री मुन्नूलाल कोरी नन्दी गुप्ता .व जनपद के विधायक मूलचन्द्र निरजन गौरीशकर वर्मा आर पी निरजन रमा निरजन जवाहर राजपूत वृजभूपण राजपूत रवि शर्मा राजीव पारीक्षा सासद अनुराग शर्मा पुष्पेन्द्र चन्देल हमीरपुर आर के पटेल वॉदा जयपाल सिंह राजावत बरीकपुरा वरिष्ठ भाजपा नेता समेत प्रमुख भाजपा नेता मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

चेन्नई ।तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम में कोविड–19 के लक्षण दिखने के बाद उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अस्पताल ने यह जानकारी दी। एमजीएम हेल्थकेयर के मेडिकल

बुलेटिन में कहा गया है कि पनीरसेल्वम को 15 जुलाई को कोविड–19 के हल्के लक्षणों के साथ पृथक–वास इकाई में भर्ती कराया गया।

अस्पताल के बुलेटिन में कहा गया है, ''वह वर्तमान में हमारे विशेषज्ञों की एक टीम की निगरानी में हैं। उनकी हालत स्थिर है और चिकित्सकों की सलाह के अनुसार दवा दी जा रही है।'' मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पनीरसेल्वम के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कुछ दिन पहले पनीरसेल्वम को ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से निष्कासित कर दिया गया था।

श्रीलंका में संविधान का सम्मान करते हुए सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण हो : संयुक्तसाफ्

संयुक्त राष्ट्र। श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र ने देश के सभी हितधारकों से संविधान के प्रति पूर्ण सम्मान दिखाते

हुए सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सुनिश्चित करने की अपील की है। विश्व संस्था ने यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि मौजूदा अस्थिरता और लोगों की शिकायतों के मूल कारण का समाधान किया जाए। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे के बाददेश में संयुक्त राष्ट्र की रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर हाना सिंगर–हम्दी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह जरूरी है कि सत्ता का हस्तांतरण संसद के भीतर और बाहर व्यापक एवं समावेशी विचार–विमर्श के साथ हो।

देहरादून के डीएम और एसएसपी का हुआ तबादला, सोनिका होंगी नई जिलाधिकारी, दलीप कुंवर नए कप्तान

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के जिलाधिकारी और एसएसपी एक साथ बदल दिये गए हैं. दलीप सिंह कुंवर को देहरादून का नया एसएसपी बनाया गया है. वहीं, जन्मेजय खंडूड़ी को पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय

देहरादून भेज दिया गया है. दलीप सिंह कुंवर अभी तक पीएसी मुख्यालय देहरादून में तैनात थे और जन्मेजय खंडूड़ी देहरादून के एसएसपी थे. वहीं, देहरादून के जिलाधिकारी को भी बदल दिया गया है. अब संयुक्त सचिव सोनिका देहरादून की डीएम होंगी. सोनिका अब तक डीएम रहे आर राजेश कुमार की जगह लेंगी. आर राजेश कुमार को 2021 में देहरादून का डीएम बनाया गया था. आईएएस अधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार मूलतः तमिलनाडु से आते हैं. वो 2007 बैच के अफसर हैं।

मोदी ने किया बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन, पर अखिलेश यादव का तंज हड़बड़ी ''चलताऊ'' संस्कृति का संकेत

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे का उद्घाटन किया। हालांकि, इस बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को लेकर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर आधे अधूरे बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे के उद्घाटन का आरोप लगा

दिया है। इसको लेकर अखिलेश यादव ने एक ट्वीट किया। अपने ट्वीट में अखिलेश यादव ने लिखा कि आधे–अधूरे बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे के उद्घाटन की हड़बड़ी बताती है कि इसका डिजाइन भी ऐसे ही चलताऊ बना है। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा ...तभी डिफेंस कॉरिडोर के पास होने के बाद भी यहाँ भाजपा सरकार, सपा काल में बने आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे जैसी हवाई पट्टी न बना पाई। इसे चित्रकूट तक विकसित न करना दूरदृष्टि की कमी है। सपा प्रमुख ने अपने ट्वीट के साथ एक वीडियो भी साझा किया।

भाजपा संसदीय दल की बैठक में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को लेकर मंथन में बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ नामित पीएम मोदी भी रहे मौजूद

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ नयी दिल्ली। बीजेपी मुख्यालय में पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामित किया गया है।

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर अब

उम्मीदवारों की तलाश हो रही थी। सत्ता पक्ष हो या फिर विपक्ष, अब तक दोनों ही ओर से अपने पत्ते नहीं खोले गए हैं। माना जा रहा है कि सत्तारूढ़ एनडीए की ओर से आज उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा हो सकती थी। नामों की चर्चा के लिए भाजपा संसदीय दल की बैठक हो रही थी। भाजपा संसदीय दल को पार्टी का सर्वोच्च नीति निर्धारक माना जाता है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश

के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

मौजूदा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त होगा। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 जुलाई है और मतदान छह अगस्त को निर्धारित है। भाजपा ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है। यदि मुर्मू चुनाव जीत जाती हैं, तो वह देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति होंगी। राजग ने 2017 में उप राष्ट्रपति पद के लिए तत्कालीन केंद्रीय मंत्री नायडू को अपना उम्मीदवार बनाया था। भाजपा इस बार भी अपने उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए मजबूत स्थिति में है।

रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए घातक

जालौन (उत्तर प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली राजनीति की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह ''रेवड़ी कल्चर'' देश के विकास के लिए बहुत घातक है। मोदी ने करीब 14,850 करोड़ रुपये की लागत से बने 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का शनिवार को जालौन जिले की उरई तहसील के कैथेरी गांव में उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस एक्सप्रेसवे से ना सिर्फ वाहनों को गति मिलेगी बल्कि यह बुंदेलखंड में विकास को भी गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे से चित्रकूट से दिल्ली की दूरी तीन–चार घंटे कम हो गई है, लेकिन इसका फायदा इससे कहीं ज्यादा है। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश में सपर्क साधनों की कमी को लेकर पूर्ववर्ती सरकारों पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि ''डबल–इंजन'' की सरकार अब तेजी से बेहतर कनेक्टिविटी के साथ राज्य में बड़ा बदलाव सुनिश्चित कर रही है। मोदी ने इस पर जोर दिया कि ऐसा कोई काम नहीं होना चाहिए जो देश के वर्तमान आकांक्षाओं और बेहतर भविष्य से जुड़ा हुआ नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी फैसले या नीति के पीछे की सोच सिर्फ देश के विकास को गति देने वाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि देश के विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली सभी चीजों को दूर रखा जाए। मोदी ने कहा कि देश के पास विकास का बहुत सुन्दर अवसर है और उसे हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इस दौर में हमें अधिकतम विकास सुनिश्चित करना चाहिए और देश को नयी ऊंचाइयों पर ले जाकर नये भारत का निर्माण करना चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि नये भारत के समक्ष भी चुनौतियां हैं, जिन्हें अगर अभी नजरअंदाज किया जाए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए नुकसानदेह साबित होंगी। उन्होंने कहा, ''आपका वर्तमान बर्बाद हो जाएगा और भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। सतर्क रहना जरूरी है।''

मोदी ने कहा, ''आज हमारे देश में 'रेवड़ियां' बांट कर वोट जुटाने की संस्कृति जड़ जमा रही है। यह 'रेवड़ी कल्चर' देश के विकास के लिए बहुत घातक है। देश के लोगों खास तौर से युवाओं को इस संस्कृति के खिलाफ सतर्क रहनेकी जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि ये 'रेवड़ी कल्चर' वाले कभी आपके लिए नए एक्सप्रेसवे नहीं बनाएंगे, नए हवाई अड्डे या डिफेंस कॉरिडोर नहीं बनाएंगे। उन्होंने कहा, '' रेवड़ी कल्चरवालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर, उन्हें खरीद लेंगे। हमें मिलकर उनकी इस सोच को हराना है, 'रेवड़ी कल्चर' को देश की राजनीति से हटाना है।'' मोदी की यह टिप्पणी लोगों में मुफ्त चीजें बांटने का वादा करने, खास तौर से चुनावों से ठीक पहले,

शेष पेज 3 पर

देश भर की अदालतों में करीब 5 करोड़ मामले लंबित, ठोस कदम उठाने की जरूरतः केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ नई दिल्ली। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने दावा किया है कि देश भर के अदालतों में लगभग 5 करोड़ मामले लंबित हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इसे कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कानून मंत्री ने 18वें अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कल मैनें अपने डिपार्टमेंट के ऑफिसर से बात की है कि कुछ ऐसा ठोस कदम उठाना चाहिए जिससे हम 2 करोड़ केस को 2 साल में खत्म कर सकें। मैं कही भी जाता हूं तो पहला सवाल मेरे सामने यही आता है कि सरकार पेंडिंग केस को खत्म करने के लिए क्या कदम उठा रही है। उन्होंने आगे कहा कि चिंता की बात यह है कि आज देश भर की अदालतों में करीब 5 करोड़ मामले लंबित हैं। इन मामलों को कम करने के लिए सरकार और न्यायपालिका को समन्वय में काम करने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों की कार्यवाही में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। स्थानीय अदालतों में क्षेत्रीय एवं स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दिए जाने की वकालत करते हुए रिजीजू ने कहा कि अदालत की अगर आम होगी तो हम कई समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि मातृको अंग्रेजी से कम नहीं आंका जाना चाहिए और कहा कि वह इस विचार से सहमत नहीं हैं कि एक वकील को अधिक सम्मान, मामले या फीस केवल इसलिए मिलनी चाहिए क्योंकि वह अंग्रेजी में अधिक बोलता है। रिजीजू ने कहा, ''उच्चतम न्यायालय में दलीलें और फैसले अंग्रेजी में होते हैं। लेकिन हमारा दृष्टिकोण यह है कि उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

केंद्रीय कानून मंत्री ने देश की अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि न्यायपालिका और सरकार को मिलकर इस दिशा में कदम उठाने की जरूरत है।

रिजीजू ने कहा कि न्याय का द्वार सबके लिए समान रूप से खुला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि सरकार और न्यायपालिका के बीच बहुत अच्छा तालमेल होना चाहिए, ताकि आम आदमी की सेवा करने, उसे न्याय दिलाने के लक्ष्य में कोई विलंब नहीं हो और कोई न्याय से वंचित नहीं रहे।

संक्षिप्त समाचार

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

रसूलाबाद कानपुर देहात। अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने रोड जाम कर हंगामा काटा। पुलिस के समझाने के बाद करीब 6 घंटे बाद जाम खुला। थाना क्षेत्र में इन दिनों तेज रफ्तार वाहनों का कहर देखना पड़ रहा है। पिछले कई दिनों से सड़क दुर्घटनाओं में कई युवक अपनी जान गवा चुके हैं। वहीं रूरा मिंडा कुआं

मार्ग पर टेंपो की टक्कर से अधेड़ युवक की मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के मलगांव निवासी रामनरेश तिवारी 48 पुत्र सिपाही लाल कोटेदार के यहां साइकिल से राशन लेने जा रहे थे। तभी मलगांव में तेज रफ्तार टेंपो ने उनको टक्कर मार दी तथा बनीपारा की तरफ टेंपो चालक भाग निकला। मृतक युवक के तीन पुत्र है घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने रूरा मिंडकुआ मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा–बुझाकर बमुश्किल जाम खुलवाया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण पर नगर पंचायत के द्वारा बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटवाया

रसूलाबाद कानपुर देहात । वर्षों से टूटी– उखड़ी पड़ी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई दौड़ गए वहीं सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण पर नगर पंचायत के द्वारा बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। रसूलाबाद कस्बे से लहरापुर मार्ग विगत कई वर्षों से बदहाली की स्थिति में

था सड़क गड्ढो में गड्ढे सड़क में तब्दील होगये थे जो लोगो को आये दिन हादसों को दावत देते रहे थे। लगातार शिकायतों के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रस्ताव पास किया गया अब सड़क निर्माण चालू कर दिया गया है। रसूलाबाद से लेकर लहरापुर तक सड़क चौड़ी 7 मीटर रहेगी, रसूलाबाद नगर के चौराहे से 700 सौ मीटर दूरी तक सीमेंटेड सड़क रहेगी इसके बाद डामर रोड बनाया जायेगा जिसको लेकर कार्य जोरों से चल रहा है उन्होंने यह भी बताया है रसूलाबाद नगर के अंतर्गत 7 मीटर चौड़ी सड़क के बाद नाला व फुटपाथ रहेंगे। रसूलाबाद नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी दिनेश शुक्ला, लिपिक अमित शर्मा सहित कर्मचारियों ने आज सुबह करीब समय 8 बजे चौराहे से लहरापुर मार्ग पर करीब एक किलोमीटर तक घनी आबादी सड़क पर बसे लोगों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर के द्वारा हटाया गया है जिससे वहा अफरा–तफरी का माहौल बना रहा।

एहतिशाम खान भोलू ने सीएचसी में फल बाटे और पौधरोपण किया

रसूलाबाद कानपुर देहात। समाज सेवा से लगातार अपनी अलग पहचान बनाने वाले एहतिशाम खान भोलू ने सीएचसी में फल बांटे और पौधरोपण किया। शनिवार को रसूलाबाद कस्बा के निवासी समाजसेवी एहतिशाम खान भोलू ने महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने मरीजों को फल वितरित किए और पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम

उन्होंने खासतौर से भारतीयों का सम्मान बढ़ाने वाले ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री व अपने जन्मदिन के अवसर पर किया। पौधरोपण कर उन्होंने संदेश दिया कि विभिन्न अवसरों पर लोगों को एक मुहिम चलानी चाहिए और पौधे लगाने चाहिए ताकि जीवनदायिनी गैस ऑक्सीजन की कभी कमी न पड़े। गौरतलब है कि एहतिशाम खान भोलू ने नगर पंचायत रसूलाबाद में युवाओं में अच्छी पहचान बनाई है। आने वाले समय में नगर निकाय चुनाव में वह अध्यक्ष पद के लिए मजबूत दावेदारी कर सकते हैं। फिलहाल एहतिशाम खान भोलू समाज सेवा का कार्य करके लोगों में अपनी अलग पहचान बनाने में लगे हुए हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से मेराज खान, सोहेल अहमद,आर एन सिंह सहित आई लोग रहे।

16 से 22 जुलाई, 2022 के मध्य भूजल सप्ताह के रुप में मनाये जाने के निदेश

कानपुर नगर। भूगर्भ जल स्तर में प्रदेश व्यापी गिरावट एवं उस पर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए इसके संरक्षण, प्रबन्धन, विवेकयुक्त उपयोग तथा विनियमित दोहन के प्रति जन–जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से शासन के निर्देशों के क्रम

में आयुक्त कानपुर मण्डल–कानपुर एवं जिलाधिकारी कानपुर नगर द्वारा 16 से 22 जुलाई, 2022 के मध्य भूजल सप्ताह के रुप में मनाये जाने के निदेश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में भूजल सप्ताह के शुभारम्भ के उपलक्ष्य में आज भूगर्भ जल विभाग खण्ड–कानपुर द्वारा भूजल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन हेतु जन–जागरुकता के लिए मण्डल के समस्त जनपदों में व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रचार वाहन को संयुक्त विकास आयुक्त श्री रमाकान्त तिवारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें भूगर्भ जल विभाग खण्ड–कानपुर के अधिशासी अभियन्ता श्री अवधेश कुमार, हाइड्रोलाजिस्ट श्री अविरल कुमार सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रचार वाहन वर्षा जल संचयन एवं भूजल संरक्षण के संदेश के साथ जनमानस को जागरुक करते हुए मण्डल के सभी जनपदों में भ्रमण करेगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने रूरा के सपेरो की बस्ती का किया भ्रमण, सुनी समस्याऐं

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता द्वारा रूरा नगर पंचायत क्षेत्र के सपेरों की बस्ती में भ्रमण किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुना गया। उनकी समस्याओं के दृष्टिगत आवास की व्यवस्था किस प्रकार की जा सकती है इसके बारे में उनसे मौके पर जाकर बातचीत की गई तथा तहसीलदार को संबंधित भूमि के

रिकॉर्ड नजरी नक्शा तथा उनसे जुड़ने वाले रास्ते आदि का पूर्ण विवरण मांगा गया है। भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को बताया गया कि लगभग 36 परिवार हैं और गाटा संख्या 340 में जो कि बंजर योगिनी कोठी के नाम से अभिलेखों में अंकित है पर यह बसे हुए हैं।

रोजगार न मिलने से परेशान छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आनन्द बाबा कानपुर। बीते दिन शुक्रवार को गोविंद नगर थाना क्षेत्र में स्थित दबौली वेस्ट में बनी काशीराम कॉलोनी की चौथी मंजिल पर रह रहे छात्र ने खुद को कमरे में बंद करके फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार' 26 वर्षीय सुभाष यादव दबौली वेस्ट स्थित काशीराम कॉलोनी में किराए का मकान लेकर अपने पिता झीकू यादव संग रहता था जिसने शुक्रवार को खुद को कमरे में बंद करके पंखे से चादर के कपड़े से फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुभाष मूल रूप से ग्राम इटहिया अंबेडकर नगर का रहने वाला था जोकि दबौली वेस्ट में रहकर दबौली स्थित होम्योपैथिक क्लीनिक में कंपाउंडर की नौकरी करता था जिसका एक महीने पहिले काम छूट गया था और दरोगा भर्ती की परिक्षा दी थी जिसमें वह फेल हो गया था जिसको लेकर वह काफी परेशान था। मृतक सुभाष के दोस्तो नितिन और अर्जुन द्वारा कई बार फोन करने पर जब सुभाष ने फोन नहीं उठाया तो वह सुभाष के घर गए और कमरे का दरवाजा खटखटा कर सुभाष को आवाज लगाई काफी देर तक जब उन्हें अंदर से कोई जवाब

नही मिला तो उन्होंने दरवाजे के ऊपर जंगले से झांक कर देखा सुभाष फंदे से लटका दिखा जिसे देखकर सुभाष के घबरा गए और पुलिस को सूचना दी। जिनकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति ने हाईवे रूट का किया भ्रमण

कानपुर देहात। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आज दिनांक 16 जुलाई 2022 को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, का जालौन में शुभारंभ कार्यक्रम अंतर्गत कानपुर देहात के कालपी बॉर्डर से रायपुर, कानपुर बॉर्डर तक जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति ने हाईवे रूट का भ्रमण किया, इस मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बारा ओवर ब्रिज के नीचे उप जिलाधिकारी अकबरपुर, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर आदि उपस्थित पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वाहनों का डायवर्जन सही प्रकार से कराएं, कहीं किसी प्रकार की जाम की स्थिति न होगा, इसमे विशेष ध्यान रखें, सभी लोग सतर्क रहें।

लुलु मॉल के अंदर अब हनुमान चालीसा पढ़ने का वीडियो आया सामने, दो युवक गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ के लुलु मॉल में नमाज के बाद अब हनुमान चालीसा पढ़ने का वीडियो सामने आया है. लुलु मॉल के अंदर दो युवक जय श्री राम का नारा लगाते हुए हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए. मौके पर मौजूद मॉल की सिक्योरिटी ने दोनों युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया. पुलिस ने दोनों युवकों को अपनी हिरासत में लिया. इसके बाद आज लुलु मॉल पर पकड़े गए प्रदर्शनकारियों के साथ इन दोनों युवक को भी न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया. बता दें कि, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बहुचर्चित लुलु मॉल में नमाज पढ़ने को लेकर विवाद हुआ था. मॉल में नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल होने के बाद आज बड़ी संख्या में हिंदू युवा मंच के कार्यकर्ता भी लुलु मॉल पहुंचे और उन्होंने वहां पर हनुमान चालीसा का पाठ करने का प्रयास किया था. जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में करीब 15 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया. इससे पहले बीते दिन चार लोगों को लुलु मॉल के प्रवेश द्वार के बाहर सुंदर कांड का पाठ करने के लिए गिरफ्तार किया गया था. उन्हें धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेज गया. अखिल भारत हिंदू महासभा नमाज पढ़ने के वायरल वीडियो के बाद विरोध कर रही है. वीडियो में मॉल के अंदर पुरुषों के एक समूह को नमाज अदा करते दिखाया गया है. सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद लुलु मॉल के प्रतिनिधियों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है. विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से कई अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है. वहीं दक्षिणपंथी संगठन ने शुक्रवार को मॉल के पास हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए स्थानीय अधिकारियों से अनुमति मांगी थी, लेकिन उनके अनुरोध को ठुकरा दिया गया था. लखनऊ में लुलु मॉल का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को किया था और इसे अबू धाबी स्थित लुलु समूह द्वारा खोला गया है. जिसका नेतृत्व भारतीय मूल के अरबपति कर रहे हैं. इसी बीच लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से भी नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल हुआ है. वीडियो सामने आने के बाद चारबाग स्टेशन पर नमाज अदा करने वाले शख्स के खिलाफ अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने ज्ञापन सौंपा है. इस मामले पर चारबाग के सीओ जीआरपी संजीव सिन्हा ने कहा कि सभी आरोपों की जांच होनी चाहिए. सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी. कानून के अनुसार होगी कार्रवाई।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सिकन्दरा तहसील में हुआ जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में 159 शिकायतें हुई प्राप्त, पांच का हुआ मौके पर निस्तारण
- अधिकारी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता एवं समयवद्धता के साथ करें निस्तारण : डीएम

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सिकन्दरा में आयोजित हुई, तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक सुनीति व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने भी शिकायतों को सुना। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 159 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया, इसमें सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग 96, पुलिस 30, पूर्ति 07, विकास 12, विद्युत, डीपीआरओ की दो–दो, वन विभाग 1 शिकायत प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता एवं समयवद्धता का विशेष ध्यान रेख, क्योकि शासन से भी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता की जांच की जाती है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी, उन्होंने कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कुछ शिकायतों के निस्तारण में आवश्यकता है इसके लिए एक टीम गठित कर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने कहा सभी अधिकारियों को निर्देशित

करते हुए कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का भी समय से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि आज से भूजल सप्ताह का आयोजन प्रारंभ हो रहा है, इसके माध्यम से जल संचयन हेतु अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें तथा रेन वाटर हार्वेटिंग के माध्मय से भी बरसात के जल को संरक्षित करें। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव अभियान के तहत जो वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिन विभागों को जो लक्ष्य के सापेक्ष पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये है, उन्हें विभाग शत प्रतिशत पौधों का रोपण करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने सिकन्दरा तहसील परिसर में पौधरोपण भी किया। इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

बैंक ऑफ बडौदा के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर किसान पखवाडा अभियान का हुआ आयोजन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। बैंक ऑफ बडौदा के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 01.07.2022 से 16.07.2022 तक किसान पखवाडा अभियान का आयोजन किया गया है, जिसके तहत आज दिनांक 16.07.2022 को बडौदा स्वरोजगार विकास संसथान (आरसेटी) कानपुर देहात में किसान ऋण वितरण दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा उप महाप्रबंधक आर्य प्रकाश दास एवं बैंक ऑफ बडौदा

क्षेत्रीय प्रमुख कानपुर देहात रीता बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, इस अवसर पर विभिन्न कृषि योजनाओं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन ऋण ट्रैक्टर ऋण, मशीनरी ऋण, कृषी स्वर्ण ऋण एवं अन्य सरकारी लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों भाइयों एवं ग्रहकों को दी गयी, इस अवसर पर बैंक द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 355 किसानों को कुल 10.56 करोड़ के ऋण स्वीकृत किये गये, अंत में उप क्षेत्रीय प्रमुख विनय अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त किसान भाइयों एवं शाखा प्रबंधकों को धन्वाद ज्ञापित किया गया। उक्त अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक एस० के० चौधरी, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अधिकारी श्री शेखर वैध एवं समस्त शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थी कराए आधार प्रमाणीकरण

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन समाज कल्याण के निर्देशों की जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही 31 जुलाई 2022 तक विशेष अभियान के माध्यम से विकास खण्ड स्तर, ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर शतप्रतिशत आधार प्रमाणीकरण कराने के निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त के अनुपालन में जिलाधिकारी नेहा जैन के आदेश के द्वारा जनपद में वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण कराए जाने हेतु दिनांक 18 जुलाई 2022 से दिनांक 31 जुलाई 2022 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सम्बन्धित ग्रामपंचायत स्तर पर तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सहायक, रोजगार सेवक एवं सफाई कर्मचारियों के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों का जन सेवा केन्द्रों के माध्यम एवं ग्राम पंचायत के पंचायक सहायकों से आधार ऑनलाइन प्रमाणीकरण https://sspy.up.gov.in पर कराया जाएगा। उक्त के क्रम में वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18 जुलाई 2022 से 31 जुलाई 2022 के मध्य ग्राम पंचायत में स्थित जनसेवा केन्द्रों/पंचायत घरों में तैनात पंचायत सहायकों के पास लाभार्थी अपनी बैंक पासबुक, आधार कार्ड एवं मोबाइल के साथ पहुँचे। चूँकि आधार प्रमाणीकरण करते समय लाभार्थी के मोबाइल पर पर ओ. टी.पी. जाएगा, जिसको सबमिट करने के उपरान्त ही आधार ऑनलाइन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करायें। बिना आधार प्रमाणीकरण के पेंशन धनराशि का भुगतान नही होगा।

एच बी टी यू विश्वविद्यालय कैंपस में नमस्ते इंडिया ने मचाई धूम आज से शुरु की सॉलिड शुरुआत

अयोध्या टाइम्स नारायण शुक्ला कानपुर। एच बी टी यू विश्वविद्यालय परिसर में आज सुबह 10:00 बजे कुलसचिव प्रोफेसर नीरज कुमार सिंह एवं डिप्टी रजिस्ट्रार प्रोफेसर एस के शर्मा एवं फाइनेंस अधिकारी श्री गोपाल खरे एवं प्यारो श्री बाबू सिंह जी रजिस्टार ने फीता काटकर नमस्ते इंडिया आउटलेट का शुभारंभ किया कुलसचिव प्रोफेसर नीरज कुमार ने कैंपस में रह रहे सभी अधिकारियों प्रोफेसर एवं बच्चों को ताजा और शुद्ध दूध दही घी पनीर मट्ठा आइसक्रीम जैसी चीजें नमस्ते इंडिया आउटलेट के माध्यम से आप सभी को रोजाना मिल सकेंगी कुलसचिव न्यूज कुमार ने नमस्ते इंडिया के सभी प्रोडक्टों की जमकर तारीफ की और कहा मैं निरंतर कई वर्षों से नमस्ते इंडिया के प्रोडक्टों का सेवन करता हूं कुलसचिव ने बताया नमस्ते इंडिया के सीनियर मेजरमेंट अधिकारी अमिताभ पालीवाल एवं ए जी एम श्री मृणाल पांडे एवं श्री आनंद जी पांडे एवं आर एस एम विनय जयसवाल एवं ऑपरेशन मैनेजर रंजीत सोनकर ऑपरेशन मैनेजर अभय पालीवाल ऑपरेशन मैनेजर श्याम जी तिवारी एवं एग्रीमेंट मैनेजर विनोद निषाद जी के सहयोग से यह श्रेष्ठ कार्य संभव हो सका। स्पिन गेम खेलकर बच्चों और बड़ों ने खूब मस्ती कर नमस्ते इंडिया के प्रोडक्टों को फ्री में स्वाद चखा स्पिन गेम पर कैंपस के बच्चों कि इतनी बड़ी तादाद में भीड़ देखकर वहां उपस्थित सभी के मुख से यही निकलता वाह नमस्ते इंडिया धूम मचा दिया रंग जमा दिया नमस्ते इंडिया निरंतर अपने ग्राहकों के लिए शुद्ध और ताजा प्रोडक्ट की मार्केट में लाती है आज हर कस्टमर की जुबां पर नमस्ते इंडिया का नाम है तो कारण शुद्ध और ताजा प्रोडक्ट अच्छा प्रोडक्ट देना नमस्ते इंडिया की प्रमुखता है । इस खुशनुमा माहौल में ग्राहकों की चहल कदमी के बीच विक्रय अधिकारी जितेंद्र श्रीवास्तव विक्रय अधिकारी निकेश जी एवं विक्रय अधिकारी प्रांजुल कटिहार एवं इंचार्ज नारायण शुक्ला भी कैंपस में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं एवं जो भी ग्राहक आया उन सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे समय–समय पर एंकरिंग करके शेर और शायरियो के माध्यम से लोगों का मन मोहिते नजर आए नमस्ते इंडिया के प्रोडक्ट के बारे में ग्राहकों को उचित जानकारी प्रदान की एच बी टी यू विश्वविद्यालय के

कुलसचिव प्रोफेसर नीरज कुमार सिंह ने अपने मुखारविंद से ग्राहकों से कहा स्वस्थ रहना है तो नमस्ते इंडिया ही अपनाएं उन्होंने नमस्ते इंडिया के पूरे परिवार की जमकर तारीफ की और कहा नमस्ते इंडिया परिवार के सभी सदस्य लगन शील ईमानदार और जुझारू है अपने सभी कार्यों को लगन के साथ करते हैं इसीलिए नमस्ते इंडिया आज सातवें आसमान की ओर अग्रसर है।

शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर 19 जुलाई को धरना व मण्डलायुकत को ज्ञापन

कानपुर नगर।शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर १९जुलाई को धरना मण्डलायुकत को ज्ञापन ,धरने को लेकर घर घर जनसमपर्क कानपुर नगर आम आदमी पार्टी जनसमस्याओं को लेकर मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देने, मलिन बस्तियों में अधूरे पड़े विकास कार्य, नालियों वालियों का सुधार,एलई डी लाईट वबिजली के पोल सीवर लाइन की सफाई खराब हैण्ड पम्प को चालू कराने सार्वजनिक सथलो, मंदिरों, विद्यालयों के पास से शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर मलिन बस्ती भगवत दास घाट पर धरना देकर कानपुर के आयुकत मडल को पदयात्रा कर महामहिम राज्य पाल वमुख्य मंत्री को सम्बोधित मांग पत्र सौंपा जाएगा। धरने में मुख्यरुप से जिला अध्यक्ष उमेश यादव, महासचिव शैलेन्द्र सिंह परिहार कानपुर नगर प्रभारी अनुज शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पी त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रवक्ताध्पूर्व पार्षद मदनलाल भाटिया भाग लेंगे। आज पूर्व पार्षद प्रत्याशी ध्कार्यक्रम संयोजक संजय शाह ने मलिन बस्ती में होने वाले धरने को सफल बनाने के लिए भगवत दास घाट, सरसैया घाट, बाबा घाट, फूलबाग, गुप्तारघाट दूधवाला बंगला में घर घर जनसमपर्क कर सफल बनाने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि आप अपनी जन समस्याओं को लेकर पार्टी कार्यालय सपना पैलेस मालरोड में देकर अपनी समस्याओं से निजात पा सकते हैं जन सम्पर्क करने वाले में मुख्य रूप से सवरश्री कृष्णा परजापति,ज्योति श्रीवास्तव, रमेश सिहवानी,रत्ना ,सुखानी सिमरनजीत कोर मगल प्रसाद, सचिन कुमार रवीन्द गौड़ आदि उपस्थित थे।

शासनानिर्देश को शत-प्रतिशत अमल में लाने के अधीक्षकों को सीएमओ ने किया निर्देशित

लखीमपुर,खीरी। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने की। इस बैठक में शासन द्वारा मिले निर्देशों को शत प्रतिशत अमल में लाने के निर्देश दिए गए।

सीएमओ ऑफिस में हुई महत्वपूर्ण बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने आशा भुगतान, एएनएम और संविदा भुगतान सहित जेएसवाई भुगतान को

लेकर अधीक्षकों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के भुगतान को लेकर एक रूपरेखा बनाकर अधीक्षक तत्काल सभी के भुगतान कराना सुनिश्चित करवाएं। जिन जगहों पर बजट की समस्या है वे सभी पत्राचार करें जिसे शासन तक पहुंचा कर बजट की समस्या को समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि जिला स्तर से सभी को एक जैसा बजट नहीं दिया जाएगा। जिन जगहों पर जिस तरह का काम हुआ है उन्हें उसी तरह बजट दिया जाएगा। अधिक काम वालों को बजट अधिक मिलेगा और कम काम करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को कम बजट दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड को लेकर सभी अधीक्षकों को निर्देश दिए कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लिए कैंप लगाकर स्थानीय कोटेदार और समाजसेवियों से तालमेल बिठाकर अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ जनमानस तक पहुंच सके। इस दौरान उन्होंने दस्तक अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि अभियान का शुभारंभ हो चुका है। यह बयान 30 जुलाई तक चलेगा, ऐसे में दस्तक अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों सहित संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी भी आशाओं द्वारा घर–घर तक पहुंचाई जाए।

☒ बाढ़ के साथ ही संक्रामक रोगों के बढ़ने का खतरा

यह जिला बाढ़ प्रभावित है इसलिए यहां संक्रामक रोगों के बढ़ने का खतरा अधिक है। ऐसे में सभी को मच्छरों से और कीटनाशकों से बचाव के मूल मंत्र पता होने चाहिए। कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें तत्काल इलाज दिलाना भी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ विभाग की समस्त योजना का सभी अधीक्षक खाका तैयार कर कार्य करना प्रारंभ कर दें वे जल्द ही सरप्राइज विजिट करना शुरू करेंगे और इस दौरान जिन जगहों पर शासन की योजनाओं की अनदेखी होती पाई जाएगी, उन सभी पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार, एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ. बीसी पंत, एसीएमओ डॉ. कुलदीप आदिम, डिप्टी सीएम डॉ. धनीराम भार्गव व डिप्टी सीएमओ डॉ. लाल जी पासी सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

प्रथम पेज का शेष

वाले राजनीतिक दलों के लिए थी। उन्होंने कहा, ''रेवड़ी कल्चर से दूर, हम नयी सड़कें और रेल रूट बनाकर लोगों की आकांक्षाएं पूरी कर रहे हैं।'' मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून–व्यवस्था और तेजी से सुधार के साथ बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में ''डबल इंजन'' सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ''डबल इंजन'' शब्द का इस्तेमाल केंद्र और राज्य में पार्टी के सत्ता में होने का उल्लेख करने के लिए करते हैं। मोदी ने कहा कि देश जिस विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है उसके मूल में दो पहलू हैं– ''इरादा और मर्यादा''। उन्होंने कहा, ''हम न केवल वर्तमान के लिए नयी सुविधाएं बना रहे हैं बल्कि देश का भविष्य भी बना रहे हैं।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''जिस उत्तर प्रदेश में रायबरेली रेल कोच फैक्ट्री, सिर्फ डिब्बों का रंग–रोगन करके काम चला रही थी, उस उत्तर प्रदेश में अब बुनियादी ढांचे पर इतनी गंभीरता से काम हो रहा है कि उसने अच्छे–अच्छे राज्यों को भी पछाड़ दिया है। पूरे देश में अब उत्तर प्रदेश की पहचान बदल रही है।'' मोदी ने 29 फरवरी, 2020 को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का शिलान्यास किया था। इस एक्सप्रेसवे का काम 28 महीने के भीतर पूरा कर लिया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी को स्थानीय बुंदेली वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। 296 किलोमीटर लंबे इस चार लेन वाले एक्सप्रेसवे का निर्माण उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) के तत्वावधान में लगभग 14,850 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और आगे चलकर इसे छह लेन तक भी विस्तारित किया जा सकता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह एक्सप्रेसवे चित्रकूट जिले में भरतकूप के पास गोंडा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग–35 से लेकर इटावा जिले के कुदरैल गांव तक फैला हुआ है, जहां यह आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के साथ मिल जाता है। यह एक्सप्रेसवे सात जिलों यानी चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा से होकर गुजरता है। बयान के मुताबिक, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इस इलाके की कनेक्टिविटी में सुधार के साथ–साथ आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा, क्योंकि इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर सृजित होंगे। बांदा और जालौन जिलों में इस एक्सप्रेसवे के समीप औद्योगिक गलियारा बनाने का काम पहले ही शुरू हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के उत्तर प्रदेश आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत करते हुए ट्वीट किया, ''महान ऋषि–मुनियों की तपोस्थली, सृजन की धरा, विभिन्न संस्कृतियों की संगमस्थली, उत्तर प्रदेश की क्रांति भूमि पर 'नए भारत' के 'शिल्पकार' आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन।

ऐप के माध्यम से सड़क हादसों का डाटा तैयार करेगा स्वास्थ्य विभाग : डॉ. धनीराम भार्गव

☒ अब आईआरएडी ऐप पर करनी होगी घायल व मृतकों की रिपोर्ट दर्ज

☒ जिला अस्पताल एमसीएच व ट्रामा सहित सभी सीएचसी के फार्मासिस्ट और डाटा एंट्री ऑपरेटर को दिया गया प्रशिक्षण

लखीमपुर,खीरी। इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आईआरएडी) ऐपध्वेब में रोड एक्सीडेंट से मरने व घायल होने वालों की सूचना अपडेट करने को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम सीएमओ ऑफिस सभागार में एसीएमओ डॉ. बीसी पंत अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान एसीएमओ डॉ. कुलदीप आदिम सहित डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव और डिप्टी सीएमओ डॉ. लाल जी पासी मौजूद रहे।

इस प्रशिक्षण में जिला पुरुष अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, एमसीएच विंग और ट्रामा सेंटर सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट और डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हुए। इन सभी को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आईआरएडी) ऐपध्वेब का प्रशिक्षण दिया गया। एसीएमओ डॉ. बीसी पंत ने कहा कि दुर्घटनाओं को लेकर जो डाटा ऑनलाइन इकट्ठा किया जा रहा है, उसमें स्वास्थ्य विभाग काफी अहम रोल है। इसलिए जरूरी है कि इस काम को बेहद संजीदगी से किया जाए। किसी भी तरह की कोताही न की जाए। जिससे आने वाले समय में व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा सके। यह काम कोई नया नहीं है सिविल पुलिस ट्रैफिक पुलिस सहित आरटीओ द्वारा यह काम पहले ही किया जा रहा है। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव ने बताया कि इससे पहले यह प्रशिक्षण सीएचसी अधीक्षक और मेडिकल ऑफिसर सहित कंप्यूटर ऑपरेटर को दिया जा चुका है अब तीसरे बैच में फार्मासिस्ट और कंप्यूटर ऑपरेटर को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एनआईसी के साथ मिलकर एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस तैयार करने के लिए एक ऐपध्वेब विकसित किया है। आईआरएडी अपने जिले में होने वाली दुर्घटनाओं का विवरण दर्ज किया जाएगा। इसका अध्ययन आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञ करेंगे। इस

एप्लीकेशन के जरिए पुलिस सड़क दुर्घटनाओं को ऑन स्पॉट दर्ज कर रही है। परिवहन विभाग गाड़ियों का मोटर व्हीकल इंस्पेक्शन कर रहा है। हाईवे डिपार्टमेंट दुर्घटना स्थल की रोड डिटेल अपडेट करेंगे। चिकित्सा विभाग रोड एक्सीडेंट के घायलों की सूचना अपडेट करेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए एनआईसी के रोल आउट मैनेजर अंशुल कुमार के द्वारा फार्मासिस्ट एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को बताया गया कि ऐप के प्रयोग से हादसों में होने वाले नुकसान को कम करने के साथ ही भविष्य में मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना के डेंजर जोन को चिन्हित कर घायल लोगों को गोल्डन आवर में जरूरी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराकर मृत्यु दर के साथ ही दुर्घटना में कमी लाना है।

इस परियोजना के तहत स्वास्थ्य कर्मी दुर्घटना के घायलों को बेहतर इलाज देने का प्रयास करने के साथ घायलों की मेडिकल रिपोर्ट डिस्चार्ज समरी ड्रंक ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट व पोस्टमार्टम रिपोर्ट अधिसूचना ऐप पर अपडेट कर पुलिस विभाग को ऑनलाइन सूचित करेंगे।

छोटी काशी गोला में डीएम ने की बैठक, परखी तैयारियां

लखीमपुर,खीरी। शनिवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने सावन मास के मद्देनजर अफसरों के संग गोला गोकर्णनाथ तहसील सभागार में बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने छोटी काशी गोला में उमड़ने वाली श्रद्धालुओ, कांवड़ियों की भीड़ के मद्देनजर संबंधित विभागों से तैयारियां जानी। डीएम ने एक्सईएन विद्युत शैलेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि खुटार रोड पर खड़े दो मोबाइल ट्रांसफर को बिजली घर में शिफ्ट कराए, आवश्यकता पड़ने पर उन्हें लोकेट कराया जाए। मंदिर मार्ग पर यह देख ले, कि कहीं भी कोई तार ढीला तो नहीं है। ईओ गोला ने बताया कि लखीमपुर–गोला मार्ग पर पशु बाजार साजिदनगर, मिल यार्ड, कंजा बाजार एवं मंडी समिति में पार्किंग स्थल बनाए हैं, जिसमें पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, विद्युत, बैरिकेडिंग सहित सभी मुकम्मल व्यवस्थाएं है। एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि मोहम्मदी बाईपास चौराहे पर सावन के सभी सोमवार समेत सभी विशेष दिवसों पर अस्थाई रोडवेज बस अड्डे का संचालन किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई। सीओ राजेश कुमार ने बताया कि एक कंपनी पीएसी, 40 महिला आरक्षी, 40 सब इंस्पेक्टर, 06 प्रभारी निरीक्षक, 120 आरक्षी सहित सिविल ड्रेस में पुलिस बल की तैनात किया। इसके अलावा सोमवार, अन्य विशेष दिवसों पर और पुलिस बल लगाया जाएगा। डीएम ने सीएमओ को सीएचसी पर इमरजेंसी व्यवस्थाएं देखने के लिए भेजा। वही सभी जरूरी पॉइंट्स पर एंबुलेंस की उपलब्धता रहे। डीएम ने अन्य संबंधित विभागों से उनकी तैयारियां जाने एवं जरूरी निर्देश दिए।

☒ डीएम–एसपी ने भ्रमणशील रहकर परखी व्यवस्थाएं, दिए निर्देश

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने लखीमपुर–गोला मार्ग पर बनाए गए पार्किंग स्थल, कांवरियों के ठहराव स्थल क्रेन गोवर्स नेहरू डिग्री कॉलेज सहित मंदिर परिसर से भूतनाथ मंदिर तक जाने वाले मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

दोनों अफसरों ने श्रावण मास पर सोमवार सहित अन्य विशेष दिवसों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं व कावड़ियों के भीड़ के दृष्टिगत सभी जरूरी, मुकम्मल तैयारियां परखी। इस दौरान एसडीएम गोला अनुराग सिंह, एसडीएम रेनू, कार्तिकेय सिंह, सीओ राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

☒ रूट डायवर्जन एवं पार्किंग स्थल की बनाई व्यवस्था

प्रशासन एवं पुलिस ने श्रावण मास, कावड़ यात्रा के दृष्टिगत गोला कस्बे में यातायात के दबाव को नियंत्रित,सुचारु रखने के लिए व्यापक डायवर्जन प्लान व पार्किंग व्यवस्था की। यह व्यवस्था रविवार व सोमवार को लागू रहेगी।

रूट डायवर्जनः आवागमन मार्ग लखीमपुर से शाहजहांपुर (खुटार) को रिलायंस पेट्रोल पंप वाया मोहम्मदी बाईपास से शाहजहांपुर व आवागमन मार्ग खुटार रोड से लखीमपुर को मोहम्मदी बाईपास रिलायंस पेट्रोल पंप से लखीमपुर के लिए डायवर्जन मार्ग बनाया। वही आवागमन मार्ग अलीगंज से गोला के लिए भूतनाथ बाईपास से लखीमपुर रोड डायवर्जन मार्ग बनाया।

पार्किंग स्थलः लखीमपुर रोड के लिए पशु बाजार रिलायंस पंप के पास, अलीगंज रोड के लिए रू मंडी समिति के अंदर, रोडवेज पार्किंग रू सत्य प्रकाश जी की मिल के अंदर, खुटार रोड के लिए रू बाईपास मार्ग पर एवं मोहम्मदी मार्ग के लिए रू कंजा के पास पार्किंग स्थल बनाए है।

रोडवेज बस लूटकांड का पुलिस ने किया पर्दाफाश

☒ हमलावरों को सबक सिखाने के लिए चालक–परिचालक ने रची थी कूट रचना, शाहजहांपुर बस अड्डे पर हुओ था विवाद, चालक–परिचालक समेत नौ गिरफ्तार

लखीमपुर,खीरी। रोडवेज बस लूट कांड का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए चालक–परिचालक समेत नौ लोगों को जेल भेज दिया।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई प्रेस वार्ता के दौरान एसपी संजीव सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जुलाई की रात हरिद्वार से रुपैडिहा जा रही रोडवेज बस के परिचालक सीतापुर के मोहल्ला बिजवार निवासी अनुज कुमार पांडेय ने पुलिस को सूचना दी थी कि मछेछा नहर पुल के आगे पेट्रोल पंप के पास बस रोककर बाइक सवार बदमाशों ने लूटपाट की है। उसका बैग और चेन लूट ले गए हैं। बैग में 38 हजार रुपये की नकदी, बेबिल, टिकट आदि थे। बस में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज की थी। आईजी के आदेश पर घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम व तीन अन्य पुलिस की टीमें लगाई गई थी। एसपी संजीव सुमन ने बताया कि जांच के दौरान मोबाइल सर्विलांस व मुखबिरों की मदद से यह बात सामने आई कि रोडवेज बस के चालक व परिचालक के साथ शाहजहांपुर बस स्टैंड पर मोहम्मदी के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी कुलदीप से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने जब कुलदीप को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो लूट की घटना फर्जी निकली। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसके सहयोगी आयुष भदौरिया पुत्र आनन्द सिंह निवासी पूर्वी लखपेड़ा, शीपू सिंह पुत्र शेर सिंह निवासी भुड़हरा, अमित पुत्र रामशरण निवासी वाल्मीकि बस्ती, सत्यम श्रीवास्तव पुत्र महेश कुमार निवासी बाजारगंज, आशू पुत्र अमरपाल निवासी नई और कृष्णा पुत्र अर्जुन वाल्मीकि निवासी वाल्मीकि बस्ती कोतवाली मोहम्मदी को गिरफ्तार कर लिया। सभी

आरोपियों ने कुलदीप के साथ मिलकर मछेछा के आगे पेट्रोल पंप के पास बस को घेर कर रोंका था। बस के चालक व परिचालक के साथ मारपीट और तोड़फोड़ की थी। बस के चालक व परिचालक ने मारपीट की घटना को छिपाकर पुलिस को लूट की झूठी सूचना दी। पुलिस ने परिचालक और बस चालक रामनिवास मिश्र निवासी आनंद नगर कोतवाली सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने परिचालक के घर से पानी की टंकी के पास छिपाकर रखा गया बैग बरामद किया है, जिसमें 38,000 रुपये, टिकट गड्डी व 04 बेबिल रखे थे। एसपी ने बताया कि पुलिस ने कुलदीप समेत गिरफ्तार उसके सभी साथियों के खिलाफ धारा 34/147/148/149/323/332/427/504/506 व 2ध्3 लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। वहीं परिचालक अनुज कुमार पांडेय और चालक रामनिवास मिश्रा को आईपीसी की धारा 409, 420, 477 व 120 बी के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों का शनिवार को चालान कर कोर्ट में पेश किया। जहां से अदालत ने सभी को जेल भेज दिया।

संक्षिप्त समाचार

कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में सभी अधिकारियों के लिए कार्यक्रम राजयोग द्वारा जीवन में सकारात्मकता

कानपुर देहात। ओम शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में सभी अधिकारियों के लिए कार्यक्रम राजयोग द्वारा जीवन में सकारात्मकता आज साईं 5 से 6:30 बजे तक रखा गया था। जिसमें रूरा सेवा केंद्र से से ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने संस्था का परिचय देते हुए योग एवं योगा का अंतर स्पष्ट करते हुए बताया योगा शरीर के स्वास्थ्य के लिए जितना आवश्यक है उतना ही मन को स्वस्थ रखने के लिए योग की वर्तमान समय की आवश्यकता है। योग की पहली कड़ी आत्म अनुभूति करना जिससे हमारी बुद्धि सही निर्णय ले सकती है किसी भी कार्य को सफल करने के लिए । इसके पश्चात कानपुर से आई मुख्य वक्ता डॉ अलका बहन ने राजयोग द्वारा सकारात्मकता विषय पर स्पष्ट करते हुए बताया कि हम सब ने आत्मा पर और परमात्मा पर आवरण चढ़ा दिया है जिस कारण से हम आत्मा परमात्मा से कनेक्ट नहीं हो पा रहे अतः हमें परमात्मा से कनेक्ट होने के लिए अपने आत्मा को रोल कोन्सेस से रियल फॉरम में आने की आवश्यकता है जिसमें हमें ईश्वर 24 घंटे दिए हैं उसके लिए कम से कम एक घंटा उस प्रभु परमात्मा से बात करना उसकी बात मानना उसके इशारे पर चलना का अभ्यास करना चाहिए इसके लिए हम पूरे दिन में 4 शिफ्ट में जैसे हम चार बार हम दिन में दवा खाते हैं उसी प्रकार सुबह दोपहर शाम रात्रि हर प्रहर हमको परमात्मा से लेनदेन करना है और उसका ध्यान करना है और रात्रि में सोने से पहले पूरे दिन का हिसाब किताब ईश्वर को सौप कर निश्चिंत होकर एक छोटा बालक बनकर उसकी गोद में सो जाना है इससे आप तनाव से मुक्त एवं नींद की बीमारी से मुक्त रहेंगे और बहुत एनर्जेटिक अपने आपको फील करेंगे। विश्व का सिरमौर भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाने के लिए हम सब भारतीयों को अपने सत्य स्वरूप का दर्शन कर प्रत्येक उस यथार्थ को जीना होगा तभी हम उस अवस्था को या व्यवस्था को ला सकेंगे। अंत में डॉ अलका बहन नए स्ट्रेस फ्री माइंड के लिए मेडिटेशन योग कमेटी द्वारा कराया जिससे सभी अधिकारी गाने बहुत ही शांति और एनर्जी का स्वयं में अनुभव किया तथा सभी ने आश्वस्त किया कि हम सब एक हैं और एक परमात्मा की संतान है। उक्त कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यक्रम मे मुख्य भूमिका जिलाधिकारी श्रीमती नेहा जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय जीके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल रहा । अंत में सभी को जलपान दीया गया। ब्रम्हाकुमारी प्रेम बहन ,ब्रम्हाकुमारी शिखा बहन ,प्रीति बहन आशीष भाई ,मनोज भाई कुमारी कल्पना बहन की उपस्थिति में अधिकारियों को ईश्वरीय साहित्य भेंट किया गया।

जनपद में पटरी से उतरी विद्युत व्यवस्था को लेकर सपाइयों ने दिया धरना

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। समाजवादी कार्यकर्ता आम जनमानस की समस्याओं को लेकर हमेशा सरकार को घेरते दिखाई देते हैं उसी कड़ी में जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन विद्युत कटौती की समस्या को लेकर पूर्व ब्लाक प्रमुख की अगुवाई में दर्जनों सपाइयों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते हुए चरमराई विद्युत व्यवस्था को सुधारने की मांग की जनपद में आए दिन बिजली कटौती से आम जनमानस परेशान है कहीं ना कहीं किसान इसकी चपेट में ज्यादा आ रहे हैं इसी को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कन्नौज के बिजली विभाग पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया वहीं अधिशासी अभियंता शादाब खान को ज्ञापन सौंपकर मांग की जनपद की बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द सुधार किया जाए यदि ऐसा ना हुआ तो हम समाजवादी पार्टी के लोग जिस तरह हमेशा जनता की आवाज उठाते आए इस मामले को लेकर भी हम सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने का काम करेंगे स धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अमित मिश्रा सत्येंद्र यादव रामवीर कठेरिया अनंत यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अनिल गुप्ता को मंडल प्रभारी बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जनपद के पदाधिकारियों ने व्यक्त किया आभार

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा विगत दिवस वाराणसी में सम्पन्न हुई प्रादेशिक बैठक में जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्ष को अतिरिक्त जिम्मेदारी कानपुर मंडल के प्रभारी के रूप में दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल संदीप बंसल द्वारा वाराणसी में संपन्न प्रादेशिक बैठक में जनपद के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता को मंडल प्रभारी के रूप में दी गई जिम्मेदारी को लेकर जिले के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया गया उसी कार्यक्रम मेंअन्य पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का आभार धन्यवाद व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष को शुभकामनायें और बधाइयाँ प्रेषित की गई। राजीव दुबे जिला महामंत्री एवं चेयरमैन छिवरामऊ, रामानंद वर्मा सर्राफ जिला उपाध्यक्ष, दिलीप गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, विजय द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष, चन्द्र प्रकाश वर्मा ललइयां सर्राफ नगर अध्यक्ष, अजीत वर्मा सर्राफ नगर महामंत्री, आशीष गुप्ता नगर अध्यक्ष एवं रामजी सैनी नगर महामंत्री तालग्राम, शिवम् राज वर्मा नगर अध्यक्ष एवं रंजीत गुप्ता, आयुष पंडित नगर महामंत्री गुरसहायगंज, नीरज ओमर नगर अध्यक्ष, संतराम कटियार नगर महामंत्री ठठिया, सुरेश वर्मा पेन्टर नगर अध्यक्ष राजेश सक्सेना नगर महामंत्री छिवरामऊ, सहित दर्जनो व्यापारियों पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

सम्पादकीय....

बुनियादी शिक्षा,संस्कृति की राष्ट्र के आर्थिक तथा नैतिक विकास में महती भूमिकास

बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैस शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं सजिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकेंस बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकतास वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़

अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2022 पर विशेष

सर्वो दण्डजितो लोको दुर्लभो हि शुचिर्नरः दण्डस्य हि भयात्सर्व जगद्भोगाय कल्पते

वैश्विक स्तरपर एक दो दशक से जिस तरह संगठित अपराधों की संख्यामें अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व स्थानीय समूह की गतिविधियों में वृद्धि हुई है इसे गंभीरता से रेखांकित करना समय की मांग है। संगठित अपराधों को अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में देखें तो जांच एजेंसियों द्वारा आजकल अपराध की थ्योरी को अन्तर्राष्ट्रीय एंगल से जांच करने की थ्योरी भी अपनाई जाती है जिस तरह से वर्तमान में सिद्धू मूसेवाला केस, रूस–यूक्रेन मानवीय अधिकार हनन अपराध चर्चा में आया था क्योंकि उसने घोषणा की थी कि वह यूक्रेन में रूस द्वारा किए गए संभावित युद्ध अपराध की जांच शुरू करेगा, युद्ध अपराध के लिए विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय मानक मौजूद हैं, सहित अनेक केसों की तारें विदेशों तक जुड़ी हुई है। एक आपराधिक संगठन को हम गिरोह, माफिया, भीड़, सिंडीकेट, अंडरवर्ल्ड या गैंग्लैंड भी कहा जा सकता है, जिसमें अनेक अपराध जैसे सफेदपोश अपराध, वित्तीय अपराध, राजनीतिक अपराध, युद्ध के अपराध सहित अनेक परिभाषित अपराधों को शामिल किया जा सकताहै जोअंतरराष्ट्रीय कनेक्टेड होते हैं इसीलिए आज हम ऐसे अपराधों और न्याय पर चर्चा करेंगे जो अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में आते हैं उनके पीड़ितों को न्याय दिलाने, दुनिया भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से सचेत रहने के प्रति जागरूक करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2022 के उपलक्ष में इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम पारंपरिक और वर्तमान युग की करें तो, आज के लोकतांत्रिक युग में पारंपरिक अर्थ में राजा नहीं रहे । उनका स्थान शासकवर्ग नें ले लिया है ।एक से अधिक व्यक्तियों का समूह राजा का स्थान ले चुका है । सिद्धांततः राजा के अधिकार उन्हें मिल चुके हैं, और राजा के कर्तव्यों का निर्वाह भी उन्हीं के जिम्मे है । अधिकारों के मामले में तो वे काफी आगे हैं,किंतु दायित्वों के क्षेत्र में उनका कार्य चिंताजनक है । उन्होंने दण्ड की प्रक्रिया को पेचीदा, समयसाध्य, अपराधी के प्रति नरमी वाला बना डाला है, इसलिए दिन प्रतिदिन अपराध बढ़ रहे हैं।

सर्वो दण्डजितो लोको दुर्लभो हि शुचिर्नरः दण्डस्य हि भयात्सर्व जगद्भोगाय कल्पते ।।२२।।

(सर्वः दण्डजितः लोकः दुर्लभः हि शुचिः नरः दण्डस्य हि भयात् सर्वम् जगद् भोगाय कल्पते ।)

भावार्थः यह संसार दण्ड के द्वारा ही जीते जाने योग्य है, अर्थात् दण्ड के द्वारा ही इसे नियंत्रण में रखा जा सकता है । ऐसा व्यक्ति दुर्लभ है जो स्वभाव से ही साफ सुथरा एवं सच्चरित्र हो, न कि दण्ड के भय से । दण्ड के भय से ही वह व्यवस्था बन पाती है जिसमें लोग अपनी संपदा का भोग कर पाते हैं। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के ढांचे की करें तो, संयुक्त राष्ट्र से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय द हेग में है।इस न्यायालय में 6 भाषाओं (अंग्रेजी, फ्रेंच, रसियन, स्पेनिश, अरेबिक, चाइनीज) में सुनवाई होती है, लेकिन काम अंग्रेजी और फ्रेंच में ही होता है। इसके सदस्य देशों की संख्या 123 है। 17 जुलाई 1998 को इसकी स्थापना हुई थी, इसने 1 जुलाई 2002 से कार्य करना प्रारंभ कर दिया। साथियों बात अगर हम न्यायालय की जरूरत की करें तो अपराध की दुनिया पर लगाम लगाने के लिए न्यायालय की जरूरत पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व में न्याय दिलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना हुई थी। प्रतिवर्ष आज ही के दिन 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है। इसे आमतौर पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्याय दिवस भी कहा जाता है। इसी दिन अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की स्थापना हुई थी। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के प्रति जागरूक करना है। साथियों बात अगरहम अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के क्रियाकल्प की करें तो, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय एक स्थाई और स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक ऑर्गेनाइजेशन है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय और मानव अधिकारों के सबसे गंभीर उल्लंघन के आरोपियों को दंडित करने में सक्षम है। जिसमें नरसंहार का अपराध, अपराधों का युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है। अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय स्थापना तब हुई जब, राज्यों ने रोम में एक कानून को अपनाया इस की प्रतिमाको अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय के संविधि के रूप में जाना जाता है। आईसीसी राष्ट्रीय अदालतों की जगह नहीं लेता है। लेकिन यह तब उपलब्ध होता है जब कोई देश जांच करने मेंसक्षम नहीं होता और अपराधियों पर यह मुकदमा चला सकता है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाने के उद्देश्यों की करें तो, यह दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि न्याय का समर्थन करने वाले और पीड़ितों के अधिकार को बढ़ावा देने के लिए लोगों के बीच जागरूकता और एकजुट करना बहुत आवश्यक है। यह दुनिया भर के लोगों को महत्वपूर्ण और गंभीर मुद्दों पर ध्यान देने के लिए आकर्षित करता है। यह लोगों को कई अपराधों से भी बचाता है और उन लोगों को यह चेतावनी देता है कि जो राष्ट्र की शांति सुरक्षा और भलाई को खतरे में डालते हैं,उनके ऊपर अंतरराष्ट्रीय न्याय काम करता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय दिवस हर साल 17 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय के महत्व को बताने और दुनिया भर में हो रहे गंभीर अपराधों को रोक लगाने एव ध्यान देने के लिए मनाया जाता है। साथियों बातअगर हमअंतरराष्ट्रीय न्यायालय को अंतिम उपाय मानने की करें तो, अंतिम उपाय की अदालत के रूप में सेवा करने के इरादे से, आईसीसी मौजूदा राष्ट्रीय न्यायिक प्रणालियों का पूरक है और अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग तभी कर सकता है जब राष्ट्रीय अदालतें अनिच्छुक हों या अपराधियों पर मुकदमा चलाने में असमर्थ हों। इसमें सार्वभौमिक क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र का अभाव है और यह केवल सदस्य राज्यों के भीतर किए गए अपराधों, सदस्य राज्यों के नागरिकों द्वारा किए गए अपराधों, या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा न्यायालय को संदर्भित स्थितियों में अपराधों की जांच और मुकदमा चला सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसकाविश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2022 पर यह विशेष है। सर्वो दण्डजितो लोको दुर्लभो हि शुचिर्नरः दण्डस्य हि भयात्सर्व जगद्भोगाय कल्पते विश्व को अंतरराष्ट्रीय अपराध के प्रति जागरूक करना समय की मांग दुनिया भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने पीड़ितों के अधिकार को बढ़ावा देने न्याय को मजबूत करने न्यायिक सेवाओं को रेखांकित करना जरूरी है।

–संकलनकर्ता लेखक –
किशन सनमुखदास भावनानी,
महाराष्ट्र

दुनिया में आए हो तो , दूजों के लिए कुछ करके जाओ

दुनिया में आए हो तो दूजों के लिए कुछ करके जाओ , अंगदान है सबसे बेहतर किसी को नया जीवन दिलाओ । जी हां आज फिर मन विचलित हो उठा अपने ही शहर के एक पैसे मांगने वाले को देख कर जो की आंखों से देख नहीं सकता था परंतु उसकी स्पर्श शक्ति इतनी अच्छी थी कि वह भाग गया कि उसे मैंने कितने का सिक्का दिया है , अपनी आंखों से यह देख कर हैरान रह गई और बेचौन हो गई इस वाक्ये को शब्दों में सजाकर लिखने के लिए , मन में एक कल्पना मात्र की यदि मैं नहीं देख पाती तो इतनी सुंदर रंगीन दुनिया में कैसे देख सकती थी कैसे मैं अपने हंसते खेलते खिलखिलाते परिवार को देख सकती थी आदि विभिन्न प्रकार के प्रश्नों ने मुझे मेरे मन को झकझोर कर रख दिया । मात्र कल्पना से ही जब मेरा मन इतना झकझोर गया तो जो देख नहीं सकते उनकी जिंदगी कितनी मुश्किलों से भरी हुई होगी यही सोच कर लगा कि ऐसे देश में न जाने कितने लोग होंगे जो किसी न किसी कारण से अपनी आंखों से देखने का सुख नहीं उठा पाते हैं ऐसे लोगों के लिए क्या किया जाए यही प्रश्न मन में उठा तब सोचा मैं तो कुछ नहीं कर सकती परंतु जागरूकता लाने के लिए अपनी कलम का उपयोग कर के किसी को तो समझा सकती हूं यदि मेरे लिखे लेख को पढ़ने के बाद दुनिया में अगर कोई भी एक या दो इंसान भी प्रेरणा पाते हुए अपने मरणा अवस्था के बाद नेत्रदान का संकल्प कर किसी को नया जीवन दान दे सकते हैं किसी के लिए उनके दाम में किए हुए नेत्र उनके जीवन में प्रकाश भर रंगीन दुनिया से मिला सकता है उनके हाथ में जो आज उनका सहारा लाठी है उस लाठी को हाथ से निकाल कर अपने कदमों पर खड़े होने के लिए प्रेरित कर सकता है । यहां मैं कल्पना मात्र से झकझोर उठी तो आप लोग भी जरा अपने ऊपर इंसानों को कल्पना मात्र में ही लाकर देखिए और सोचिए कैसी निरस , अंधकार से भरी हुई जिंदगी हमें और लाचार कर देती है साथ ही हमें दुनिया की नजर में एक बेचारा बनाते हुए किसी भी प्रकार अपने भरण–पोषण के लिए विवश कर देती है , यदि हमारे देश की करोड़ों जनता अपने नेत्रदान के लिए संकल्प उठाते हुए किसी अंधे का सहयोग करते हैं तो यह दान दुनिया का सबसे अनोखा दान होगा साथ ही हमारे देश में न जाने कितने लोग हैं जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से जूझ रहे हैं जिन्हें रहती है हमारे देश में ऐसे होते हैं अपना पूरा का पूरा शरीर ही मरण अवस्था के बाद दान में लिख देते हैं कितने महान है ऐसे लोग हैं जो इतनी अच्छी सोच रखते हैं यदि हम दुनिया में आए हैं और हमारे जाने के बाद भी हम लोगों के दिलों में धड़कन बन धड़कते हैं या किसी के नेत्र बंद इस दुनिया पर लुफ्त उठाते रहते हैं तो इससे ज्यादा खुशी की बात क्या होगी हमारे देश से आंखों या किसी भी प्रकार की शारीरिक कमी के कारण जो लोग रस्ते पर मजबूरी बस अपना गुजर बसर कैसे भी कर रहे हैं उनकी तादाद में भी कमी आएगी वह अपने पैरों पर खड़े हो पाएंगे और वह भी एक सम्मानित जिंदगी के साथ सम्मान पाते हुए सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे कितनी दुआओं से नवाजेंगे वो नेत्रदान करने वालों को जिनके कारण वो भी शान से जिंदगी जी रहे होंगे । हम सभी भग्वान नहीं , पर इस धरा पर भेजे उसी भग्वान के देवदूत बन किसी के लिए कुछ कर जाएं । नेत्रदान कर जाएं , आशा , नवजीवन , नव प्रकाश किसी के जीवन में भर जाएं , खुद के मरणा अवस्था के बाद भी खुद को दूजों में ही जिंदा पाएं । नेत्रदान कर जाएं ।

वीना आडवाणी , नागपुर, महाराष्ट्र

पूरी सृष्टि के संगीत-गायन का महीना है सावन

चेतन ही नहीं जड़ पदार्थों को नवजीवन देने का महीना है सावन। प्राकृतिक शीतलता का ही नहीं बल्कि मानव–समुदाय के बीच शांति के माह के रूप में इसका चित्रण रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि करते है। रामायण के किष्किंधाकांड के 28वें सर्ग में महर्षि वाल्मीकि लिखते है कि सावन आते ही धरती पर राजाओं के बीच चल रहे युद्ध और वैरभाव समाप्त ही जाते हैं। देखा जाए तो युद्ध की क्रोधाग्नि जिस तरह शांत हो जाती है उसी प्रकार ग्रीष्म ऋतु की ज्वाला से दहकती–झुलसती धरती भी शीतल हो जाती है। स्वरूप को विकृत करने वाली धूल उड़ना बंद हो जाती है। इसलिए पाताल से ले कर आकाश तक को भोलेनाथ के सर्वाधिक प्रिय महीने सावन का बेसब्री से इंतजार रहता है । इस महीने में आकाश में मेघों को देखकर लगता है कि लम्बे अरसे से बिछुड़ा कोई अपना सगा–सम्बन्धी या सखा आ गया हो। हर जीव–जंतु से लेकर पेड़–पौधे, नदी–तालाब, वन–उपवन, पर्वत–झरने तक को लगता है कि सभी प्रकार के ताप हरने वाले भगवान शंकर ने डमरू बजा दिया है । महादेव का यह डमरू कोई साधारण डमरू नहीं बल्कि ध्नाद–सृष्टिश का अलौकिक–यंत्र है जिसकी ध्वनि से अक्षर, शब्द निकले, मन्त्र गूंजे । महर्षि पाणिनि को इसी गूंज से माहेश्वर सूत्र सुनाई पड़े । इस स्थिति में गोस्वामी तुलसीदास को वर्षा ऋतु के महीने श्रमश सदृश लगते हैं और वे श्वर्षा ऋतु रघुपति भगति तुलसी सालि सुदास, राम नाम बर बरन जुग सावन भादव मासश कह कर इस ऋतु को सम्मान दे रहे हैं । यही नहीं रामचरित मानस महाकाव्य की रचना में वे पहले ही श्लोक में वर्ण, अर्थ, रस, छंद के लिए सरस्वती की वंदना करते है । इतना ही नहीं मानस में वे लिखते है कि महादेव के आराध्य मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम राज्य छोड़कर अरण्य (जंगल) में आ गए है । श्रीराम का आगमन का उद्देश्य आरण्यक–संस्कृति को विकासोन्मुखी बनाना भी है । कर्म–उपासना–भक्ति की त्रिधारा को स्थापित करना है । सावन इस मामले में सर्वाधिक उपयुक्त महीना है । कृषक कृषि–कर्म में लग जाता है, ऋषि–मुनि–साधक–तपस्वी उपासना में तो सामान्य गृहस्थ व्रत–पूजा–अनुष्ठान के जरिए भक्ति में । श्रीराम दण्डकारण्य में अहिल्या के उद्धार के माध्यम से उन स्थलों को जो अ–हल्या (हल नहीं चल सकते) की स्थिति में हैं तथा पाषाणवत होकर गैर उपजाऊ है, उसमें अनाज के रूप में प्राण–शक्ति उत्पन्न करते हैं। माता सीता के अपहरण की पीड़ा के बावजूद किष्किंधाकांड में वे लक्ष्मण से वर्षा–ऋतु की मोहकता का वर्णन करते हैं। महर्षि ने किष्किंधाकांड में लक्ष्मणजी से संवाद करते हुए कहते आकाश से बरसने वाले जल को महत्त्वपूर्ण रसायन की संज्ञा दी है। जाहिर है कि मनुष्य का जीवन अनुकूल रसायनों से जिस तरह संचालित होता है, उसी तरह पूरी सृष्टि को सावन माह का यह रसायन हृष्ट–पुष्ट करता है। रसायनों की विकृतियों से ही मनुष्य में दृष्टि–दोष, श्रवण–बाधा, याददाश्त में कमी आदि आती है। । मनुष्य पशु से भिन्न होकर विशिष्ट तब हुआ जब उसमें श्रवण शक्ति का विकास हुआ । यही श्रावण मास है जिसकी पूर्णिमा में श्रवण नक्षत्र का संयोग बनता है । ऋषियों ने चौत्र से लेकर फाल्गुन तक हर महीने का जो नामकरण किया वह खगोलीय प्रभावों को दृष्टिगत करके किया । चन्द्र–वर्ष के इन महीनों में चन्द्रमा से कब किस सोम (अमृत) की वर्षा होगी वह सोममण्डल (नक्षत्रमण्डल) के गहरे अध्ययनों के बाद किया गया । इसी तरह सावन में भगवान शंकर की पूजा के पीछे उनके पंचानन स्वरूप को ध्यान में रखकर किया । चंद्रवर्ष का 5वां महीना सावन है । पँच–भूतो शक्षिति जल पावक गगन समीरा, पंच रचित यह अधम शरीराश से बने मानव–तन को श्बड़े भाग मानुष तन पावाश तक पहुंचाने की प्रक्रिया भी है । शिव को प्रसन्न करने का पंचाक्षरी मन्त्र श्नमरू शिवायश का यही उद्देश्य स्पष्ट होता है । इन्हीं पंचानन महादेव की कृपा–तरंगों से मां के गर्भ में 5वें महीने पहुंचते ही बच्चा गर्भपात की संभावनाओं से मुक्त होकर सुरक्षित स्थिति में पहुंच जाता है । इस तरह देखा जाय तो हर तरह के पिंडज, उद्भज, श्वेदज, जरायुज जीव–जंतु के लिए यह माह अनुकूल होता है । इसी के साथ वर्षा ऋतु जिसका पहला पूरा सावन प्रकृति के देवता महादेव की कृपा प्राप्ति का तो अगला भाद्रपद गोकुल में जन्मे कन्हैया के जन्म के साथ उत्सव मनाने एवं कृषि, गो–पालन, गोकुल पर कंस के असुरों के प्रहार से लड़ने का सामर्थ्य पैदा करने वाला है । वर्षा–ऋतु में भूत भावन भोलेनाथ कैलाश पर्वत से उतर कर पृथ्वी पर जब आते है तो उत्सव का माहौल बन जाता है । शिखरस्थ शक्तियां जब भी सामान्यजन के बीच होती हैं तो उल्लास का संचरण होता है। बरसते मेघों से नदियां ही नहीं उछलती–कूदती है बल्कि खुशी और आनन्द के साथ आस्था भी हिलोरें लेने लगती हैं । धार्मिक उत्सवों के साथ वन–महोत्सवों का दौर शुरू हो जाता है । सूखते पेड़, बाग–बगीचों को जैसे नया जीवन मिल जाता हैं । चतुर्दिक हरियाली छा जाती है । हरियाली का आशय ही श्हरिश (पालनकर्त्ता नारायण) की सत्ता । जो पृथ्वी की सम्पन्नता का सूचक है । धर्मग्रन्थों में वृक्षों के आपस मे संवाद की बात उल्लेख है । गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम द्वारा पेड़ों पर रहने वाले पशु–पक्षियों से सीता का पता पूछते देखा । पेड़ पर रहने वाले जटायु ने सीता–अपहरण की प्रथम सूचना श्रीराम को दी। पेड़–पौधे मनुष्य जैसे तो ही नहीं बल्कि मानव–सृष्टि के विकास में इनकी अहम एवं अग्रणी भूमिका रही है । शास्त्रों में धरती को माता और आकाश को पिता कहा गया है । सावन में वर्षा का जल पिता की कृपा का जल है जिससे अन्न, फल–फूल, रस–रसायन के रूप में जीवन–तत्व निकलता है । वैदिक काल से ही सूर्य, चंद्रमा, जल, वायु, अंतरिक्ष, वनस्पतियों आदि को देवता मानकर पूजा की जाती रही है और इनकी शांति की आराधना के साथ मानव ने इनसे सुख, समृद्धि, आनन्द तथा हर प्रकार की अनुकूलताओं की प्रार्थना की । जिसे देने का सिलसिला शुरू किया तो सावन ने ही । देवशयनी एकादशी को श्रीहरि योगनिद्रा में जाते समय भगवान शंकर को पालन का नेतृत्व सौंप देते हैं । वे मूलतः है दानी । कोई कुछ भी मांग ले, सब श्तथास्तुश । भोलेबाबा के इस भोलेपन का समय–समय पर दैत्यों ने भी खूब फायदा लिया । खुद भस्मासुर जैसा दैत्य उन्हें ही चुनौती देने लगे लेकिन जो श्दाताश होता है उसे देने में ही आनन्द आता है। इसलिए देवों के देव महादेव को सावन महीना बहुत प्रिय है । प्रिय तो माता पार्वती को भी है । सावन माहात्म्य वर्णन में उल्लेख है कि दक्ष प्रजापति के यज्ञकुंड में भगवान शंकर के अपमान पर आत्माहुति के बाद हिमालय–पुत्री के रूप में जन्म लेकर भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या इसी सावन माह से ही उन्होंने प्रारंभ किया था।

सावन महीना भगवान शंकर के प्रिय होने से इसके हर दिन और हर तिथि की महत्ता बढ़ गयी । दिनों में सोमवार महादेव के शीश पर विरजाते चन्द्रमा से ऊर्जा पाने का दिन है । चन्दमा मन के देवता है । सावन के महात्म्य पर आदिकवि महर्षि इतने मुग्ध हैं कि इसे उत्सव का महीना कहते हैं। किष्किंधाकांड के ही 28वें सर्ग के 44वें श्लोक में मनुष्यों के साथ पशुओं, जड़ पदार्थों सहित देवमण्डल की मनःस्थिति पर लिखते हैं–गजेंद्र (हाथी) मतवाले हो रहे हैं। गवेन्द्र (वृषभ) आनन्दमग्न हैं, मृगेंद्र (सिंह) वनों में अत्यंत पराक्रम प्रकट कर रहे हैं, नगेन्द्र (बड़े–बड़े पर्वत)रमणीय दिखाई देते हैं, नरेंद्र (राजा लोग) मौन हैं–युद्ध विषयक उत्साह छोड़ बैठे हैं और सुरेंद्र (इंद्रदेव) जलधरों के साथ क्रीड़ा कर रहे हैं। इस तरह सावन में महादेव के डमरू–वादन से सृष्टि के कोने–कोने से संगीत गूंजने लगता है।

–सलिल पांडेय,
मिर्जापुर

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

राम कृपाल सिंह
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
मो. : 9956096265
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
DAVP CODE 133691
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

: प्रसारित :

दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, मदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र

संक्षिप्त समाचार

हजारों बुजुर्गों का वृद्धावस्था पेंशन बाधित हो सकती है : श्रद्धा पाडेय

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया है कि जनपद में हजारों बुजुगों की वृद्धवस्था पेंशन बाधित हो सकती है। जिसका कारण है कि वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण नहीं करा पर रहे है। ऐसे लाभार्थियों की संख्या जनपद में कुल संख्या 12616 है। लाभार्थियों को 30 जुलाई तक और समय दिया गया है। इसके बाद प्रमाणीकरण न करने वाले लाभार्थियों की पेंशन रोक दी जायेगी। उन्होने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 2021–22 में कुल 22372 बुजुर्ग लाभार्थियों के खाते में समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन भेजी गई थी। नई व्यवस्था के तहत अब आधार प्रमाणीकरण कराना आवश्यक कर दिया गया है। बिना आधार प्रमाणीकरण के लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। करीब दो महीने से कुल 9756 बुजुर्गों आधार प्रमाणीकरण कराया गया है। जनपद में अभी भी 12616 लाभार्थी अपना आधार प्रमाणीकरण नहीं करा सके है। इस लिए सभी बुजुर्ग पेंशनर्स समयान्तर्गत अपना आधार प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने किया स्वयं सहायता समूह के लिए निर्मित टीएचआर प्लांट का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

ओंकार नाथ चौधरी। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति द्वारा ग्राम पंचायत बिजलीपुर विकासखंड बलरामपुर में स्वयं सहायता समूह के लिए निर्मित टीएचआर (टेक होम राशन) प्लांट का निरीक्षण किया गया तथा प्लांट के संचालन संबंधी समस्त जानकारी ली गई। उन्होंने प्लांट में विद्युत कनेक्शन कराते हुए प्लांट शीघ्र संचालित किए जाने का निर्देश उपायुक्त एनआरएलएम को दिया। उपायुक्त एनआरएलएम सूबेदार सिंह ने बताया कि आईसीडीएस विभाग को स्वयं सहायता समूह द्वारा राशन एवं पुष्टाहार प्रदान किए जाने के लिए टीएचआर प्लांट का बनाए जा रहे है।

विकासखंड बलरामपुर साहित 06 ब्लॉकों उतरौला,तुलसीपुर, पचपेड़वा, हरैया सतघरवा, गैडास बुजुर्ग में टीएचआर प्लांट बनाए जाएंगे। विकासखंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत बिजलीपुर में निर्मित टीएचआर प्लांट को कमल महिला न्यूट्रिशन इंटरप्राइजेज स्वयं सहायता समूह की 300 महिलाएं संचालित करेंगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विशेष संचारी रोग रोकथाम अभियान का कार्यक्रम आयोजन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। गब्बापुर सिरसिया उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा लक्षित संचारी रोग रोकथाम अभियान के तत्त्वावधान में राजकीय इण्टर कॉलिज, गब्बापुर सिरसिया में भव्य जागरूकता रैली आयोजित की गई। जागरूकता रैली में ब्लॉक मिशन को–ऑर्डिनेटर, सिरसिया, श्री अश्विनी मिश्रा एवं असिस्टेंट हेल्थ वेलनेस, सिरसिया, श्री रोहित शुक्ला ने छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, ष्जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है संचारी रोग वे होते हैं जिनका प्रसार किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से तीव्र गति से होता है।ष ये रोग प्रायः बारिश के दिनों में फैलते हैं। कुछ प्रमुख संचारी रोगों में चेचक, डेंगू, मलेरिया, जैपनीज इंसेफेलाइटिस, हैजा, प्लेग, मियादी बुखार (टाइफाइड), कोरोना वायरस, ट्यूबर क्यूलोसिस, एड्स, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया, वाइरल फीवर (इन्फ्लूएंजा), दाद, खाज, खुजली इत्यादि। संचारी रोगों से की रोकथाम एवं बचाव हेतु आमंत्रित चिकित्सा विशेषज्ञों ने संचारी रोगों के लक्षणों, इनसे होने वाली हानियों पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि हमें नियमित रूप से साबुन से 20–25 सेकंड तक हाथ धोने चाहियें। मच्छरों से बचाव हेतु खिड़कियों पर जाली, कूलर की नियमित साफ–सफाई करने के उपरांत पानी बदलना, हमारे आस–पास के वातावरण को स्वच्छ रखना, नल एवं पीने के पानी के पास जल जमाव होने से रोकना एवं जंगली घास की साफ–सफाई एवं टीकाकरण अनिवार्य रूप से करना चाहिए। विशेषज्ञों के उद्बोधनोपरांत विशेष संचारी रोग रोकथाम अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. रमेश कुमार, प्रवक्ता (हिंदी) के कुशल नेतृत्व में विद्यालय परिसर से नजदीकी चिल्हारिया मोड़ तक रैली निकाली गई जिसमें बच्चों द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम और

उत्तर प्रदेश सरकार की इस संदर्भ में कार्ययोजना पर विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से जनमानस में जागरूकता के प्रसार का प्रयत्न किया गया। इस कार्यक्रम में गब्बापुर के युवा जन–प्रतिनिधि श्री रवि प्रकाश त्रिपाठी एवं मीडीयाकर्मी तथा ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता श्री प्रेम गिरी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्री रवि जी ने कार्यक्रम के उपरांत राजकीय इण्टर कॉलिज, गब्बापुर की समृद्धि हेतु नंदन वन योजनांतर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य डॉ. हरि प्रताप त्रिपाठी ने विशेषज्ञों, मीडिया, छात्र–छात्राओं एवं क्षेत्रवासियों को सहृदय धन्यवाद देते हुए किया एवं ये अवगत कराया कि संचारी रोगों की रोकथाम हेतु उत्तर प्रदेश सरकार समर्पित है एवं इस संदर्भ में दिनाँक 1 जुलाई से दिनाँक 31 जुलाई तक प्रत्येक दिवस पर विद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा।

समस्त किसानों से अपील है कि अपना फसल बीमा 31 जुलाई 2022 तक अवश्य करायें

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर उप निदेशक कृषि कमल कटियार ने बताया है कि खरीफ 2022 मौसम के अन्तर्गत विपरीत मौसम परिस्थितियों के कारण 15 जुलाई, 2022 तक जनपद में सामान्य से लगभग 75 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। इस कारण जनपद में खरीफ की मुख्य फसलों यथा धान, अरहर एवं मक्का की रोपाईध्बुवाई भी गत वर्ष की तुलना में कम हुई है। उन्होने जनपद के सभी किसान भाईयों को सूचित किया है कि इस प्रकार की दैवीय आपदा के विरूद्ध फसलों को बीमा कवर प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का संचालन ग्राम पंचायत को इकाई मानते हुए किया जा रहा है। यदि ग्राम पंचायत क्षेत्र में अधिसूचित फसल धान, अरहर एवं मक्का की दैवीय आपदा अर्थात सूखा होने से रोपाईध्बुवाई 31 जुलाई, 2022 तक 75 प्रतिशत या इससे कम होती है, या रोपाई होकर सूख जाती है तो अपनी फसल का बीमा कराये। कृषकों को फसल बीमा योजना की गाइड लाइंस के अनुसार बीमित राशि के सापेक्ष 25 प्रतिशत धनराशि क्षतिपूर्तिध्क्लेम के रूप में फसल बीमा कम्पनी द्वारा तत्काल प्रदान कर दी जायेगी।

उन्होने समस्त किसान भाईयों से अपील किया है कि अपनी फसल का बीमा 31 जुलाई, 2022 तक अवश्य करायें। जिससे कि असफल रोपाईध्बुवाई की स्थिति में फसल बीमा कम्पनी से क्षतिपूर्ति दिलाई जा सके। खरीफ मौसम में कृषको को अपनी फसलो का बीमा कराने हेतु बीमित राशि का केवल 02 प्रतिशत धनराशि बीमा प्रीमियम के रूप में देना पडता है। जिन कृषको द्वारा किसी भी बैंक शाखा से ऋण प्राप्त किया गया है, वे अपनी फसलों का बीमा सम्बन्धित बैंक शाखाओं से करा सकते है। तथा गैर ऋणी कृषक अपनी फसलों का बीमा सम्बन्धित बैंक शाखा के साथ–साथ जनसुविधा केन्द्रो के माध्यम से करा सकते है। बीमा कराने के लिए गैर ऋणी कृषकों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक व खतौनी की छायाप्रति, प्रीमियम की धनराशि व बोई जाने वाली फसलों का घोषणा पत्र भरकर देना होगा। साथ ही समस्त बैंक के कर्मचारियोंध्अधिकारियों तथा जनसुविधा केन्द्र के क्रमिकों से अनुरोध है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करते हुए अधिक से अधिक कृषकों को अपनी फसलों का बीमा कराने हेतु प्रेरित करें, ताकि दैवीय आपदा की स्थिति में बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति का लाभ प्राप्त हो सके।

इनकम जनरेशन विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी। सिरसिया श्रावस्ती श्रावस्ती ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के द्वारा संचालित एकीकृत आदिवासी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती के सिरसिया ब्लाक के ग्राम मोतीपुर संगीतालय भवन में इनकम जनरेशन विषय पर दिनांक 14 साथ 2022 से 207 2022 तक सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड श्री एम पी वर्णवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया उनके साथ क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त ग्रामीण बैंक श्रावस्ती जिला उद्यान अधिकारी श्रावस्ती इंडियन बैंक प्रशिक्षण संस्थान आरसीटी के निदेशक संस्था के मुख्य कार्यकारी विजय कुमार राव प्रशिक्षक शमीमा खातून प्रेम बाबू गिरी एवं 25 महिला प्रतिभागी उपस्थित रहे इनकम जनरेशन विषय के अंतर्गत महिलाओं को सात दिवसीय प्रशिक्षण पेटिकोट मैक्सी बनाने पर प्रशिक्षण शमीमा खातून के द्वारा दिया जाएगा जिसका उद्देश्य महिला समूह के द्वारा प्रशिक्षण को अच्छे प्रकार से समझ कर आगे इस विषय को व्यवसाय से जोड़कर कार्य करना है संस्था के द्वारा सभी प्रतिभागी को सिलाई से संबंधित सभी सामग्रियां उपलब्ध कराई गई है ।

आज प्रथम दिवस में सभी महिलाओं को प्रैक्टिकल के साथ–साथ कटिंग करने का कार्य प्रशिक्षक के द्वारा बताया गया इसी प्रकार अन्य दिवस में प्रशिक्षक द्वारा क्रमवार ढंग से प्रशिक्षण दिया जाएगा और बनाए गए उत्पाद को संस्था द्वारा बाजार से जोड़ने का कार्य कराया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाये

ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन में मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती श्री गौरव कुमार श्रीवास्तव के निर्देश में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 13.08.2022 की सफलता हेतु दिनांक 15.07.2022 को दोपहर 04.30 बजे आयोजन अपर जनपद न्यायाधीश एस0सी0एस0टी0/नोडल अधिकारी रा0लो0अ0, श्रावस्ती, श्री उमेश कुमार यद्वितीयद्ध की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें समस्त बैक अधिकारीगण व न्यायिक अधिकारीगण की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा सभी बैक के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.08.2022 की सफलता हेतु अधिक से अधिक वादो को सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित करायें। उक्त दिनांक को अधिक से अधिक प्रिलिटिगेशन मामलोंध्वादों को नियत कर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाऐ। बैठक में श्री मृत्युंजय श्रीवास्तव प्रभारी सचिवधजिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती/सिविल जज प्रवर खण्ड त्वरित न्यायालय श्रावस्ती तथा श्री आशीष कुमार मिश्रा एस0एम0 पं0नै0बैंक, कमलेश कुमार वर्मा एफओ एसबीआई भिनगा, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एलडीएम श्रावस्ती, प्रफुल्ल कुमार इंडियन बैंक भिनगा, अमित सिंह एचडीएफसी बैंक, अतिश रंजन श्रीवास्तव बीओबी भिनगा, विजय चन्द्र मिश्रा एलडीबी, सुनील मिश्र एक्सिस बैंक भिनगा, राजेश शाह आर्यावर्त बैंक भिनगा, उपस्थित रहे।

स्थानान्तरित जिला विकास अधिकारी को दी गई भाव भीनी विदाई

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। निवर्तमान जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी का जनपद गौतमबुद्ध नगर हेतु स्थानान्तरण होने पर शनिवार को विकास भवन सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कहा कि निवर्तमान जिला विकास अधिकारी का गौतम बुद्ध की धरती श्रावस्ती से गौतमबुद्ध नगर में स्थानान्तरण हुआ है जो बहुत ही सौभाग्य की बात है। मुख्य विकास अधिकारी ने उनके कार्यव्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक अच्छे विनम्र स्वभाव के अधिकारी है। इनके अन्दर सज्जनता कूट–कूट के भरी है। निवर्तमान जिला विकास अधिकारी प्रतिभा के धनी व मधुर और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। वे धैर्यवान अधिकारी के साथ–साथ लोगों के समस्याओं को सुनकर उस पर निर्णय लेने की क्षमता बहुत ही बेहतर थी। अपने सम्मान समारोह में संस्मरणों को साझा करते हुए उन्होने कहा कि टीम भावना के साथ काम करने से बडी–बडी समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। किसी भी अधिकारी की पहचान उनके कार्यशैली से की जाती है। प्रत्येक व्यक्ति आज्ञापालन, श्रम व संतुष्टि से ही प्रगति कर सकता है, हमे दूसरों को देखकर खुश रहने की आदत डालनी चाहिए। सुविधाएं व्यक्ति को उसकी जिंदगी में धीरे–धीरे मिलती हैं। उन्होने श्रावस्ती में बिताए अपने सेवाकाल के अनुभवों को भी इस अवसर पर साझा करते हुए कहा कि इस जनपद में सेवा करने का अवसर मिला है, जो मेरे लिए शौभाग्य की बात रही है। समारोह में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विकास अधिकारी को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके मंगल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर वर्तमान जिला विकास अधिकारी श्रीराम समुझ, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, उप निदेशक कृषि कमल कटियार, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, मुख्य पशु

चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, आशुलिपिक मुख्य विकास अधिकारी एस0पी0 सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बेरोजगार युवक-युवतियों में तकनीकी कुशलता बढ़ाने हेतु चार माह का विशेष प्रशिक्षण

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर उपायुक्त उद्योग जे0एन0 यादव ने बताया है कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उ0प्र0 द्वारा अन्य पिछडा वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों में तकनीकी कुशलता बढ़ाने हेतु चार माह का विशेष प्रशिक्षण दिये जाने हेतु योजना संचालित की जा रही है। ऐसे अभ्यर्थी जो अभ्यथी कम से कम जूनियर हाईस्कूल की शिक्षा ग्रहण की हो, आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो, अन्य पिछड़ा वर्ग(ओ0बी0सी0) से सम्बन्धित हो, जनपद श्रावस्ती का स्थाई निवासी हो, योग्यता धारित करते हैं, वे इस योजनान्तर्गत पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी योजनान्तर्गत आंनलाइन आवेदन स्वंय अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम करने के लिये www.diupmsme.upsdc.gov.in पर 31 जुलाई, 2022 तक आंनलाइन आवेदन कर सकते है। आंनलाइन आवेदन करने के पश्चात प्रिन्ट आवेदन पत्र के साथ प्रयुक्त अभिलेखो की हार्ड कापी कार्यालय–उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, श्रावस्ती में जमा करना होगा। सिलाई, ट्रेड में प्रशिक्षित किया जायेगा। इसके लिए आवेदक को आवेदन–पत्र के साथ एक फोटो, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

वज्रपात पूर्व चेतावनी तंत्र विकसित कर रहा जिला प्रशासन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

• अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर पंचायत मित्रों व आपदा मित्रों को डाउनलोड कराये गये दामिनी ऐप

श्रावस्ती। वज्रपात की बढ़ती घटनाओं व संभावनाओं के दृष्टिगत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने ग्राम स्तर पर वज्रपात पूर्व चेतावनी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए हैं। जिस पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र द्वारा सभी राजस्व व पंचायत कर्मियों को दामिनी ऐप डाउनलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के द्वारा ब्लाकवार जागरुकता अभियान चलाकर दामिनी एप डाउनलोड कराये जा रहे हैं। इस क्रम में आज इकौना व गिलौला के पंचायत मित्रों को दामिनी एप डाउनलोड कराया गया। इसके अलावा जनपद के नव चयनित सभी 250 आपदा मित्रों को भी दामिनी एप डाउनलोड कराये गये हैं। इन कार्यक्रमों में एन0डी0आर0 एफ0 के जवानों ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को बाढ़ से बचाव, एक्सीडेंट होने पर प्राथमिक उपचार, सांस नली में बाहरी पदार्थ फंसने पर उपचार, घरेलू वस्त्र से स्ट्रेचर बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंचायतीराज जटाशंकर मिश्र ने सभी पंचायत मित्रों को निर्देशित किया की मोबाइल में डाउनलोड दामिनी एप का प्रतिदिन अवलोकन करें। वज्रपात होने की

संभावना होने पर तत्काल ग्रामसभा के व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना भेजें । जिससे समय रहते सभी नागरिक स्वयं को सुरक्षित कर सकें । इसके अलावा उन्होंने सभी पंचायत मित्रों से अपने स्तर पर 100 व्यक्तिओं को दामिनी एप डाउनलोड करवाने का निवेदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनडीआरएफ के निरीक्षक धीरेन्द्र उपाध्याय व संचालन उपनिरीक्षक शिव पूजन सिंह ने किया। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत जितेन्द्र लाल श्रीवास्तव व एन डी आर एफ के जवान मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में आयी शिकायतों का समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करें सम्बन्धित अधिकारीगण : प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। शासन के मंशानुरूप सभी संबंधित विभागीय अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याओं को सुना जाए, और समय सीमा के अंतर्गत उनका निराकरण कागज के साथ साथ धरातल पर भी सुनिश्चित किया जाए। समस्याओं के निराकरण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, ताकि फरियादियों को बार–बार ब्लॉक तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में आये हर फरियादियों की छोटी बड़ी समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाए। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उक्त विचार तहसील भिनगा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने व्यक्त किया। इस दौरान उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में आयी शिकायतों को गम्भीरता से उनका निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि सरकार के मंशानुसार तहसील एवं ब्लाक स्तर पर तैनात अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर प्रत्येक दशा में निवास करें, और सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें कोई लापरवाही न बरती जाएं। उन्होने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाये इसका ध्यान रखा जाय, यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल/राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवायी सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय–सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी कहा कि महिलाओं की जनशिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। यदि जिले में किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस के आयोजन हेतु जिलाधिकारी महोदया द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार जनपद में क्रमशः तहसील जमुनहा में अपर जिलाधिकारी कमलेश एवं चन्द्र तहसील इकौना में उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया।

इस अवसर पर सम्बन्धित तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं तहसील तथा ब्लाक स्तर के सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस भिनगा में कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर ही 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस इकौना में 87 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील जमुनहा में कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, तहसीलदार भिनगा रामप्यारे, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रृद्धा पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह, अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

नाजायज शराब के साथ अभियुक्तगिरफ्तार

औरैया। थाना अछल्दा उ0नि0 पहलवान सिंह मय हमराही थाना अछल्दा द्वारा अभियुक्त रविंद्र सिंह पुत्र राजबहादुर निवासी लहटोरिया थाना अछल्दा जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 214/22 धारा 60 EX ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी नाजायज बरामद हुये।

शराब के साथ अभियुक्तगिरफ्तार

औरैया। थाना बेला उ0नि0 राजपाल सिंह मय हमराही थाना बेला द्वारा अभियुक्त राहुल चतुर्वेदी पुत्र वीरेंद्र कुमार चतुर्वेदी निवासी नुनारी थाना बेला जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 156/22 धारा 60 EX ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 16 क्वार्टर देशी नाजायज बरामद हुये।

राज्यमंत्री राधेश्याम नामदेव का जोरदार स्वागत

औरैया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राधेश्याम नामदेव का मंडी समिति के सामने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया इस अवसर पर राज्य मंत्री राधेश्याम नामदेव ने कहा भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें जिससे पुनः लोकसभा में विजई होकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जा सके उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं का किसी तरीके का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा इसके लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं निष्ठावान कार्यकर्ताओं का हमेशा सम्मान बनाए रखा जाएगा इसी दौरान भाजपा जिला महामंत्री ओबीसी शैलेंद्र पाल ने दिबियापुर

थानाध्यक्ष की शिकायत करते हुए कहा कि पाल समाज के दो पक्षों में लड़ाई होने पर दिव्या पुर थाने पहुंचे दोनों पक्ष सुलह समझौता करना चाह रहे थे लेकिन थानाध्यक्ष की हट धर्मी के कारण मुकदमे कायम किए गए उन्होंने मांग की इन मुकदमों को वापस कराया जाए इस मौके पर मंत्री जी ने थानाध्यक्ष को फोन लगाकर कहा इनकी समस्या सुनकर न्याय दिलाने का कार्य करें कार्यकर्ताओं को थानों में सम्मान दिया जाए उनकी बात को शालीनता से सुना जाए इससे उनका सम्मान बना रहेगा पार्टी की छवि अच्छी रहेगी इस अवसर पर प्रमुख रूप से राज्य मंत्री प्रतिनिधि शिवकुमार कुमार नामदेव जिला कार्यालय प्रभारी मोहन सक्सैना जिला मीडिया प्रभारी अनिल राजपूत जिला महामंत्री शैलेंद्र पाल शिव कुमार विशाल कुशवाहा अवधेश शर्मा बृजेश कुमार गुड्डू राजपूत छोटू कुशवाहा अनुज कुमार सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में एक छात्र ने कराई शिकायत दर्ज

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कालपी (जालौन)। संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र एक छात्रा ने अपनी फरियादी दर्ज करावाई और कोई भी फरियादी समाधान दिवस में नही पहुचा वही राजस्व विभाग को छोड़कर सभी विभागाध्यक्ष अनुपस्थित रहे। तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान मे तहसीलदार नरेंद्र कुमार ने शिकायते सुनी इस दौरान टरन नगंज निवासिनी छात्रा दीपशिखा ने की शिकायत मे बताया कि मुझे विद्यालय से वजीफा अभी तक नहीं प्राप्त हुआ बस यही एक मात्र शिकायत दर्ज की गई इसके बाद कोई भी फरियादी सम्पूर्ण समाधान दिवस में नही आया वही राजस्व कर्मियों के अलावा सभी विभागाध्यक्ष अनुपस्थित रहे बताया गया कि सभी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में गये है। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों मे बीच बातचीत का दौर बराबर 4 घंटे तक चलता रहा उक्त दिवस खाना पूर्ति के रूप में संपन्न हुआ इस मौके पर नायब तहसीलदार नीलमणि यादव नायब तहसीलदार हरदीप कुमार रजत विद्युत सहायक अभियंता आदर्श राज पूर्ति विभाग से लिपिक शुभेंद्र कुमार तिवारी न्याय विभाग से बृजेंद्र सिंह चौहान राजस्व निरीक्षकों में राम कुमार गुप्ता अशोक श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव रामराजा सुरेश यादव वन विभाग से वन दरोगा काशी प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आटा (जालौन)। उसरगांव व भभुआ क्रासिंग के बीच एक छात्र ने ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई मौके पर पहुची पुलिस जांच में जुटी मालूम हो कि आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भभुआ निवासी ऋषभ कुशवाहा पुत्र विनोद उम्र १५ वर्ष शनिवार को उसरगांव रेपवे स्टेशन और भभुआ के बीच ट्रेन की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना आसपास खेतों मे जानवर चरा रहे लोगों ने चौकी पुलिस को दी ज्ञान भारती चौकी प्रभारी अमर सिंह तत्काल मोके पर पहुचे और जांच पडताल की तभी कुछ लोग मौके पर आये जिन्होने मृतक के घर वालों को सूचना दी जिसके बाद उसकी पहिचान हो सकी वही पुलिस ने बताया कि ऋषभ रोजाना स्कूल पढने जाता था।

अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक ड्राइवर व हेल्पर को आई चोट

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आटा (जालौन)। कानपुर से झांसी की ओर जा रहा खाद लधा ट्रक आटा स्टेशन के पास खंदक में अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे ड्राइवर व हेल्पर को हल्की चोटें आई इसके बाद वह दोनों ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सुबह इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई। शनिवार की सुबह कानपुर से एक ट्रक खेतों में डालने वाली जैविक खाद लोड कर ललितपुर जा रहा था। इस दौरान ट्रक आटा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित रेलवे स्टेशन के पास से गुजरा जहाँ ड्राइवर की आँख लग गई। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया जिससे ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और खाद की बारी खंदक में फैल गई।

हादसे में ड्राइवर व हेल्पर को हल्की चोट आई घबराने पर दोनो ट्रक को छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जैसे ही ट्रक पलटा देखा तो उसके मालिक का पता कर सूचना दी। मौके पर पहुँचे ट्रक मालिक ने बताया कि ट्रक ललितपुर जा रहा था।

एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। सुल्तानपुर जयसिंहपुर तहसील सभागार में एसडीएम संजीव कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार हृदयराम तिवारी,नायब तहसीलदार संध्या यादव, क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत सरोज,खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर व अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव ने संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतें/समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में 142 शिकायतों में से मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जयसिंहपुर पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार,समाज कल्याण अधिकारी ओपी सिंह समेत अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ समाधान दिवस पर फरियादियों की लंबी लाइनें लगी रही जिसको लेकर शिकायतों का निपटारा ना होते हुए देखकर आए हुए फरियादियों की प्रार्थना पत्र को संबंधित राजस्व विभाग की लेखपाल को सौंप दिया गया जिसके उपरांत लेखपाल टीम द्वारा अपने अपने क्षेत्र में कार्य को लेकर करना प्रारंभ कर दिया।

प्रधानमंत्री कार्यक्रम को मद्देनजर रखते हुए पुलिस ने वकीलों को हिरासत में लेकर रखी निगरानी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कालपी (जालौन)। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को मद्देनजर रखते हुये कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ अधिवक्ता व अधिवक्ता ऐसोसिएशन के अध्यक्ष को पहले हिरासत मे लिया फिर उसके बाद उन्हें निगरानी में रखा वही तहसील परिसर में मार्च निकालकर अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जारी रहा प्रधानमंत्री के बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे के उद्घाटन कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने एस डी एम व तहसीलदार के स्थानांतरण को लेकर ज्ञापन देने के लिये जिला प्रशासनशे समय मांगा था लेकिन बीती १२ जुलाई को जिलाधिकारी से वार्ता के बाद अधिवक्ता ऐसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया था उसके बावजूद भी शनिवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ अधिवक्ता अमर सिंह निषाद व अधिवक्ता ऐसोसिएशन के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार के घर पहुची और उन्हे कोतवाली चलने के लिये कहा तो दोनो अधिवक्ताओं को पुलिस कोतवाली ले आयी जहां पर दोनों अधिवक्ताओं ने बताया कि उनकी ऐसोसिएशन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का कोई विरोध या प्रदर्शन नही कर रही है इसकी वार्ता जिलाधिकारी से हो चुकी है फिर भी कोतवाली पुलिस उन्हे कुछ देर कोतवाली में बिठाय रखी उसके बाद जाने दिया जिसके बाद दोनो अधिवक्ता तहसील पहुचे और मार्च निकालकर अनशन पर रोजाना की तरह बैठे इस मौके पर अनिल पोरवाल राधेश्याम गुप्ता अजय श्रीवास्तव राकेश दिवेदी कौशलेन्द्र सिंह मनोज जाटव महाराज सिंह इस्लाम अहमद उदय यादव वरूण सिंह सूरज सिंह दिनेश श्रीवास्तव मो अमीन आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

वही कोतवाल संतोष सिंह ने बताया कि किसी को हिरासत में नही लिया गया है बस निगरानी की जा रही है।

महिला आयेग की सदस्या सुनेंगी महिलाओं की समस्यायें

कानपुर देहात। सदस्य सचिव उ०प्र० राज्य महिला आयोग मानव अधिकार के निर्देशों के क्रम में दिनांक 20.07.2022 को पूर्वाह्न 11 बजे मा० सदस्या उ०प्र० राज्य महिला आयोग श्रीमती पूनम कपूर की अध्यक्षता में जागरूकता चौपाल तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम विकासखण्ड अकबरपुर सभागार में आयोजित किया जाना है।

यह जानकारी जिला प्रोवेशन अधिकारी ने दी है।

एन0पी0एस स्कीम से जुड़े कर्मचारी

कानपुर देहात। बेसिक शिक्षा परिषद/सहायता प्राप्त विद्यालयों के ऐसे शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी जो कि अभी तक एन०पी०एस स्कीम से नहीं जुड़े है, से यह अपील है कि ये उक्त स्कीम से अविलम्ब जुडना सुनिश्चित करे, ताकि उन्हें स्कीम का लाभ प्राप्त हो सके। एन०पी०एस स्कीम से मुख्य रूप से लाभ इस प्रकार है, एन०पी०एस मे ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण तथा सामूहिक बीमा की व्यवस्था है। सेवाकाल में कार्मिक के निधन पर परिवारिक पेंशन के लिए परिवार को एन०पी०एस अथवा पुरानी पेंशन में चुनने का विकल्प मौजूद है। सेवानिवृत्त के बाद कार्मिक को अधिक धनराशि का प्राप्त होना जिसे आगे अन्य निवेश योजनाओं में निवेश कर अधिक लाभ प्राप्त करने के अवसर प्राप्त होगे। एन०पी०एस में सरकार द्वारा 14 प्रतिशत अंशदान दिया जाता है। जमा धनराशि का 85 प्रतिशत गवर्नमेन्ट सिक्योरिटी में होने से रिस्क का स्तर न्यूनतम है। वर्तमान में एन०पी०एस के तहत जमा धनराशि का ग्रोथ 9.5 प्रतिशत है जबकि जी0पी0एफ0 में केवल 7.1 प्रतिशत है। यह जानकारी वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा ने दी है।

रोगियों की तलाश में स्वास्थ्य टीमों ने दी दस्तक

- घरों के बाहर लगाए जा रहे स्टीकर व पोस्टर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। दस्तक अभियान का आगाज शनिवार से हो गया। 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर जाकर पांच तरह की बीमारियों का पता लगाएंगी। अगर किसी के घर के पास मच्छर पनप रहे हैं तो उसकी भी रिपोर्ट ब्लाक पर करेंगी। रोगियों को चिन्हित कर सूची तैयार करेंगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वेक्टर बोर्न डिजीज डॉ एसडी चौधरी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ ही शनिवार से दस्तक कार्यक्रम भी शुरू हो गया है। अभियान में आशा कार्यकत्री और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। इसी के साथ अभियान का सुपरविजन करने के लिए एएनएम, हेल्थ सुपरवाइजर, बेसिक हेल्थ वर्कर्स भी तैनात किये हैं। उन्होंने बताया कि आशा घर–घर जाकर परिवार के लोगों से मलेरिया, टीबी, सर्दी, जुकाम व बुखार (आईएलआई व सारी) से संबंधित सवाल पूछेंगी। साथ ही अति कुपोषित बच्चे की जानकारी लेंगी। अगर किसी में बीमारी के लक्षण मिलते हैं या कोई अति कुपोषित बच्चा मिलता है तो इसकी सूचना वह संबंधित ब्लाक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को देंगी। उन्होंने बताया कि आशा घर–घर जाकर परिवार के लोगों से मलेरिया, टीबी, सर्दी, जुकाम व बुखार (आईएलआई व सारी) से संबंधित सवाल पूछेंगी। साथ ही अति कुपोषित बच्चे की जानकारी लेंगी। अगर किसी में बीमारी के लक्षण मिलते हैं या कोई अति कुपोषित बच्चा मिलता है तो इसकी सूचना वह संबंधित ब्लाक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को देंगी। उन्होंने बताया कि अगर किसी घर के पास जल जमाव या भराव है तथा वहां पर लार्वा पैदा हो रहा है तो इसकी भी सूचना आशा देंगी।

सूचना के बाद मलेरिया विभाग वहां का निरीक्षण कर जल निकासी, दवा के छिड़काव आदि की व्यवस्था संबंधित से कराएगा। अभियान की जिला स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा कर कमियों को दूर किया जाएगा। अगर किसी को बुखार के लक्षण हों तो आशा कार्यकर्ता तत्काल सूचित करें।

कुपोषित भी होंगे चिह्नित : अभियान के दौरान आशा, आंगनबाड़ी और संगिनी कार्यकर्ता घर–घर जाकर कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेंगी। यह सूची एनएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय भेजी जाएगी। जहां बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से पोषण पुनर्वास केंद्रों पर भेजकर उपचार एवं पोषण उपलब्ध कराएगा। इस अभियान में बुखार के अलावा गंभीर रोगों के मरीजों को भी सूचीबद्ध किया जाएगा। इनका निशुल्क इलाज भी होगा। साथ ही 12 वर्ष से अधिक आयु के जिन लोगों को कोविड का टीका नहीं लगा है, उन्हें कोविड टीके से प्रतिरक्षित किया जाएगा।

कॉमन सर्विस सेंटरों पर धुमधाम से मनाया गया सी.एस.सी दिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा जयसिंहपुर, सुलतानपुर। भारतीय सूचना मंत्रालय के उपक्रम सी.एस.सी ई–गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया के स्थापना दिवस पर शनिवार को जिले के 800 से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटरो पर सी.एस.सी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सी.एस.सी के द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्र के ऑफिस में केक काटकर एवं सी.एस.सी के विभिन्न सेवाओ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वी. एल.ई. को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉमन सर्विस सेंटर सुलतानपुर के जिला प्रबंधक सर्वेश यादव ने बताया कि सी.एस.सी दिवस के अवसर पर जिले के लगभग 800 से ज्यादा सेंटरो पर स्थापना दिवस मनाया गया। और इस दौरान च्डथ्ठल, किसान केसीसी, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, बिजली बिल, नेशनल पेंसन स्कीम और सी.एस.सी पोर्टल पर उपलब्ध 200 से ज्यादा सेवाओ के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया विजन को ग्रामीण स्तर पर सच्चे रूप में सी.एस.सी ही साकार कर रही है। आज के समय मे चाहे कोई

भी फार्म भरना हो, पैसे निकालना हो या पेंशन के लिए केवाईसी करना हो सब काम सी.एस.सी द्वारा गांव में ही कि जा रहा है। ग्रामीणों को अब छोटे–छोटे कामों के लिए सरकारी विभाग के चक्कर नही लगाने पड़ रहे है। आगे भी बहुत सी सरकारी योजना कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ग्रामीणों को सीधे उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्यक्रम में जय प्रकाश शुक्ला, प्रदुम्न, पंकज सेन वर्मा, बलिराम मिश्रा समेत समस्त वी.एल.ई. मौजूद रहे।

सीएससी स्थापना दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया

- सीएससी स्थापना दिवस पर जनपद के बीएलइ मौजूद रहे

औरैया। प्रिय केंद्र संचालक आप सभी को बताते हुए बहुत ही खुशी हो रही है !की आज हम सभी 16 जुलाई को पूर्व की भांति सीएससी दिवस मनाने जा रहे हैं !यह दिवस हम सभी का व्यक्तिगत दिवस है। जिस प्रकार हम सभी अपना जन्म दिवस मनाते हैं! ठीक उसी प्रकार सीएससी दिवस भी पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ केक काटकर तथा पूरे आनंद के साथ मनाना है !साथ

ही एक विशेष बात का अवश्य ध्यान रखें चूंकि हम सभी सीएससी दिवस मना रहे हैं! इसलिए सीएससी का बैनर अनिवार्य रूप से प्रयुक्त होना चाहिए !यह कार्यक्रम हमें अपना व्यक्तिगत कार्यक्रम समझ कर करना है! जिसमें किसी प्रकार की कोई शिथिलता न बरतें ।आप सभी से यह सहयोग विशेष रूप से अपेक्षित है! और क्योंकि सभी सीएससी परिवार से जुड़े हुए हैं! इसलिए सभी को अपने–अपने केंद्र पर यह कार्यक्रम किसी का आदेश ना मानकर अपना कार्यक्रम मानकर अवश्य करें! तथा इसकी सुव्यवस्थित फोटो अपने जनपद टीम को व्यक्तिगत रूप से भेज दें।आज के कार्यक्रम से के संबंध में आप सभी से विशेष सहयोग अपेक्षित है।

महान ऋषि-मुनियों की तपोस्थली, सृजन की धरा, विभिन्न संस्कृतियों की संगमस्थली, उत्तर प्रदेश की क्रांति भूमि पर नए भारत के शिल्पकार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन!

जालौन में मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की विशाल जनसभा के उपरान्त कार्यकर्ता बंधुओं के साथ

दस्तक अभियान शुरू, 1265 टीम ऑन ड्यूटी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह चल रहा है। इसके साथ ही जनपद में टीबी, बुखार, मलेरिया डेंगू के मरीजों को ढूंढने के लिए दस्तक अभियान का आगाज शनिवार से हो गया। 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर जाकर पांच तरह की बीमारियों का पता लगाएंगी। अगर किसी के घर के पास मच्छर पनप रहे हैं तो उसकी भी रिपोर्ट ब्लाक पर करेंगी। रोगियों को चिन्हित कर सूची तैयार करेंगी। संचारी रोगों के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ शिशिर पुरी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ ही शनिवार से दस्तक कार्यक्रम भी शुरू हो गया है। अभियान में 1265 टीमों को लगाया गया है। इसी के साथ अभियान का सुपरविजन करने के

लिए एएनएम, हेल्थ सुपरवाइजर, बेसिक हेल्थ वर्कर्स भी तैनात किये हैं। उन्होंने बताया कि आशा घर–घर जाकर परिवार के लोगों से मलेरिया, टीबी, सर्दी, जुकाम व बुखार (आईएलआई व सारी) से संबंधित सवाल पूछेंगी। साथ ही अति कुपोषित बच्चे की जानकारी लेंगी। अगर किसी में बीमारी के लक्षण मिलते हैं या कोई अति कुपोषित बच्चा मिलता है तो इसकी सूचना वह संबंधित ब्लाक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को देंगी। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि अगर किसी घर के पास जल जमाव या भराव है तथा वहां पर लार्वा पैदा हो रहा है तो इसकी भी सूचना आशा देंगी। सूचना के बाद मलेरिया विभाग वहां का निरीक्षण कर जल निकासी, दवा के छिड़काव आदि की व्यवस्था संबंधित से कराएगा। अभियान की जिला स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा कर कमियों को दूर किया जाएगा। अगर किसी को बुखार के लक्षण हों तो आशा कार्यकर्ता तत्काल सूचित करें। ष्कुपोषित भी होंगे चिह्नितष अभियान के दौरान आशा, आंगनबाड़ी और संगिनी कार्यकर्ता घर–घर जाकर कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेंगी। यह सूची एनएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय भेजी जाएगी। जहां बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से पोषण पुनर्वास केंद्रों पर भेजकर उपचार एवं पोषण उपलब्ध कराएगा। इस अभियान में बुखार के अलावा गंभीर रोगों के मरीजों को भी सूचीबद्ध किया जाएगा। इनका निशुल्क इलाज भी होगा। साथ ही 12 वर्ष से अधिक आयु के जिन लोगों को कोविड का टीका नहीं लगा है, उन्हें कोविड टीके से प्रतिरक्षित किया जाएगा।

राजस्व संबंधी कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, किशनगंज की अध्यक्षता में जिला आंतरिक संशाधन एवं राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। जिला आंतरिक संशाधन की बैठक में सभी विभागों यथा परिवहन, मतस्य, नगर परिषद, नगर पंचायत, निबंधन, कृषि कार्यालय, मापतौल, औषधि निरीक्षक आदि विभागों के

पदाधिकारियों के साथ वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की वसूली की समीक्षा की गई। सभी विभागों में राजस्व की वसूली औसत वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप पाया गया। औषधि निरीक्षक के मामलें में राजस्व की वसूली औसत से कम पाया गया। सभी विभागों के पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप समय–सीमा के अन्दर राजस्व की वसूली का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा अंचलाधिकारियों के साथ की गई। बैठक में दाखिल–खारिज, परिमार्जन, भू– लगान, जमाबंदी अद्यतीकरण से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा के क्रम में दाखिल–खारिज एवं जमाबंदी अद्यतीकरण के कार्यों में तेजी लाने का निदेश दिया गया । बैठक में अपर समाहर्ता किशनगंज, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला मतस्य पदाधिकारी किशनगंज, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद किशनगंज, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ठाकुरगंज ६ बहादुरगंज, जिला अवर निबंधक किशनगंज, अवर निबंधक बहादुरगंज एवं ठाकुरगंज, जिला कृषि पदाधिकारी किशनगंज, मापतौल निरीक्षक, औषधि निरीक्षक आदि पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

श्रीकांत शास्त्री भा.प्र.से.,जिला पदाधिकारी किशनगंज की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन से संबंधित वृहत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। श्री श्रीकांत शास्त्री भा. प्र.से.,जिला पदाधिकारी, किशनगंज की अध्यक्षता में जिला भू–अर्जन से संबंधित वृहत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में रेल

परियोजना,अररिया–गलगलिया न्यू बीजी लाईन, भारत नेपाल सीमा सड़क परियोजना, एन. एच.ए.आई. से संबंधित किशनगंज से बहादुरगंज एवं बहादुरगंज से गलगलिया सड़क निर्माण परियोजना, एस. एच. 99, बहादुरगंज से दिघलबैंक सड़क चौड़ीकरण परियोजना, रतवा नदी पर बॉध परियोजना एवं महानंदा बॉध परियोजना में दोनों ओर तटबंध का निर्माण से संबंधी कार्य, सालबारी टोला दिघलबैंक में एस.एस.बी. के बी०ओ०पी० केन्द्र से संबंधित परियोजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में संबंधितों को ससमय भू–अर्जन कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में सभी अधियाची विभाग के पदाधिकारीगण /प्रतिनिधि, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी एवं जिला भू–अर्जन कार्यालय के प्रधान सहायक व कर्मीगण उपस्थित थे।

एसआईटी की बड़ी कार्रवाई, हथियार के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, नकली नोट छापने की मशीन समेत लाखों नोट बरामद

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी से है। जहां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।एसपी द्वारा गठित एसआईटी टीम ने बड़ी करवाई की है। टीम ने भारतीय जाली नोट छापने की मशीन, कागज, छपी हुई 8 लाख जाली नोट, देसी पिस्टल जिंदा कारतूस सहित चार तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर ने पुलिस पूछताछ में कई राज का खुलासा किया है। पुलिस करवाई में जुटी है। सदर डीएसपी अरुण गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने पीपरा में करवाई किया है। मोतिहारी एसपी कुमार आशीष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिला में भारतीय जाली नोट छापने का कारोबार चल रहा है। एसपी ने त्वरित करवाई करते हुए सदर डीएसपी अरुण गुप्ता के नेतृत्व

में पीपरा कोठी मनोज कुमार सिंह, छतौनी नित्यानंद चौहान, तकनीकी शाखा मनीष कुमार सहित पुलिस कर्मियों का एक टीम गठन किया गया। टीम द्वारा वैज्ञानिक तरीके से जांच कर बड़ी करवाई की गई। टीम ने छतौनी गुप्ता मीट हाउस के पास छापेमारी कर 8 लाख भारतीय जाली नोट चार तस्कर, एक देसी पिस्टल एक गोली सहित कई समान बरामद किया। गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में बताया कि जाली नोट की छपाई का कार्य पीपरा थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के नीचे एक साइबर कैफे में किया जाता है। जो साइबर कैफे गिरफ्तार तस्कर का ही बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में तस्करों ने बताया कि दो लाख असली नोट के बदले 5 लाख जाली नोट दिया जाता था। तस्करों के कारोबार बिहार के कई जिलों में फैला हुआ था। पुलिस पूछताछ में मिले अहम सुराग को लेकर छापेमारी में जुटी है। पुलिस ने साइबर कैफे से जाली नोट छापने वाले मशीन, कई कलर का प्रिंटर, जाली नोट छापने के कागज का तीन बंडल सहित समान भी जपत किया है। पुलिस अग्रतर करवाई में जुटी है। एसपी डॉ कुमार आशीष के द्वारा बनी एसआ ईटी ने तस्कर पीपरा थाना क्षेत्र के चिन्तामनपुर के संदीप सहनी व मधुबन बेडिबन के राजेश कुमार शिवहर के दीपक कुमार व सुबोध कुमार को 8 लाख के जाली नोट,नोट छापने के प्रिंटर, तीन बंडल कागज,एक देशी कट्टा,एक जिंदा गोली, बाइक सहित समान के साथ गिरफ्तार किया है।

पटना पश्चिमी एथलेटिक एसोसिएशन के द्वारा एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया

अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना पटना। पश्चिमी एथलेटिक एसोसिएशन के द्वारा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 का उद्घाटन निशुल्क फिटनेस क्लब अगवानपुर के क्रीडा मैदान बाढ़ में आयोजित किया गया। इस समारोह में लगभग 500 प्रतिभागियों ने शिरकत की। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी डॉ कुंदन कुमार पूर्व सीआरपीएफ अधिकारी नीरज कुमार जो राष्ट्रपति द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किए गए हैं पूर्व मुखिया मुन्ना कुमार सिंह अगवानपुर पंचायत शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर अंजेश कुमार एवं हजारों कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। काफी दिनों के बाद इस तरह का आयोजन बाढ़ की धरती पर आयोजित किया गया जिस कारण यहां के प्रतिभागियों में नया जोश और जुनून देखने को मिला और बढ़ चढ़कर प्रतिभागियों के साथ उनके अभिभावक ने भी भाग लिया। आज भी जो भी सफल प्रतिभागी हुए हैं उनका परिणाम इस प्रकार है

अंडर –14 बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़

प्रथम स्थान छोटी कुमारी संत जोसेफ कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय बाढ़ द्वितीय स्थान अस्मिता कुमारी संत जोसेफ कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय बाढ़ पुष्प लता कुमारी तृतीय स्थान एनटीपीसी नोटेडेम एकेडमी बाढ़ अंडर–14 बालक वर्ग 60 मीटर दौड़ समस्थान गुलशन कुमार संत जोसेफ कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय प्लस टू अंशु कुमार प्रोग्रेसिव स्कूल द्वितीय स्थान नैतिक कुमार नोट्रे डेम ऐकैडमी बाढ़ तृतीय स्थान अंडर –20 बालक 5000 मीटर दौड़मिलन कुमार प्रथम स्थान घनश्याम कुमार द्वितीय स्थान सूरज कुमार तृतीय स्थान अंडर 20

बालिका वर्ग 5000 मीटर दौड़ अनुष्का कुमारी प्रथम स्थान सोनाली कुमारी द्वितीय स्थान ईशा कुमारी तृतीय स्थान यह तीनों छात्राएं संत जोसेफ कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय बाढ़ की छात्राएं हैं। अंडर –20 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ प्रथम स्थान अविनाश कुमार द्वितीय कुणाल कुमार तृतीय दीप नारायण कुमार बालिका वर्ग में गुड़िया कुमारी प्रथम स्थान जया कुमारी द्वितीय स्थान सृष्टि कुमारी तृतीय स्थान। अंडर –14 बालक वर्ग शॉट पुट प्रथम स्थान प्रिंस कुमार द्वितीय स्थान दिव्यांश गौरव तृतीय स्थान अफजल अंजुम, अंडर 16 शॉट पुट बालक वर्ग उत्तम कुमार प्रथम स्थान दीपू कुमार द्वितीय स्थान विनय कुमार तृतीय स्थान अंडर 20 बालक वर्ग में कुणाल कुमार प्रथम स्थान सोनल कुमार द्वितीय स्थान विकास कुमार तृतीय स्थान चंदन कुमार तृतीय स्थान। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए चंदन कुमार सिंह मेंबर ऐड हॉक कमिटी पटना वेस्ट, प्रमोद कुमार प्रभात कुमार ओझा अमित कुमार एवं अगवानपुर निशुल्क फिटनेस क्लब के युवा साथियों का भरपूर सहयोग मिला।

योगी की सरकार, आफत में पत्रकार : रामनाथ विद्रोही

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। इंडियन जर्नलिस्ट असोसिएसन (आईजेए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनाथ विद्रोही ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले रायपुर थाना क्षेत्र के खलियारी मार्केट में बीती रात बाइक सवार अपराधियों ने दो पत्रकारों को गोली मार दी। वारदात के वक्त दोनों पत्रकार एक चाय की दुकान पर बैठकर चाय पर खबरों की चर्चा में तल्लीन थे । ।। दोनों पत्रकारों के नाम श्याम सुंदर पांडे और विजय पांडे बताया जाता है। दोनों बड़े अखबार के रिपोर्टर बताए जाते हैं। दोनों को इलाज के लिए बनारस के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इस वारदात की जानकारी होते ही सार्क जर्नलिस्ट्स फोरम इंडिया चौप्टर के संगठन महासचिव श्याम नाथ सिंह ने सोनभद्र के एस पी डॉक्टर जसवीर से मोबाइल पर बात कर मामले की जानकारी ली ।एस पी डॉक्टर जसवीर ने बताया कि पुलिस इस मामले में पूरी सख्ती से जांच पड़ताल कर रही है। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है ।अगर पत्रकार द्वारा किसी पर शक जाहिर की जाती है तो उसे तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। एसपी

का रवैया सहयोगात्मक नजर आया।

जबकि रायपुर के थाना अध्यक्ष ने पहले तो मोबाइल नहीं उठाया और बाद में अपने सरकारी मोबाइल को स्विच ऑफ कर दिया। सार्क जर्नलिस्ट फोरम, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन और बिहार प्रेस मेंस यूनियन दोनों पत्रकारों पर जानलेवा हमले की घोर निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पत्रकारों को पूर्ण सुरक्षा देने और स्वतंत्र निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग की है।

भाषा का अधिकाधिक उपयोग उसके विकास के लिए जरुरी : जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। राज की द्वितीय राजभाषा उर्दू के विकास और उसके प्रचार प्रसार के लिए उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार सरकार एवं जिला उर्दू कोषांग वैशाली के तत्वावधान में आयोजित उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन वाद विवाद प्रतियोगिता का संभावना ले सभागार में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने कहा कि भाषा का महत्व तभी है जब हम अपनी बातों को उसी भाषा में बोलकर संप्रेषित करें। भाषा के विकास में उस भाषा का अधिकाधिक उपयोग किया जाना जरूरी है। जिलाधिकारी ने उपस्थित महानुभाव निर्णायक मंडली ओम प्रतिभागी छात्र–छात्राओं का स्वागत किया गया और कहा गया कि जीत हार की भावना से ऊपर उठकर बच्चे इस प्रतियोगिता में बेहतर रूप से अपनी बातों को रखेंगे। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से भी आह्वान किया कि बच्चों को अच्छी तालीम दिलवाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की परवरिश पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रतियोगिता अपनी जगह है परंतु अच्छी तालीम का कोई तोड़ नहीं है। ऐसी तालीम मिलेगी तो बच्चे जीवन में निरंतर आगे बढ़ेंगे। जिलाधिकारी ने वैशाली की गंगा जमुना तहजीब का भी उल्लेख किया और कहा कि यह मिसाल बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पब्लिक रेल की दो पत्नियां है।प्रशासन हर समय आपके सहयोग के लिए हैं और आप भी जहां जरूरत है वहां सहयोग करें। या सद्भाव बनी रहे परंतु इस सभी का आधार अच्छा तालिम है। आज मैट्रिक इंटर औरा स्नातक समकक्ष उर्दू छात्र–छात्राओं के बीच तीन विषयों तालीम की अहमियत उर्दू जबान की अहमियत उर्दू गजल की लोकप्रियता पर आधारित वाद विवाद प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर डॉ आदिल रशीद विभागाध्यक्ष उर्दू आरएन कॉलेज हाजीपुर डॉक्टर सफ्यूज्जमां प्रधानाध्यापक पी आर एस इंटर स्कूल जहांगीरपुर राघोपुर मौलाना शमीम अहमद समसिंग प्रभारी प्राचार्य मदरसा अहमदिया अबाबकरपुर, चेहरा कला मोहम्मद सदरे आलम नस में शिक्षक जीपीएस इस्माइलपुर गोल मौलाना नियाज अहमद कासमी प्राचार्य मदरसा इस्लामिया अंजुमन फलाहुल मुस्लेमीन हाजीपुर निर्णायक मंडल के सदस्य थे। इस संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना सैयद मुजाहिद आलम शम्सी ने की। मुख्य अतिथि मोहम्मद अजीम उद्दीन अंसारी तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर हसन रजा थे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री जितेंद्र प्रसाद साह उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार जिला नजारत उप समाहर्ता श्री अरुण कुमार सिंह अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर श्री अरुण कुमार डीसीएलआर हाजीपुर श्री स्वप्निल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला उर्दू कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सुश्री कहकशां के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

नम आंखों से गांव ने अपने 23 लाडलों को किया याद मशरक बीईओ के अलावे नहीं पहुचे कोई अधिकारी

मशरक (सारण)।मध्याह्न भोजन योजना के निवाले से जान गंवाने वाले नवसृजित विद्यालय के 23 बच्चों की बरसी 16 जुलाई शनिवार को मनाई गई। नौ साल पहले 16 जुलाई 2013 को मशरक प्रखंड के धरमासती बाजार के पास गंडामन गांव के सामुदायिक भवन में प्राथमिक विद्यालय चल रहा था। यहां मध्याह्न भोजन खाने से 23 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जब यह घटना घटी थी तो लोगों ने आस लगा लिया था कि उनसे मिलने सीएम, मंत्री, नेता या कोई अधिकारी आएंगे, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। पिछले साल तक तो बरसी में प्रखंड स्तर के सरकारी अधिकारी शामिल होते थे।लेकिन इस बार नौवीं बरसी में मशरक शिक्षा पदाधिकारी डाक्टर वीणा कुमारी के अलावे कोई भी सरकारी अधिकारी नहीं पहुंचा।बच्चों की याद में गांव में स्मारक स्थल का निर्माण कराया गया है।जो जर्जर अवस्था में हो गया था पर इस बार पंचायत के मुखिया ने अपने कोष से इसकी मरम्मत करा दिया हैं। गंडामन गांव में जिन घरों के चिराग बुझ गए, उनके घर एक बार नौवीं बरसीं पर फिर मातम का दौर है। इस हृदय–विदारक घटना की यादें ताजा होते ही गांव के हर लोगों की आंखें नम हो जा रही हैं।करीब–करीब हर दूसरे घर के बच्चे को इस घटना ने लील लिया। शनिवार को इस घटना की नौवीं बरसी पर बच्चों के स्मारक पर एक बार फिर सभी एकत्रित हुए और फूल–माला चढ़ा कर हवन पूजन कर अब कभी नहीं लौटने वाले अपने लाडले को प्यार–दुलार देकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि वरूण राय और परिजनों के तरफ से आयोजित किया गया था। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डाक्टर वीणा कुमारी ,जिला पार्षद चांदनी देवी, मुखिया दुरगौली प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह,सरपंच अजय सिंह,

भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। बता दें कि 16 जुलाई 2013 को प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई कर रहे मासूम बच्चे खाना मिलने का इंतजार कर रहे थे। रसोइया ने एक बच्चे को स्कूल की प्रधान शिक्षिका मीना देवी के घर से सरसों तेल लाने को भेजा।सरसों तेल के डिब्बे के पास ही छिड़काव के लिए तैयार कीटनाशक रखा था।बच्चे ने तेल के बदले कीटनाशक का घोल लाकर दे दिया, जो बिल्कुल सरसों तेल जैसा ही था। रसोइया जब सोयाबीन तलने लगी तो उसमें से झाग निकलने लगा। उसने इसकी शिकायत एचएम मीना देवी से की। मीना देवी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उसके बाद जब खाना बनकर तैयार हो गया और बच्चों को दिया गया तो बच्चों ने खाने का स्वाद खराब होने की शिकायत की थी।जानकारी के मुताबिक बच्चों की शिकायत को नजरअंदाज करते हुए मीना देवी ने डांटकर भगा दिया था। कुछ देर बाद ही बच्चों को उल्टी और दस्त शुरू हो गई।इसके बाद देखते ही देखते 23 बच्चों ने दम तोड़ दिया। विद्यालय की रसोइया और 25 बच्चे पीएमसीएच में कठिन इलाज के बाद वापस गांव आ पाये थे।

संक्षिप्त समाचार

पीआईबी के खिलाफ पत्रकारों के आंदोलन को सफल बनायें : डॉ शर्मा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने आज कहा कि जयपुर। राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार एवं पेरिओडिकल प्रेस ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ.सुरेन्द्र शर्मा ने आगामी 18 जुलाई को संसद के समक्ष पीआईबी के खिलाफ पत्रकारों के आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है। डॉ.शर्मा ने आज कहा कि इस आंदोलन को लेकर देशभर में उनके साथी गंभीर हैं और वे इस संघर्ष को अंतिम मुकाम पर पहुँचाकर दम लेंगे।उन्होंने कहा कि इस अव्यवस्था के जिम्मेदार अधिकारियों को सरकार तुरंत बर्खास्त करे। उन्होंने

कहा कि हम पीआईबी रिनुअल एवं नए एक्रीडेशन में विलंब एवं तानाशाही के खिलाफ हैं और अंतिम क्षणों तक लड़ेंगे।हम जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एक्ट एवं समाचार एजेंसी यूएनआई के अधिग्रहण की मांग को भी जोर शोर से उठाएंगे और हर हाल में स्वतंत्र पत्रकारिता पर हमले के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे। डॉ.शर्मा ने कहा है,कि पीआईबी के मामले में एक एडीजी स्तर की अधिकारी ने अपने नकारापन से देश के चोटी के पत्रकारों एवं मोदी सरकार के बीच गहरी खाई पैदा कर दिया है।इसकी देश विदेश में गंभीर आलोचना हो रही है। उल्लेखनीय है,कि इस आंदोलन में पी.पी.आई.के अलावा सार्क जर्नलिस्ट फोरम,इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन एवं सेव् यूएनआई मूवमेंट मूल रूप से शामिल है।

हसनपुर में संजीवनी सर्जरी सेंटर के डॉक्टर अरुण कुमार के द्वारा, आपसी बकझक में किया गया जानलेवा हमला

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर जिले के हसनपुर प्रखंड के समीप स्थित पेट्रोल पम्प के पास अवैध रूप से चला रहे क्लीनिक संजीवनी सर्जरी सेंटर के डॉक्टर अरुण कुमार के द्वारा क्लीनिक के ही ऊपर छत पर रूम ले कर रह रहे गौरव कुमार को मारपीट कर घायल कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर अरुण कुमार अवैध रूप से यह क्लीनिक चला रहा है और इस क्लीनिक से बीते एक– दो महीने में किसी ना किसी तरह की घटना होती ही रहती है। गौरव ने बताया कि हम दोनों में छोटी सी बकझक हुई थीं, लेकिन डॉ अरुण

कुमार के द्वारा मुझ पर जानलेवा हमला किया गया। इसको लेकर गौरव कुमार ने हसनपुर थाना में आवेदन दे दिया है।

समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर में पठन पाठन बेहतर बनाने के लिए समस्तीपुर कॉलेज को 36 अतिथि शिक्षक दिया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर। समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर में पठन पाठन बेहतर बनाने के लिए 36 अतिथि शिक्षक दिया गया है। यह जानकारी प्रधानाचार्य डा.सत्येन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अतिथि शिक्षकों के आने से सभी कक्षों का संचालन सही तरीके से हो सकेगा। हिंदी व उर्दू में एक–एक, इतिहास में दो, भौतिकी में पांच, मनोविज्ञान में चार, एसके में दो, जूलॉजी में दो, रसायन में

चार, इकॉनोमिक्स में दो, मैथ में पांच, राजनीतिशास्त्र में तीन व अंग्रेजी में पांच शिक्षक बहाल हुए हैं। वहीं मैथ में एक फीलॉस्पी में एक साइकॉलोजी में एक व भौतिकी में एक शिक्षक स्थानांतरण होकर आये है। बताया जाता है कि समस्तीपुर कॉलेज की स्थापना 1947 में हुई थी। उस समय स्थपना के साथ 1947 में शुरू में एक इंटरमीडिएट कॉलेज के रूप में की गई थी और 1953 में डिग्री कक्षाएं प्राप्त हुई थीं। यह एक सरकारी वित्त पोषित कॉलेज है। इसे 1975 में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की एक घटक इकाई का दर्जा दिया गया था।

तिरंगा में लिपटा समस्तीपुर आया सेना का पार्थिव शरीर,गॉव में छाया मातम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,ताजपुर। प्रखंड क्षेत्र की अधारपुर पंचायत के वार्ड संख्या 7 निवासी शिवशंकर राय उर्फ दरोगा राय एवं कौशल्या देवी के 37 वर्षीय पुत्र हवलदार जितेंद्र कुमार की आर्मी हॉस्पिटल दिल्ली में इलाज के दौरान 13 जुलाई को निधन हो गया। वे विगत तीन महीने से बीमार चल रहे थे। जितेंद्र कुमार वर्तमान में एडी रेजिमेंट जम्मू में कार्यरत थे। जितेंद्र कुमार वर्ष दो हजार में भारतीय थल सेना के 23 आरआर में सिपाही के रूप चयनित हुए थे। सेना की ओर से खेलते हुए उन्होंने कई पदक भी प्राप्त किया था । पार्थिव शरीर को साथ में लेकर आए सेना के जवान ने बताया कि जब जितेंद्र बॉक्सिंग के लिए रिंग में उतरता तो अच्छे अच्छे की हेंकरी गुम हो जाती थी।

50 किलो केंदू पत्ता व 30 लकड़ी के बोटा बरामद

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। वन विभाग की टीम ने एक पिकअप तथा दो बाइक को जब्त किया है। वनपाल मंटू पासवान ने बताया कि टीम ने बुधवार की देर रात में छापेमारी की। भगवानपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ के पास से दो बाइक पर केंदू पता लदा मिला। हालांकि वन विभाग की टीम के आने की भनक लगते ही दोनों बाइक सवार भाग निकले। मौके पर से बाइक को जब्त कर लिया गया है तथा केंदूपत्ता को भी बरामद करते हुए टोड़ी में लाया गया है। दोनों बाइकों पर एक एक झाल यानी दोनों बाइकों पर

25–25 किलो केंदूपत्ता लदा हुआ था। वहीं दूसरी तरफ करमचट थाना क्षेत्र के बाराडीह के पास से एक पिकअप को बरामद किया गया है। उस पर जंगली लकड़ी के 30 बोटा मिले। वहीं वन विभाग की टीम को देखते ही पिकअप चालक भाग निकला। मौके पर से पिकअप को जब्त कर लिया गया। इस मामले में वन विभाग ने पिकअप व बाइक के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जगदहवां डैम पर नशे में हंगामा कर रहे दो लोग गिरफ्तार।

जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में समाहरणालय के सभी प्रधान सहायकों के साथ से बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में समाहरणालय के सभी प्रधान सहायकों के साथ से बैठक आयोजित की गई। जिसमें सबसे पहले जिले में स्थानांतरण होने के बाद प्रभार आदान–प्रदान की समीक्षा की गई। तत्पश्चात सभी प्रधान सहायकों से उनके कार्यों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । सभी प्रधान सहायकों को कार्य सूची बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री का जनता दरबार के लंबित मामलो, कोर्ट से संबंधित मामलों, सीएम डैशबोर्ड से

संबंधित मामले एवं अन्य सभी मामलों का निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया गया। सभी संचिकाओ का संधारण ठीक से करना सुनिश्चित करें। कार्यालय प्रधान भंडारण पंजी प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही कार्यो का सत्यापन करेंगे। सभी नये ऊर्जा के साथ कार्य करें । सभी पत्रों का समय पर निष्पादन करें। कार्यालय की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान रखें कार्यालय में आने वाले आगंतुकों से व्यवहार पूर्ण बात करें।उनके कार्यों का निष्पादन करें साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय में मेय आई हेल्प यू काउंटर बनाने का निर्देश दिया गया जहां पर संबंधित विभागों एवं शाखाओं की जानकारी मिल सके एवं समाहरणालय में आने वाले सभी आम जनों की सहायता हो सके। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता विभागीय जांच, कृष्ण प्रसाद गुप्ता, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास, जिला परिवहन पदाधिकारी–सह–वरीय पदाधिकारी स्थापना रवींद्र नाथ गुप्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी विजय कुमार पांडे, उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अवधेश प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, वरीय उप समाहर्ता इति चतुर्वेदी, शशि भूषण कुमार के साथ सभी कार्यालय के प्रधान सहायक उपस्थित थे।

बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत एल.पी.एम खानापूर्ति पर्चा वितरण शिविर का विधिवत उद्घाटन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री भा०प्र०से०, जिला पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा

बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत एल. पी. एम. ६ खानापूर्ति पर्चा वितरण शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन डेरामारी में किया गया है। विशेष सर्वेक्षण के तहत तैयार डिजीटल नक्शा एवं खतियान की प्रति धनपुरा – 5 क्षेत्र के रैयतों के बीच वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा शिविर में उपस्थित रैयतों से सहयोग करने की अपील की गई। उनसे डिजीटल नक्शा एवं खतियान का मिलान अपने दस्तावेजों से करते हुए सर्वेक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु अपील की गई। विशेष सर्वेक्षण शिविर में अपर समाहर्ता किशनगंज, भूमि सुधार उप समाहर्ता किशनगंज अंचलाधिकारी कोचाधामन, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो एवं रैयत लोग उपस्थित थे।

सिंगल नोडल अकाउंट सिस्टम से मिलेगी टीबी मरीजों को निक्षय पोषण की राशि

वैशाली। टीबी विभाग में खर्च करने के लिए बने अलग अलग मद को समाप्त किया जा रहा है। इसकी जगह पर अब सिंगल नोडल अकाउंट सिस्टम काम करेगा। इस अकाउंट सिस्टम के तहत अब टीबी विभाग के विभिन्न मदों की राशि एक ही खाते में रहेगी। जिससे खर्च की गयी राशि में पारदर्शिता आएगी, वहीं निक्षय पोषण योजना के तहत दी जाने वाली पांच सौ की राशि भी सिंगल नोडल अकाउंट सिस्टम से ही वितरित की जाएगी। इसके पहले निक्षय पोषण की राशि डीबीटी के मद से जाती थी। वहीं एक पीओएल फंड भी रहता था। यह बातें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ श्याम नंदन प्रसाद ने एक बैठक में शनिवार को कही। डॉ प्रसाद ने बताया कि जल्द ही टीबी मरीजों के बकाया निक्षय पोषण योजना की राशि भी उनके खाते में आ जाएगी। सिंगल नोडल सिस्टम को चालू करने के कारण ही टीबी मरीजों के निक्षय पोषण योजना की राशि वितरण में थोड़ी देर हुई है। टीबी के मरीजों और उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के लिए विभाग हमेशा प्रतिबद्ध है।सीडीओ डॉ श्यामनंदन प्रसाद ने कहा कि टीबी के नोटिफिकेशन को बढ़ाने और टीबी मुक्त पंचायत के लिए हमने एक नया प्रयोग सहदेई बुजुर्ग के मुरव्व्तपुर से किया था। इसमें स्वास्थ्य परामर्शी, आशा और कॉम्युनिटी वोलिंटियर के साथ 14 वार्डों में टीबी के सक्रिय मरीजों की खोज की जिसमें आठ मरीज पॉजिटिव पाए गए। इस पंचायत में सफलता के बाद इस प्रयोग को पूरे सहदेई ब्लॉक के हर पंचायत में लागू की जाएगी। जिसमें टीबी के सक्रिय मरीजों की खोज की जाएगी। इसके लिए आशा, स्वास्थ्य परामर्शी, कम्युनिटी वालंटियर के साथ विभाग पूरी तरह से तत्पर रहेगी। अगले ही सप्ताह इसकी शुरुआत की जाएगी। डॉ प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष जिले में कुल 2 हजार 715 टीबी के नोटिफिकेशन (जून तक) प्राप्त हुए है। जिसमें प्राइवेट और पब्लिक दोनों शामिल हैं। इसके अलावा मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट के कुल 285 मरीज उपचाराधीन हैं।

आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा में होगा गुणात्मक सुधार : जिलाधिकारी

☒ जिलाधिकारी ने 102 एंबुलेंस सेवा के तहत एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बेतिया। जिलाधिकारी, कुंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से 08 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस, 08 बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस तथा 01 मॉच्युरी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने एंबुलेंस में मौजूद एक्सपर्ट से एंबुलेंस के अंदर की व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने फ्लैगऑफ कर जिसे जिले को उपलब्ध कराया था,उसे अब आवश्यक तानुसार विभिन्न प्रखंडों में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एक तरह से मोबाईल आइसीयू की तरह है जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचाएगा तथा उन्हें उच्चतर इलाज की सुविधा वाले अस्पतालों में ले जायेगा। उन्होंने कहा कि इस एंबुलेंस में ऑक्सीजन सुविधा के साथ साथ वेंटिलेटर, डिफिब्रीलेटर सह–कॉर्डियक मॉनिटर, सेन्ट्रल वेन कैथेटर्स आदि की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इन एंबुलेंसों के परिचालन से आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा में

गुणात्मक सुधार आयेगा तथा आमलोगों को इसका काफी लाभ प्राप्त होगा। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मरीजों को समय सीमा के अंदर आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा उपलब्ध होने से काफी सहूलियत होगी। इस पहल से मरीजों को उच्चतर इलाज की सुविधा वाले अस्पतालों में ले जाने में काफी सुविधा होगी। गामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं, बीमार शिशुओं, गंभीर रूप से बीमार मरीजों एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को इससे तत्काल स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, सिविल सर्जन, विरेन्द्र चौधरी, एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल के 196 एवं शिवहर जिला पुलिस बल के 107 कुल 303 प्रशिक्षु सिपाहियों का पारण परेड समारोह सीतामढ़ी पुलिस लाइन में मनाया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल के 196 एवं शिवहर जिला पुलिस बल के 107 कुल 303 प्रशिक्षु सिपाहियों का पारण परेड समारोह सीतामढ़ी पुलिस लाइन में मनाया गया। 12 प्लाटून कमांडर ने 12 टीम का नेतृत्व किया। जिसमें मुख्य अतिथि तिरहुत प्रमंडल (प्रक्षेत्र) के पुलिस महा निरीक्षक पंकज कुमार सिन्हा, जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी हर किशोर राय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी द्वारा पुलिस महा निरीक्षक एवं जिला पदाधिकारी का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर किया गया। प्रशिक्षु सिपाही के द्वारा जेनरल सेल्यूट दिया गया। बैंड पर राष्ट्रगान बजाकर मार्च पास्ट के धुन का आगाज किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत पासिंग आउट परेड की कार्यवाही की गई। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक तिरहुत प्रमंडल (प्रक्षेत्र) पंकज कुमार सिन्हा द्वारा प्रशिक्षु सिपाहियों का शपथ ग्रहण कराया गया। उन्होंने सभी प्रशिक्षित सिपाहियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह क्षण गर्व और संतोष का है, पुलिस विभाग में इन प्रशिक्षित सिपाहियों का स्वागत है देश व समाज के निर्माण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पुलिस की वर्दी पहनना गौरव की बात है। नए सिपाहियों के मिलने से पुलिस विभाग को मजबूती मिलेगी। एक पुलिस के रूप में आदर्श स्थापित करते हुए अनुशासित रहकर निर्दोष लोगों के साथ मानवता पूर्ण व्यवहार करने का पाठ पढ़ाया। यह प्रशिक्षण 9.8.2021 से प्रारंभ होकर 3.7.2022 तक कुल 229 दिनों तक चला करीब 10 से 11 माह तक चलने वाले इस कठिन प्रशिक्षण के दौरान आपके द्वारा कठिन परिश्रम का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। जो व्यवहार आप अपनों से करते हैं वही व्यवहार जनता के साथ करें। शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान धैर्य पूर्वक करें। आपका काम और व्यवहार ही पुलिस की छवि बनाती है। वहीं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने अपने संबोधन में कहा कि नए समाज के निर्माण में आप की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। समय का पालन करते हुए अपने वर्दी की स्वच्छता एवं अपने फिटनेस पर ध्यान दें। तभी एक सफल पुलिस के रूप में अपनी पहचान स्थापित करते हुए जीवन में परस्पर आगे बढ़ सकते हैं। आपको आने वाले समय की हार्दिक बधाई। डिसिप्लिन मेंटेन रखें व्यक्तिगत व्यवहार को संयम रखें जिससे समाज में आप की छवि अच्छी बनी रहे । कार्यक्रम के अंत में परेड कमांडर अश्वनी कुमार मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल, द्वितीय कमांडर अश्वनी कुमार शिवहर जिला पुलिस बल, निशान पार्टी कमांडर शहजाद अंसारी मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल, बैंड दल कमांडर हवलदार मोहम्मद निजामुद्दीन अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक शोभानंद यादव, सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार, संजय कुमार,शकील अहमद, वृंदावन यादव, हवलदार पवन कुमार झा को पारितोषिक स्मृति चिन्ह, वही प्लाटून कमांडर सुधांशु कुमार, अमित कुमार, प्रिंस कुमार, दिवेश कुमार द्विवेदी, नागेंद्र राम एवं सोनू कुमार,मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल तथा मुरारी कुमार, नीतीश कुमार, पीयूष कुमार, अर्जुन कुमार मिश्रा, सुमन कुमार बैगवे एवं राहुल कुमार शिवहर जिला पुलिस बल को मेडल देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस महा निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक द्वारा सत्यमेव जयते का प्रतीक चिन्ह एवं जिला पदाधिकारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही उत्कृष्ट कार्य हेतु डीएसपी मुख्यालय–1 राम कृष्णा, डीएसपी मुख्यालय–2 राकेश रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुपरी विनोद कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर सुबोध कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सोनल कुमारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

चाइल्ड कॉन्सर्न का आयोजन संयुक्तरूप से बिहार अवार्ड सेरेमनी 2021 के लिए किया जा रहा है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, स्पेशल ओलंपिक भारत–बिहार, बिहार डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एकेडमी, बिहार डेफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन, बिहार ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ सेरेब्रल पाल्सी, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ ऑटिज्म, बिहार एसोसिएशन ऑफ पीडब्ल्यूडी, पाटलिपुत्र पेरेंट्स एसोसिएशन फॉर पीडब्ल्यूआईडीडी, समरपन, एक्शन फॉर ऑल एंड चाइल्ड कॉन्सर्न का आयोजन संयुक्त रूप से षबिहार अवार्ड सेरेमनी 2021 के लिए किया रहा है, जिन्होंने भारत में खेल और अन्य सामाजिक कार्यों, उनकी प्रतिबद्धता और ऊर्जा, अथक प्रयासों, पेशेवर नेटवर्किंग और खेल में नेतृत्व के माध्यम से ऐसा बदलाव किया है। विकलांग क्षेत्र और विशेषज्ञता और समृद्ध अनुभव उन्हें पुरस्कार के लिए पिछले 20 वर्षों से, हर साल 28 अगस्त को सम्मानित करती आ रही है। इन चरणों का पालन करके बिहार पुरस्कार समारोह के लिए खुद को नामांकित करें। आपको ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा कृपया गॉगल फॉर्म लिंक पर जाएं और खुद को नामांकित करें या लिंक को कॉपी करें और आगे बढ़ने के लिए इसे अपने ब्राउजर में पेस्ट करें। बिहार पुरस्कार समारोह नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके खुद को नामांकित करें https://forms-gle/ti7Q5ANDm43hUQJv9 नामांकन का अंतिम दिन है 10 अगस्त 2022

1. लिंक पर जाएं और अपना व्यक्तिगत और उपलब्धि विवरण भरें
2. इस फॉर्म को भरने के लिए आपको अपनी गूगल आईडी से लॉग इन करना होगा
3. पीडीएफ फाइल फॉर्मेट में अपनी उपलब्धि का विवरण संलग्न करें
4. जेपीईजी प्रारूप में आपकी स्कैन तस्वीर
5. जेपीईजी प्रारूप में आपका स्कैन हस्ताक्षर फोटो।

गायघाट से ट्यूशन जा रहे छात्रा का हुआ अपहरण दर्ज हुई प्राथमिकी, पुलिस कर रही अनुसंधान, पिता हो रहे हैं परेशान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाय घाट निवासी उमेश सिंह की पुत्री काल्पनिक नाम चंदा कुमारी उम्र करीब 16 बरस बीते रविवार 10 जुलाई 2022 को 8:30 बजे सुबह के आस पास अपने घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली। पुलिस प्राथमिकी में आवेदक उमेश कुमार सिंह ने बताया है कि जिस वक्त इनकी लड़की चंदा कुमारी अपने घर से ट्यूशन के लिए निकली निकली उसी समय में कृष्णा कुमार पिता विश्वनाथ राम नीतीश कुमार पिता मनोज राम ग्राम पोस्ट डालें वार्ड 3 थाना हरसिद्धि जिला पूर्वी चंपारण निवासी ने मिलकर मेरी लड़की को अपहरण कर लिया है। उमेश कुमार सिंह ने अपने आवेदन में बताया है कि हम सभी परिवार को डर है कि मेरी लड़की को वह लोग कहीं जान से ना मार दें। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि इस घटना के बारे में लोगों से पूछने पर बताएंगे। उमेश कुमार सिंह के द्वारा दिए गए आवेदन पत्र को हरसिद्धि थाना ने कांड संख्या 325ध 2022 प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान कार्य प्रारंभ कर दिया है। चंदा के पिता और में सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पाकर हमने थाना पड़ गया 10 तारीख को यह 11 तारीख को भी गया किंतु थानाध्यक्ष महोदय के नहीं रहने के कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी। फिर हम 12 जुलाई को गए थानाध्यक्ष महोदय मौजूद थे, उन्होंने मेरी याद भी थी सुनी और प्राथमिकी दर्ज क्या है बृहस्पतिवार को जांच करने गांव में भी आए थे। पुलिस की खबर सुनकर अभियुक्त के पिता घर से फरार हो गए। इस कांड में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उमेश कुमार सिंह ने शंका जताया कि कहीं ऐसा ना हो

कि अभियुक्त गण मेरी लड़की को जान से मार दे। हम तो न्याय के लिए कानून के शरण में गए हुए हैं। अब कानून हमारी बच्ची की जान को बचाए, और मेरी बच्ची की जान को बचा कर ,बच्ची को मुझे प्राप्त कराएं।

संक्षिप्त समाचार

मोतिहारी से जुड़ा आतंकी गतिविधियों का तार आतंकी संगठन पीआईएल के ट्रेनिंग कैम्प का खुलासा पटना में खुलासा होने के बाद पुलिस चौकना

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पूर्वी चम्पारण। आतंकी गतिविधियों का खुलासा होने के बाद सका तार पूर्वी चंपारण तक पहुंचा। पूर्वी चंपारण के चकिया में चलता ट्रेंनिग कैम्प चलता है। भारत को 2047 तक इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिये पटना के फुलवारी शरीफ में आतंकी गतिविधियों का खुलासा होने के बाद तार पूर्वी चंपारण तक पहुंचा है। चकिया नगर पंचायत के कुआंवा गांव में आतंकी संगठन पीआईएल के ट्रेंनिग

कैम्प होने का खुलासा हुआ है। आतंकी संगठन के चौथे नंबर का सरगना रियाज मारूफ उर्फ बबलू कुआंवा गांव का निवासी है। जिसका पूरा परिवार यही रहता है। कुआंवा गांव में रियाज मारूफ आता और यहां मीटिंग किया करता था। साथ ही अपने संगठन को बढ़ाने और मजबूत करने के लिये युवाओ को जोड़ने का भी काम किया करता था। पूरे मामले पर ग्रामीण खुलकर कुछ भी बोलने से इनकार करते है। दबी जुबान से ग्रामीण बताते है कि बीती रात पुलिस की स्पेशल टीम ने गांव में दस्तक दिया था। लेकिन जब हमने रियाज की माँ से रियाज की गतिविधियों की जानकारी लेना चाहा तो कुछ भी बोलने से इंकार करते हुए घर मे चली गयी। वही गांव के सरपंच पुलिस और अधिकारियों से ही बात करने की बात करते हुए कुछ भी बोलने से इनकार करते है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ज्ञान प्रश्न मंच का हुआ आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मोतिहारी। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय मोतिहारी द्वारा D-AV विधालय मोतिहारी में ज्ञान प्रश्न मंच का आयोजन किया गया स लगभग 900 प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने भाग लि या सइस अवसर पर छा त्र छात्राओं के बीच बच त खाते के फायदे की जानकारीबसतपुर शाख ा प्रबंधक महोदय ने बत ाया.सेंट्रल बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री अनिल

कुमार नए बताया कि प्रतियोगता में प्रथम , द्वितिय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को 15 अगस्त 2022स्वतंत्र ता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिये जायेंगे । विधालय के प्राधानाचार्य श्री कौशिक विश्वास, उप प्रधानाचार्य एवम श्री रंजन कुमार मिश्रा ने इस आयोजन के लिये सेंट्रल बैंक ओफ इंडिया का धन्यवाद किया स इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी मौजुद रहें स उक्त आशय की जानकारी मुख्य प्रबंधक अनिल अग्निहोत्री ने दी।

पंचायत वार्ड सदस्य संघ 9 सुत्री मांगो को लेकर पिपराही प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स)

शिवहर। पिपराही प्रखंड मुख्यालय पर पंचायत वार्ड संघ बिहार प्रदेश के आह्वान पर आज पिपराही प्रखंड मुख्यालय पर 9 सूत्री मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति का खाता जल्द खुलवाने ,सभी

नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को उनके अधिकार क्षेत्र का पूर्ण प्रभार देने, बिहार में आए दिनों नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य पर जानलेवा हमला एवं उनके साथ दुर्व्यवहार चिंता का विषय बना हुआ है सरकार इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। सांसद ,विधायक, एमएलसी कि जिस तरह वेतन पेंशन, मूलभूत सुविधा सभी योजना में भागीदारी मिलती है उसी तरह वार्ड सदस्यों को वेतन सुविधा , मूलभूत सुविधा चाहिए जिस मांग की जा रही है।

अपराधी बेलगाम हो चुका है : तेजस्वी यादव

- तेजस्वी यादव ने पार्टी कोष से पीड़ित परिजनों को आर्थिक लाभ देते हुए न्याय का भरोसा दिलाया

गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवहर। प्रतिपक्ष नेता व पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव अपने दल बल के साथ आज शिवहर थाना क्षेत्र के रेजमा गांव पहुंचकर मृतक रामलाल पासवान एवं उसके सहोदर भाई केश्वर पासवान के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। मौके पर विधायक चेतन आनंद, एमएलसी मोहम्मद फारुख शेख, विधायक संजय कुमार गुप्ता, पूर्व शिवहर लोकसभा प्रत्याशी मोहम्मद सैयद फैसल अली, सीतामढ़ी के पूर्व सांसद अर्जुन राय, कांटी विधायक, सहित शिवहर, सीतामढ़ी, मोतिहारी ,मुजफ्फरपुर के राजद के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। मृतक रामलाल पासवान एवं केश्वर पासवान के परिजनों ने तेजस्वी यादव को देखकर भावुक हो गए तथा न्याय दिलाने की मांग की। इस बाबत नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शिवहर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद से जानकारी प्राप्त कर बताया है कि शिवहर पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर दिन रात छापेमारी कर रही है, एक को गिरफ्तार किया गया है तथा एक ने कोर्ट में आत्मसमर्पण भी किया है। तेजस्वी यादव ने बताया है कि अपराधी बेलगाम हो चुका है, डुमरी कटसरी प्रखंड क्षेत्र के रामवन रोहुआ के पूर्व मुखिया सुबोध राय को भी गोली मारकर हत्या कर दी गई उनसे भी मिलने जा रहे हैं।बिहार में हत्याएं, लूट का सिलसिला बढ़ गया है। जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से इस मामले को लेकर विशेष पहल करने के लिए कहा जाएगा। पीड़ित परिजनों को न्याय हर हालत में मिलनी ही चाहिए इसके लिए पार्टी हर स्तर पर पीड़ित परिजनों को सहयोग करेगी। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक अहमद खां, जिला परिषद सदस्य निभा पांडे के प्रतिनिधि व पति पूर्व मुखिया बेलवा राज किशोर पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता राधा कांत गुप्ता और को बच्चू जी, मुकेश कुमार सिंह, नयागांव पश्चिमी मुखिया पति मुन्ना भाई, राजद नगर अध्यक्ष मोहम्मद अशरफ अली, सहित अन्य के साथ–साथ हजारों आम जनता मौजूद थे।

कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए उन्नत तकनीक की जरूरतः गोयल

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ फसल और मृदा क्षेत्र में नवोन्मेष को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया है।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कपड़ा सलाहकार समूह के साथ किया।

मंत्री ने जिंस बाजार एमसीएक्स पर डिलिवरी आधारित अनुबंध और 'ओपेन पोजिशन' सीमा के लिए अपने मंत्रालय, कपड़ा आयुक्त, सीसीआई और टीएजी को एमसीएक्स और सेबी के साथ विमर्श करने और अनुबंध के मोर्चे पर संरचनात्मक

बृहस्पतिवार को मुंबई में एक बैठक के दौरान कहा कि कपास की उत्पादकता में सुधार के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की आपूर्ति जरूरी है।

उन्होंने सरकार, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग सहित सभी संबंधित पक्षों से कपास की उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान देने का भी आह्वान

समाधान खोजने का निर्देश भी दिया।

उद्योग के सुझावों पर गोयल ने कपड़ा आयुक्त को निर्देश दिया कि मूल्य श्रृंखला में आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए सांख्यिकी संग्रह अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दंडात्मक प्रावधानों को लागू किया जाए।

अंतर्जनपदीय शातिर महिला चोर गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स

• यात्रियों को मजबूरी बताकर करती थी हाथ साफ, चोरी के दो एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद

• मोबाइल की कीमत लगभग 27 हजार रुपए बताई जाती है

दिबियापुर,औरैया। ट्रेन में यात्रा के दौरान या प्लेटफार्म पर यात्रियों को मजबूरी बताकर उन्हें अपनी बातों में लेकर नकदी व लगेज समेत मोबाइल फोन चोरी करने वाली महिला को जीआरपी पुलिस ने पकड़ा। जामा तलाशी में दो एंड्राइड फोन व पर्स बरामद किया गया है। इटावा जनपद में दो आपराधिक मामले दर्ज होना बताया गया। शनिवार को फफूँद रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर से कानपुर देहात जनपद के मंगलपुर कोतवाली के जैतापुर गांव निवासी श्यामा देवी पत्नी मुकेश कुमार नायक को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में चौकी इंचार्ज जय किशोर गौतम ने बताया गिरफ्तार की गई महिला के पास से चोरी किया गया माल मिला है। इसकी कीमत तकरीबन 27 हजार रुपये आंकी गई है। पूछताछ करने पर अभियुक्ता श्यामा देवी ने बताया कि साहब मैं आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए ट्रेनों एवं प्लेटफार्म पर घूम फिर कर चोरी की घटनाऐं कारित करती हूँ।

मै रेलवे स्टेशन पर ट्रेन मे चढकर कीमती सामान की चोरी कर झुग्गी झोपडी एवं अपने घरों आदि स्थानों पर छिपकर चोरी किए गये सामान को राहगीरों को मजबूरी बताकर बेच देती हूँ, और जो पैसा मिलता है उसी से अपने परिवार का पालन पोषण करती हूँ। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. जय किशोर गौतम प्रभारी, चौकी जीआरपी फफूँद थाना जीआरपी इटावा, उ0नि0 रामबाबू सिहं प्रभारी चौकी जीआरपी भर्थना, मुकेश कुमार थाना जीआरपी इटावा ,म0आ0 कल्पना बघेल है।

आयोग से आये बृजेन्द्र ने संभाला प्रधानाचार्य का चार्ज

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। असेनी स्थित जनता इंटर कालेज में आयोग द्वारा

चयनित प्रधानाचार्य बृजेन्द्र कुमार दुबे ने प्रधानाचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वह विद्यालय के शैक्षिक माहौल को विधार्थियों के अनुकूल बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि साथ आधुनिक शिक्षा पद्धति पर जोर दिया जायेगा।

कालेज में हर हालत में अनुशासन को कायम रखा जायेगा। किसी को बिना ड्रेस के विद्यालय में आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस मौके पर प्रबंधक डॉ महेंद्र कुमार तिवारी, रामधन गौतम व समस्त स्टॉप ने स्वागत किया।

घर से बाहर कूड़ा फेकने गया बच्चा अचानक से हुआ गायब

कानपुर। काफी देर तक कूड़ा फेंककर वापस न आने पर मां ने बेटे के पिता राम बहादुर यादव उर्फ फौजी मामा को बताई बात। पत्नी की बात सुनकर पिता रामबहादुर ने मौके पर जा कर देखा बच्चे को। जहां पिता को बच्चा नही मिला जिसपर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना पाकर पुलिस जांच में जुटी आस–पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले।कानपुर के बर्रा थाना क्षेत्र के बर्रा वर्ल्ड बैंक आई ब्लॉक का रहने वाला है बच्चा जिसका नाम अतुल यादव उम्र 10 वर्ष है।

जिस किसी को भी इस बच्चे के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो इस मो०नंबर पर कॉल कर बच्चे के पिता को सूचित करें–9621487079

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,बल्देव खण्ड 'गुरु पूर्णिमा उत्सव'

मथुरा। हथकोली मण्डल के ग्राम पंचायत आंगई में हनुमान शाखा पर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में संख्या 100 रही कार्यक्रम के प्रमुख श्री वीरेंद्र सिंह जी रहे मुख्य अतिथि श्रीमान पवन बिहारी जी व्यास वक्ता खण्ड प्रचारक दाऊदयाल जी रहे।

देरी गर्भस्थ शिशु और मां के स्वास्थ्य पर डाल सकती है बुरा असर- जिला क्षय रोग अधिकारी

• अगर गर्भवती में प्रतीत हों टीबी के लक्षण तो देर न करें, फौरन इलाज शुरू करें

• जनवरी 2022 से अब तक जिले में लगभग 421 महिलाएं टीबी से ग्रसित

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स

औरैया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अब गर्भवती के टीबी प्रबन्धन की पूरी तैयारी है। इसके तहत गर्भवती के प्रसव पूर्व जाँच में दो सप्ताह से खांसी व बुखार रहना, लगातार वजन कम होना और रात में पसीना आना जैसे लक्षण नजर आते हैं तो उनकी टीबी की जाँच करायी जाएगी। क्षयरोग विभाग से प्राप्त आकड़ों के अनुसार जनपद में जनवरी 2022 से अब तक 1118 टीबी रोगी मिले है स इनमें से लगभग 421 महिलाएं टीबी रोग से ग्रसित हैं जिनका इलाज किया जा रहा है स

नेशनल लेवल वर्चुअल प्रशिक्षण में यह बात निकलकर आई है कि उत्तर प्रदेश में हर साल करीब 8000 गर्भवती में टीबी के लक्षण पाए जाते



हैं। इन गर्भवती की समय से टीबी की जाँच और इलाज से गर्भवती के साथ ही गर्भस्थ शिशु को भी सुरक्षित बनाया जा सकेगा। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी लायी जा सकेगी ।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश भी जारी किये हैं।

इसी क्रम में सूबे के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य उप केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती की सिम्टोमेटिक स्क्रीनिंग करायी जाए। सिम्टोमेटिक स्क्रीनिंग में जिन गर्भवती में टीबी के लक्षण नजर आयें उनको टीबी जांच केन्द्रों पर अवश्य रेफर किया जाए। जाँच में जिन गर्भवती में टीबी की पुष्टि होती है उनका समय से उपचार शुरू किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अशोक कुमार राय ने बताया कि अगर गर्भवती महिला में टीबी के लक्षण दिखाई देते हैं तो इलाज में देरी नहीं करनी चाहिए यह देरी गर्भस्थ शिशु और मां के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती है। इस लिए टीबी के लक्षण दिखाई देने पर फौरन ईलाज शुरू कर दें स टीबी का इलाज सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध है सनिर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर किये जाने वाले प्रबन्धन के बारे में कहा गया है कि इसके लिए जनपद के अधिकारियों और कर्मचारियों का क्षमता वर्धन किया जाए और मातृत्व शिशु सुरक्षा कार्ड (एमसीपी कार्ड) पर स्क्रीनिंग लक्षणों को दर्ज किया जाए । इस सारी प्रक्रिया की समीक्षा और अनुश्रवण के लिए जरूरी सूचकांक (इंडेक्स) एचएमआईएस पोर्टल और निक्षय पोर्टल के आंकड़ों के आधार पर तय किये गये हैं।100 शैय्या जिला संयुक्त चिकित्सालय की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. अस्मिता का कहना है कि गर्भवती की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, ऐसे में उनके संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने की गुंजाइश ज्यादा होती है। उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) वाली महिलाओं को तो खासतौर पर टीबी के संक्रमण से सुरक्षित बनाने की जरूरत है।

उत्कृष्ट कार्यो के लिए जायंट्स ग्रुप से जुड़े पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स

• रितु चन्देरिया सहित 4 पदाधिकारियों को अवार्ड फॉर एक्सीलेंस से नवाजा गया

• जायंट्स के इतिहास में रितु ने रचा इतिहास ,कम दिनों में दिखाया काम कर व एक नए ग्रुप की स्थापना भी की

दिबियापुर,औरैया। बरेली में आयोजित जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 की दूसरी काउंसिल मीट जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन की विश्व अध्यक्षा सायना ऐन सी जी, मानसिक दिव्यागो के लिए कम्प्यूटर उपकरण वनाने वाली विश्व की प्रतिष्ठित कम्पनी न्यूरोलीप के सीईओ एवं आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के विजनैस ऐम्बैसडर–कुमार बगरोडिया, वर्ल्ड चेयरमैन सायना ऐन सी जी के बेटे आयान मुनौट ,प्रर्यावरण संरक्षण पर किश द ग्राउण्ड डाक्यूमेंटरी बना रही न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी की रिसर्च स्कालर मिस ग्रेस मूरे, जायण्ट्स के विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, सेन्ट्रल कमेटी सदस्य मुकेश अग्रवाल एवं बृजमोहन शर्मा, स्पेशल कमेटी सदस्य डॉ शिवराज सिंह यादव, डॉ सुधा चौधरी, राजेश बजाज की उपस्थित एवं फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश से आए हुए वरिष्ठ जायण्ट्स पदाधिकारियों की मौजूदगी में बरेली के संयोजकत्व में बरेली क्लब बरेली में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए संकल्प किया गया। उत्कृष्ट सेवाओं के साथ साथ संगठन के विस्तार में श्रेष्ठ योगदान करने वाले काउन्सिल पदाधिकारियों को एवार्ड फार एक्सिलेंस से विभूषित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रही ऊषा यादव ने जायण्ट्स परिवार द्वारा चलाए गए व चलाए जा रहे समाज के हित के कार्यों को विस्तार से बताया जिसमे कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार, प्रसूता परिचर्या, दिव्याग जन सेवा, प्रर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, चिकित्सा शिविर आयोजन, नेत्र शिविर आयोजन आदि है। वहीं समस्त कार्यक्रम अनवरत रूप से संचालित करने में योगदान हेतु सन्कल्प किया। जायंट्स ग्रुप की कुल सदस्य संख्या 771 से 1436 हो गई हैं जोकि लगभग दो गुना है। विश्व उपाध्यक्ष एस पी चतुर्वेदी, कुमार बगरोडिया, मिस ग्रेस मूरे, मुकेश अग्रवाल, बृजमोहन शर्मा, डॉ शिवराज सिंह यादव, डॉ सुधा चौधरी, राजेश बजाज ,निवर्तमान अध्यक्ष कृष्ण औतार गुप्ता आदि ने यूनिट निदेशक, उपाध्यक्ष, कोआर्डिनेटर, एवं फेडरेशन आफिसर्स द्वारा प्रस्तुत आख्या की समीक्षा करते हुए उत्कृष्ट सेवा कार्य सम्पादन एवं जायण्ट्स विस्तार की सराहना की। औरैया जिले से जायण्ट्स ग्रुप आफ राइजिंग क्वीन्स दिवियापुर की अध्यक्षा रितु चन्देरिया (ऋतु वर्मा) को विशेष रूप से अपने समूह के शैशव काल में नवीन जायण्ट्स ग्रुप आफ साइनिंग स्टार दिबियापुर जनपद औरैया बनाने पर एवार्ड फार एक्सिलेंस से सम्मानित किया गया। इसके अलावा यूनिट निदेशक विपिन मित्ताल, कोआर्डिनेटर पूनम गुप्ता दिवियापुर, फेडरेशन ऑफीसर एच एन अग्रवाल औरैया को एवार्ड फार एक्सिलेंस– मुख्य अतिथि सायना ऐन सी जी ने विभूषित किया। वहीं जनपदवासियों ने औरैया जिले से उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किए गये पदाधिकारियों से मिलकर खुशी जाहिर की है। उधर सम्मानित किये पदाधिकारियों ने सभी लोगो का आभार जताया।

समाधान दिवस में आई 132 शिकायतें, मौके पर 12 शिकायतों का हुआ निस्तारण

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स

औरैया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किये जाने, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए उप जिलाधिकारी लवगीत कौर ने फरियादियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आश्वासन दिया। तहसील बिधूना के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान उप जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि इस दिवस पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें।शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे शिकायत निस्तारण की जानकारी कर गुणवत्ता परखे, शिकायत के निस्तारण के पश्चात लिखित पत्र शिकायतकर्ता को अवश्य भेजा जाए। आज आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील बिधूना क्षेत्रान्तर्गत दूर दराज ग्रामीण अंचलों से आये 132 फरियादियों ने अपने–अपने शिकायती पत्र प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को ससमय निस्तारण

के लिए उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 12 शिकायतों का निस्तारण किया गया।इस अवसर पर सीओ बिधूना, तहसीलदार , नायब तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार से औरैया एवं अजीतमल तहसील में भी समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना, तथा समय अंतर्गत निस्तारण करने के लिए संबंधों को दिशा–निर्देश दिए।

जनपद भदोही पुलिस की बड़ी कामयाबी क्राइम ब्रांच पर चोरी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

भदोही ।' पुलिस की बड़ी कामयाबी। क्राइम ब्रांच व चौरी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, थाना चौरी क्षेत्र अन्तर्गत स्वर्ण व्यवसायी के साथ ज्वेलरी लूट काण्ड में शामिल शातिर लूटेरा व लूट का माल खपाने वाला सर्राफा व्यवसायी चढ़े पुलिस के हत्थे, गैंग के सदस्य सर्राफा व्यवसायियों के दुकानध्घरों के पास रेकी कर बनाते है निशाना, गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से लूट का 41.3 ग्रा0 (पीली धातु) व 314 ग्राम (सफेद धातु) तथा लूट का 19500 रूपये नगद बरामद।

'घटनाक्रम–' जय कुमार वर्मा पुत्र गोरखनाथ उर्फ रघुनाथ वर्मा निवासी समालकोट थाना चौरी जनपद भदोही लिखित तहरीर दिया गया कि दिनांक–25.06.2022 को करीब 10.40 बजे घर से पल्हैया दुकान जा रहा था कि कोम गाँव में स्थित हनुमान मन्दिर के पास बने ब्रेकर पर पहुँचा तो 02 मोटर साइकिल से 04 नकाब पोश बदमाश असलहा दिखाकर मेरी मोटरसाइकिल का डिग्गी तोड़कर सोने दृचाँदी व रूपयों का बैग लूट कर रामरायपुर दृभदोही होते हुए भाग गये । उक्त के आधार पर थाना चौरी पर मु0अ0सं0–68ध्22 धारा–392 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गयी ।

डा0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा दिन दहाड़े हुए लूट की घटना का संज्ञान लेते हुए क्राइम ब्रांच व थाना चौरी को घटना के सफल अनावरण, अभियुक्तों की गिरफ्तार एवं बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था उक्त आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी औराई के पर्वेक्षण में गठित टीम द्वारा घटना का मास्टर माइण्ड एकराम पुत्र सलीम निवासी कूड़ी थाना बड़ागाँव ,वाराणसी ग्रामीण को धौरहरा पुलिस चौकी के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गठित टीम द्वारा अथक प्रयास ,कड़ी मेहनत,सुरागरसी दृपतारसी तथा इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन करते हुए घटना शामिल दूसरा शातिर लूटेरा शिव प्रकाश सेठ उर्फ छन्नू तथा लूट के

जेवरात खपाने में शामिल सन्तोष सेठ उर्फ सोनू को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। 'पूछताछ में खुले राज–'

गिरफ्तारशुदा शिव प्रकाश सेठ उर्फ छन्नू ने पूछताछ पर बताया कि साहब हमलोगों का एक संगठित गैंग है और हमलोगों का गैंग लीडर एकराम उर्फ नेता है जो कई लूट की घटना कारित किया है। हमारा गैंग सर्राफा व्यवसायी को लूटने का काम करता है । गैंग के सदस्य रमजान उर्फ लम्बू व चाचा उर्फ नौशाद सर्राफा व्यवसायियों के घरोंध दुकानों की रेकी कर काम निकालते है। दि0–25.6.2022 को मै, रमजान अली उर्फ लम्बू, मो0 एकराम उर्फ नेता, नौशाद उर्फ मन्नू उर्फ चाचा के साथ मिलकर चौरी क्षेत्र जनपद भदोही के जय कुमार सेठ को ग्राम कोम स्थित हनुमान मन्दिर के ब्रेकर के पास रोककर असलहा सटाकर मोटर साईकिल के डिग्गी मे रखे जेवरात व रूपये लूट लिये थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हमलोग लूट करने के बाद भदोही , नई बाजार ,जौनपुर होते हुए बड़ागाँव वाराणसी आ गये और बड़ागाँव बजार के पीछे बगीचे में पहुँच कर बैग को खोलकर देखा गया तो 57 हजार रूपया नगद तथा सोने –चाँदी के जेवरात था, जिसको मैने तौलने के इलेक्ट्रानिक मशीन मगाँकर तौल किया तो 180 ग्राम सोने की जेवरात तथा 340 ग्राम चाँदी के जेवरात थे जिसमे दो सिक्का चाँदी का भी था मुझे हिस्से मे 8 पीस कान की झाली, 02 पीस मंगल सूत्र लाकेट,01 पीस मनटीका, 01 पीस अंगूँठी लेडीज व 02 पीस चौन छोटा–बड़ा तथा 14 पीस मंगल सूत्र की गुरिया, 05 पीस टिकुली सोने की तथा 01 जोड़ी पाईजेब सफेद धातु व 02 सिक्का चाँदी का सफेद धातु का तथा 19500 रूपया मिला था।

साहब मेरे हिस्से मे मिले जेबरात को मैने अपने क्षेत्र मे सोनार के यहा बेचने के प्रयास किया तो क्षेत्रीय सोनारो ने लेने से मना कर दिया तब मैने सन्तोष सेठ उर्फ सोनू को बेचने के लिए बताया तो सन्तोष सेठ बेचने के लिए तैयार हो गया और कहा की मेरा ननिहाल ज्ञानपुर मे है और वहाँ के कई सोनार मेरे परचित है चलो ज्ञानपुर चल कर बेचवा देते है आज हम दोनो वही जेवरात बेचने के लिए ज्ञानपुर जा रहे थे कि पकड़ लिये गये।

'गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता–

1–शिव प्रकाश सेठ उर्फ छन्नू पुत्र रामचन्द्र सेठ निवासी मिराशाह पिण्डरा थाना फुलपुर जनपद वाराणसी ग्रामीण

2–संतोष सेठ उर्फ सोनू पुत्र रमेश सेठ निवासी ग्राम बसनी थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी ग्रामीण

'नोट–' गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। 'वांछित अभियुक्तगणों का नाम व पता–'

1–रमजान अली उर्फ लम्बू पुत्र मैनूद्दीन निवासी ग्राम कोटवा थाना लोहता जनपद वाराणसी

2–नौशाद उर्फ मन्नू उर्फ चाचा पुत्र मोबीन निवासी ग्राम मानीकला थाना खेतासराय जनपद जौनपुर

'गिरफ्तारी का स्थान–' मई हरदोपट्टी तिराहा थाना चौरी दिनांक–16.07.2022 समय–07.30 बजे सुबह

'यह हुई बरामदगी–'

1–02 अदद अंगुठी लेडीज,06 अदद अंगूठी जेन्स, 02 अदद चौन, 02 अदद लाकेट मंगल सूत्र का, 01 अदद नथिया, 8 अदद कान की झाली, 14 पीस मंगल सूत्र की गुरिया, 01 जोड़ा पाइजेब, 02 सिक्का चाँदी का, 05 अदद टिकुली, 01अदद मनटीका (सम्बन्धित मु0अ0सं0 68ध्2022 थाना चौरी)

2–01अदद तमंचा नजायज 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर

3–कुल बरामदगी –41.3 ग्रा0 (पीली धातू) व 314 ग्राम (सफेद धातू) तथा 19500 रूपया नगद

'टीम को 25 हजार रूपये मिलेगा इनाम–'

सर्राफा व्यवसायी लूट काण्ड का सफल अनवारण , गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

'गिरफ्तारी करने वाली टीम–'

1.विनोद दूबे प्रभारी स्वाट्ध्सर्विलांस टीम , गगन राज सिंह प्रभारी निरीक्षक भदोही ,का0 तुफैल अहमद, का0 नरेन्द्र सिंह,का0 अजय यादव,का0 राजेश सिंह ,का0 दीपक यादव, का0 मुन्नू सिंह , का0 सुनील कन्नौजिया, चालक सुभाष सिंह 2. अनिल कुमार थानाध्यक्ष चौरी, उ0नि0 प्रमोद सिंह यादव प्रभारी चौकी चौरी,उ0नि0 गिरजाशंकर यादव,हे0का0 अनिरूद्ध बैश्वार, हे0का0 गुफरान खाँ, का0 विद्यासागर खरवार, का0 धर्मदेव राम थाना चौरी जनपद भदोही

भदोही से मोहम्मद मासुम

संक्षिप्त समाचार

खाद्यान्न पर जीएसटी लगाए जाने के विरोध में गल्ला मंडी का कारोबार रहा बंद

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स।

• विगत दिवस व्यापार मंडल माननीय प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौप चुका हैं।

औरैया। आज शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश में गल्ला व्यापारियों ने 18 जुलाई से संपूर्ण उत्तर प्रदेश में खाद्यान्न पर जीएसटी लगाए जाने के विरोध अपना गल्ला व्यवसाय बंद रखने का आवाहन किया है। इसी आवाहन के तहत औरैया गल्ला मंडी समिति ने शनिवार 16 जुलाई 2022 को पूर्णतया सफल बंद रहीं। आपको बताते चलें कि विगत 14 जुलाई 2022 गुरुवार को उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) के पदाधिकारी माननीय प्रधानमंत्री व माननीया वित्तमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मनोज कुमार को सौप चुके हैं।

उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) के जिलाध्यक्ष राजेश उर्फ बबलू बाजपेई ने बताया कि विगत 14 जुलाई 2022 को वह जीएसटी के विरोध में मान्नीय प्रधानमंत्री एवं मान्नीया वित्तमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी औरैया को सौंप चुके हैं। जिसमें उन्होंने कहा है कि जीएसटी काउंसिल की 47 वीं बैठक में सभी प्रकार अनब्रांडेड प्रीपेएक्स प्रीलेवल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत का मंडी समिति में खड़े अनाजों पर फूड लाइसेंस की अनिवार्यता को वापस लिया जाए एवं वेयर हाउस में रखे जाने वाले कृषि उत्पाद एवं 1000 रुपए तक होटल के कमरों पर प्रस्तावित 12 प्रतिशत जीएसटी व अस्पतालों पर 5000 से अधिक के बेड पर लगाये गये 5 प्रतिशत अतिरिक्त कर को वापस लिया जाए। आज बंदी के इस मौके पर गल्ला मंडी अध्यक्ष शिवाकांत पाठक के साथ जिलाध्यक्ष राजेश बाजपेई (बबलू) , नगर अध्यक्ष अमर विश्नोई, युवा जिलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष भानु राजपूत, जमाली सिंह, समरान, नसीब, सफी अहमद, राम मिलन कटियार व छोटे गुप्ता सहित तमाम गल्ला व्यापारी व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे पहले सभी व्यापारियों ने एकत्रित होकर मंडी परिसर में नारेबाजी करते हुए भ्रमण किया उसके बाद गल्ला मंडी की सफल बंदी को सफल बनाने के लिए गल्ला व्यापारियों का जिलाध्यक्ष राजेश बाजपेई ने धन्यवाद दिया।

तीन बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल हुये

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स

• घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया

फफूंद,औरैया। थाना क्षेत्र के ग्राम टीकमपुर के पास तीन बाइकें आपस मे टकरा गई जिससे चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार की दोपहर को फफूंद अछल्दा मार्ग पर स्थित टीकमपुर गांव के पास तिराहे पर अछल्दा निवासी राजेश अपनी बाइक से फफूंद की ओर आ रहा था और सामने से अयाना निवासी धर्मेंद्र पुत्र महेश बाइक से अछल्दा की तरफ जा रहा था जैसे ही दोनों बाइकें मोड़ पर आयीं आमने सामने टकरा गई जिसमें बैठे तीनों लोग घायल हो गये तभी माखनपुर निवासी राजा राम अपनी पत्नी राधा श्री को लेकर फफूंद आ रहे थे वह भी देख नहीं पाए और उन दोनों बाइकों में पीछे से भिड़ गये जिससे वह भी गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राधेश्याम नामदेव का हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स

औरैया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राधेश्याम नामदेव का मंडी समिति के सामने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाऐं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राधेश्याम नामदेव ने कहा भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें , जिससे पुनः लोकसभा में विजई होकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जा सके। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं का किसी तरीके का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं। निष्ठावान कार्यकर्ताओं का हमेशा सम्मान बनाए रखा जाएगा।कार्यकर्ताओं को थानों में सम्मान दिया जाए। उनकी बात को शालीनता से सुना जाए। इससे उनका सम्मान बना रहेगा। पार्टी की छवि अच्छी रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राज्यमंत्री प्रतिनिधि शिवकुमार कुमार नामदेव, जिला कार्यालय प्रभारी मोहन सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी अनिल राजपूत, जिला महामंत्री शैलेंद्र पाल, शिव कुमार, विशाल कुशवाहा, अवधेश शर्मा, बृजेश कुमार, गुड्डू राजपूत, छोटू कुशवाहा व अनुज कुमार सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पति पत्नी को चार लोगों ने मारपीट कर किया घायल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक आयोध्या टाइम्स

• वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा।

फफूंद,औरैया। थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर जहूर अली में खेत की मेड काटने को लेकर चार लोगो ने पति पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर जहूर अली निवासी सरनाम सिह पुत्र स्व दिवोली ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की शाम हम अपने घर पर थे। तभी हम को सूचना मिली की हमारे खेतो की मेड हमारे गांव के राम बाबू पुत्र श्याम लाल, लेखपाल पुत्र श्याम लाल, गोविन्द पुत्र लेखपाल, कांति देवी पत्नी लेखपाल काट रहे हैं। में अपनी पत्नी सुमन के खेतों पर पहुचा और उक्त सभी लोगो को मेड काटने से रोका तो सभी लोग मेरी मारपीट करने लगे। मेरी पत्नी मुझे बचाने आई तो उक्त लोगो ने पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर शनिवार की सुबह पुलिस ने घायल पति पत्नी को डाक्टरी परीक्षण हेतु भेज दिया तथा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कानपुर देहात जनपद जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय द्वारा जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सिकंदरा में जन शिकायतें सुनते हुए, इस मौके पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारी गण आदि।

भाजपा के करीब आने को सुभासपा ने राष्ट्रपति चुनाव को बनाया हथियार

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़। सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व एक बार फिर प्रमुख राजनीतिक दलों के लिए पहेली बनते नजर आ रहे हैं। उन्होंने मुर्मू को समर्थन देकर एक तरीके से सपा गठबंधन से मुक्त होने का संकेत दे दिया है। राष्ट्रपति चुनाव के बहाने ही सही सपा से बनती दूरियों को जगजाहिर करना उनकी सोची समझी राजनीति मानी जा रही है। यह ऐसा दांव हैं जिससे उन्होंने खुद को प्रमुख दलों के लिए सामने मिशन–2024 के मद्देनजर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है।

ओमप्रकाश राजभर के इस कदम के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव परिणाम के तत्काल बाद से ही राजभर सपा नेतृत्व से दूर होने लगे थे। अव्वल तो सीटों के साथ ही टिकट बंटवारे को लेकर वह सपा नेतृत्व से संतुष्ट नहीं थे। चुनाव परिणामों के कुछ ही दिन बाद दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान के साथ उनकी मुलाकात हुई। जिसके बाद से उनके फिर से भाजपा के करीब आने की चर्चाएं होने चलने लगी। इसके बाद आजमगढ़ और रामपुर उपचुनाव में सपा की हार के बाद से अखिलेश यादव को एसी कमरे से बाहर निकलने का सुझाव मीडिया में देकर राजभर ने सपा से दूरियां और बढ़ाने का काम किया।

यह बयान सपा खेमें में तीर की तरह चला। जिसके बाद से सपा की तरफ से राजभर को यह संकेत दे दिए गए थे कि अब और साथ नहीं चलेगा....। इसके कई कारण थे। एक ओर भाजपा ने मिशन–2024 के लिए उन्हें अपने पाले में खींचने की कोशिशें शुरू कर दी थीं, वहीं अखिलेश यादव से उन्हें मनचाही तवज्जो नहीं मिल रही थीं। वहीं सुभासपा भी सपा के जरिये सत्ता तक पहुंचने का सपना ध्वस्त होने से अंदरखाने निराश थी।

राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के प्रत्याशी यशवंत सिन्हा की बैठक में राजभर को नहीं बुलाया जाना अखिलेश यादव की नाराजगी को जाहिर करने के लिए पर्याप्त है। दूसरे ही दिन एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू की बैठक में राजभर को न्यौता मिलना लोगों को यह बता गया कि वह भाजपा से दूर भी नहीं हैं। तमाम कुरेदने के बाद भी 2024 चुनाव में भाजपा के साथ जाने के सवाल को वह लगातार खारिज कर सपा से ही गठबंधन की बात करते रहे।

यह जरूर कहा कि अखिलेश यादव ही गठबंधन से बाहर कर देंगे तब और विकल्पों पर विचार करेंगे। इन विकल्पों में भी उन्होंने भाजपा का नाम सीधे नहीं लिया। पूछने पर मायावती का नाम लिया। कहा कि मायावती चार बार सीएम रहीं हैं उनके जैसा शासन किसी ने नहीं चलाया। उनके यह बयान भी एक सोची समझी रणनीति के तहत आते रहे। दरअसल, इन बयानों के जरिये वह अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा पर दवाब बनाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने एक बार भी भाजपा पर खुलकर हमला नहीं किया।

आजमगढ़ : चार ग्राम प्रधान व नौ क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम पंचायत सदस्यों के 168 पद के लिए होगा उपचुनाव

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़। निर्वाचन आयोग द्वारा ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत 20 जुलाई को नामांकन पत्र करने की अंतिम तिथि है। 21 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच और 22 जुलाई को नामांकन पत्र वापसी के साथ प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। चार अगस्त को सुबह सात सात बजे से छह बजे तक मतदान और पांच अगस्त को सुबह आठ बजे से मतगणना की जाएगी। इस उपचुनाव के लिए जनपद में अधिसूचना जारी हो गई है। जनपद में ग्राम प्रधानों के चार पद, क्षेत्र पंचायत सदस्यों के नौ पद और ग्राम पंचायत सदस्यों के 168 पद रिक्त चल रहे हैं। ग्राम प्रधान पद के लिए अहरौला विकास खंड के सतुवहिया ग्राम पंचायत, तरवां विकास खंड के डंडवल, फूलपुर विकास खंड के फूलपुर देहात और कतरानूरपुर के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए अहरौला विकास की कोतवालीपुर, जहानागंज की आजमबांध और करउत दो, तहरबपुर विकास खंड के बेगपुर खालसा, पल्हनी के मुंडा, फूलपुर नौहरा, महराजगंज के देवारा जदीद, लालगंज के उबारपुर लखमीपुर और सठियांव के बंहौर–तीन पर उपचुनाव कराए जाएंगे।वहीं अगर ग्राम पंचायत सदस्यों की बात करें तो सबसे अधिक सीटें पल्हनी विकास खंड में

पद रिक्त हैं। ग्राम पंचायत सदस्यों के अतरौलिया में एक, अहरौला में आठ, कोयलसा में नौ, जहानागंज में चार, ठेकमा में सात, तरवां में दो, तहबरपुर में चार, पल्हनी में 36, पवई में आठ, फूलपुर में 15, बिलरियागंज में सात, महराजगंज में सात, मार्टीनगंज में 32, मिर्जापुर में तीन, मुहम्मदपुर में चार, रानी की सराय में 14, सठियांव में चार और हरैया विकास खंड में ग्राम पंचायत सदस्यों के तीन पद रिक्त चल रहे हैं। इन पदों के लिए उपचुनाव कराए जाएंगे।

बीएसपी को लगातार 15वें साल किसी ने नहीं दिया 20 हजार से ज्यादा का चंदा, एडीआर की रिपोर्ट से खुलासा

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़। कोरोना काल के बाद भी बीजेपी समेत कई राजनीतिक दलों को भर–भरकर चंदा मिला है लेकिन कुछ पार्टियां ऐसी हैं जिनका सूखा बरकार है। एडीआर ने राजनीतिक चंदे की रिपोर्ट जारी की है जिसके मुताबिक बहुजन समाज पार्टी को किसी ने 20 हजार रुपये से ज्यादा चंदा नहीं दिया है।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 15 सालों से लगातार बहुजन समाज पार्टी को किसी ने 20 हजार से ज्यादा चंदा नहीं दिया है।

हालांकि बीजेपी समेत कई पार्टियों को कई गुना चंदा मिला है।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020–21 में राष्ट्रीय पार्टियों को 3753 लोगों ने 20 हजार या उससे अधिक पैसा चंदे के तौर पर दिया है।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना काल के बावजूद राजीनिक दलों को 20 हजार या उससे अधिक के रूप में 593 करोड़ रुपये मिले हैं। बीजेपी को बीस हजार या उससे ज्यादा मिलने वाली रकम बाकी पार्टियों को मिली रकम से कम से कम चार गुना ज्यादा है। बसपा ने 9 सितंबर को निर्वाचन आयोग में पार्टी की आय और व्यय का ब्यौरा दिया था जिसके मुताबिक बसपा को लगातार पंद्रहवें साल किसी ने 20 हजार या उससे ज्यादा का चंदा नहीं दिया।

नेशनल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (।क्) की रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी को 20 हजार या उससे ज्यादा के रूप में 2206 लोगों ने कुल 545.545 करोड़ रुपये चंदे के तौर पर मिले हैं।

सपा-सुभासपा का झगड़ा उलझा, अब गाड़ी को लेकर विवाद में उतरे ओपी राजभर और अखिलेश यादव

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओम प्रकाश राजभर को कथित तौर पर उपहार में दी गई एक कार को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच गुरुवार को यह मुद्दा सामने आया। शुक्रवार को, राजभर लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे जिसमें राष्ट्रपति चुनाव और एक हद तक गठबंधन के भाग्य पर उनकी पार्टी के रुख को स्पष्ट करने की उम्मीद है। मीडिया के एक वर्ग ने गुरुवार को बताया कि एसपी ने राजभर को एक फॉर्च्यूनर कार गिफ्ट की थी। हालांकि, राजभर की पार्टी ने इन खबरों का खंडन किया।

सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पीयूष मिश्रा ने कहा कि हमारे प्रमुख (ओम

प्रकाश राजभर) इनोवा को पसंद करते हैं न कि फॉर्च्यूनर को। वह अपनी इनोवा कार में घूमते हैं। ऐसा ही एक कार विवाद पिछले महीने भी हुआ था जब महान दल सपा से अलग हो गया था। एसपी ने कथित तौर पर महान दल के प्रमुख केशव देव मौर्य को फॉर्च्यूनर कार वापस करने के लिए कहा था, जिसने उन्हें उपहार में दिया था। मौर्य, जिन्होंने गुरुवार को एसपी को वाहन लौटाया था, ने कहा कि एसबीएसपी और एसपी दोनों अपने मतभेदों को अनावश्यक रूप से खींच रहे हैं। बेहतर होगा कि वे एक–दूसरे पर अरुचिकर टिप्पणी करने के बजाय शालीनता से अलग हो जाएं। ओम प्रकाश राजभर को मुझसे सीखना चाहिए था। मैं अलग हो गया जब मुझे एहसास हुआ कि एसपी को मेरी जरूरत नहीं है।

गौरतलब हो की सपा ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए रालोद, सुभासपा, महान दल, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी–लोहिया, अपना दल (कामेरावाड़ी) और जनवादी पार्टी (समाजवादी) के साथ गठबंधन किया था। महान दल और जनवादी पार्टी (समाजवादी) औपचारिक रूप से सपा से अब अलग हो गए हैं। पीएसपी–एल प्रमुख शिवपाल यादव व सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने घोषणा की है कि वह सपा की पसंद यशवंत सिन्हा के बजाय भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को वोट देंगे। सुभासपा और सपा के बीच पिछले कई हफ्तों से तनावपूर्ण संबंध हैं।

समाधान दिवस में 58 शिकायतें आयी 3 का हुआ निस्तारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दूबे , पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर, फतेहपुर में फरियादियों की जन



शिकायतें सुनी गयी । आज के तहसील समाधान दिवस में तहसील सदर में कुल 58 प्रार्थना पत्र शिकायतकर्ताओ से प्राप्त हुए , के सापेक्ष उपस्थित अधिकारियों द्वारा मौके पर 03 का निस्तारण किया गया । उन्होंने जनशिकायतों मातहतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सख्त निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने कहा कि जिलास्तरीय अधिकारी अपने–अपने विभाग से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण समयसीमा के अंतर्गत करे, जरूरत के हिसाब से मौके पर जा कर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण करने का निर्देश अधिकारियों को दिये। आवास, नाली, अस्थाई कब्जों, भूमि आदि से संबंधित प्राप्त शिकायतो के निस्तारण के लिये राजस्व कर्मी व पुलिस बल की टीम बनाकर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतो का निस्तारण कराकर अवगत भी कराने के निर्देश दिये। लम्बित शिकायतों का निस्तारण ससमय किया जाए । उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी(पुलिस) , तहसीलदार सदर, परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

आईये हम संकल्प लेते है कि छोटे छोटे प्रयास कर भूमिगत जल स्तर को बढ़ाएगे

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर

भूजल सप्ताह का जनपद फतेहपुर के तीनों तहसीलो के उपजिलाधकारियो द्वारा जिसमे तहसील सदर में ए0एस0 इण्टर कालेज फतेहपुर, खागा शुकदेव इंटर कॉलेज, बिन्दकी दयानन्द इंटर कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया । रैली में नागरिको को भूगर्भ जल संवर्धन के प्रति जागरूक करने के लिए जल बचाव संम्बंधी स्लोगन के नारे लगाए जा रहे थे । जन जन तक जल पहुचना है जल संरक्षण अपनाना है, आईये हम संकल्प लेते है कि छोटे छोटे प्रयास कर भूमिगत जल स्तर को बढ़ाएंगे ।

भूजल सप्ताह जनपद के तहसील, ब्लॉक स्तर पर ज्यादा से ज्यादा नागरिको को भूगर्भ जप संवर्धन, जल संरक्षण, कैच द रेन, जल स्वच्छता, जल बचाओ, जल बर्बाद न करे नागरिको को रैली के माध्यम से जागरूक किया जा रहा था ।

इस अवसर पर सदर तहसील में अवर अभियंता लघु सिंचाई अभय कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार, प्रधानाध्यापक ए0एस0 इण्टर कालेज श्री चंद्रहास सिंह, लघु सिंचाई बसंत बाबू गुप्ता, खागा तहसील में जूनियर इंजीनियर ज्ञान चन्द्र, शिवबहादुर सिंह, ओमप्रकाश, तहसील बिन्दकी जूनियर इंजीनियर नीरज कुमार, पंकज कुमार सहित छात्र, एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे ।

मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में बढ़ा विवाद, मारपीट में दो युवक गंभीर रूप से घायल

कानपुर। कानपुर के आउटर थाना क्षेत्र में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया. देखते ही देखते नौबत मारपीट पर आ गई इस घटना में दो युवक घायल हो गए. जिनको तुरंत सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया. जहां एक की हालत गंभीर होने पर कानपुर के हैलट अस्पताल में रेफर किया गया. पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है।जानकारी के अनुसार बिल्हौर कस्बे के पंतनगर निवासी प्रथम और राहुल बाजार से अपने घर लौट रहे थे. तभी दूसरे समुदाय के आधा दर्जन से ज्यादा लोग पीछे से आए और उनके ऊपर हमला कर दिया. जिसमें प्रथम और राहुल दोनों लोग घायल हो गए. पूरी घटनाक्रम की जानकारी तत्काल क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी बिल्हौर भेजा जहां पर राहुल की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने कानपुर के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया. मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आईजी रेंज, डीएम, एसपी आउटर समेत सर्किल की फोर्स मौके पर पहुंची। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संजय काला ने बताया है कि बिल्हौर घटना में

राहुल नाम का लड़का घायल अवस्था में लाया गया था. जिसके सिर और हाथ में चोट है. सिर में उसके 5 टांके लगाए गए हैं और हाथ का एक्स–रे भी कराया जा रहा है लड़के की हालत स्थिर है. रात भर ऑब्जर्वेशन के लिए आईसीयू में रखा है. एसपी कानपुर (आउटर) तेज स्वरूप सिंह ने बताया है कि घटना की सूचना के बाद तुरंत मौके पर पुलिस बल पहुंचा था तत्काल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसमें एक की हालत गंभीर थी जिसको कानपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है. इस घटना में अभी तक 6 लोगों को हिरासत में लिया है।

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

फतेहपुर,। केंद्रीय मंत्रालय द्वारा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रत्येक वर्ष कम किए जा रहे बजट पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने नाराजगी का इजहार किया और कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर एएमयू का बजट सौ करोड़ किए जाने की मांग की गई।

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष बाबर खान एडवोकेट की अगुवाई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी का बजट प्रत्येक वर्ष घटाए जाने पर नाराजगी का इजहार किया। तत्पश्चात केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर बताया कि मंत्रालय द्वारा यूनीवर्सिटी को इस साल सिर्फ सवा नौ करोड़ रूपए का बजट आवंटित किया गया है। बजट में यह कमी वर्ष 2018 से जारी है। बताया कि यह यूनीवर्सिटी वैश्विक रैंकिंग में 801 है तो वहीं भारत सरकार की अपनी रैंकिंग मेंयह 10 वें स्थान पर है और इंडिया टुडे की जारी सरकारी विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में यह चौथे स्थान पर है जो इस विश्वविद्यालय के शानदार शैक्षणिक स्तर को प्रमाणित करता है। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि सरकार इसे आर्थिक तौर से और मजबूत कर बेहतर अकादमिक ऊंचाईयों को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करती। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। मांग किया कि बजट बढ़ाकर सौ करोड़ किया जाए, एएमयू के पांच कैंपस में सिर्फ तीन मुर्शिदाबाद, किशनगंज और मल्लमपूरम ही चल रहे हैं और

इनकी आर्थिक स्थिति खराब है इसलिए इन तीनों कैंपसों को पर्याप्त बजट मुहैया कराया जाए और महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में इसके प्रस्तावित कैंपसों को शुरू किया जाए, मौजूदा वाइस चांसलर का टर्म पूरा हो चुका है नए वाइस चांसलर की नियुक्ति की प्रक्रिया को तत्काल शुरू किया जाए तथा शिक्षकों के रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मिसबाहुल हक, प्रदेश सचिव इरफान फारूकी, संतोष कुमारी शुक्ला एडवोकेट, मो. आलम, मो. सरवर, चंद्र प्रकाश लोधी एडवोकेट, मोहम्मद आलम, चौधरी मोईन राईन, आशीष गौड़ एडवोकेट भी मौजूद रहे।

किसान ऋण का सदुपयोग कर अपनी कृषि की उपज को बढ़ाएं : बृजेश

लगभग चार सौ किसानों को दस करोड़ का वितरित हुआ कृषि ऋण

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा के 175 वें स्थापना दिवस पर वृहद कृषि ऋण मेले का आयोजन खागा कस्बे के एक गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बैंक आफ बड़ौदा के महाप्रबंधक बृजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। ऋण स्वीकृत पत्रों एवं चेकों का वितरण महाप्रबंधक ने करते कहा कि किसानों के हित के लिए बैंक कृत संकल्प है। उन्होने कहा कि कृषि ऋण मेले का आयोजन सार्थक तब होगा जब किसान इस ऋण का सदुपयोग कर अपनी कृषि उपज को बढ़ायेंगे। उन्होने कहा कि जब उनकी पैदावार बढ़ेगी तो देश का विकास होगा।

कृषि ऋण वितरण में मेले में लगभग चार सौ किसानों को दस करोड़ का कृषि ऋण प्रदान किया गया। जादूगर योगेन्द्र जोगी ने जादू के माध्यम से बैंक ग्राहकों को जागरूक किया। बैंक ऑफ बड़ौदा महाप्रबंधक बृजेश कुमार सिंह ने ऋण कार्यक्रम में कहा कि अन्नदाता के लिए 14 क्षेत्रों में वृहद कृषि ऋण मेले का आयोजन किया गया। जिसमे 115 करोड़ का ऋण वितरित किया जा रहा है। जिले के

अग्रणी बैंक के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा अपनी सेवाएं दे रहा है। प्रधानमंत्री की जनधन योजना के तहत भी बीओबी ने बढ़–चढ़कर भाग लिया है। उन्होने बीओबी द्वारा संचालित की जा रही अनेकों योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार राजेश माहेश्वरी ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा की तरफ से अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जो एक सराहनीय कार्य हैं। बीओबी के क्षेत्रीय प्रमुख धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि व्हाट्सएप व इंटरनेट सेवाओं में फतेहपुर जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

उन्होने कहा कि लखनऊ के तीन रेंज में 59 ब्रांच हैं। जहां 14 क्षेत्रों में 115 करोड़ का लोन वितरित किया गया। वहीं जनपद के लगभग चार सौ किसानों को दस करोड़ का ऋण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप क्षेत्रीय प्रमुख संतोष कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रबंधक रामू तिवारी, खागा ब्रांच मैनेजर जयवर्द्धन सहित अन्य शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी व ग्राहक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

सरकारी जमीन पर बने अवैध मदरसा को ढहाया गया, मौके पर भारी पुलिस फोर्स रहा तैनात

अमरोहा। जनपद में सरकारी जमीन पर बनाए गए अवैध मदरसे पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त करवा दिया. यह मदरसा

हसनपुर तहसील के जेबड़ा गांव में था जिसे ध्वस्त किए जाने के दौरान आला अधिकारी मौजूद थे. अमरोहा जनपद में सरकारी जमीन पर मदरसा बनाने की सूचना डीएम बीके त्रिपाठी को मिली थी. इस सूचना के बाद डीएम और एसपी ने इस मामले में कार्रवाई के आदेश दिए थे।

इस दौरान इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था. मौके पर पहुंचे हसनपुर एसडीएम ने बताया कि जेबड़ा में विवादित जमीन के ऊपर कब्जा करते हुए निर्माण कराया गया था. ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी थी कि कुछ लोगों ने यहां पर मस्जिद और मदरसे का निर्माण का प्रयास किया जिसके लिए कोई अनुमति नहीं ली गई. अचानक से उन्होंने वहां नमाज पढ़ने का काम शुरू कर दिया और मदरसा चलाया जाने लगा।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हालांकि उन लोगों ने गांव के लोगों को लिखित रूप में बताया था कि वे पशुपालन का काम करेंगे और भूसा रखेंगे. लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो गांव के दूसरे लोगों ने विरोध किया और विवादित ढांचे को हटाया गया. दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. इस मामले में जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी ने बताया कि कुछ लोगों ने अवैध तरीके से यहां पर मदरसे का निर्माण किया था और यहां पर नमाज पढ़नी शुरू कर दी थी जिसकी सूचना मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए इस बिल्डिंग को ढहा दिया गया है और इसके जिम्मेदार लोगों को चिह्नित करके कार्रवाई की जाएगी।

चाकुओं से जान लेवा हमले की एफआईआर दर्ज होने के 18 दिन बाद भी नहीं हो रही दबंगों की गिरफ्तारी

दबंग दे रहे जान से मारने की धमकी,

पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से लगाई सुरक्षा तथा न्याय की गुहार,

दैनिक अयोध्या टाइम्स अभिमन्यु शुक्ला जिला ब्यूरो औरैया

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुल्हूपुर निवासी परशुराम पुत्र बेटा लाल ने मीडिया को बताया कि वह अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति है जो गैस एजेंसी पर काम करके परिवार का भरण पोषण करता है।28–06–2022 को गांव के दबंगों ने पहले उसके साथ गाली गलौज किया जब विरोध किया तो गांव निवासी अनूप, अनिल,विट्टेश,नबाब तथा दो अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।एफ आई आर लिखाने के बाद भी आज तक नहीं हुई कोई कार्रवाई,वेफिक्र दबंग अब दे रहे जान से मारने की धमकी, उच्चाधिकारियों से पीड़ित ने न्याय व सुरक्षा की गुहार लगाई है।

अटसू चौकी बनी अपराधियों की शरणगाह, अपराधियों को बचाने में लगे चौकी इंचार्ज

रिपोर्ट जिला संवाददाता औरैया । मजदूरी के रुपए मांगने पर पीड़ित के घर में घुसकर जानलेवा हमला करनेवाले दबंगों को बचाने के चक्कर में घायल पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर को दबाकर, पीड़ित अनपढ़ पिता से दूसरी तहरीर पर हड़का कर लगबाया अंगूठा निशान, इतना ही नहीं दबंगों द्वारा खदेड़ कर घर में घुसकर परिवार के चार सदस्यों को बुरी तरह मारपीट कर किया गया था मरणासन्न, पीड़ित किसी तरह पहुंचे प्रधान टिल्लू राजपूत के घर, जहां पर बुरी तरह घायल महिला हुई अचेत, प्रधान ने खून से लथपथ घायलों की हालत को देखते हुए एम्बूलैंस बुलबा कर भेजा सी एच सी अजीतमल, जहां से घायलों को सैंफई किया

गया रैफर, वहीं चौकी इंचार्ज ने मामूली विवाद दिखा कर मामूली धाराओं में एन सी आर लिखकर पकड़े गए एक आरोपी का 151 में किया चालान, छूट कर आते ही दबंग ने पीड़ितों को फिर से धमकाया।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बल्लापुर गांव का है मामला, जब रक्षक ही बने भक्षक तो गरीब अनपढ़ पीड़ितों को कौन दिलाएगा न्याय?

विप्रावली मे बंदरो का आतंक, एक दर्जन लोग घायल ग्रामीणो ने की वन विभाग से पकडने कई मांग

संवाददाता। रूबी शर्मा

पिनाहट पिनाहट के गांव विप्रावली मे इन दिनो बंदरो का बडा भारी आतंक है।बंदरो से कई लोगो को घायल कर दिया है।लोगो को घरो मे रहना मुश्किल हो गया है।परेशानी ग्रामीणो ने वन विभाग से बंदरो को पकडने की मांग की है।

विप्रावली के करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामिणो ने वन विभाग कार्यालय

पिनाहट पहूचकर शुक्रवार को मांग की।कि वन विभाग गांव मे बढी संख्या मे आतंक फैला रहै बंदर को पकडकर उनको सुरक्षित करे।ग्रामीणो राधा मोहन शर्मा ने बताया कि सैकडो की संख्या मे बंदर गांव मे है।जिनमे कुछ बंदर पागल हो गये है। जो आदमी को देखते ही हमला कर घायल कर रहै है।जिससे गांव मे भारी भय का माहोल है

लोग दिन दिन भर घरो मे कैद रहने को मजबूर है।करीब दो दर्जन लोग जिनमे महिला बच्चे व बुजुर्गो को बंदर हमला कर घायल कर चुके है।वन विभाग इन बंदरो को पकडकर उनका जीवन सुरक्षित करे। बंदरों के हमले से घायल लोग नर्मदा देवी, पुष्पा देवी, रिया, शारदा, मयंक, मुन्नी, सोनी, हर्षित सहित करीब दो दर्जन लोगो को घायल कर दिया है

सीएमओ ने बीकापुर सीएचसी का किया निरीक्षण

अयोध्या। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर और जनमुखी बनाने के दृष्टिगत अपने सघन भ्रमण के तहत शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने सीएचसी बीकापुर और सीएचसी मसौधा का भ्रमण किया। सीएचसी पर ईलाज के लिए आए मरीजों से ईलाज, दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और स्टॉफ के व्यवहार की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता के लिए सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षकों को हॉस्पिटल में तैनात चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की समय से उपस्थिति, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, सभी उपलब्ध लैब जांच सेवाएं, प्रसव सेवाएं, परामर्श सेवाऐं, संदर्भन, इमरजेंसी सेवाऐं दुरूस्त करने और ईलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को एक समान रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीएचसी बीकापुर में डा उत्तम सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ अनुपस्थित पाए

गए और सीएचसी के प्रसव सेवा को और भी बेहतर करने, प्रसूताओं की सतत देखभाल करने, समस्त निःशुल्क सेवाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। सीएचसी मसौधा में भ्रमण के समय डा विपिन सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डा विवेक प्रकाश हड्डी रोग विशेषज्ञ कई दिनों से अनुपस्थित चल रहे हैं जिनके खिलाफ शासन को अवगत कराने की कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। सीएचसी पर अनाधिकृत अनुपस्थिति शासन की मंशा के अनुरूप नहीं है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लालगंज उतरौला में पौधरोपण करते जिला समन्वयक बालिका शिक्षा समय प्रकाश पाठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट
बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)

शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय

लालगंज उतरौला परिसर में बालिका शिक्षा जिला समन्वयक समय प्रकाश पाठक ने विद्यालय कर्मियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। जिला समन्वयक समय प्रकाश पाठक ने कहा कि हमें सिर्फ पेड़ लगा देने भर से संतोष नही कर लेना चाहिए। लगाए गए पेड़ों की देखभाल अगले पांच वर्षों तक करना भी अत्यंत आवश्यक है। सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सभी को सामूहिक तौर पर प्रयास करना ही होगा। पर्यावरण संरक्षण काफी महत्वपूर्ण है। जल ,जंगल और जमीन के साथ ही स्वच्छता को लेकर भी लोग काफी संवेदनशील बने।

प्रभारी वार्डन कुमारी शालिनी सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में कोरोना महामारी के समय ऑक्सीजन की महत्ता तो हमलोग महसूस कर चुके है। अतः अधिक से अधिक पेड़ लगाकर मानव व मानवेत्तर प्राणी की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव का भाग बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। पृथ्वी ग्रह पर हमारे अस्तित्व के लिए पर्यावरण सबसे महत्वपूर्ण है। पर्यावरण हमारा पोषण करता है। हमें जीवित रहने में मदद करता है। हम हवा, पानी और मिट्टी के बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इस अवसर पर पार्ट टाइम शिक्षक शेषराम, राजेंद्र प्रसाद, इकबाल, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में आई 135 शिकायतों में 8 का निस्तारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा–माह के द्वितीय शनिवार को तहसील सभागार मे आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन अजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 135 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग व पुलिस से संबंधित थी, जो चकरोड संबंधित संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी ग्रामीण सत्यजीत गुप्ता उप जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

आइसोपार्ब कानपुर शाखा द्वारा नवजात शिशुओं से संबंधित हुई कार्यशाला

• नवजात शिशुओं से संबंधित एक कार्यशाला हुई जिसमें तमाम स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं बाल रोग विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम दुबे–कानपुर शनिवार को आइसोपार्ब कानपुर शाखा के तत्वाधान में एक निजी होटल में नवजात शिशुओं से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दो सौ से ज्यादा स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं बाल रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस अवसर पर कानपुर आइसोपार्ब की संरक्षक डॉ मीरा अग्निहोत्री एवं अध्यक्ष जटिलता को समय से पहचान करने वक्त तुरंत निवारण करने से उनके जीवन की रक्षा की जा सकती है वही जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की बाल रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉक्टर रूपा डालमिया सिंह एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर देवेंद्र अवस्थी ने नवजात शिशु पुनर्जीवन संबंधित कार्यशाला प्रदर्शित की उन्होंने नवजात शिशुओं के पैदा होने के बाद पहले 1 मिनट गोल्डन मिनट में पुनर्जीवन के प्रयासों के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रश्मि कपूर एवं डॉक्टर सुनील तनेजा व जीएसवीएम

मेडिकल कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ नीना गुप्ता उन्होंने नवजात शिशु पुनर्जीवन की विधि को स्त्री एवं प्रसूति रोग में कार्यरत हर एक डॉक्टर को सीखने की प्रेरणा दी कानपुर आइसोपार्ब की सचिव डॉ किरण सेना ने स्तनपान के लाभ बताते हुए कहा कि हर नवजात शिशु को मां का दूध ही पिलाना चाहिए उससे उसे हर संक्रमण से दूर रखा जा सकता है कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ रीना काला मट्टू ने किया एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ रश्मि ने किया।

डॉक्टर नीलम मिश्रा ने प्रदेश में नवजात शिशु मृत्यु दर जो राष्ट्रीय स्तर से अभी भी कहीं अधिक है को कम करने के लिए हर स्तर पर और प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया उन्होंने कहा कि आज कि यह कार्यशाला इसी प्रयास का एक हिस्सा है।

कार्यशाला में मट्टू मेडी केयर कानपुर के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप मट्टू ने अपने व्याख्यान में नवजात शिशुओं में पैदा होने वाले आम कठिनाइयों के बारे में विस्तार से बताया गया उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं में किसी भी

उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, एवं सीओ उदय राज सिंह को निपुण भारत मिशन लक्ष्य का फोल्डर सौंपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट
बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर)

शनिवार को तहसील सभागार उतरौला में खंड शिक्षा अधिकारी उतरौला सतीश कुमार, बीईओ गैड़ास बुजुर्ग विनय चौधरी, बीईओ रेहरा बाजार समय प्रकाश पाठक, बीईओ श्रीदत्तगंज सियाराम वर्मा ने उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, एवं सीओ उदय राज सिंह को निपुण भारत मिशन लक्ष्य का फोल्डर सौंपा।

केंद्र सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत निपुण भारत मिशन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को भी लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग की अपील गई।

परिषदीय स्कूलों में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्री प्राइमरी से कक्षा तीन तक शैक्षिक लक्ष्यों की योजना जारी की गई है। तहसील के चारों खंड शिक्षा अधिकारियों ने अन्य सभी अधिकारियों को प्री प्राइमरी की बाल वाटिका से कक्षा तीन तक के शैक्षिक लक्ष्यों की जानकारी देते हुए लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग मांगा।

बीईओ सतीश कुमार ने नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सामंजस्य की आवश्यकता है। तथा सभी अधिकारियों से नई शिक्षा नीति के निपुण भारत मिशन के लक्ष्य प्राप्ति के प्रति गंभीरता से सहयोग प्रदान करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, जो बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में

अभिनव व नवाचार लाएगा। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उप्र ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को सभी विद्यालयों, अधिक से अधिक जनमानस तक प्रचार–प्रसार तथा निपुण भारत के लक्ष्यों को सभी तक पहुंचाए।

निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारण के संबंध में शासनादेश जारी किया। इसके द्वारा प्राथमिक कक्षाओं में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता, संख्या ज्ञान प्राप्त करने, कक्षा 3 तक के सभी बच्चों में पढ़ने लिखने, संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने, कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों का गणित, भाषा में अपेक्षित अधिगम स्तर सुनिश्चित करने तथा निपुण लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं की जंग जारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल
रुदौली अयोध्या । तहसील प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल शनिवार को जारी रही।शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस को देखते हुए अधिवक्ताओं ने कलमबंद हड़ताल रखी।इस दौरान अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अली हैदर व महामंत्री सालिकराम यादव ने बताया कि बार एसोसिएशन रुदौली के आम सदन की बैठक में एसडीएम रुदौली द्वारा रिश्वतखोरी भ्रष्टाचार तथा निर्धन मजबूर वाद कारियों से न्यायिक कार्य में किया जा रहे हैं दोहन की शिकायत करने पर उनके द्वारा भड़क जाने व 14 जुलाई को तहसील प्रांगण में तीनों थाने की पुलिस बुलाकर वाद कारियों एवं अधिवक्ताओं को भयभीत किए जाने का प्रयास करना एवं बरामदा एवं तथा कमरा नंबर 4 खाली कराने हेतु बार को पत्र लिखाने पर विस्तृत चर्चा हुई।शनिवार को सम्पूर्ण समाधान

दिवस के अवसर पर सभी अधिवक्ताओं ने कलमबंद हड़ताल की जिसमें दुकानदार,टाइपिस्ट आदि ने रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध बार एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे संघर्ष में स्वेच्छा से अपना समर्थन देते हुए 2.00 बजे तक अपनी दुकानें बंद कर रखी।अध्यक्ष व महामंत्री ने आरोप लगाया कि तहसीलदार द्वारा जबरदस्ती दुकानों को खुलवाने का प्रयास किया गया।लेकिन दुकान नहीं खुली।इस दौरान अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर भ्रष्टाचार बंद करो।एसडीएम रुदौली मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।बार एसोसिएशन रुदौली के अध्यक्ष अली हैदर व महामंत्री सालिकराम यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि बार एसोसिएशन द्वारा 7 जुलाई को एक स्लोगन चस्पा कराया गया जिसमें रिश्वतखोरी बंद करो वरना जेल जाने की तैयारी करो लिखा था।इसी से क्षुब्ध होकर बदले की भावना से उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव ने बार को तहसील भवन का कमरा न0 4 व बरामदा खाली करने का पत्र लिखा।अधिकारी पुलिस का भय वादकरियो एवं अधिवक्ताओं डालना चाहते हैं लेकिन जब तक रिश्वतखोरी भ्रष्टाचार बंद नहीं होगा संघर्ष जारी रहेगा।अध्यक्ष व महामंत्री ने बताया कि शनिवार की आम सदन की बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 18 जुलाई से दिन में 11.00 बजे से 2.00 तक तहसील प्रांगण में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध शांतिपूर्वक धरना दिया जाएगा।जिसकी समस्त जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी।बताया कि उक्त संबंध में उच्च अधिकारियों को भी उचित माध्यम से अवगत करा दिया गया है।इस मौके पर कुलभूषण रावत,गोविंद प्रताप सिंह,इन्द्रसेन मिश्रा,ओम प्रकाश मिश्रा,आमिर खान,रियाज अन्सारी,फजल अजीम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसएसपी ने सुनी फरियाद

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के क्रम में आज तहसील बीकापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें व समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के साथ जनसमस्याओं को सुनकर यथासम्भव मौके पर ही कुछ समस्याओं का निराकरण कराया तथा शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार सम्बंधित विभाग से समन्वय कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में

कुल 266 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 20 प्रकरणों का मौके पर जिलाधिकारी के निर्देशों पर तत्काल निस्तारित करायी गयी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने प्रार्थिनी श्रीमती सीता की शिकायत को सुना गया, जिसमें बताया कि चक्रमार्ग संख्या 615 को ब्रहमादीन द्वारा जोत कर खेत में मिला लिया गया है तथा खाली नही किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार बीकापुर को प्रकरण का परीक्षण कर चकमार्ग को नक्शे के अनुसार कायम कराकर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकांश शिकायतें चकमार्ग, पैमाइश, अतिक्रमण, सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण व कब्जा, राजस्व, पुलिस आदि से सम्बंधित प्राप्त हुये, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यकतानुसार पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों को पोर्टल पर अपलोड करते हुये समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त मनरेगा, उपजिलाधिकारी बीकापुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी बीकापुर, तहसीलदार बीकापुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि सहित सम्बंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कुलपति डा. बिजेंद्र को किया सम्मानित

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज कृषि जगत में अपने उत्तम कार्यों का लोहा मनवाते हुए एक बार फिर से पूरे देश में नया इतिहास रच दिया है। कृषि विश्वविद्यालय की ओर से संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती को "पंडित दीनदयाल उपाध्याय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन राष्ट्रीय पुरस्कार" 2021 से नवाजा गया है। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, दिल्ली के स्थापना दिवस के अवसर पर दिया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह व निदेशक प्रसार प्रो.ए.पी राव को अपने हाथों से दिल्ली में यह पुरस्कार भेंट किया। पुरस्कार वितरण के दौरान कैलाश चौधरी, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री, पुरूषोत्तम रूपाला, डा. त्रिलोचन महापात्रा, महानिदेशक, आई.सी.ए.आर, व डा. अशोक कुमार सिंह, उपमहानिदेशक भी मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डा. एसएन सिंह ने बताया कि यह केंद्र अपनी अलग तरह की तकनीकियों के लिए जाना जाता है। इस केंद्र के पेड़–पौधे व उत्तम किस्म के बीज बस्ती जिले के किसानों के साथ–साथ अन्य जिलों के किसानों को भी प्राप्त हो रहे हैं। यहां से वर्षों भर पेड़–पौधे व सब्जियों के उन्नत किस्म के बीज किसानों को दिए जाते हैं जिसके चलते लाखों की संख्या में किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

बेरोजगार लोगों को रोजगार दिलाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती का प्रयास हमेशा से सार्थक रहा है।

इस केंद्र से किसानों को रोजगारपरक जानकारी दी जाती है जिससे कि किसान भाई स्वरोजगार

को अपनाकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें साथ ही दूसरों को भी रोजगार से जोड़ सकें। केंद्र को इस मुकाम तक पहुंचाने में प्रशासनिक अधिकारियों, इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया का सहयोग सराहनीय रहा है जिसके चलते आज कृषि विज्ञान केंद्र राष्ट्रीय स्तर का सम्मान प्राप्त कर पूरे राज्य को गर्वान्वित कर रहा है। बताते चलें कि कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में 2019 में कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती को प्रदेश स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ था। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज को "पंडित दीनदयाल उपाध्याय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन राष्ट्रीय पुरस्कार' 2021 प्राप्त होने से अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों व छात्र एवं छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

निशुल्क कैंप का हुआ आयोजन

पवन कुमार

रुदौली (अयोध्या) समर्पण उत्थान सोसाइटी एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में कैंप कार्यालय खैरनपुर रूदौली पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ के मशहूर डा0 डी0 शंकर एम बी बी एस एम एस (ई एन टी) मेडिकल कॉलेज लखनऊ नाक कान गला व कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा एक निशुल्क परामर्श स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मदन बरनवाल ने दीप प्रज्वलित कर कैंप का शुभारंभ कर कहा जिले में समर्पण उत्थान सोसाइटी व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लगातार कई वर्षों से निस्वार्थ भाव से स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रही है जो कि बहुत ही सराहनीय है डॉ डी0 शंकर द्वारा लगभग 157 मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवाओं का वितरण व निशुल्क एंडोस्कोपी भी किया सभी को मास्क भी वितरण किया गया इस मौके पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कमांडर व सोसायटी के उपाध्यक्ष श्रवण कुमार इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के ट्रांसपोर्ट अधिकारी व सोसाइटी के कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा समर्पण उत्थान सोसाइटी के कार्यक्रम प्रभारी रंजीत

विश्वकर्मा वरिष्ठ सदस्य हंसराज डॉ रविंद्र अनिल कुमार उप प्रबंधक डॉ विकास श्रीवास्तव डॉ अर्जुन सिंह अमित शर्मा प्रवक्ता धर्मेंद्र मिश्रा विश्वकर्मा ब्रिगेड के संगठन मंत्री राममिलन विश्वकर्मा जिला सचिव सुनील विश्वकर्मा जिला महामंत्री अशोक विश्वकर्मा जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद विश्वकर्मा आनंद सिंह मनोज विश्वकर्मा अनिल यादव शिवा जायसवाल रमाशंकर भारती सोनू यादव अंकित पाल अंशिका शिव कुमार लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

जल सखी,, गांवो में जॉचेंगी पानी की गुणवत्ता

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमरनाथ रूदौली संवाददाता रुदौली अयोध्या।

जनपद अयोध्या के मवई ब्लॉक मे दिन शनिवार को इन्टेको टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्लाक मवई के सभागार में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण देकर गांव में पानी की गुणवत्ता परखने की जानकारी प्रदान की गई। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पानी के गुणवत्ता की जांच करेंगी। जल निगम अयोध्या के प्रभारी आलोक चौधरी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को

प्रशिक्षण देते हुए बतया कि एक महीने के भीतर समूह की महिलाएं गांव के 100 घरों में जाकर पानी की गुणवत्ता की जांच करेंगी। और साथ में 20 प्रति घर की दर से मानदेय भी दिया जाएगा। हम आपको बताते चलें कि दिन शनिवार को ब्लॉक मवई मे दो दिवसीय जल गुणवत्ता जांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ मे प्रशिक्षण देने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र के साथ पानी की गुणवत्ता को चार्ज करने के लिए किट भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जल निगम अयोध्या के प्रभारी आलोक चौधरी, सौरभ श्रीवास्तव अतुल सक्सेना व प्रशिक्षण देने वाली महिलाओं के साथ ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी रहें मौजूद।

आईएमए व मेदांता लखनऊ के संयुक्तनेतृत्व में चिकित्सीय गोष्ठी का आयोजन

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित एक होटल के सभागार में आईएमए अयोध्या व मेदांता लखनऊ के संयुक्त आयोजन में चिकित्सीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मेदांता के डॉ हर्षवर्धन ,डॉ अभय वर्मा, डॉ अविनाश कुमार सिंह मौजूद रहे।गोष्ठी में हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ अविनाश कुमार सिंह ने हार्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हार्ट की बीमारी से बचाव के उपाय बताए। पेट सम्बन्धित सभी

बीमारियों के बारे में डॉ अभय वर्मा ने विस्तार से जानकारी दी । कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ हर्षवर्धन ने कैंसर के लक्षणों के बारे में बताया और उपाय के बारे में सलाह भी दी। कार्यक्रम का संचालन आईएमए के सचिव डॉ आशीष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला चिकित्सालय के प्रभारी सीएमएस सीबीएन त्रिपाठी ने की। विचार गोष्ठी में श्रीराम चिकित्सालय के सीएमएस डॉ सत्येंद्र सिंह,डॉ डीआर भुवन, डॉ एसके पाठक, डॉ आरबी वर्मा, डॉ अनिल, डॉ विपिन वर्मा, डॉ फुजैल अहमद अंसारी ,डॉ बीके गुप्ता, डॉ हरिओम यादव, डॉ अनिल कुमार मौजूद रहे।आए हुए अतिथियों का आईएमए के सचिव डॉ आशीष श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

सोहावल में स्थापित हुई विद्युत पोल निर्माण इकाई

अयोध्या। जनपद के सोहावल तहसील क्षेत्र में पोल निर्माण इकाई का निर्माण कार्य जनपद खण्ड अयोध्या की देख रेख में मैसर्स ओ०पी० एसोसिएट्स के मालिक ओ०पी० सिंह द्वारा गुणवत्ता पूर्वक बहुत तेजी कराया जा रहा है पोल निर्माण इकाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। गुणवत्तापरक कार्य कराया जा सके

जिसके लिए शुक्रवार को अधीक्षण अभियन्ता (जनपद), अधिशासी अभियन्ता (जनपद) एवं तीन अवर अभियन्ता (जनपद) द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण किया गया एवं यह पाया गया कि उक्त कार्य मानक के अनुरूप कराया जा रहा है। पोल निर्माण इकाई स्थापित हो जाने से विभागीय हित में आंधी–तूफान आने से बगल के जनपद बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सुलतानपुर एवं अमेठी क्षेत्र में पोल पहुंचाना आसान हो जायेगा तथा सरकार की मंशा के अनुरूप विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी।

31 जुलाई को संयुक्तकिसान मोर्चा करेगा चक्का जाम

अयोध्या। सरकार की वादाखिलाफी और सेना में अग्निपथ योजना के विरोध में केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर संयुक्त किसान मोर्चा जनपद मुख्यालय पर चक्का जाम करेगा। यह निर्णय आज मोर्चे के संयोजक मायाराम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में लिया गया। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों से किए गए वादों से मुकर रही है। एम एस पी की गारंटी को लेकर किया गया वादा सरकार भूल चुकी है। किसानों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे अभी तक वापस नहीं हो पाये हैं और ना ही लखीमपुर–खीरी किसान हत्याकांड के लिए जिम्मेदार केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई की गई। सरकार के रवैए से किसानों में रोष है। वक्ताओं ने सेना भर्ती में अग्निपथ योजना को देश की सुरक्षा और नौजवानों के रोजगार की उम्मीदों के साथ खिलवाड़ बताया। सेना में बड़ी संख्या में किसानों के ही बच्चे जाते हैं। यह योजना नौजवानों और किसानों के साथ धोखा है।इसे वापस लेकर पूर्व की तरह स्थाई भर्ती की जानी चाहिए। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य और किसान नेता कमला प्रसाद बागी, किसान सभा के जिलाध्यक्ष शेख मोहम्मद इश्हाक, अशोक यादव, अशोक कुमार तिवारी, विनोद कुमार सिंह, रालोद जिलाध्यक्ष रामसिंह पटेल, राम शंकर वर्मा, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आर जे नवीन ने अपने विचार व्यक्त किए।

हरदी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 6 वारंटियों को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी

महसी बहराइच थाना हरदी क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों से 6 वारंटियों को हरदी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष हरदी अनूप कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ में वांछित वारंटियों को हरदी पुलिस ने गिरफ्तारी में तेजी से कार्यवाही करने में जुटी है। देवेश

कुमार उर्फ ललित मिश्रा पुत्र पलटू राम मिश्रा निवासी रेहुआ मंसूर थाना राम गांव उम्र 23 वर्ष, विपिन मिश्रा उर्फ गोबरे मिश्रा पुत्र बुद्धि सागर मिश्रा निवासी रेहुआ मंसूर थाना राम गांव उम्र 19 वर्ष गिरफ्तारी की टीम उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव, उप निरीक्षक विजय कुमार, कांस्टेबल रामानंद त्रिपाठी, कांस्टेबल शिवम बरनाल के द्वारा हुई। दूसरी गिरफ्तारी विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका के दृष्टिगत से रामकुमार पुत्र अवतार 55 वर्ष, विद्याराम पुत्र जिमीदार उम्र 40 वर्ष ग्राम नकाही थाना हरदी को उप निरीक्षक महसी चौकी प्रभारी आलोक सिंह, कांस्टेबल बालेंद्र सिंह, कांस्टेबल रामसहाय थाना हरदी ने सीआरपीसी में माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर कार्यवाहक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशी के लिए रवाना किया। तीसरी गिरफ्तारी गुलजार पुत्र मोहम्मद ताहिर उर्फ महताब व सानू पुत्र मोहम्मद ताहिर उर्फ महताब निवासी महाराजगंज को उपनिरीक्षक राधेश्याम, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव, कांस्टेबल अकबर आजाद थाना हरदी ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

पैसों के लेन-देन में बड़े भाई ने छोटे भाई की चाकुओं से गोदकर करदी हत्या

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। उधार ली ग्यारह हजार की नकदी लौटाने को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुई बहसबाजी के दौरान बड़े भाई ने

छोटे भाई को तेजधारदार चाकू से गोदकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए भेजा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

शुक्रवार की देर रात्रि क्षेत्र के गाँव बराला में दो सगे भाइयों कुर्बान व सुफियान के बीच उधार ली ग्यारह हजार रुपये की नकदी वापस लौटाने को लेकर बहसबाजी शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि बड़े भाई सुफियान पुत्र शौकत निवासी गाँव बराला ने अपने छोटे भाई कुर्बान(30) पर तेजधारदार चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए,जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक शामली अभिषेक, एएसपी ओपी सिंह, पुलिस उपाधीक्षक कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और हत्यारोपी सुफियान को गिरफ्तार कर शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कार्यवाही उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि हत्यारोपी ने अपनी जमानत पर मृतक कुर्बान को उधार के तौर पर कंडेला निवासी से ग्यारह हजार की नकदी दिलाई थी,जिसे वह समय पर नहीं लौटा पाया।

दो दिन पहले ही पैसे न लौटाने के एवज में साहूकार द्वारा सुफियान की बाइक भी छीन ली गई थी। इसी बात को लेकर सुफियान गुस्से में था और उसने अपने सगे भाई की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। इस संबन्ध में तीसरे भाई मुस्तकीम की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर हत्यारोपी को जेल भेज दिया है।

सुरक्षा के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलिज की दर्जनों छत्राएँ प्रधानाचार्य के नेतृत्व में कोतवाली पहुँची, जहां उन्हें महिला पुलिस कर्मियों द्वारा सुरक्षा के प्रति जगरूक किया गया।

शनिवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलिज की दर्जनों छात्राएं प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुँचीं, जहाँ उन्हें महिला पुलिसकर्मियों व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान द्वारा सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई । साथ ही सुरक्षा के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान प्रभारी निरिक्षक ने कहा कि घबराने या डरने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस आपके साथ है। उन्होंने कहा कि हर विभग में 20 प्रतिशत महिला कोटा निर्धारित है, आप निडर होकर शिक्षा ग्रहण करें। समस्या होने पर स्कूल में लगे शिकायत पेटिका में भी अपनी शिकायत डाल सकते हैं,जिसे पुलिसकर्मी रिसीव कर लेंगे। इस दौरान वूमन पावर , महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व डायल 112 के बारे में जागरूक किया गया। महिला रिपोर्टिंग चौकी व महिला हेल्प डेस्क पर महिलाओं संबंधी शिकायतों का कैसे निराकरण किया जाता है इसके बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान सुनील कुमार,कुल्दीप कुमार , शिवानी सहित अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे।

अकबरपुर सुन्हेटी खूनी संघर्ष प्रकरण में 17 नामजद व पाँच अज्ञात पर मुकदमा

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पंचायती कुंए की भूमि पर अवैध कब्जे के विरोध में हुए खूनी संघर्ष प्रकरण में पुलिस 17 नामजद व पाँच अज्ञात लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया है।शुक्रवार की देर रात्रि क्षेत्र के गाँव अकबरपुर सुन्हेटी में पंचायती कुंए की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों की पंचायत हुई थी,जिसमें अवैध कब्जाधारी ने आश्वस्त करते हुए कुंए की भूमि पर अवैध कब्जा न करने पर सहमति जता दी थी।आरोप है कि कुछ देर बाद ही तासिम उर्फ भूरा पुत्र हकीमू ने लाठी–डंडों व तेजधारदार हथियारों से लैस होकर महिलओं सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को साथ लेकर इरशाद पुत्र अलीहसन के मकान पर धावा बोल दिया था और जाते ही गली–गलौच कर मारपीट शुरू कर दी थी,जिसमें दो महिलओं सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस

खूनी संघर्ष के बाद गाँव में अफरा–तफरी मच गई थी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुँच गया था और घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया था। घटना के संबन्ध में इरशाद ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी तासिम उर्फ भूरा,आवेश,उसामा, जावेद, सावेज, जाकिर, जाबिर,दाऊद, साबिर,यमीन जरीना, फरजाना, आस मोहम्मद, भुल्ली,राणों,मोबीना व सद्दाम समेत 17 लोग नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 40 शिकायतें,चार निस्तारित

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में चालीस शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए,जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष निस्तारित शिकायतों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभगों को प्रेषित किया गया है। शनिवार को तहसील के सभागार कक्ष में जिलाधिकारी शामली जसजीत कौर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन की गया।इस दौरान उनके समक्ष कुल चालीस शिकायतें प्रस्तुत की गईं,जिनमें से चार शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष निस्तारित शिकायती पत्रों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभगों को प्रेषित किया गया है। डीएम शामली ने कहा कि शिकायतों

का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें और समय पर पीड़ितों को न्याय दिलाएं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शामली अभिषेक, एसडीएम कैराना शिवप्रकाश यादव,सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना, तहसीलदार प्रियंका जयसवाल सहित अन्य अधिकारी एंव कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

आज दिनांक 16 जुलाई 2022 दिन शनिवार को पूर्ण पूरे उत्तर प्रदेश में दाल मिल राइस मील फ्लोर मिल गल्ला मंडी गुड़ का व्यापार 5प्र. प्रतिशत जीएसटी के लगाए जाने के विरोध में बंद है

रामपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रामपुर जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा और कोर कमेटी व्यापार मंडल खाद्यानआरती एवं व्यापारी संघ गल्ला मंडी व्यापारी एसोसिएशन और व्यापारियों ने सरकार द्वारा अनाज तिलहन दालों पर 5: टैक्स लगाने के विरोध में नवीन गल्ला मंडी बंद रखकर विरोध प्रदर्शन करा

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री श्री शाहिद शम्सी ने बोलते हुए कहा

कि आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कि कॉल पर पूरे प्रदेश में दाल मिल राइस मिल फ्लोर मिल गुड़ का व्यापार बंद है और रामपुर के अंदर स्वार टांडा शाहबाद बिलासपुर की सारी गल्ला मंडी बंद है जीएसटी काउंसलिंग की 47 वीं बैठक में सभी प्रकार के अनब्रांडेड प्रीपैकस प्रीलेवल अनाज अरहर दाल गेहूं चना मुरमुरे ऑर्गेनिक गुड आटा जैसा आवश्यक उपयोग में आने वाली आवश्यक वस्तुओं पर 5: प्रतिशत कर मंडी समिति में खड़े अनाज पर फूड लाइसेंस की अनिवार्यता को वापस लिए जाना चाहिए वेयर हाउस में रखे जाने वाले कृषि उत्पाद एवं रुपए 1000 तक होटल के कमरों पर प्रस्तावित 12: प्रतिशत जीएसटी व अस्पतालों पर 5000 से अधिक के बेड पर लगाए गए 5: प्रतिशत अतिरिक्त कर को वापस लिया जाए

देश में एक जुलाई 2017 से एक देश एक टैक्स के नाम पर जीएसटी को लाया गया था जिसमें अभी तक हुई जीएसटी काउंसलिंग के 47 बैठक में 12 सौ से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं जिससे सरलता आने के बजाय दिन प्रतिदिन कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं जिससे व्यापारी एवं कर अधिवक्ताओं के अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल निरंतर मांग करता आया है कि ब्रांडेड जो खाद वस्तुएं हैं उनको भी जीएसटी की शृनय में लाया जाना चाहिए व्यापार मंडल ने कभी राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को ब्रांडेड की वकालत नहीं की परंतु जो छोटे छोटे व्यापारी को तो अपने गांव पर वह में अपनी वस्तुओं पर ब्रांड लगाकर विक्रय करते हैं उनको जीएसटी की सुनी श्रेणी में लाने के लिए निवेदन करते रहे हैं

माननीय प्रधानमंत्री स्वयं कहा था कि आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी नहीं लगाया जाएगा जीएसटी काउंसलिंग ने एफएसएसआई एकट का हवाला देकर लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट के अनुसार सभी खाद्य वस्तुएं पैकिंग होकर और प्रॉपर लेबल लगकर ही बिकेंगे चाहे व मंडी में बिकने वाला गेहूं धान दलहन तिलहन मसाले एवं कोई भी सामान हो तिलहन एवं मसाले पहले ही दिए थे कि 5: प्रतिशत के दायरे में आए हुए हैं तथा चावल मील का चावल पैक और लेबल लगाकर बिकेगा इस तरह का आटा मील का आटा दाल मील की दाल पर एवं लेवल लगकर बिकेगा और उन पर जीएसटी 18 जुलाई से लगा दिया जाएगा। मंडी में किसान अपनी कृषि जींस लगाकर लेकर आता है और ढेर लगाकर अपनी कृषि जींस को भेजता है व्यापारी इसको बैग में भरता है और इस पर लेबल लगाकर प्रदर्शित करता है इसमें

कौन सी क्वालिटी की जींस है तो यह पैक भी हो गया और इस पर लेवल भी लग गया जीएसटी काउंसलिंग की 28–29 जून की बैठक में अनुशंषाअनुसार 18 जुलाई से जीएसटी के दायरे में आ जाएंगे बड़ी–बड़ी कंपनियां अपने ब्रांडेड चलाने के लिए हर खाद्य वस्तुओं को ब्रांडेड श्रेणी में लेने व जीएसटी के दायरे में लेने के लिए केंद्र सरकार और जीएसटी काउंसलिंग के सदस्यों पर निरंतर दबाव डालते रहे हैं 80 करोड़ लोगों को भारत सरकार खाद्य वस्तुएं उपलब्ध कराकर उनकी समस्या दूर करती है परंतु भारत के 55 करोड़ मध्यमवर्गीय उपभोक्ता ऐसे छोटे–छोटे ट्रेड व दूध भी शामिल हैं स्वरोजगार के माध्यम से ही अपने छोटे आय के स्त्रोतों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की व्यवस्था करता है खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी लगाना इनके हितों पर कठोरताघात होगा आज भारत में ऑनलाइन व्यापार तेजी से बढ़ता जा रहा है ऑनलाइन कंपनियों उपभोक्ता को डिस्काउंट की लालच देती है व्यापारियों का व्यापार सीमित आता जा रहा है लाखों व्यापारी बेरोजगार हो चुके हैं वेयरहाउस में रखे जाने वाले कृषि उत्पाद मूंगफली नारियल मसाले कॉटन आदि वस्तुएं जो अभी तक कर मुक्त के दायरे में थी इनको भी जीएसटी के दायरे में लाया गया है उन्हें पूर्व की भांति कर मुक्त की श्रेणी में रखा जाए जीएसटी में विक्रेता की गलती का खामि जीएसटी की काउंसलिंग अभी तक जीएसटी विवादों के निपटारे के लिए ट्रिब्यूनल बैंजो की स्थापना नहीं की गई जिस कारण से व्यापारियों को अपने विवादों के निपटारे के लिए माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ती है

जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा जी नगर अध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान नगर महामंत्री जगन्नाथ चावला जिला महामंत्री श्री शाहिद शमशी जी मोहम्मद हारीसशम्सी इमरान सलीम राम गुप्ता उज्जैर अहमद इमरान सलीम बिलाल शमसी चंद्र प्रकाश रस्तोगी प्रदीप खंडेलवाल मुकेश रस्तोगी मोहसिन खान वाजिद अली हरीश अरोड़ा अनिल अरोड़ा अजय अरोड़ा श्याम अग्रवाल जतिन सड़ाना आमिर खान आदि मौजूद थे

अकबरपुर सुन्हेटी खूनी संघर्ष प्रकरण में 17 नामजद व पाँच अज्ञात पर मुकदमा

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पंचायती कुंए की भूमि पर अवैध कब्जे के विरोध में हुए खूनी संघर्ष प्रकरण में पुलिस 17 नामजद व पाँच अज्ञात लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया है।शुक्रवार की देर रात्रि क्षेत्र के गाँव अकबरपुर सुन्हेटी में पंचायती कुंए की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों की पंचायत हुई थी,जिसमें अवैध कब्जाधारी ने आश्वस्त करते हुए कुंए की भूमि पर अवैध कब्जा न करने पर सहमति जता दी थी।आरोप है कि कुछ देर बाद ही तासिम उर्फ भूरा पुत्र हकीमू ने लाठी–डंडों व तेजधारदार हथियारों से लैस होकर महिलओं सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को साथ लेकर इरशाद पुत्र अलीहसन के मकान पर धावा बोल दिया था और जाते ही गली–गलौच कर मारपीट शुरू कर दी थी,जिसमें दो महिलओं सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस

खूनी संघर्ष के बाद गाँव में अफरा–तफरी मच गई थी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुँच गया था और घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया था। घटना के संबन्ध में इरशाद ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी तासिम उर्फ भूरा,आवेश,उसामा, जावेद, सावेज, जाकिर, जाबिर, दाऊद, साबिर,यमीन.जरीना,फरजाना,आस. मोहम्मद,भुल्ली,राणों,मोबीना व सद्दाम समेत 17 लोग नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया है। अभी भी 15 नामजद फरार है।फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

डिवाइडर पर पुताई का कार्य हुआ शुरु

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना।पालिका प्रशासन की ओर से लगातार शहर को चमकाने के कार्य चल रहा है डिवाइडर पर लगे पोल पर जहां रंग बिरंगी लड़ियाँ आकर्षण का केंद्र बनी हैं वहीं पुताई का कार्य भी शुरू कर दिया गया है,जिससे भव्यता में इजाफा होगा। पालिका प्रशासन की ओर से कांवड़ यात्रा को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कहीं कोई कमी बेशी न रहे इसके लिए निरन्तर भृमण कर व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है। उधर डिवाइडर की खूबसूरती बढाने के लिए रंगरोगन का काम शुरू कर दिया गया है,जिससे भव्यता को और बढ़ाया जा सके। ईओ अरोड़ा ने डिवाइडर की पुताई के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ताकि मार्ग से गुजरने वाले कांवड़ियों कोई समस्या न हो।

शिक्षा के अभाव के कारण पासी समाज अपने ही समाज का विरोध कर रहा है - नवीन भारती नालंदा बिहार

ओंकार नाथ चौधरी

बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया

बलरामपुर, लखनऊ, उन्नाव,श्रावस्ती,प्रतापगढ़,सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया। श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि साथियों हम लोग को अपने समाज के साथियों को एक साथ जोड़ने की भी जरूरत है।

नवीन भारती नालंदा बिहार ने कहा कि हमारे समाज के लोगों में आपसी भेदभाव एवं भाईचारा की कमी की होने के कारण एकजुट नहीं हो पा रहे हैं । श्री राम कुमार पासी जबलपुर ने कहा कि सभी समाज का एक पार्टी है परंतु हमारे पासी समाज का कोई एक पार्टी ना होने के कारण हम अनेक में बंटने के कारण हम आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं हम सबको एक पार्टी एक बैनर के नीचे आना जरूरी है

श्री रामहित भारती प्रयागराज जी ने कहा कि पासी समाज किसी भी दल या पार्टी में रहे परंतु समय आने पर समाज के किसी भी व्यक्ति पर कोई मुसीबत आती है तो उसे साथ जरूर दें।

श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि हमारे समाज का भी एक विचारधारा होना चाहिए और हमें अपने समाज के लोगों के गरीबों अनाथ और अपनी स्वजाति बंधुओं का मदद करने में हरदम तैयार होना चाहिए ।अशोक महतो दरभंगा बिहार ने कहा कि हमारा समाज एक संगठन के साथ नहीं होने के कारण हम अलग–अलग संगठनों में बंटने के कारण हम आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं और विकास करने में बाधा हो रही है पासी समाज में शिक्षा की भी कमी है

इस कार्यक्रम में श्री राजेश सिंह प्रयागराज,श्री बालकराम जी हरदोई श्री रामकुमार पासी जबलपुर,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री नवीन



भारती नालंदा विहार से श्री रामहित भारती प्रयागराज , श्री अशोक कुमार महतो दरभंगा बिहार श्री रमेश महतो नालंदा बिहार आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

तीन दिन पहले दुर्घटना में घायल जलालाबाद के युवक की मेरठ के हायर सेंटर में उपचार के दौरान मौत होने पर स्वजनों में कोहराम मच गया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

सुबह में शव को गमगीन माहौल में सुपर्द ए खाक किया गया।

कस्बे के मोहल्ला मोहम्मदीगंज निवासी नदीम अहमद पुत्र इनामुल्ला तीन दिन पूर्व बाइक पर सवार होकर रात्रि में घर वापस लौट रहा था। जब वह थाना भवन के बजाज शुगर मिल के सामने दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर पहुंचा, तो सामने से बेसहारा पशु से बाइक की टक्कर होने पर युवक गंभीर घायल हो गया। रात्रि में गंभीर अवस्था में मेरठ के निजी हायर सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा था। शुक्रवार देर रात्रि में घायल युवक की उपचार दौरान मौत होने पर स्वजनों में कोहराम मच गया। शनिवार सुबह में शव स्थानीय कब्रिस्तान में सुपर्द ए खाक किया गया।

संक्षिप्त समाचार

दो युवक तेजधारदार हथियार के साथ गिरफ्तार

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दो युवकों को तेजधार हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है शनिवार को पुलिस टीम गश्त पर थी कि इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि नगर के जहानपुरा रोड पर दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से तेजधारदार हथियार दो अवैध चाकू बरामद हुए। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम आरिफ पुत्र इस्लाम व साहिल पुत्र वसीम निवासीगण मोहल्ला आलकलां बताए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में दोनों को जेल भेज दिया है।

शान्तिभंग में नौ गिरफ्तार

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस ने अलग–अलग स्थान से नौ लोगों को शान्तिभंग में गिरफ्तार कर चालानी कार्यवाही उपरांत उन्हें सक्षम न्यायालय में पेश किया शनिवार को पुलिस ने अलग–अलग जगहों से नौ लोगों को शान्तिभंग में गिरफ्तार किया है।

जावेद पुत्र इकबाल,गफ्फार पुत्र इरफान,वसीम उर्फ काला व अफसार पुत्रगण नसीम को आपस मे झगड़ते समय मोहम्मदपुर राई से पकड़ा गया है। वहीं तसव्वर, शोयब पुत्रगण गय्यूर, सचिन व सुशील पुत्रगण ब्रजपाल निवासीगण अलीपुर व मुंशाद उर्फ भूरा पुत्र असगर निवासी भूरा को मुकदमेबाजी में झगड़ते समय शान्तिभंग में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी को चालानी कार्यवाही उपरांत सक्षम न्यायालय उपजिलामजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया है।

अकबरपुर सुन्हेटी प्रकरण में दो गिरफ्तार

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए खूनी संघर्ष प्रकरण में नामजद मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेजा है।

शुक्रवार की देर रात्रि पँचायती कुंए की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर उपजे खूनी संघर्ष प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी तासिम उर्फ भूरा व आस मोहम्मद पुत्र जाकिर निवासीगण गाँव अकबरपुर सुन्हेटी को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि देर रात्रि तासिम ने डेढ़ दर्जन लोगों को साथ लेकर इरशाद के मकान पर धावा बोल दिया था और गाली गलौच कर मारपीट करते हुए महिलाओं सहित आधा दर्जन को घायल कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित इरशाद की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में 17 नामजद व पाँच अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अभी भी 15 नामजद फरार है।फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

आज होगा कांवड़ शिविर का शुभारंभ

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ियों की सेवा के लिए 22 वें विशाल शिविर एंव भंडारे का शुभारंभ एसडीएम कैराना द्वारा किया जएगा कांवड़ सेवा शिविर संस्था के पदाधिकारी राकेश गर्ग आशु ने बताया कि नगर के मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग पर स्थित पब्लिक इंटर कॉलिज में 22 वें विशाल शिविर एंव भंडारे के आयोजन का शुभारंभ उपजिलाधिकरी कैराना शिवप्रकाश यादव द्वारा कल (आज)फीता काटकर किया जाएगा। उन्हों बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारी संस्था द्वारा कांवड़ियों के ठहरने, जलपान व स्वच्छ जल निःशुल्क व्यवस्था की गई है। शिविर पर तीसरी आंख का पहरा रहेगा,जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके।

कांवड़ मार्ग से पचास मीटर विधुत केबिल व बल्ब चोरी

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ मर्ग की सुरक्षा में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने पचास मीटर विधुत केबिल व बल्ब चुराए।पुलिस जांच में जुटी। शुक्रवार की देर रात्रि अचानक कांवड़ मार्ग पर अँधेरा छा गया। इसी दौरान खण्ड विकास अधिकारी कैराना जितेंद्र मिश्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचकर जांच की तो मौके से लगभग 50 मीटर विधुत केबिल कटा मिला। साथ ही दर्जनभर बल्ब भी नहीं मिले,जिन्हें अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तुरन्त यमुना ब्रिज चौकी इंचार्ज राहुल सिसौदिया को दी गई और विधुत केबिल की व्यवस्था कराकर विधुत आपूर्ति को सुचारू कराया। चोरी की घटना से कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा की पोल खुल गई है। बेखौफ चोर आसानी से विधुत केबिल व बल्ब चुरा ले गए और पुलिस को कानों कान भी भनक नहीं लगी।

पड़ोसी पर हजारों की नकदी व आभूषण चुराने का आरोप

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। महिला ने पड़ोसी युवक पर जंगले के रास्ते घर में घुसकर पच्चीस हजार की नकदी व आभूषण चुराने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली पर तहरीर देते हुए ब्लॉक कालोनी निवासी पीड़िता महिला ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि वह अपने बच्चों के साथ मकान की छत पर सोई हुई थी कि इसी दौरान पड़ोसी सचिन पुत्र गुड्डू जंगला उखाड़कर उनके मकान में घुस गया और अलमारी में रखी पच्चीस हजार की नकदी व कीमती आभूषण चुरा लिए। पीड़िता ने घटना के संबंध में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताया जाता है कि इससे पूर्व भी इसी मकान से अज्ञात चोर बकरा चोरी करके ले गए थे,जिसके संबन्ध में पुलिस को तहरीर भी दी थी,लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

बकरा चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस ने बकरे चोरी के घटना का चंद घण्टों के भीतर ही पटाक्षेप कर चोरी के बकरे सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है शुक्रवार को क्षेत्र के गाँव मवी से दिन दहाड़े अज्ञात चोरों ने बकरा चोरी कर लिया था और सफलतापूर्वक मौके से फरार हो गए थे। घटना के संबंध में मवी निवासी इदरीस पुत्र सलाहुद्दीन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने फुरकान व परवेज निवासीगण गाँव रमाडा को चोरी के बकरे सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है।

पैसे मांगने पर की मारपीट, घायल

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। भैंस खरीद के बकाया पैसे मांगने पर दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित को।मारपीट कर घायल कर दिया। शनिवार को कोतवाली पर तहरीर देते हुए मोहल्ला दरबारखुर्द रेतेवाला निवासी हाशिम पुत्र वकाज ने बताया कि तीन माह पूर्व मोहल्ले का ही हाशिम पुत्र सलीम बयालीस हजार रूपयों में सौदा तय करके भैंस ले गया था और 15 दिन में नकदी देने का वादा किया था।आरोप है कि पैसों का तकाजा करने पर उपरोक्त दबंग लगातार टाल मटोल करता आ रहा है। आज जैसे ही पैसों का तकाजा किया तो दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए पीड़ित को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

पीलीभीत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड एवं साबुन वितरण किया

पीलीभीत पूरनपुर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पूरनपुर तथा रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स ने संयुक्त रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में जाकर महिलाओं के लिए सेनेटरी

पैड एवं साबुन का वितरण किया संस्था के आजीवन सदस्य तथा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिकेत तथा मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रियंका चतुर्वेदी के द्वारा वहां उपस्थित महिलाओं को सेनेटरी पैड एवं साबुन का वितरण किया गया।

डॉ प्रियंका चतुर्वेदी ने महिलाओं को साफ सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की सभी महिलाओं को साफ सफाई ना करने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया एवं सबको साफ सफाई के महत्व को समझाया रेड क्रॉस सोसाइटी की महिला सदस्य श्वेता गुप्ता कथा आरती मिश्रा ने भी साफ सफाई के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान की इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया शेखर ठाकुर श्वेता गुप्ता आरती मिश्रा समीर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ मौजूद रहे।

केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच के महामंत्री उत्तर प्रदेश पद पर मनोनीत किया

अमरोहा उत्तर प्रदेश निवासी सुहेल खान को केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच सस्थान के महामंत्री उत्तर प्रदेश पद पर मनोनीत किया है।

एवं जांच संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सुहेल खान को पद की मुबारकबाद दी। उधर अमरोहा पहुंचने पर सुहेल खान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने सुहेल खान से कहा है कि केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान आपसे अपेक्षा रखता है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण के अनुपालन भारत की जनशक्ति को लामबंद करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान करते रहेंगे एवं नियुक्ति से 1 माह के भीतर अपने द्वारा किए गए संगठन के कार्य को प्रधान करने का कष्ट करेंगे। सुहेल खान का महामंत्री पद पर नियुक्ति होने पर लखनऊ में शानदार स्वागत किया गया केंद्रीय लोक शिकायत शुभचिंतकों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया सुहेल खान ने हमारे पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है मैं उस पर मेहनत और लगन से कार्य करूंगा भविष्य में भी कभी भी शिकायत का मौका नहीं दूंगा जनता के लिए मेरे द्वार 24 घंटे खुले हैं पीड़ित व्यक्ति जब चाहे जब मेरे पास आ सकता है में उसकी सेवा के लिए हर समय उपस्थित रहूंगा। सुहेल खान के निवास स्थान पर बधाई देने वालों सिलसिला जारी है।

देवरिया से सपा प्रत्याशी रहे अजय प्रताप सिंह पिंटू गए जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया जमानत के लिए शुक्रवार को न्यायालय में हाजिर हुए सपा प्रत्याशी रहे अजय प्रताप सिंह पिण्टू, उनके भाई और भतीजे की याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने जेल भेज दिया। विधानसभा चुनाव के दौरान बीते 2 मार्च को गौरीबाजार के करमाजीतपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों से हुए विवाद के मामले में इन पर हत्या के प्रयास व डकैती समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था। तभी से ये फरार चल रहे थे। पुलिस ने इन पर 25–25 हजार रुपए इनाम भी घोषित किया था।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार मिश्र ने बताया मामले में फरार चल रहे अजय प्रताप सिंह पिटू, श्रीप्रकाश सिंह पुत्रगण स्व.जन्मेजय सिंह और ज्ञान प्रकाश सिंह पुत्र श्रीप्रकाश सिंह निवासीगण देवगांव ने शुक्रवार को सीजेएम न्यायालय में समर्पण किया। सीजेएम ने इनके जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। इसके बाद तीनों ने नियमित जमानत याचिका जिला एवं सत्र न्यायधीश की अदालत में दाखिल किया तथा इसके साथ ही अंतरिम जमानत का प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए प्रभारी जिला जज इंदिरा सिंह ने तीनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। इस मामले में नियमित जमानत याचिका पर 18 जुलाई को सुनवाई होगी।

यह है पूरा मामला:

करमाजीतपुर के रहने वाले अशोक निषाद के घर 2 मार्च की रात मंदिर में प्रतिमा स्थापना के बाद भण्डारे का आयोजन था। कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा व सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी बुलाया था। देर रात भोज में पहुंचे भाजपा व सपा कार्यकर्ताओं के बीच वहां जमकर मारपीट व बवाल हुआ। इस मामले में गोरखपुर जनपद के राजेंद्र नगर पश्चिमी गोरखनाथ के रहने वाले आशुतोष ओझा की तहरीर पर पुलिस ने देवरिया सदर सीट से तत्कालीन सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिटू, श्रीप्रकाश सिंह पुत्रगण स्व. जन्मेजय सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह पुत्र श्रीप्रकाश सिंह निवासीगण देवगांव, पिटू यादव, हर्ष शर्मा, रघुराज प्रताप, राजू सिंह सैंथवार, धनेश यादव व अज्ञात के खिलाफ डकैती, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद से ही सभी नामजद आरोपी घर छोड़ कर फरार हो गए थे। इस पर पुलिस ने 14 अप्रैल 2022 को आठों नामजद आरोपियों पर 25–25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इनाम घोषित होने के बाद पुलिस ने इस मामले में चार अज्ञात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

मामले में सदर विधायक पर भी दर्ज हो चुका है केस:

इस मामले में देवरिया सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी समेत 10 अन्य पर भी कोर्ट के निर्देश पर केस दर्ज हो चुका है। पूर्व विधायक स्व. जन्मेजय सिंह के बेटे और सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिण्टू के भाई श्रीप्रकाश सिंह ने भाजपा प्रत्याशी शलभ मणि त्रिपाठी समेत 10 के खिलाफ आरोप लगाते हुए गौरीबाजार पुलिस को तहरीर दी थी। थाने में मुकदमा दर्ज नहीं होने पर एसीजेएम कोर्ट में गुहार लगाई। एसीजेएम ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए गौरीबाजार पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवचेना करने का निर्देश दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, मयंक ओझा, सुनील ओझा, सिद्धार्थ ओझा पुत्रगण सुधाकर ओझा निवासी राजेन्द्र नगर गोरखनाथ जिला गोरखपुर, मुकेश शर्मा निवासी राजेन्द्र नगर थाना गोरखनाथ गोरखपुर, सर्वेश मिश्र निवासी मीरपुर, अतरौलिया आजमगढ़, कमलेश मिश्र निवासी जानकीपुरम लखनऊ, संजय केडिया निवासी कोतवाली रोड, रजिस्ट्री कार्यालय, प्रमोद सिंह निवासी कोड़ा थाना बरहज और महर्षि मणि त्रिपाठी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

गौरीबाजार पुलिस ने करमाजीतपुर कांड में में 10 मई को भवनाथ यादव निवासी मठिया माफी थाना गौरीबाजार, संजय यादव निवासी गौरी खुर्द थाना गौरीबाजार, संजीव यादव उर्फ संदीप निवासी सोपरी थाना गौरीबाजार और भरत यादव निवासी करमाजीतपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

वृद्ध अनुभवों की खान, हो सामाजिक उपयोग: डीएम

डीएम ने की वृद्धों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया ' जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में वृद्धों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वृद्ध सामाजिक धरोहर एवं अनुभव की खान है। उनके अनुभवों का लाभ पूरे समाज को मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के तहत जनपद में मेहड़ा पुरवा में वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा। यहाँ रहने वाले वृद्धों का सामाजिक उपयोग होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्ध एकाकी जीवन व्यतीत न करें। उनकी रुचि एवं हुनर के अनुसार गायन, लेखन, वादन एवं बागवानी के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। वृद्धों को जनपद के विद्यालयों, धार्मिक एवं सामाजिक उपादेयता बढ़ाने की योजना बनाई जाए। वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों के मानसिक स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा

जाए और मनोवैज्ञानिक समय–समय पर शिविर आयोजित कर उनके मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखे। वृद्धों के बारे में स्कूलों एवं कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए। बेघर एवं अपनों के बेरुखी झेल रहे वृद्धों को वृद्धाश्रम पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में लब्ध प्रतिष्ठित डॉक्टर का मेडिकल कैंप आयोजित कर वृद्धों के स्वास्थ्य की नियमित जांच भी कराई जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को वृद्ध आश्रम का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही समिति को माह में तीन बार वृद्ध आश्रम का निरीक्षण कर वहां मिल रही सुविधा की जांच करने के लिए आदेशित किया है।

पीलीभीत सम्पूर्ण समाधान दिवस में 27 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये तथा मौक पर 06 का हुआ निस्तारण

पीलीभीत जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 27 शिकायती प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुये।

जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। आज श्रीमती आरती विश्वास निवासी ग्राम नगरिया अमरिया को जिलाधिकारी द्वारा राशन कार्ड प्रदान किया गया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी–अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो

तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये।

तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी अमरिया, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी व तहसीलदार अमरिया, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

दोस्तो के बीच भाजपा नेता ने मनाया अपना 25वां जन्मदिन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा नूरपुर। शुक्रवार को नगर के इण्डियन रेस्टोरेंट मे भाजपा नेता फहीम अंसारी ने जन्म दिवस के अवसर पर अपने दोस्तों व शुभचिंतको के बीच पांच किलोग्राम का केक काटकर जन्मदिन मनाया। जिससे दोस्तो व शुभचिंतको में काफी उत्साह देखने को मिला।इस दौरान जन्मदिन समारोह मे उनकी लम्बी आयु की कामना की।शुक्रवार को नगर के ग्राम सुजातपुर टीकर निवासी भाजपा नेता फहीम अंसारी ने अपना 25 वा जन्मदिन धूमधाम से मनाया।कार्यक्रम मे नगर के भाजपा पदाधिकारी व सामाजिक

राजनीतिक के साथ साथ उनके शुभचिंतको ने केक काटकर व एक दूसरे को खिलाकर भाजपा नेता फहीम अंसारी शुभकामनाए व बधाई दी।व उनके लम्बी आयु की कामना की।भाजपा नेता फहीम अंसारी ने कहा कि वह 25 वा जन्मदिन अपने दोस्तो शुभचिंतको व नगर के पदाधिकारियो के बीच अपना जन्मदिन मनाने का जो सौभाग्य मिला है ये मेरे जीवन काल में बेहद खुशी का क्षण है। इस मौके पर नगर मंत्री भाजपा संजीव गुर्जर, आईटी सह संयोजक भाजपा राजन सिराधना गुज्जर, युवा भाजपा नेता रोबिन सिराधना गुज्जर, विवेक जौशी, जीशान अंसारी,रऊफ अंसारी,अरबाज अंसारी, एडिटर जिशान अंसारी, दानिश अंसारी,आदिल अंसारी, फैजान अंसारी,वसीम अंसारी, जुनैद अंसारी, नवेद अंसारी, जैद अंसारी, साहिल मंसूरी ,अरबाज मंसूरी, फहद मंसूरी परवेज सैफी, मौ. वाजीद शैख, जिशान मलिक, सादाब मलिक, सुहेब मलिक मौ. कैफ, गुलफाम राजा ,हैदर राजा,आदि लोग मौजूद रहे!

भतीजे ने चाची को बुरी नियत से दबोचा, कामयाब ना होने पर की गला काट कर हत्या

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी प नगीना जनपद बिजनौर के थाना नगीना देहात के गांव सत्तारवाला में एक 62 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर की हत्या कर दी गयी थी सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें रवाना कर दी थी। जिसमें आज पुलिस ने कामयाबी हासिल कर ली है। और हत्यारे को गिरफ्तार करके जेल भेजने की कवायद शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के थाना नगीना देहात के गांव सत्तारवाला में एक 62 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर की हत्या कर दी गयी थी इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें रवाना कर दी थी। जिसमें आज पुलिस ने कामयाबी हासिल कर ली है। जिसमे एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए बताया की वाजिद गांव सत्तारवाला थाना नगीना देहात का रहने वाला है।जो नशे का आदी है वाजिद की पत्नी लगभग 5 माह पूर्व वाजिद को छोड़ कर चली गई थी। जिसके बाद वाजिद लगातार नशे की ओर बढ़ता गया वही कल रात वाजिद अपनी छत पर सोया हुआ था सोते समय वाजिद के मन में हैवानियत आई और अपनी पड़ोसी चाची के घर में छलांग लगा दी और उसको बुरी नीयत से दबोच लिया वाजिद की चाची हाजरा ने जब इसका विरोध

किया तो वाजिद ने धारदार हथियार से अपनी चाची हाजरा का गला काट दिया और घटना को अंजाम देकर फरार हो गया सुबह होते ही मोहल्ले में वारदात से सनसनी फैल गई सूचना पर बिजनौर सरकारी अमला मौके पर पहुंचा और आला अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया हत्या की वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया था।जिसमें आज बिजनौर स्वाट टीम व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन भी आरोपी को त्रिलोकवाला तिराहे से गिरफ्तार और वाजिद के पास से जंगल में छुपाया गया छूरा भी बरामद कर लिया गया है।

संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में डीएम ने की जनसुवाई

- 62 प्रकरणों में 04 का हुआ निराकरण
- जनसमस्याओं का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारणः डीएम

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने देवरिया सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जन्म समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान 62 प्रकरण आये जिनमें से 04 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण

कर दिया गया। प्राप्त प्रकरणों में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 29, पुलिस विभाग के 18 तथा शेष प्रकरण अन्य विभाग से संबंधित थे।

गंभीरपुर मालीबारी निवासी रामस्नेही प्रसाद ने दबंगों द्वारा जल निकासी का पाइप उखाड़ने की शिकायत रखी और कहा कि इस वजह से घर से जल निकासी बाधित हो गई है। डीएम ने कानूनगो और एसओ को मौके पर जाकर प्रकरण के निस्तारण का निर्देश दिया। परसिया अहीर निवासी बबलू गौड़ ने पट्टे की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की। जिसपर डीएम ने तहसीलदार तथा थानाध्यक्ष कोतवाली की अध्यक्षता में क्विक रिस्पांस टीम का गठन कर आज प्रकरण का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। रामपुर कारखाना के ग्राम खंडे छपेर निवासिनी देवंती देवी एवं दुर्गावती देवी ने छप्पर के मकान एवं भूमिधरी में बिना किसी अधिकार के दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की। डीएम ने नायब तहसीलदार तथा एसओ को मौके पर जाकर दूसरे पक्ष को भी सुनने तथा नियमानुसार कार्यवाही का निर्देश दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रभारी सीएमओ डॉ सुरेंद्र सिंह, एसडीएम सौरभ सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, डीपीआरओ अविनाश कुमार, डीपीओ कृष्णकांत राय, बीएसए हरिश्चंद्र नाथ, तहसीलदार आनन्द नायक, अधिशासी अभियंता जल निगम अखिलेश आनंद सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण उपस्थित थे।

- संपूर्ण समाधान दिवस पर बना 8 दिव्यांग प्रमाण पत्र, 14 यूडीआईडी जनरेट

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के

निर्देशानुसार आज संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन हुआ। कैम्प का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने किया। इस दौरान 14 यूनिक डिसेबिलिटी आइडेंटिटी कार्ड (यूडीआईडी) जनरेट हुए तथा 8 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र मौके पर बना कर दिया गया। यूडीआईडी कार्ड पाने वाले अंगद तिवारी ने कहा कि वे इसके लिए पिछले कई दिनों से प्रयासरत थे। आज तहसील दिवस पर वो काम मिनटों में हो गया जो महीनों में नहीं हो पाया था। दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले सच्चिदानंद वर्मा ने इस पहल के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में प्रमाणपत्र बनवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन अब जिलाधिकारी की इस नई पहल के बाद दिव्यांगजनों को अनावश्यक जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा, वे अपनी–अपनी तहसीलों में दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवा सकते हैं। विशेष कैम्प में 5 वर्षीय कृष्णा पांडेय, करन शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, संगीता देवी, दयाशंकर चौहान, गीता सिंह, जय प्रकाश सैनी तथा सेराज अंसारी का यूडीआईडी एवं प्रमाणपत्र बना।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए डीएम की अध्यक्षता वाले समस्त संपूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में यूडीआईडी के साथ मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणपत्र भी मौके पर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने समस्त दिव्यांगजनों से इस कैम्प का लाभ उठाने का अनुरोध किया। इस दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ सुरेंद्र सिंह, डीपीओधजिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी कृष्णकांत राय, डॉ एसके सिंह, डॉ इनायत हुसैन, श्यामकरन गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

- तहसील परिसर में विशेष कोविड वैक्सीनेशन सत्र का हुआ आयोजन

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश के क्रम में संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में 18 वर्ष से अधिक आयु के अधिकारियों, कर्मचारियों व तहसील अधिवक्ताओं को प्रिकॉशन डोज देने के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्रिकॉशन वैक्सीन लगवाई।

महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति रहें सजग:- न्यायाधीश इशरत परवीन फारुकी

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

'देवरिया ' आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति वन स्टाप सेण्टर में आमजनमानस को जागरूक व औचक निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया न्यायाधीश इशरत परवीन फारूकी द्वारा बताया गया कि महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारें में कहा कि उन्हें स्वतंत्रता और समानता का अधिकार, नारी की गरिमा का अधिकार, घरेलू हिंसा का कानून, दहेज निवारक कानून, नौकरीध्व्यवसाय करने का अधिकार, प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार एवं संपत्ति का अधिकार जैसे अनेकों अधिकार प्राप्त हैं। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ–सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने जिला बाल कल्याण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी व महिला शक्ति केन्द्र की डिस्ट्रिक कोऑडिनेटर मनसा सिंह को निर्देशित करते कहा कि महिला एवं बच्चों जिनकों विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें।

उन्होंने बताया कि बालिकाओं के साथ भेदभाव एक महत्वपूर्ण समस्या हैं जो शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि में असमानता जैसे कई क्षेत्रों में फैली हुई हैं।

उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को दीवानी न्यायालय परिसर मे आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे मामलें जो पति–पत्नी से संबंधित हो तथा जिसमें किसी तरह का विवाद हो गया हो और उसमें दोनों पक्ष मामले का निस्तारण

कराना चाहते हैं तो वह अपने द्वारा एक प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में प्रस्तुत कर अपने मामलें का निस्तारण करा सकते हैं।

जिला बाल कल्याण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी द्वारा शासन के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा विधिक सेवाये क्या है, लाभ, तथा पात्रता व सूचना का अधिकार अधिनियम मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र एवं अन्य कानूनों के बारें में जानकारियां दी गयी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला बाल कल्याण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, महिला थानाध्यक्ष अर्चना सिंह, उप निरीक्षक संजय सिंह, केन्द्र प्रबन्धक वन स्टाप सेण्टर नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, महिला शक्ति केन्द्र की डिस्ट्रिक कोऑडिनेटर मनसा सिंह, चादॅनी, दीक्षा, पूजा वन्दना, प्रीति, व इत्यादि कर्मचारीगण तथा आमजनमानस उपस्थित रहें।

संक्षिप्त समाचार

अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने छात्रछात्राओं को ऐथिक्स, निबन्ध एवं सामान्य अध्ययन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी

पीलीभीत मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में यू.पी.एस.सी./ यू.पी.पी.एस.सी./जे.ई.ई./ एन.ई.ई.टी./ यू.पी.एस.एस.सी./एस.एस.सी. जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों हेतु निःशुल्क कक्षाओं का संचालन ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कॉलेज में शिक्षकोंध्अधिकारियों का गठित पैनल के द्वारा नियमित कक्षाऐं संचालित की जा रही है। इसी क्रम में आज शनिवार को तहसील दिवस से पूर्व जिलाधिकारी श्री पुलकित खरे द्वारा प्रातः 8:30 बजे से 10:00 के मध्य सिविल सेवा परीक्षा हेतु ऐथिक्स, निबन्ध एवं सामान्य अध्ययन विषयों के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पढ़ाया गया।

इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि परीक्षा की अच्छी तैयारी हेतु प्रत्येक माह लक्ष्य बना का तैयारी करें और प्रत्येक विषय को समान समय निर्धारित करते हुए टाइम टेबल से पढ़ाई करें तथा जो विशेष कमजोर लग रहे हो उस पर विशेष ध्यान देते हुए तैयारी करें उन्होंने कहा कि जो समय निर्धारित करें उसका अनुपालन अवश्य करें। उत्तर लेखन का कार्य सप्ताह में कम से कम दो दिन अवश्य करें। उत्तर लेखन में समय सीमा का ध्यान रखते हुये वितग वर्षों में पूछे गये प्रश्नों पर लिखने का प्रयास करें। इस दौरान बच्चों द्वारा भी विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासा एवं प्रश्नों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से चर्चा की गई।

जीवन रक्षक पदक श्रंखला पुरस्कार-2022 के लिये नामांकन किये जाने की अपेक्षा

पीलीभीत। गृह मंत्रालय द्वारा विकसित केन्द्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल www.awards.gov.in पर जीवन रक्षक पदक श्रंखला पुरस्कार–2022 के लिये नामांकन किये जाने की अपेक्षा गई। उक्त पत्र का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रभारी अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता बाढ खण्ड पूरनपुर/सिंचाई को निर्देशित किया गया है कि उक्त पोर्टल पर नामांकन कराया सूचना उपलब्ध करायें। जीवन रक्षक पदक श्रंखला को तीन श्रेणियों में सर्वोत्तम जीवन रक्षक पदक, उत्तम जीवन रक्षक पदक व जीवन रक्षक पदक में बांटा गया है।

एक मुश्त शास्ति समाधान योजना

पीलीभीत। उ0प्र0 सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2020 या उसके पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के क्रम में कार्यालय उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र बरेली के पत्र के क्रम में रविवार अवकाश दिनांक 17.07.2022 को सामान्य कार्य दिवसों की भांति कार्यालय खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 17.07.2022 को समान्य कार्य दिवस की भांति (लाइसेंस सम्बन्धी कार्यों को छोडकर) बकाया की धनराशि जमा कराने कार्यालय आने वाले आवेदकों को एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के अन्तर्गत बकाया कर की शास्ति में शत प्रतिशत छूट प्रदान करते हुए बकाया जमा कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी। बकाया कर वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि अपने वाहन का बकाया कर उक्त दिनांक में जमा करा सकते हैं।

राशन वितरण की तिथि निर्धारित

पीलीभीत। समस्त राशनकार्ड धारकों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत माह जून 2022 के सापेक्ष आंवटित खाद्यान्न का वितरण दिनांक 03.07.2022 से 15.07.2022 के मध्य किया जाना था। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ0प्र0 लखनऊ के आदेश दिनांक 12.07.2022 द्वारा अन्तिम तिथि को दिनांक 20.07.2022 तक विस्तारित कर दिया गया है। अन्त्योदय राशनकार्ड धारकों को गेहूं 14 कि0ग्रा0, चावल 21 कि0ग्रा0, चीनी 03 कि0ग्रा0, नमक 01 कि0ग्रा0, चना 01 कि0ग्रा0 व रिफाइण्ड 01 ली0 पैकेट प्रतिकार्ड निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को गेहूं 02 कि0ग्रा0 प्रति यूनिट, चावल 03 कि0ग्रा0 प्रति यूनिट, 01 कि0ग्रा0 नमक, 01 कि0ग्रा0 चना व 01 ली0 सोयाबीन तेल प्रतिकार्ड निःशुल्क प्रदान किया जायेगा।

पीलीभीत पट्टा कराने के नाम पर लेखपाल ने ऐठे एक लाख

पीलीभीत पूरनपुर।आवासीय पट्टा कराने के नाम पर ग्राम प्रधान वाले पांडे ग्रामीण से 100000 की ठगी कर ली रुपए वापस मांगने पर अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर से सटे गांव नरायनपुर निवासी नन्हेलाल ने बताया कि वर्ष 2021 में तत्कालीन प्रधान एवं हल्का लेखपाल विकास मौर्य ने आवासीय पट्टे कराने के लिए एक लाख रुपये की मांग की।इस पर उसके पुत्र शिवपाल ने रुपयों की व्यवस्था कर पूर्व प्रधान व लेखपाल को दे दिए।जिसपे प्रस्ताव उसकी पत्नी व पुत्र शिवपाल के नाम प्रस्ताव हो सके लेकिन उसके बाद दोनों नाम खारिज कर दिए।जबकि गांव के अन्य लोगों के हक में आवासीय पट्टे आवंटित कर दिए।आरोप है कि दोनो ने उप जिलाधिकारी को धोखे से रखकर अनुमोदित करा लिए।जब पीड़ित ने अपने रुपए वापस मांगे इस पर दोनों टाल मटौल करने लगे।बार बार रुपये मांगने पर पीडित के साथ अभद्रता कर रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।पीडित को न ही आवासीय पट्टा मिला और न ही रुपये वापस किए। इस बार पीड़ित ने अपने आपको ठगा महसूस समझा।उसका आरोप है कि पूर्व प्रधान व लेखपाल ने धोखाधड़ी कर उसके रुपए ह

अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय बैठक का 23-24 जुलाई को आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।

- श्री कृष्ण की नगरी मैं आयोजित होगा वैश्यों का महाकुंभ
- अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की कार्यसमिति में भाग लेने वृंदावन आएंगे राज्यपाल और मुख्यमंत्री

मथुरा। आगामी 23–24 जुलाई को वृन्दावन के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में होने जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की कार्यसमिति में शामिल होने के लिए लिये प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीवेन पटेल तथा मुख्यमत्रीं आदित्यनाथ योगी को निमत्रंण पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल राष्ट्रीय सलाहकार व कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नन्दी व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक डा.नीरज वोरा द्वारा दिया गया है।इस संबंध में संगठन के प्रदेश महामंत्री भाजपा नेता रविकान्त गोयल ने बताया कि 23 जुलाई को संभवत राज्यपाल तथा 24 जुलाई को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं वही कार्यक्रम में करीब 25 विधायक व 5 मंत्री आएंगे। इनके अलावा 14 अलग अलग देशों के डेलीगेट भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगें जिसके लिये तैयारियां चल रही है। कार्यक्रम में देश विदेश से आने वाले

डेलीगेट को बृज की लोकप्रिय रासलीला की झांकियों के साथ साथ राया की प्रसिद्ध नफीरी व ढोल नगाड़े व मशहूर कलाकारों सहित तरह तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अभिभूत कराया जायेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल व जिला उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल कराहरी वालों ने बताया कि आयोजन अभूतपूर्व रहेगा।

मथुरा के बहुचर्चित तोले बाबा हत्याकांड में सात साल बाद कोर्ट का आया फैसला

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा।बहुचर्चित तोले बाबा हत्याकांड में आज कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। बता दें कि 28 फरवरी 2015 को दिनदहाड़े तुलसी उर्फ तोले चौबे की कोर्ट आते समय दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। डकैती और जैसे कई संगीन मुकदमे पहले से ही दर्ज थे। लंबी सुनवाई के बाद शनिवार को एडीजे प्रथम ने फैसला सुनाते हुए रंगा, बिल्ला, चीनी, नीरज और गुलगुला पहलवान को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

सात साल पहले हुए इस हत्याकांड में कोर्ट ने तमाम गवाहों और सबूतों के आधार पर अपना फैसला सुनाया है। रंगदारी और हत्याकांड के आरोपी रंगा, बिल्ला, चीनी, नीरज और गुलगुला पहलवान को अदालत ने दोषी करार दिया। एडीजे फर्स्ट की अदालत ने पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गया है।

बता दे मथुरा शहर कोतवाली क्षेत्र में 28 फरवरी 2015 को तुलसी उर्फ तोले चौबे उर्फ तोले बाबा के मुकदमे की पैरवी करने के लिए कोर्ट के लिए निकले थे। इसी बीच दिनदहाड़े बीच रास्ते में उनकी हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद पुलिस व्यवस्था पर तमाम सवाल उठाए गए थे। पुलिस ने हत्या के आरोप मथुरा के रहने वाले 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पांचों दोषियों पर हत्या, लूट, एडीजीसी राजू ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि तोले बाबा हत्याकांड में 5 आरोपियों को आजीवन कारावास साथ ही 10–10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

पीड़ित परिवार ने फैसले पर जताई संतुष्टि

इसी दौरान राकेश उर्फ रंगा की तरफ से ताबड़तोड़ गोली बारी की गई। तोले बाबा की पीठ में गोली लगी। घायल तोले बाबा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। चश्मदीद गवाहों के बयान के आधार पर इन लोगों को आजीवन कारावास और अर्थदंड दिया गया है।

उन्होंने बताया कि 148, 149, 302 धारा के तहत सजा दी गई है। 7 साल बाद आए फैसले पर पीड़ित परिवार ने संतुष्टि जताई है।

सार्वजनिक भूमि तालाब, चकरोड़ पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाये, चकरोड़, तालाब की पैमाइश कराकर कब्जा हटवाया जाये-जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 16 जुलाई, सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जन–शिकायतें सुनने के दौरान जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के सम्मुख जब रामनगर नि. रामेश्वर दयाल ने गाटा संख्या–1321 पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने, कीरतपुर नि. कौशलेन्द्र सिंह ने दबंगों द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा करने, नगला झाला नि. विपिन कुमार ने पट्टे

की भूमि पर दबंगों द्वारा किए गए कब्जे को हटवाने, नगला मुकुट नि. राजीव ने चकरोड पर किये गये अनाधिकृत कब्जे को हटवाने, सिकन्दरपुर निवासिनी गजाला ने विरासत दर्ज कराकर फर्द दिलाए जाने, नगला सुमेर नि. जगरूप सिंह ने पट्टे की भूमि की पैमाइश कराये जाने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिस पर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतें निरतंर मिल रही है, राजस्व, पुलिस विभाग के कर्मी शिकायतों के प्रभावी निस्तारण में लापरवाही बरत रहे हैं, जिस कारण बार–बार जबरन कब्जों की शिकायतें आ रही हैं, कुछ स्थानों पर आवंटित पट्टों पर पट्टेदार ही काबिज नहीं है जबकि आवंटित पट्टे पर आवंटी का कब्जा दिलाना सम्बन्धित लेखपाल की जिम्मेदारी है। उन्होने सचेत करते हुये कहा कि लेखपाल, राजस्व निरीक्षक सुनिश्चित करें कि आवंटित पट्टों पर पट्टेदार काबिज रहें, यदि किसी भी क्षेत्र में आवंटित पट्टे पर अनाधिकृत कब्जे की शिकायत मिली तो सम्बन्धित राजस्वकर्मी की जिम्मेदारी तयकर कार्यवाही होगी।

श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि इस दिवस पर प्राप्त शिकायतों का स्वयं संज्ञान लेकर निस्तारण करें, यथासभंव मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराया जाये यदि किसी समस्या का निधार्रित समयसीमा में निराकरण सम्भव न हो तो शिकायती पत्र पर टिप्पणी अंकित कर वापिस किया जाये, कोई भी शिकायती प्रार्थना पत्र किसी भी कार्यालय में अकारण लम्बित न रहे यदि किसी कार्यालय में निधार्रित समयसीमा के उपरांत कोई शिकायती प्रार्थना पत्र अनिस्तारित पाया गया तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि इस दिवस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं और इसकी मॉनीटरिंग भी शासन स्तर से की जा रही है, इसलिए सभी अधिकारी संवेदनशील रहकर संपूण समाधान दिवस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का व्यक्तिगत जिम्मेदारी मान निराकरण करें।

आज आयोजित सम्पूंण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में शिकायतकताओं ने जिलाधिकारी के सम्मुख 75 शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से अपनी व्यथा दज करायी, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निराकरण कर तत्काल फरियादी को राहत प्रदान की, शेष को सम्बन्धित अधिकारियों को पृष्ठाकित कर प्रभावी कार्यवाही के निदेश देते हुये कहा कि भूमि पर अनाधिकृत कब्जे से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर राजस्व, पुलिस की टीम मौके पर जाकर अनाधिकृत कब्जा करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कर अनाधिकृत कब्जा हटवाना सुनिश्चित करें। श्यामपुर नि. जसवंत सिंह ने खतौनी पर गलत आदेश अंकित किए जाने, दिवरोली निवासिनी मंजू देवी ने अन्त्योदय काड बनवाये जाने, नगला मनु नि. संजीव कुमार ने आवास दिलाए जाने, नगला आंध नि. राजरानी ने पक्की मेढ़बंदी कराए जाने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विजय पाल सिंह, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी एस. एन. मौर्य, परियोजना निदेशक के.के. सिंह, तहसीलदार सदर राज कुमार, उप कृषि निदेशक डी.वी.सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

दस्तक अभियान शुरू, घर-घर दस्तक देंगी आशा संचारी रोगों से बचाव के बताएंगी तरीके, जानेंगी सेहत का हाल

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।जनपद में दस्तक अभियान का आगाज शनिवार से हो गया, जो 31 जुलाई तक चलेगा द्य अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर दस्तक देंगी और मलेरिया, डेंगू, टीबी जैसे रोगों के लक्षण मिलने पर मरीजों की स्क्रीनिंग करेगीं। अगर किसी के घर के पास मच्छर पनप रहे हैं तो उसकी भी रिपोर्ट देंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शनिवार से दस्तक अभियान शुरू हो चुका है। आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों से उनकी सेहत का हाल पूछेंगी। यदि किसी में कोई लक्षण दिखता है तो उसकी स्क्रीनिंग करके जांच की जाएगी और जाँच में बीमारी की पुष्टि होने पर उपचार किया जाएगा।

जिला मलेरिया अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं का सुपरविजन करने के लिए एएनएम, हेल्थ सुपरवाइजर, बेसिक हेल्थ वर्कर्स को भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आशा घर–घर जाकर परिवार के लोगों से मलेरिया, टीबी, सर्दी, जुकाम व बुखार से संबंधित सवाल पूछेंगी। इसी के साथ वह यह भी जानकारी लेंगी की घर में कोई अति कुपोषित बच्चा तो नहीं है। अगर किसी में बीमारी के लक्षण मिलते है या कोई अति कुपोषित बच्चा मिलता है तो इसकी सूचना वह संबंधित ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को देंगी। संबंधित विभाग सूचना के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि अगर किसी घर के पास जल जमाव है तथा वहां पर लार्वा पैदा हो रहा है तो इसकी भी सूचना आशा देंगी। सूचना के बाद मलेरिया विभाग वहां का निरीक्षण कर जल निकासी, दवा के छिड़काव आदि की व्यवस्था संबंधित से कराएगा। अभियान की जिला स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा कर कमियों को दूर किया जाएगा। अगर किसी को

बुखार के लक्षण हों तो आशा कार्यकर्ता से छिपाए नहीं, बल्कि खुल कर बताएं। बुखार का समय से पता चल जाने से जांच कर सही दिशा में इलाज हो सकता है।संचारी रोगों से बचाव के लिए इनका रखें ध्यान घरों के आस–पास साफ–सफाई रखें मच्छर से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें स्वच्छ पेयजल ही इस्तेमाल करें ।

आस–पास जलजमाव ने होने दें व्यक्तिगत साफ–सफाई का ध्यान रखें।

नववर्ष मेला समिति का हुआ विसर्जन, सभी समिति पदाधिकारी हुए सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल से संस्कृत भारती के बृज प्रान्त

बैठक में जयप्रकाश शर्मा, नगर मथुरा में शुक्रवार को देर सायं आयोजित समीक्षा बैठक में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का हिंदू त्योहार जैसे नव दुर्गा पूजा, दशहरा, रामनवमी, होली, दीपावली, भारतीय नववर्ष जो कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता है या अन्य हिन्दू तीज–त्यौहार हैं। इनकी चर्चा अपने परिवार में बैठकर उसी दिन यदि हो जाएगी जिस दिन त्यौहार है तो वास्तव में आज जितनी भी अनिभिज्ञता अपने बच्चों में हमें दिखती होगी तो वास्तव में उसमें कमी आएगी।

मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने संचालन करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत यह हिन्दू नववर्ष मेला 21 वर्षों से चल रहा। कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल सर्राफ ने आय–व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। मेला समिति की ओर संगठन मंत्री नीलकंठ को दान स्वरूप को ग्यारह हजार का चेक दिया गया।

छैल बिहारी विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने परंपरानुसार नववर्ष मेला समिति के विसर्जन की घोषणा की और कहा कि अगले वर्ष परंपरानुसार पुनः मेला समिति का गठन किया जायेगा।

इससे पूर्व अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्रपट से समक्ष दीप प्रज्जलित किया गया। सभी समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया है। इस अवसर पर सहभोज भी हुआ।

बैठक का संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने किया। अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा, राजीव कृष्ण अग्रवाल, आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, डॉ० दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुभाष सैनी, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, रामदास चतुर्वेदी पार्षद, गंगाधर अरोड़ा, वृषभान गोस्वामी, प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख महावीर, ललिता अग्रवाल राष्ट्र सेविका समिति डॉ० संजय अग्रवाल, शिव कुमार शर्मा, तरुण नागर, समीर बंसल, विशाल रुहेला, राजीव पाठक, राजू यादव, अवधेश उपाध्याय, हेमन्त अग्रवाल पार्षद, डॉ० सीमा मिश्रा, डॉ० जमुना शर्मा, डॉ० रुचि अग्रवाल, लता अग्रवाल, डॉ० नीतू गोस्वामी, माधव पुलकित, सरदार राजेन्द्र पटेल पार्षद, राजेन्द्र सिंह होरा, रामवीर यादव, मयंक कक्कड़, महेंद्र दत्त आचार्य आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कोसी स्थित मंगला हस्पिटल व संचालक नरेश मंगला के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई और ना ही हास्पिटल पर कोई कार्यवाही हुई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।

मथुरा ध्कोसी। नरेश मंगला के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है और ना ही हॉस्पिटल के ऊपर स्वास्थ्य विभाग ने कोई भी कार्यवाही की है इससे पता चलता है कि मंगला हॉस्पिटल कोसी के संचालक कितने रसूखदार हैं कि उन पर कोसी पुलिस भी गिरफ्तारी करने से डरती है और स्वास्थ्य विभाग ऑफिस से भी नरेश मंगला के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है सूत्रों से पता चला है कि नरेश मंगला हॉस्पिटल का जो संचालक है काफी पावरफुल है कहता है कि मेरा कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता ऐसी खबरें तो चलती रहती हैं अखबारों में इन से कुछ नहीं होना और कोई ही फर्क नहीं पड़ने वाला है मैंने सिस्टम को अपने हाथों की मुट्ठी में बांध रखा है जो मामला है इस प्रकार है के दिनांक 2.11 .2021 को समय करीब 10रू20 बजे प्रातः को अपनी गर्भवती पत्नी श्रीमती जमुना देवी को डेंगू से बीमार होने पर मंगला हॉस्पिटल स्थित आर्य नगर कोसी स्थित के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया प्रार्थी की पत्नी को मंगला हॉस्पिटल ने करीब 9 दिन रखने के बाद दिनांक9.11.2021 को समय 1रू21 दोपहर को डिस्चार्ज कर दिया प्रार्थी ने मंगला हॉस्पिटल से इलाज के बिल प्राप्त किए तथा उन्हें बीमा भुगतान के लिए बिल कोरियर से आईवसी व आईवसी०आई० लॉमबार्ड बीमा कंपनी के ऑफिस हैदराबाद भेज दिए बीमा कार्यालय ने जांच कर प्रार्थी को बताया कि आपके बिल में जिस डॉक्टर दीप्ति मंगला के हस्ताक्षर वह मोहर सहित वो रजिस्ट्रेशन नंबर 2011/020262 है उसकी मृत्यु सन 2020 में हो चुकी है यह बिल आपको मंगला हॉस्पिटल के संचालक ने डॉक्टर दीप्ति मंगला के फर्जी हस्ताक्षर व रजिस्ट्रेशन नंबर व मोहर लगाकर फर्जी बिल दे दिए हैं प्रार्थी ने उक्त घटना मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश कुमार मंगला को बतायी व कहां कि आपने मेरे साथ धोखाधड़ी की है एवं कूट रचना करके आपने डॉ दीप्ति मंगला के हस्ताक्षर करके मुझे फर्जी बिल दे दिये हैं इस पर मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश कुमार मंगला ने गाली गलौज कर कहा के तुम पर जो करा जाए कर लेना मेरी ऊपर तक पहुंच है कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता हम अब तक ऐसे ही कार्य करते आए हैं और अगर तुमने कोई कानूनी कार्रवाई की यह पुलिस में शिकायत की तो हम तुझे छोड़ेंगे नहीं प्रार्थी ने मंगला हॉस्पिटल में से जो बिल प्राप्त किए थे 45610 रुपए का इलाज वह प्लेट लेटस जाँच बिल 22000 टोटल अमाउंट 67610 रुपए ठग लिए गए व फर्जी डॉक्टर के कारण वह गलत इलाज करने की वजह से प्रार्थी के शिशु की मृत्यु/ हत्या हो गई प्रार्थी की पत्नी जमुना देवी की जान भी बड़ी मुश्किल से बची थी जिस के इलाज में प्रार्थी का सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद में सवा लाख रुपए खर्च हो गया और काफी मानसिक व आर्थिक क्षति हुई और न्यायालय के आदेश के बाद थाना कोसी में मंगला हॉस्पिटल व संचालक के नाम जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है वह इस प्रकार है 302.420.467.468.471.504.506 विभिन्न धाराओं में मंगला हॉस्पिटल व संचालक नरेश कुमार मंगला के खिलाफ पंजीकृत कर लिया गया है देखना अब यह है कि मंगला हॉस्पिटल के संचालक नरेश मंगला के ऊपर कोसी पुलिस प्रशासन

गिरफ्तार करते हैं या नहीं और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाएगा या नहीं पीड़ित परिवार का कहना है मंगला हॉस्पिटल व संचालक नरेश मंगला के खिलाफ जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ हैं उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए और उसको सजा मिले व मंगला हॉस्पिटल को बंद कराया जाए असली न्याय तभी मिलेगा हमें।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ पा रहे कृषकों के भू-लेख का विवरण पी.एम. किसान पोर्टल पर 31 जुलाई तक प्रत्येक दशा में अपलोड किया जाये- जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 16 जुलाई, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बैठक में उप जिलाधिकारियों को आदेशित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन योजना का लाभ पाने वाले सभी कृषकों का भू–लेख विवरण प्रधानमंत्री किसान पोर्टल पर 31 जुलाई तक अपलोड होना है, इस कार्यक्रम की समीक्षा भारत सरकार द्वारा सीधे की जा रही है, यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण होना है, इस कार्य में किसी स्तर पर विलम्ब अक्षम्य होगा, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, करहल को कृषि विभाग द्वारा सूची उपलब्ध करायी जा चुकी है, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी तत्काल अपने लेखपालों के साथ बैठक कर प्रभावी कार्यवाही करें, डाटाबेस भरते समय उप जिलाधिकारी स्वयं देखें, किसी भी स्तर पर गलती की गुजांइश न रहे, सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि पात्र किसानों को योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर पात्रता के मानक के अनुसार कार्यवाही करने हेतु विभिन्न उपाय यथा आधार प्रमाणीकरण, पीएफएमएस पोर्टल पर लाभार्थियों के खातों का प्रमाणीकरण, आयकर

विभाग के सवर्र से आयकरदाताओं की पहचान तथा केन्द्र सरकार के कर्मियों एवं पेंशनर्स की पहचान आदि अपनाएं गऐ हैं, पात्र किसानों की पहचान, उसका सत्यापन तथा लाभार्थी कृषकों की सूची का निरतंर सुधार किया जाना आवश्यक है।

श्री सिंह ने कहा कि पी. एम. किसान के लाभार्थियों के सम्बन्ध में त्रुटिरहित विवरण अंकित करने से किसान डाटाबेस भी तैयार होगा, जिसका उपयोग भविष्य की अन्य योजनाओं में भी किया जा सकेगा। उन्होने कहा कि दि. 31 जुलाई 22 तक प्रत्येक लाभार्थी कृषक की भूमि का सत्यापन आवश्यक रूप से पी.एम. किसान पोर्टल पर कर लिया जाये, भारत सरकार द्वारा पी.एम. किसान का डाटा डाउनलोड करने तथा राजस्व विभाग द्वारा लाभार्थी की भूमि सम्बन्धी सूचना एक्सेल शीट पर अपलोड कर पी.एम. किसान पोर्टल पर अपलोड करने हेतु स्टेण्डड ऑपरेटर प्रोसीजर निगर्त किये गये हैं, जनपद स्तर पर कृषि निदेशक, राजस्व ग्रामवार निधार्रित प्रारूप पर समस्त लाभार्थियों का विवरण पोर्टल से निकालकर सम्बन्धित तहसील को हाडकॉपी में हस्तगत करेंगे। उन्होने बताया कि राजस्व कर्मी अपने–अपने सम्बन्धित राजस्व ग्राम में उपलब्ध करायी गयी सूची के अनुसार लाभार्थी का विवरण एक्सेल शीट पर दर्ज करें, इस कार्य का पर्यवेक्षण तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी द्वारा करते हुये सयमबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करे, राजस्व कर्मियों से प्राप्त सूचना को एक्सेल शीट पर निधार्रित प्रारूप पर भरने के पश्चात उसे तहसील लॉग–इन से अपलोड किया जाये, सत्यापन की कार्यवाही के दौरान मृतक कृषक अथवा भूमिहीन, अन्य कारणों से अपात्र पाये गये लाभार्थी का भी चिन्हीकरण अलग से इंगित किया जाये, ऐसे लाभार्थी के भविष्य के किश्त को रोकते हुये, पूव किश्तों की वसूली की कार्यवाही भी की जाये।

उन्होने कहा कि मृतक भूमिधर की वरासन के आधार पर नए भूमिधर किसानों के सिवाय 01.02.2019 से पूव के भूमिधर किसान ही योजना के पात्र है, इसके अतिरिक्त उच्चतम आय की श्रेणी के किसान भी योजना की पात्रता से बाहर रखे गये हैं, नए कृषकों की पहचान कर उनका पी.एम. किसान पोर्टल पर पंजीकरण कराने, अपात्र किसानों को चिन्हित कर उन्हें डिलीट करने एवं ई.–के.वाई.सी. का कार्य पूण करने तथा भूमि के विवरण सत्यापित करने की कार्यवाही की जाये। ई.–के.वाई.सी. की प्रगति की जानकारी करने पर उप कृषि निदेशक ने बताया कि तहसील भोगांव में 70 प्रतिशत, तहसील करहल में 65 प्रतिशत एवं तहसील सदर में 60 प्रतिशत किसानों की ई. –के.वाई.सी. का कार्य पूंण हो चुका है। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, परियोजना निदेशक डी. आर.डी.ए. के.के. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, करहल, किशनी, घिरोर, कुरावली, नवोदिता शर्मा, कुलदेव, सत्येन्द्र सिंह, राम नारायण, शिव नारायण, युगान्तर त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक डी.वी. सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा-दाना-चारा उपलब्ध रहे, संरक्षित पशुओं की उचित देखभाल हो, किसी भी गौ आश्रय स्थल में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो- अविनाश

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ/मैनपुरी 16 जुलाई, 2022– ग्रामीण क्षेत्र में संचालित गौ आश्रय स्थलों का सप्ताह में कम से कम 02 बार उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखें, नगरीय क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं का निरीक्षण अधिशासी अधिकारी नगर निकाय स्वयं मौके पर जाकर करें, संचालित गौ–आश्रय स्थलों के सभी अभिलेख अद्यावधिक रहें, गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, दाना, पशुओं हेतु दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, सोनाई में संचालित गौशाला पर विशेष नजर रखी जाए, वहां संरक्षित सभी गौवंशों का टीकाकरण कराया जाए, पशु चिकित्साधिकारी अपने अधीन प्रत्येक गौशाला में प्रतिदिन जाकर पशुओं की देखभाल करें, उप जिलाधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के पशु चिकित्सा केंद्रों की विस्तृत जांच करें, कितनी दवाएं उपलब्ध हुई और उसमें से कितनी दवाएं गौशालाओं को भेजी गईं, का मिलान कर 31 जुलाई तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, गौशालाओं में प्रतिदिन उपस्थिति के अनुसार ही भुगतान किया जाए, गौशालाओं के संचालन में किसी भी स्तर पर हेरा–फेरी न हो, पशुओं के चारे, दाने की किसी भी दशा में कटौती न की जाए।

बोलेरो ने सड़क पर बैठे वृद्ध को रौंदा, घटनास्थल पर तोड़ा दम

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी,भोगांव सड़क पर बैठे वृद्ध को बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से घायल वृद्ध को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद कोतवाली पहुंचे वृद्ध के पुत्र ने गांव के ही युवक पर टक्कर मारकर वृद्ध की हत्या करने का आरोप लगाया और पुलिस को तहरीर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

लेखपालो ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

- मैनपुरी,7 दिन में लेखपाल सम्मान निधि की कैसे करेंगे सत्यापन।
- लेखपाल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन पहले कार्य का अभी तक नहीं मिला मानदेय

बिछवा विकास खंड सुल्तानगंज के गांव तिसौली में तैनात लेखपाल रजनीश पांडे ने ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव के साथ मिलकर उप जिलाधिकारी कुरावली युगांतर त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा है ।साथ ही लेखपालो की समस्याओं के बारे में व पिछले बार किशान सम्मान निधि में किए गए कार्य का मानदेय दिलाए जाने के साथ ही विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है ।

लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष प्रदीप यादव व तहसील मंत्री रजनीश पांडे के साथ पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राकेश कुमार सुशील चंद्र रेखा ऋषि पाल विपिन कुमार आदि लोगों के साथ राम अवतार अन्य लोगों ने उप जिलाधिकारी कुरावली युगांतर त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पिछली बार किसान सम्मान निधि में लेखपालों द्वारा सत्यापन कराया गया था साथ ही किसान सम्मान निधि में कई कार्य कराए गए उनका अभी तक लेखपालों को मानदेय नहीं दिया गया ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने बताया कि लेखपालों के पास पहले से ही खसरा फीडिंग स्वामित्व योजना अंश निर्धारण के साथ आईजीआरएस तहसील दिवस के प्रार्थना पत्रों के अलावा विशेष कार्य रहते हैं साथी उस पर किसान सम्मान निधि का 7 दिनों सत्यापन में निस्तारण करा कर देना वेरिफिकेशन करना अपने आप में एक चुनौती है 7 दिनों में यह कार्य लेखपाल किस तरह पूरा कर सकेंगे जबकि एक लेखपाल के पास कई ग्राम पंचायत के साथ कार्यक्रम व सर्किल ग्राम पंचायत का चार्ज है लेखपाल ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लेखपाल के कार्य के अलावा अन्य कार्य को न सौंपा जाए।

युवक को अगवा कर मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज की एनसीआर

- पुलिस ने एनसीआर की दर्ज एक युवक को लिया हिरासत में
- घायल युवक का कराया मेडिकल।

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ । मैनपुरी,बिछवा । थाना क्षेत्र के गांव करीमगंज निवासी एक युवक को पड़ोसी गांव के चार युवक गाड़ी में बिठा कर अगवा कर ले गए साथ ही रात भर उसे मारा पीटा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई साथ ही लूट का आरोप लगाया गया मामले की खबर को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से छापा तो शनिवार को सुबह मामले में अधिकारियों ने संज्ञान लिया साथ ही पुलिस ने आनन–फानन में एनसीआर दर्ज कर ली साथ ही घायल युवक का मेडिकल कराया और एक युवक को हिरासत में लिया है।

गांव करीमगंज निवासी ब्रह्मानंद पुत्र रामनरेश कश्यप ने शुक्रवार को दोपहर

में थाना पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसे देर रात्रि में चार लोग गाड़ी में बिठा ले गए साथ ही मैनपुरी क्षेत्र के एलाऊ में ले जाकर उसे नग्न अवस्था में करके मारा पीटा साथ ही 50000 लूट लिए रात्रि में वह पैदल घर पहुंचा । परिवार के लोगों को बताया था ने आया थाने में उसकी लूट की बात को नकार दिया गया उसके बाद वह घर चला गया। मामले में दैनिक जागरण ने प्रमुखता से खबर छापी तो शनिवार को सुबह अधिकारियों ने संज्ञान में लिया साथ ही थाना अध्यक्ष से घटना के बारे में जानकारी ली आनन–फानन में थाना अध्यक्ष ने पीड़ित को घर से बुलाकर मामले में धारा 323, 504 में 2 लोगों के विरुद्ध एनसीआर नाम दर्ज दर्ज कर ली जिसमें छोटा पुत्र रामबाबू कुलदीप पुत्र रामचरण के अलावा दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है एक गांव में दबिश देकर एक युवक को हिरासत में लिया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है साथ ही पीड़ित युवक को वाद में गांव की पुलिस सुरक्षा में भिजवाया गया।

बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने विशेष सदस्यता अभियान चलाया

- संगठन की मजबूती के लिए पूरी ताकत से जुटे कार्यकर्ता– दीपक पेंटर

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ ।मैनपुरी– बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जनपद के ग्राम चितायन ,समान, मोरोशी, नगरिया आदि गांव मे जाकर सदस्यता अभियान चलायाद्य जिसमें सर्व समाज के लोगों को बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

हेल्थ वैलनेस सेंटर समय से न खुलने से वापस लौट रही महिलाएं

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के अंतर्गत क्षेत्र में बने हेल्थ वैलनेस केंद्रों पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी के चलते गांव से आने वाली महिलाएं बिना दवा इलाज के वापस

घर लौट रही है। सरकार द्वारा गांव की महिलाओं,किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ से संबंधित मुफ्त दवा इलाज व परामर्श के लिए गावों में हेल्थ वैलनेस सेंटर भवन का निर्माण हुआ तथा उसी केंद्रों पर सीएचओ की तैनाती की गई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के हेल्थ वैलनेस सेंटर मल्हीपुर कला जो अकार गांव के पास बना हुआ है। सुबह मीडिया द्वारा 10रू11 पर देखा गया तो हेल्थ वैलनेस सेंटर के दरवाजे में ताला लटक रहा था और गांव से आई हुई कई महिलाएं सेंटर पर तैनात सीएचओ के आने का इंतजार करने के बाद वापस घर चली गई। इस प्रकार हेल्थ वैलनेस सेंटर बंद होने की सूचना मीडिया द्वारा जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के अधीक्षक रविंद्र कुमार सोनकर को दी तो अधीक्षक ने कहा कि जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

सी एच सी अधीक्षक की अध्यक्षता में बैठक के दौरान टीवी मरीजों को किया गया जागरुक

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती(दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में सीएससी अधीक्षक रविंद्र कुमार सोनकर की अध्यक्षता में टीवी मरीजों के लिए जागरूकता कार्यक्रम

का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ क्षय रोग प्रवेक्षक पंकज शर्मा ने बैठक में उपस्थित 35 टीवी रोगियों को उनके खानपान रहन सहन खान पान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान ब्लॉक मुख्यालय जमुनहा के टीवी चौंपियन साबिर हुसैन, नंदनी यादव ने बताया कि ब्लॉक मुख्यालय में चयनित किए गए टीवी के मरीजों की जांच व उनके कब और किस समय दवा खानी है और क्या क्या परहेज करना है के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती रही है। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी सहित 35 टीवी मरीज मौजूद रहे।

सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर कस्बा वासियों ने तहसील समाधान दिवस में दिया प्रार्थनापत्र

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) शासन द्वारा जिला, तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालयों तक सड़कों को चौड़ी करण करने के दिए गए आदेश के क्रम में पहले तो

श्रावस्ती जिले को जमुनहा बहराइच मार्ग को राजमार्ग का दर्जा देकर क्षेत्र वासियों को सबसे बड़ी सौगात दी साथ ही साथ जिला मुख्यालय से तहसील व विकासखंड मुख्यालयों तक सड़कों को चौड़ी करण करने का निर्देश दिया गया था। जिसके क्रम में तहसील मुख्यालय जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना के मजरा बीरगंज बाजार स्थित ब्लॉक मुख्यालय तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है की ब्लाक मुख्यालय से मात्र 100 मीटर अस्पताल चौराहा के बीच सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाए तो बाजार में लगने वाली जाम की स्थित खत्म हो जाएगी। भीड़ भाड़ के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आने वाली एंबुलेंस व इमरजेंसी सेवा की गाड़ियों को जाम में घंटो रुकना पड़ता है। इस विकट समस्या से निस्तारण पाने के लिए वीरगंज बाजार वासी राधेश्याम गुप्ता ,राजित राम, मुकेश गुप्ता ,मोहम्मद अकरम , मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद आजम, प्रमोद कुमार गुप्ता, सतीश कुमार सोनी, सतीश पाठक ,राहुल ,संतोष गुप्ता, पप्पू, श्रवण कुमार गुप्ता, जगदीश प्रसाद, ,राम नरेश, बनवारी लाल सहित सैकड़ों लोगों नेतहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर ब्लॉक मुख्यालय से आगे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर चौराहे तक सड़क को चौड़ीकरण करने की मांग जिलाधिकारी से किया है।

कामन सर्विस सेंटर में धुमधाम से मनाया गया CSC दिवस

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) भारतीय सूचना मंत्रालय के उपक्रम CSC e & governance services india limited के स्थापना दिवस पे आज श्रावस्ती जिले के 800 से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर में CSC दिवस

धूमधाम से मनाया गया ,इस अवसर पर जिले में CSCके द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्र के ऑफिस भिनगा में केक काट कर एवं CSCके विभिन्न सेवाओ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले VLE को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के CSC बाल विद्यालय बच्चो को को पुस्तक एवं पेंसिल का वितरण किया गया, इस अवसर पर कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक आमिल अंसारी ने बताया कि आज CSC दिवस के अवसर पे जिले के लगभग 800 से ज्यादा सेंटर पे मनाया गया और इस अवसर पर ग्रामीणों को PMFBY, KCC, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, और ब्ै पे उपलब्ध 200 से ज्यादा सेवाओ के बारे में जागरूक किया गया। कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक आमिल अंसारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के डिजिटल इंडिया विजन को ग्रामीण स्तर पे आज सच्चे रूप में CSC ही साकार कर रही है ,आज के समय मे चाहे कोई फार्म भरना हो, पैसे निकालना हो या पेंशन के लिए KYC सब काम आज उनके गांव में ही हो जाता है और छोटे छोटे काम के लिए सरकारी विभाग के चक्कर नही लगाना पड़ता ,बल्कि बड़ी सुगमता के साथ आज सभी काम उनके गांव में ही हो जाता है। आगामी समय मे भी बहुत सी सरकारी योजना कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध होंगीं।आज की CSC दिवस के अवसर पे श्रावस्ती जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले VLE को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें सैकड़ो VLE मौजूद रहे।

खेतों में रोपी गई धानकी फसलों को सूखता हुआ देखकर मायूस हो रहा किसान

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती में इस बार प्रकृति का ऐसा कहर टूट था है कि पानी के बिना आम आदमी के साथ साथ पशु पक्षी ही नहीं बल्कि पेड़ पौधों सहित खेतों में रोपी गई धान की फसलें सूखती जा रही है।

घाघ द्वारा कही गई बातें ष्रात दिना घम छाही, घाघ कहे अब वर्षा नहीं ष् जो आज लोगों के दिलों और दिमांग को झकझोर रही है।

जून के अंत एवं जुलाई में अब तक मामूली बर्षा होने से खेतों में धूल उड़ रही है।

कड़ी मेहनत करके सूखे पड़े खेतों की जुताई व पम्पिंग सेट से पानी के सहारे एक तरफ जहां खेतों में धान की रोपाई की जाती है तो वही दूसरे दिन पानी के सूखते ही खेतों में दरारें पड़ती नजर आने लगती है और धीरे धीरे फसलें सूखने लगती है।

जमुनहा क्षेत्र के किसान बड़कऊ, राम नरेश भार्गव, सहजराम यादव, अरविंद कुमार, निजामुद्दीन खान ने बताया कि पानी की जरूरत पूरा करने के लिए पम्पिंग सेट से औसतन एक बीघा धान की रोपाई करने में लगभग 500 रुपये का डीजल व मजदूरी मिलाकर एक हजार रुपये लगता है। सावन महीने के प्रथम सप्ताह के बीच यदि बारिश नहीं हुई तो फसलों को बचा पाना मुस्किल है।

वहीं हरिहरपुरानी क्षेत्र के किसानों का कहना है कि एक सप्ताह पूर्व जिन खेतो में धन की रोपाई की गई है अब तक वह फसलें पानी के अभाव में सूख रही हैं रामपुर गांव निवासी किसान मदन लाल मिश्र ने बताया कि एक बीघा धान की रोपाई करने के लिए 4 घंटा पानी चलता है तो 800 रुपए खर्च आता है। गोठवा गांव निवासी महेशचन्द शुक्ल का कहना है कि पम्पिंग सेट से फसल की रोपाई कर पाना काफी मुश्किल है।

यदि किसी प्रकार धान की रोपाई हो जाती है तो पानी के अभाव में फसलों को सूखने से बचा पाना काफी मुश्किल है।

सीजेआई, जस्टिस एन वी रमाना, श्री अशोक गहलोत जी, राजस्थान के मुख्यमंत्री, जस्टिस यूयू ललित, नाएलएसए के कार्यकारी अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश के साथ जयपुर में 18 वीं अखिल भारतीय न्यायिक सेवा अधिकारियों की बैठक में भाग लिया एस और अन्य गणमान्य लोग।

सामाजिक अधिकारिता शिविर के अंतर्गत कन्नौज लोकसभा के लोकप्रिय सांसद मा, सुब्रत पाठक जी ने तिर्वा और रसूलाबाद विधानसभा के दिव्यांग जनों को दिव्यांग उपकरण वितरण समारोह तिर्वा मंडल के स्वामी गिरीशानंद महाविद्यालय में वितरित किए सांसद जी के साथ में रहना हुआ

बतौर प्रदेश अध्यक्ष 3 साल की ऐतिहासिक उपलब्धियां
2019 में विधानसभा उप–चुनाव – 8/11 सीट
2020 में स्नातक–शिक्षक चुनाव – 6/11 सीट
2020 में विधानसभा उप–चुनाव – 6/7 सीट
2021 में ब्लॉक प्रमुख चुनाव – 648/825 सीट
2021 में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव – 67/75 सीट
2022 में विधानसभा चुनाव – 273/403 सीट
2022 में लोकसभा उप–चुनाव – 2/2 सीट
100: स्ट्राइक रेट के साथ अब तक के सबसे सफल प्रदेश अध्यक्ष बनने का गौरव हमारे जननेता यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय स्वतंत्रदेव जी को प्राप्त हुआ है। सफलतापूर्वक 3 वर्ष पूर्ण होने पर बहुत बहुत बधाई नेता जी को

नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक की झलकियां

माननीय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का कानपुर आगमन पर चकेरी एअरपोर्ट पर अभिवादन कर स्वागत करते हुए

कानपुर मण्डलायुक्त माननीय प्रधानमंत्री जी का अभिवादन करते हुए

माननीय सतीश महाना जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी गुलाब का फूल भेंट कर अभिवादन करते हुए

आज संसदीय दल की बैठक में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में किसान पुत्र श्री जगदीप धनखर जी को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाए जाने पर मुझे सुखद अनुभूति हो रही हैं। मैं उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। श्री जगदीप धनखड़ जी एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हुए अपने जीवन में सामाजिक एवं आर्थिक बाधाओं को पार कर उच्च लक्ष्यों को प्राप्त किया है। मुझे विश्वास है कि निश्चित रूप से उनके लंबे प्रशासनिक अनुभवों का लाभ राष्ट्र को मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

स्वास्थ्य टीम ने किया बच्चो व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जिले के विकास खंड जमुनहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरगदहा का मजरा टेपरी में एएनएम सुषमा

मिश्रा व स्वास्थ कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चो व महिलाओं का टीकाकरण किया गया। वहीं एएनएम सुषमा मिश्रा, ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला समेत बच्चो को टीका लगाया जा रहा है। जैसे खसरा,दिमागी बुखार, निमुनिया,काली खासी, टिटनेस के साथ साथ को वैकसिन भी लगाया गया है। गर्भवती महिलाओं को टिटनेस का टीका व आयरन एंड फौलिक एसिड टैबलेट आई पी, कैल्सियम देकर बीपी भी मापा गया। वहीं एएनएम सुषमा मिश्रा ने परिवार नियोजन व अच्छे खान पान, किसी भी तरह की स्वास्थ में दिक्कत होने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या नजदीकी चिकित्सक के पास जाकर परामर्श अवस्य ले। इस टीकाकरण के मौके पर एएनएम सुषमा मिश्रा, आशा मंजू जयसवाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री नसीमा खातून,आशा संगनी पुष्पा देवी, सेफ द चिल्ड्रेन स्वास्थ कार्यकर्ता तरूणा मिश्रा सहित अन्य स्वास्थ कर्मी उपस्थित रहे।

जिले की तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य व मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह द्वारा तहसील भिनगा में

संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना एवम् उनका निराकरण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। साथ ही साथ अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी इकौना व क्षेत्राधिकारी नगरधभिनगा अतुल कुमार चौबे द्वारा तहसील जमुनहा तथा क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा द्वारा तहसील इकौना में जन समस्याओं को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इस संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभी विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संपूर्ण रूप से अहिंसा वादी बने!

जी, बहुत से घर में हम देखते हैं, जहां किसी का बहुत ज्यादा अपमान होता है, खास तौर पर एक औरत का, जब आप उसे बार–बार यह कहते हैं, तुम्हें कुछ नहीं आता, तुम्हें आता ही क्या है, तुम कुछ नहीं कर सकती, जब बहुत सारे अपशब्द को उपयोग में लाते हैं, उसके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाते हैं या पराए लोगो से संबंध बनाते हैं! मानसिक दर्द, अपमान, धोखा कभी भुलाया नहीं जा सकता, चाहे इंसान कितना ही आगे बढ़ जाए! याद रखिए, कभी–कभी आप जाने अनजाने में, अपने अभिमान में, अपने शौक को जीने मैं इतने मग्न हो जाते कि किसी को जिंदगी भर की पीड़ा दे जाते हैं और इसके बाद में दो–चार आंसू बहा देने से या माफी मांगने से वह पीड़ा कम नहीं होती और कुछ लोग तो अभिमान में इतने चूर होते हैं कि जब उनकी मृत्यु नजदीक होती है तब ही उन्हें समझ में आता है, की हमसे कोई गलती यह गुनाह भी हुआ! स्वयं के साथ वक्त बिताए और जानिए ऐसे कौन–कौन से कर्म है जो हम किसी के साथ कर रहे हैं और हमें खुद के लिए मंजूर नहीं! जो हमें स्वयं के लिए मंजूर नहीं उसे आज से ही त्याग दीजिए, भूलिए मत पृथ्वी गोल है, कर्म अच्छे हो या बुरे दोबारा लौट के जरूर आते हैं! आपको आज नहीं तो कल, इस बात का जरूर एहसास होता है, कि आपने किसी के साथ कितना गलत किया! खुदा की मर्जी, जो जिसके लायक है उसे वही मिलेगा, इसे सोच कर अपने गलत कर्मों से बचने की कोशिश ना करें! अगर जाने अनजाने में हमने किसी के साथ बुरा कर भी दीया, तो उनसे माफी मांगने के साथ–साथ, उनके साथ बहुत ज्यादा अच्छा करने की कोशिश कीजिए, कि शायद वो आपकी गलती को भूल जाएं, शायद उनके कुछ जख्म भर जाए! आपको लगता है कि हमारी की गई गलती, किसी को दिया हुआ दर्द माफ हो सकता है, पर सोचिए अगर वह इंसान दुनिया के दिलों को जीत लेता है और सभी का पसंदीदा बन जाता है, कल को हर जगह या युगो युगो तक उसकी चर्चा होती है, तो भूलेगा नहीं की युगो युगो तक जिसने गलत कार्य किया है, उसका दिल दुखाया है, उसे तकलीफ पहुंचाई है, ऐसे अत्याचारी को कोई भी माफ नहीं करेगा, सभी के मुख से उसके लिए अच्छा नहीं निकलेगा, तो सोचिए उसकी आत्मा को शांति कब मिलेगी! उदाहरण के तौर पर आज भी कंस, रावण , दुर्योधन, हिटलर और भी कहीं ऐसे उदाहरण है जिन्हें कोई आशीर्वाद के साथ याद नहीं करता, करता है तो बद्दुआ देते हुए! हम में से कोई यह नहीं चाहता है, पर चाहने और प्रयत्न करने में बहुत फर्क है, कोई भी इंसान कमजोर नहीं, कोई भी व्यक्ति डरपोक नहीं, बस बात इतनी सी है, की कुछ लोग छोटी–छोटी बातों को बड़ी नहीं बनाना चाहते और इसी कारण उनके लिए बड़ी बड़ी बातें छोटी हो जाती है, अगर एक औरत यह नहीं चाहती की उसके मां–बाप को या बच्चों को तकलीफ हो तो वह आपकी हर बात को नजरअंदाज करती रहती है, इसका मतलब यह नहीं कि आप कुछ भी बोलते रहें, आप उसके साथ कुछ भी करते रहे, खुदा सब देख रहा है और वह कर्मों का हिसाब शत प्रतिशत रखता है, दिखावा करना बंद करें, अगरबत्ती लगाने या उस खुदा के गुणगान गाने से पहले कुछ गुणों को अपने अंदर भी लाएं! किसी का हौसला तोड़ना, किसी के स्वाभिमान को चोट पहुंचाना, किसी को आगे बढ़ने से रोकना, रोज रोज ताने मारना, बेइज्जत करना, किसी को मानसिक पीड़ा देना, घुट घुट के जीने पर मजबूर कर देना, अपने पति या पत्नी के होते हुए किसी गैर के साथ संबंध बनाना, किसी की आत्मा और मन पर चोट पहुंचाना, किसी के चरित्र पर उंगली उठाना, किसी के आत्मविश्वास को तोड़कर चकनाचूर कर देना, किसी के अस्तित्व पर वार करना, किसी को नीचा दिखाना यह सब भी हिंसा है! हिंसा करने वाला हो या सहने वाला हो दोनों के अंदर ही एक कसक सी रह जाती है, दोनों ही दर्द में होते हैं! इसीलिए आज से और अभी से हमें नजरअंदाज ना करते हुए , इन सारी बातों को समझें और जाने और अपने जीवन में उतारे!

चलो रहते हैं सब से प्रेम से, करते हैं पूरा विश्वास,
ना तोड़े अपनों का भरोसा, इतना हो हम मै सहास,
क्यों करें स्वयं को और किसी को उदास,
बस इतनी सी ही हे इस माध्वी की दरखास्त!!

डॉ. माध्वी बोरसे
राजस्थानए (रावतभाटा)

संक्षिप्त समाचार

हुनर संध्या में दम्पतियो के टेलेंट ने किया आश्चर्यचकित

• पति–पत्नी ने एक दूसरे की मिमिक्री से सभी को खूब हंसाया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। फतेहाबाद रोड स्थित होटल स्विस ग्रांड पर भारत विकास परिषद उड़ान शाखा ने हुनर संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा संस्थापक हरेंद्र मल्होत्रा, मुकेश मित्तल, तपन अग्रवाल, एड. रोहन अग्रवाल और चौयरमेन धर्मगोपाल मित्तल ने भारत माता के समक्ष दीप प्रवजलित कर किया। अध्यक्ष इंजी. रूपल गोयल ने बताया कि हर व्यक्ति में कुछ न कुछ हुनर होता है इसी को ध्यान में रखते हुए हुनर संध्या में अपने हुनर को दिखाने का मौका दिया गया है। कार्यक्रम में 28 दांपत्य सदस्यों ने डांस, मिमिक्री और गायन प्रतियोगिता में भाग लिया। पति–पत्नी ने एक दूसरे की मिमिक्री से सभी को खूब हंसाया। सचिव एड. उमेश खन्ना और ने बताया कि संस्था का उद्देश्य छुपी हुई प्रतिभा को सामने ला कर प्रोत्साहित करना है। सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने भी जमकर धमाल मचाया। संचालन पूजा बंसल ने किया। धन्यबाद कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार गोयल ने दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महिला संयोजिका शशि मल्होत्रा, हरेंद्र मल्होत्रा, विजीत गुप्ता, जगदीश मित्तल, उमेश गोयल धर्म, निधि मित्तल, संजीव मित्तल, पूजा अग्रवाल, डॉ रश्मि गोयल, साधना मित्तल, बबिता गर्ग, अंशुल गुप्ता, ललिता गोयल, रीवा अग्रवाल, नवनीत गर्ग, धर्मेंद्र जैन, धीरज मोहन सिंघल, डॉ अजय अग्रवाल, अमित गर्ग आदि मौजूद रहे।

विप्रावली मे बंदरो का आतंक,कई घायल

• ग्रामीणो ने की वन विभाग से पकडने कई मांग

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। पिनाहट के गांव विप्रावली मे इन दिनो बंदरो का बडा भारी आतंक है।बंदरो से कई लोगो को घायल कर दिया है।लोगो को घरो मे रहना मुश्किल हो गया है।परेशानी ग्रामीणो ने वन विभाग से बंदरो को पकडने की मांग की है। विप्रावली के करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामिणो ने वन विभाग कार्यालय पिनाहट पहूचकर शुक्रवार को मांग की।कि वन विभाग गांव मे बढी संख्या मे आतंक फैला रहै बंदर को पकडकर उनको सुरक्षित करे।ग्रामीणो ने बताया कि सैकडो की संख्या मे बंदर गांव मे है।जिनमे कुछ बंदर पागल हो गये है। जो आदमी को देखते ही हमला कर घायल कर रहै है।जिससे गांव मे भारी भय का माहोल है लोग दिन दिन भर घरो मे कैद रहने को मजबूर है।करीब दो दर्जन लोग जिनमे महिला बच्चे व बुजुर्गो को बंदर हमला कर घायल कर चुके है।वन विभाग इन बंदरो को पकडकर उनका जीवन सुरक्षित करे। बंदरों के हमले से घायल लोग नर्मदा देवी, पुष्पा देवी, रिया, शारदा, मयंक, मुन्नी, सोनी, हर्षित सहित करीब एक दर्जन लोग को घायल कर दिया है।

फतेहाबाद संपूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर अमित गुप्ता ने की पुरानी शिकायतों की समीक्षा, अधिकारियों को दी सख्त हिदायत, 24 शिकायतें आई एक का भी निस्तारण नहीं

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद तहसील मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे आगरा के कमिश्नर अमित गुप्ता ने पुरानी शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कुछ शिकायतकर्ता से फोन पर बातचीत भी की ।असंतुष्ट शिकायत कर्ताओं की शिकायत पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी। इस दौरान कुल 24 शिकायतें आई। जिसमें से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। इस दौरान एडीएम प्रोटोकॉल हिमांशु गौतम समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद संपूर्ण समाधान दिवस में अचानक आगरा के कमिश्नर अमित गुप्ता पहुंच गए तथा उन्होंने आते ही पुरानी शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी ली। तथा कुछ शिकायतों पर उन्होंने शिकायत कर्ताओं को फोन भी किया। काफी हद तक शिकायतकर्ता संतुष्ट दिखाई दिए ।परंतु कुछ शिकायत कर्ताओं ने असंतुष्टि जाहिर की जिस पर उन्होंने शिकायत का निस्तारण करने वाले अधिकारीओ को कड़ी हिदायत भी दी। यह दौरान कमिश्नर ने ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से सरकारी जमीन पर किए जा रहे कब्जों के बारे में संज्ञान लेते हुए बताया कि थाना दिवस तथा ब्लॉक

दिवस के दौरान ऐसी शिकायतें आने पर संयुक्त टीम बनाई जाए जिसमें मौजूद पुलिसकर्मियों तथा राजस्व विभाग के कर्मचारियों के नाम भी लिखे जाएं ।

जिससे उनकी जिम्मेदारी तय की जा सके। इस दौरान विभिन्न मामलों की 24 शिकायतें आई परंतु एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल हिमांशु गौतम, एसडीएम जेपी पांडे, क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

इरादत नगर में गैस लीकेज से युवती जिंदा जली

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। सैया ब्लॉक थाना इरादत नगर के अंतर्गत क्षेत्र में शुक्रवार को हादसा हो गया दरअसल 18 वर्षीय नीरज पुत्री राजू घर पर अकेली थी मां मंजू देवी खेतों पर कार्य करने गई थी और छोटे भाई बहन स्कूल गए हुए थे नीरज ने शुक्रवार को मां संतोषी का उपवास रखा था जिस पर वह स्नान करके अपने लिए घर की रसोई में चाय बनाने गई थी चाय बनाने के लिए उसने जैसे ही लाइटर जलाया तो अचानक से आग लग गई वह आग की लपटों में घिर गई और चीखने पुकारने लगी चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग दौड़कर आए लेकिन तब तक वह बुरी तरह से झुलस चुकी थी जिसके कारण उसकी सांसें थम गई हादसे की जानकारी पर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया 5 साल पूर्व ही नीरज के पिता राजू का सर्पदश से मौत हो चुकी है युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है । नीरज और उसके पांच छोटे भाई बहनों में वह सबसे बड़ी थी निशा, गुंजन और दो उसकी छोटी बहन और दो छोटे भाई राहुल, पीएस हैं मां मंजू देवी का रो रो कर बुरा हाल है थाना प्रभारी प्रेम सिंह ने बताया कि चूल्हा खुला रह गया होगा जिससे गैस निकल रही थी जैसे ही उसने चूल्हा चालू करने के लिए लाइटर जलाया केस ने आग पकड़ ली युवती के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया गया है ।

पुलिस ने कार्यवाही कर तस्करी करने वाले गैंग के एक सदस्य को किया गिरफ्तार

• कब्जे से चार कुन्टल छह किलो गांजा बरामद

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। जनपद में चोरी, लूट, डकैती, अवैध नशीला पदार्थ की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आगरा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बरहन को टीम गठित करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में16 जुलाई 2022 को थाना बरहन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में चौकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एसओजी फिरोजाबाद टीम मय मुखबिर आयी, जिनसे अवैध नशीले पदार्थ का कारोबार करने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुयी, सूचना पर तत्काल टीमें ग्राम गढ़ी सहजा और चावली के बीच बने जंगल में पहुंची, जहां मुखबिर द्वारा बताया गया कि बंबा किनारे तिराहे पर जो

दो मंजिला ट्यूबैल कमरा बने हैं, वहां नशीले पदार्थ गाँजा का अवैध व्यापार किया जाता है। पुलिस द्वारा छिपते–छिपाते बताये स्थान पर पहुंचे। कोठरी के पास पहुंच देखा कि 03 व्यक्ति गांजा के पैकेटों को गिन रहे थे।

पुलिस द्वारा गिरफ्तारी हेतु, पुलिस को देख तस्करी करने वाले व्यक्ति सक पका गये और भागने लगे। पुलिस टीम ने चारों ओर से घेरकर एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया एवं दो अभियुक्त छत पर चढ़कर नीचे कूद गये और झाड़ियों का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। अभियुक्त के कब्जे व स्थान से कुल 66 पैकेट गाँजा 4 कुन्टल 6 किलो गाँजा बरामद हुआ। इस सम्बन्ध में थाना बरहन पर मु0 पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम वीरपाल उर्फ गुड्डू एवं फरार अभियुक्तगण का नाम मोनू उर्फ सुमन्त व विवेक शर्मा उर्फ जयगुरूदेव बताया गया। अवैध गाँजा के सम्बन्ध में बताया गया कि गाँजे को मेरा भाई मोनू उर्फ सुमन्त व विवेक शर्मा उर्फ जयगुयदेव उड़ीसा से मंगाते हैं। यह माल किससे कैसे या कौन लेकर आता है या कौन लेकर जाता है, इसके सम्बन्ध में वही जानते हैं। पुलिस टीम, 1. निरीक्षक रवि त्यागी प्रभारी एसओजी टीम, 2. थानाध्यक्ष शेरसिंह, 3. उ0नि० नितिन त्यागी सओजी, 4. उ0नि० सूर्यपाल, 5. का० श्रीकान्त, का० सन्देश का० आशुतोष, 6. का० नितिन त्यागी का० दिलीप कुमार, का० योगेश कुमार एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद। 07. म०का० अंशु थाना बरहन जनपद आगरा।

झूलेलाल मित्र मंडल ने मनाया चालीया महोत्सव

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। प्राचीन झूलेलाल मंदिर ताजगंज पर झूलेलाल मित्र मंडल द्वारा इष्ट देव साईं झूलेलाल जी की सुंदर पोशाक पुष्प माला पहनाकर सभी मेंबरों ने दीप प्रज्वलित किया साथ ही देश में सभी के भले की कामना करते हुए पल्लव की अरदास आरती के पश्चात मीठे चावल {तिहरि} छोले का प्रसाद वितरण किया पूरे 40 दिन तक सभी सिंधी परिवार झूलेलाल मंदिर सुबह–शाम पहुंचकर साईं का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और इन 40 दिनों में महिला मंडल द्वारा बीच–बीच में विशेष कार्यक्रम भजन कीर्तन सत्संग होते हैं अध्यक्ष

शंकरलाल आसवानी ने बताया समापन पर विशेष भव्य कार्यक्रम किया जाता है मुख्य रूप से शंकरलाल आसवानी, हरिश्चंद्र मोटवानी, हरि किशन आडवाणी, राजा जेठवानी, विजय मोटवानी, ललित ना जवानी, प्रदीप दीवान, मनोज बसरानी, रामचंद्र खत्री, सोनू लालवानी, राजू दासवानी , अशोक मोटवानी, समस्त मित्र मंडल।

सैंया ब्लॉक के नगला छारी में मां-बाप ने किया अपने ही बेटे का कत्ल वारदात में भाई- बहन भी शामिल

दैनिक आयोध्या टाइम संवादाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। थाना सैंया क्षेत्र के अंतर्गत माता पिता ने अपने ही बड़े बेटे को मार डाला युवक की बहन और भाइयों ने भी मां–बाप का साथ दिया हत्या के बाद परिवार के लोग चोरी–छिपे शव को श्मशान घाट ले गए वहां वे वहां वे अपने ही बेटे का अंतिम संस्कार कर रहे थे इसी बीच युवक के ससुर ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी आधी रात को ले श्मशान घाट पहुंच गई पानी डालकर जलती चिता को बुझा दिया इसके बाद जले सबको साथ लेकर चली गई।

बताया जा रहा है कि युवक के पिता ने 6 लाख रुपए मैं जमीन बेची थी बड़ा बेटा इस रकम में से हिस्सेदारी मांग रहा था माता–पिता और युवक के भाई बहन इसके खिलाफ थे पुलिस के अनुसार प्राथमिकी जांच में युवक की गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत की असल वजह सामने आ पाएगी इस निंदनीय घटना को अंजाम देने वाले 6 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी फरार हैं दो छोटे बेटों को मिला अपना अपना हिस्सा तीसरा मां बाप से मांग रहा था हक ग्राम नगला छारी मवासीलाल के तीन बेटे हैं इनमें नेपाल, सोनू सिंह और रिंकू सिंह है। इनमें नेपाल सबसे बड़ा बेटा है इसके अलावा एक बेटी यशोदा भी है परिवार में अभी बंटवारा नहीं हुआ है इसके बावजूद नेपाल कई सालों से परिवार से अलग रहता था मवासी लाल ने कुछ दिनों पहले 6 लाख रुपए में जमीन बेची थीइस रकम का कुछ हिस्सा दोनों बेटों को दे दिया गया था जबकि नेपाल को अपना

हिस्सा नहीं मिला था वह लगातार अपने हिस्से के रुपए मांग रहा था पुलिस ने बताया कि आरोपियों के घर पर ताला लगा हुआ है वहां पुलिस तैनात कर दी गई है उनकी तलाश की जा रही है जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा ।

वाहो वाहो बाणी निरंकार है

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। कीर्तन बच्चों द्वारा गुरमत कैंप के समापन पर बच्चों ने दी गुरुमत विचार की प्रस्तुति गुरुद्वारा दशमेश दरबार शहीद नगर विभव नगर आगरा पर प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरबाणी गुरमत कैंप 4,6,2022 जून से प्रारंभ जिसका समापन आज गुरु की हजूरी में बच्चों की प्रस्तुति रूहानी कीर्तन के साथ किया गया कैंप का उद्देश्य गुरु सिख एवं गुरु नानक नाम लेवा परिवारों के प्रत्येक व्यक्ति को गुरमुखी{ पंजाबी} सिखा कर गुरुवाणी वह गुरसिख इतिहास से जोड़ना गुरमत कैंप में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को किताबें कापियां बैग इत्यादि सामग्री प्रबंधक कमेटी द्वारा दी गई सभी दिन बच्चों की पसंद के प्रसाद का वितरण हुआ 40 स्टूडेंट मैं रोज हाजिरी लगाई जिसमें जयंत अरोड़ा, रेनू यादव, हरबंस कौर ,परमीत सिंह, नवनीत, गुरनूर कौर, हरमन कौर, सिमर कौर, बच्चों को ऑर्गेनाइज किया हरविंदर कौर, अमनदीप कौर, कुलबीर कौर ,आज्ञा सिंह ,गुरशरण सिंह, मुख्य रूप से प्रधान हरपाल सिंह वह गुरद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा बच्चों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में अरदास के साथ प्रस्तुत व सम्मान किया गया गुरमत कैंप के समापन पर पहुंचे प्रतिभागियों के परिवारों ने प्रबंधन कमेटी की हर साल की तरह इस साल भी इस पहल को सराहा सभी धर्म प्रेमियों ने गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया सेवा में रहे प्रधान हरपाल सिंह, रविंद्र सिंह ओबरॉय, गुरु सेवक श्याम भोजवानी, इंदरजीत सिंह, संतोख सिंह, रिंकू वीर, जसविंदर सिंह आदि।

ग्राम ईधोन में जमीनी विवाद में दो पक्ष भिड़े, पुलिस ने की आठ के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही

संवाददाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद। फतेहाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम ईधोन में जमीनी विवाद में दो पक्षों में संघर्ष हो गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने 8 लोगों को हिरासत में ले लिया। इनके खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की है इंस्पेक्टर

आलोक कुमार सिंह के मुताबिक फतेहाबाद पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी बीच ग्राम इंधोन दो पक्षों में मारपीट की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से 8 लोगों को हिरासत में ले लिया। उनके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।इनमे गांव के ही जसवंत सिंह, हीरालाल, वीरेंद्र, मनोज, अनुज, अमित, गुलाब सिंह, पप्पू शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

खेरागढ़ में बिना मान्यता प्राप्त दर्जनों विद्यालय कर रहे अवैध वसूली

• कॉपी, किताब, ड्रेस और फीस के नाम पर हो रही वसूली, सरकारी नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। के तहसील क्षेत्र में सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखाकर दर्जनों विद्यालय बिना मान्यता के संचालित है। शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा नहीं हो पा रही कोई कार्यवाई शिक्षा के विषय में शिक्षा माफिया जगत के जुड़े लोगों के हौसले बुलंद हैं जिससे विद्यालय संचालक और इस कारोबार से जुड़े लोग अभिभावकों की जेब पर जमकर खुलेआम डाका डाल रहे हैं इन से परेशान होकर अभिभावक टी सी मांगते हैं तो उन्हें ज्ञान पाठ पढ़ाकर टहला दिया जाता है तहसील क्षेत्र एवं नगर से लेकर देहात तक शिक्षा माफिया ग्रामीणों की जेब पर खुलेआम डाका डाल रहे हैं बच्चों के अभिभावकों को अच्छी शिक्षा का भरोसा दिलाकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं इसके बाद अभिभावकों को स्कूल की ड्रेस, किताब, कॉपी, फीस एवं ग्रामीणों का अन्य प्रकार से आर्थिक शोषण करते हैं। शिक्षा के विषय में अगर बात की जाए तो इसी प्रकार मामले से जुड़ा हुआ एक वीडियो वायरल हुआ है वायरल वीडियो में सैकड़ों की संख्या में एक विद्यालय से बच्चे निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं वायरल वीडियो शनिवार दोपहर करीब 2रू30 बजे खेरागढ़ तहसील के गांव होशियापुर में बनी एक छोटी सी इमारत का बताया जा रहा है मामले की जानकारी करने पर अभिभावक द्वारा अपने बच्चों की टीसी नहीं देने पर क्षेत्र के कुछ लोगों को एकत्रित होने और एक स्थानीय मीडिया कर्मी को लेकर विद्यालय पहुंचने पर स्कूल के संचालक ने विद्यालय की समय से घंटों पूर्व ही छुट्टी करने की बात आई है । इसी प्रकार जगनेर खेरागढ़ और संज्ञा ब्लॉक में ऐसे दर्जनों विद्यालय जो बिना मान्यता प्राप्त संचालित है। मानकों की हो रही अनदेखी सरकार के आदेशों के बावजूद बिना मान्यता प्राप्त वाले संचालित विद्यालय इसी प्रकार के मानकों को दरकिनार करते हुए एनसीईआरटी की किताबों के बजाय अपनी मोनोपोली की महंगी–महंगी किताबें चलाते हैं जिनसे स्कूल संचालक को मोटा कमीशन मिलता है।

पिनाहट में आकाशीय बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोर की मौत,दो लोग बाल-बाल बचे

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। शनिवार को पशु लेकर पशु चराने गए किशोर की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव सेरव निवासी 15 वर्षीय हरदेश पुत्र अर्जुन अपने गांव के अशोक कुमार उम्र 40 वर्ष व जितेंद्र 19 वर्ष के साथ पशुओं चराने के लिए गांव से 1 किलोमीटर दूर उटगन नदी के किनारे गया था।तभी शनिवार शाम करीब 4 बजे मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश से बचने के लिए तीनों लोग एक पेड़ के नीचे बैठ गए।तभी आकाशीय बिजली हरदेश के ऊपर गिर गई। आकाशीय बिजली गिरने से हरदेश की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं पास में बैठे अशोक कुमार व जितेंद्र बाल–बाल बच गए।

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए।सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच गई।वहीं मृतक के परिजनों की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के चलते उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।वहीं इस मामले में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोकुल निषाद ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। वही इस मामले में एसडीएम बाह रतन सिंह का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है।और तहसीलदार को भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जो भी आर्थिक मदद होगी वह दिलाई जाएगी।

जिलाअधिकारी एवं एसएसपी ने समाधान दिवस पर समस्याओं को सुना

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। श्रीमान जिलाधिकारी व श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत तहसील एत्मादपुर में लोगों की समस्याओं को सुना गया एवं निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। दिन 16 जुलाई 2022 को

श्रीमान जिलाधिकारी आगरा श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अन्य अधिकारीगण सहित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत तहसील एत्मादपुर पर लोगों की समस्याओं को सुना गया एवं त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश निर्गत किये गये ।

नारी शक्तिमहिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति ने महिलाओं का किया सम्मान

फतेहपुर सीकरी। विकासखंड के ग्राम दूरा में दिशा महिला संकुल स्तरीय समिति का आयोजन हुआ अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वार्षिक आम–सभा का आयोजन किया गया सभा में संकुल समिति में आने वाले 14ग्राम पंचायतों की 500 से 600 द्वारा प्रतिभाग किया गया 2021–22 में किए गए कार्यो की समीक्षा विन्दुओं पर चर्चा व समूह से जुड़कर अच्छे कार्यो और आजीविका के साथ साथ सामाजिक कार्यो के लिए महिलाओं को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मंजू चाहर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दिप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया विशिष्ठ अतिथि प्रमुख पति गुड्डू चाहर रहें 2022–2023 की कार्ययोजना के लिए महिलाओ को असभावित किया मंच को सम्बोधित करते हुए प्रमुख पति गुड्डू चाहर ने कहा कि प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रहीं है सभी को लाभ लेना चाहिए महिला समूह की मुख्य कार्य योजना प्रीति देवी ने बनाई इस मौके पर बीडीओ, एडीओ, अनिल कहरवार, फौरन कहरवार, विजेन्द्र कहरवार,बंटी प्रधान, चोबसिह प्रधान, विष्णु सिसो दिया, सूरजित, राकेश कहरवार, ब्रजेश शुक्ला, अम्बिका प्रधान, मछला प्रधान, प्रीति, निर्मला एवं विभिन्न ग्राम प्रधान,एवं अनेक महिलाये मौजूद रही।

विवेचना में झूठे बयान दर्ज करने पर ग्रामीणों ने की एसपी ग्रामीण से शिकायत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस किरावली में एसपी ग्रामीण पश्चिम को शिकायत देते हुए कुकथला निबासी ग्रामीण सतीश पुत्र टुंडी और जुगेंद्र सिंह पुत्र सुभाष चंद ने बताया कि चौकी इंचार्ज कुकथला द्वारा

विवेचना अपराध संख्या 408/2021 में प्रार्थियों के बिना संज्ञान के गवाही लिख चार्जशीट दाखिल कर दी है। जबकि विवेचक द्वारा कोई उनसे कोई गवाही, हस्ताक्षर या बयान नही लिए गए । तथा जांच कर दोषी विवेचक के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की मांग की , जिस पर एसपी ग्रामीण सत्यजीत गुप्ता ने सीओ अछनेरा को जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

जीएसटी के रूप में इन वस्तुओं पर टैक्स का होगा विरोध : समाजवादी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आटा दाल चावल सूजी मैदा दूध दही आदि पर जीएसटी लगने का विरोध करते समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी मोतीगंज खाद्यान्न मार्केट में और भारत बंद को समर्थन देते हुए । जैसा कि सभी जानते हैं जनता पर टैक्स उतना ही लगे जितना टैक्स जनता झेल सके, भारत के इतिहास में आज तक आटा दाल चावल सूजी मैदा दूध दही आदि पर टैक्स कभी नहीं था । यह पहली बार है जीएसटी के रूप में इन वस्तुओं पर टैक्स लगने जा रहा है । वैसे ही करोना कॉल में जनता की आमदनी कम हो गई है घर के जरूरी खर्चे चल रही रहे पेट्रोल महंगा हो चुका है पेट्रोल के कारण हर वस्तु में महंगाई आ चुकी है जैसे सब्जी, रिफाइंड आयल, मसाले, दाल चावल, आटा आदि । जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ता जा रहा है अभी पिछले अप्रैल 2022 में रु. 1.68 लाख करोड़ रुपए का ऐतिहासिक जीएसटी कलेक्शन हुआ था । जब जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ रहा है तो क्यों इन रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी लगाया जा रहा है आम आदमी का जीना मुश्किल हो जाएगा हमारी मांगे उपरोक्त वस्तुओं पर जीएसटी नहीं लगना चाहिए । लगता है कुछ बड़ी

मल्टीनेशनल कंपनियों के दबाव में ऐसा किया जा रहा है । जिसका हम समाजवादी लोग लगातार विरोध करेंगे और जरूरत पड़ी तो धरना प्रदर्शन भी करेंगे । हम हमेशा जनता के साथ है । पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विनय अग्रवाल जिलाध्यक्ष लाल सिंह लोधी मोतीगंज खाद्यान्न समिति के महामंत्री रमनलाल गोयल जिला महासचिव धर्मेंद्र यादव व्यापारी नेता विनोद अग्रवाल संजय अग्रवाल आदि।

दस्तक अभियान शुरू, घर-घर दस्तक देंगी आशा

• संचारी रोगों से बचाव के बताएंगी तरीके, जानेंगी सेहत का हाल

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। जनपद में दस्तक अभियान का आगाज शनिवार से हो गया, जो 31 जुलाई तक चलेगा द्य अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर दस्तक देंगी और मलेरिया, डेंगू, टीबी जैसे रोगों के लक्षण मिलने पर मरीजों की स्क्रीनिंग करेगीं। अगर किसी के घर के पास मच्छर पनप रहे हैं तो उसकी भी रिपोर्ट देंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शनिवार से दस्तक अभियान शुरू हो चुका है। आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों से उनकी सेहत का हाल पूछेंगी। यदि किसी में कोई लक्षण दिखता है तो उसकी स्क्रीनिंग करके जांच की जाएगी और जाँच में बीमारी की पुष्टि होने पर उपचार किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं का सुपरविजन करने के लिए एएनएम, हेल्थ सुपरवाइजर, बेसिक हेल्थ वर्कर्स को भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आशा घर–घर जाकर परिवार के लोगों से मलेरिया, टीबी, सर्दी, जुकाम व बुखार से संबंधित सवाल पूछेंगी। इसी के साथ वह यह भी जानकारी लेंगी की घर में कोई अति कुपोषित बच्चा तो नहीं है। अगर किसी में बीमारी के लक्षण मिलते है या कोई अति कुपोषित बच्चा मिलता है तो इसकी सूचना वह संबंधित ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को देंगी। संबंधित विभाग सूचना के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि अगर किसी घर के पास जल जमाव है तथा वहां पर लार्वा पैदा हो रहा है

तो इसकी भी सूचना आशा देंगी। सूचना के बाद मलेरिया विभाग वहां का निरीक्षण कर जल निकासी, दवा के छिड़काव आदि की व्यवस्था संबंधित से कराएगा। अभियान की जिला स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा कर कमियों को दूर किया जाएगा। अगर किसी को बुखार के लक्षण हों तो आशा कार्यकर्ता से छिपाए नहीं, बल्कि खुल कर बताएं। बुखार का समय से पता चल जाने से जांच कर सही दिशा में इलाज हो सकता है। संचारी रोगों से बचाव के लिए इनका रखें ध्यान–घरों के आस–पास साफ–सफाई रखें–मच्छर से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें–स्वच्छ पेयजल ही इस्तेमाल करें –आस–पास जलजमाव ने होने दें–व्यक्तिगत साफ–सफाई का ध्यान रखें।

तहसील महसी में डीएम व एसपी की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी महसी। बहराइच के तहसील महसी सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने गंभीरता से जन समस्याओं को सुना, इसमें राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, दिव्यांग विभाग को लेकर 162 प्रार्थना पत्र आए जिसमें 11 प्रार्थना पत्रों का तुरंत निस्तारण किया गया। डीएम ने कहा समाधान दिवस पर सबसे ज्यादा मामला जमीन संबंधित आ रहे हैं, समस्याओं को तुरंत निस्तारण के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण कराएं संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखते हुए समय से निस्तारित कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए, उन्होंने अवैध कब्जे दारी के मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर पहुंचकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कुछ लापरवाह कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और कहा जन समस्याओं को लेकर लापरवाही करने वाले पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना के अंतर्गत 5 गर्भवती महिलाओं को किड देकर सम्मानित किया। चमेली पत्नी विकास, किरण पत्नी श्यामू, कृष्णा देवी पत्नी राजित राम, नीलम पत्नी गुड्डू, विनीता देवी पत्नी विमलेश और दो 6 माह के बच्चों को अन्नप्राशन करवाया, सौम्या पुत्री कन्धई, लक्ष्मी पुत्री मनोज, दो दिव्यांग अमित कुमार पुत्र संत कुमार पाठक, आंचल देवी पुत्री संत कुमार पाठक ग्राम पंडित पुरवा को कान से सुनाई न देने के कारण मौके पर प्रार्थना पत्र देने के लिए पहुंचे तो जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को आदेशित किया जिस पर मुख्य चिकित्साधि कारी ने जिले पर कान की मशीन तुरंत उपलब्ध कराने को कहा। इस मौके उप जिलाधिकारी महसी रामदास कार्यवाहक तहसीलदार महसी विपुल कुमार सिंह, सीओ महसी जे पी त्रिपाठी, वीडियो महसी व संबंधित कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम नानपारा की कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कम्प

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश तथा जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के दिशा निर्देशन में जनपद में भूमि माफियाओं के विरूद्ध संचालित अभियान के तहत उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश ने बताया कि ग्राम यकघरा परगना व तहसील नानपारा में की खतौनी वर्ष 1426– 1431 फ0 के खाता सं. 213 की गाटा संख्या 911 मि. रकबा 1–1450 हेक्टेयर नवीन पर्ती ग्राम समाज की भूमि पर फर्जी तरीके से ननकऊ सिंह पुत्र शम्भू सिंह द्वारा अपना नाम दर्ज करा लिया गया था। श्री परेश ने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच कराकर पुनः उक्त भूमि को नवीन परती के खाते में दर्ज करने का आदेश पारित किया गया तथा सम्बन्धित दोषी कर्मचारियो के विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर लगाये गये स्टालों का डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

- 05 गर्भवती महिलाओं व 02 बच्चों का कराया गया अन्नप्रासन

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि, महिला कल्याण, समाज कल्याण, राजस्व सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसएसपी ने 05 गर्भवती महिलाओं श्रीमती चमेली, किरन, कृष्णा देवी, नीलम व विनीता देवी की गोदभराई की तथा 02 बच्चों सौम्या व लक्ष्मी को अन्नप्रासन कराया।

कर कटौती सम्बन्धी बैठक 20 को

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच

बहराइच 16 जुलाई। उपायुक्त (प्रशासन), राज्य कर, बहराइच ने बताया कि अधिनियम के अन्तर्गत स्रोत पर कर की कटौती को नियमानुसार सुनिश्चित करने, समस्त संविदी विभागों द्वारा समय से दाखिला तथा पंजीयन जागरूकता एवं डीलर बेस में वृद्धि के उद्देश्य से 20 जुलाई 2022 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है। जिसमें समस्त आहरण वितरण अधिकारियों तथा खण्ड विकास अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त राज्य कर ने सभी सम्बन्धित से समय से बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही दुलार की शुरुआत

- दुलार कार्यक्रम की हुई शुरुआत टीम पिरामल ने करवाया जिलाधिकारी से आगाज

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बहराइच उत्तर प्रदेश। बहराइच उत्तर प्रदेश के सभी पिछड़े जिलों में दुलार कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है।इस कार्यक्रम का आगाज बहराइच जिले के जिला अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र एवं पुलिस अधीक्षक केशव चौधरी द्वारा किया गया। दुलार कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर में डीपीओ राज कपूर,सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह,बीएसए अजय कुमार, सीडीपीओ महसी आदि सहित जिले भर के सभी अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिस्ट लीड परवेज खान ने जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को कार्यक्रम के संबंध विस्तृत जानकारी दी।आपको बता दें दुलार कार्यक्रम जन्म से 6 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास पर आधारित कार्यक्रम है।जिसमें बच्चों के अभिभावकों से फोन कॉल के माध्यम से जुड़ कर बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा,स्वास्थ्य, पोषण,सुरक्षा आदि को लेकर बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया जाता है। ताकि वो अपने शुशु का समुचित व समग्र विकास कर सके।इस कार्यक्रम के तहत फोन कॉल पर नियमित गाइड प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम मिस्ड कॉल कर नामांकित किया जाता है, इसकी सुविधा बिल्कुल मुफ्त रखी गयी है। दुलार कार्यक्रम को तीन बड़ी संस्थान पिरामल फाउंडेशन, यूनिसेफ और दोस्त द्वारा आरंभ किया जा रहा है। जिसमें पिरामल फाउंडेशन कार्यक्रम को जमीनी स्तर तक पहुँचाने हेतु कार्यरत है। वही बहराइच में कार्यक्रम की शुरुआत हेतु पिरामल फाउंडेशन की पूरी टीम मौजूद रही।जिसमें डिस्ट्रिस्ट लीड परवेज खान,सीनियर प्रोग्राम लीडर सैफ रहमान सिद्दीकी,डिस्ट्रिस्ट प्रोग्राम लीड मोहम्मद यूसुफ के साथ गाँधी फेलो देवयानी शिल्पकार,शगुफ्ता खानम और कृति रानी मौजूद रहे।

बड़ा सड़क दुर्घटना, दुर्घटना में युवक की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज बहराइच। जनपद के कैसरगंज के अंतर्गत लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बढौली पेट्रोल पंम्प के निकट एक युवक की अज्ञात वाहन की ठोकर से दर्दनाक तरीके से मौके पर ही मौत हो गई,मिली जानकारी के अनुसार थाना हुजूरपुर अंतर्गत पुरैनी निवासी अर्जुन पुत्र रामसमुझ आयु लगभग 22 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल थाना जरवल रोड के ग्राम करनयी को जा रहा था कि रात के अँधेरे में अज्ञात वाहन की ठोकर से बढौली के निकट उसकी दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी राहगीरों ने थाना कैसरगंज प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया उक्त के क्रम में थानाध्यक्ष ने बताया अतिशीघ्र ही अज्ञात वाहन को तलाश करके उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जंगली हाथियों ने बर्बाद की गन्ने की फसल

- निरंतर जारी है हाथियों का आवागमन, वन विभाग बना सुस्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुजौली बहराइच। निशान गाड़ा रेंज में हाथियों का उत्पात जारी है। जंगल से निकलकर पहुंचे हाथियों के झुंड ने किसानों की गन्ने की फसल को बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों ने सूचना रेंज कार्यालय पर दी कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गांवों बाघ और तेंदुओं के बाद हाथियों का उत्पात निरंतर जारी है। लेकिन वन विभाग बचाव के कोई इंतजाम नहीं कर रहा है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के तहसील मोतीपुर अंतर्गत ग्राम कारीकोट के ग्रामसभा रमपुरवा में हाथी बराबर दस्तक दे रहे हैं। रात में हाथियों का झुंड रमपुरवा गांव के बगल के खेतों में पहुंच गया। हाथियों ने 10 एकड़ सादा सिंह, और अर्पण सिंह,जोगा सिंह,मलकीत सिंह, आभा सिंह,हरदेव कौर, सुखविंदर सिंह,जस्मिन कौर की गन्ने की फसल को हाथियों के झुंड रौंद दिया। वही लालजी का 10 बिस्वा गन्ना नुकसान हो गया। हाथियों के उत्पात की सूचना ग्रामीणों ने रेंजर तारा शंकर यादव के फोन पर दी गई है वहीं इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 1 साल से लगातार जंगली हाथियों का आतंक बढ़ गया है ।

जंगली हाथियों के द्वारा उनके ध्यान करने व गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया गया है वन विभाग की तरफ से अभी तक एक बार भी मुआवजा नहीं दिया गया है इस बार भी गन्ने का काफी नुकसान हुआ है जिसकी शिकायत वन विभाग को की गई है वन विभाग से मुआवजे की भी मांग की गई है।

जनपद में 20 जुलाई को आयोजित होगा युवा उत्सव आवेदन की अन्ति तिथि 19 जुलाई 2022

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बहराइच उत्तर प्रदेश। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2022–23 में अजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत जनपद में युवा उत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के युवक– युवतियॉ प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक कलाकार विभागीय पोर्टल पीआरडी डाट डाटा–सेन्टर डाट सीओ डाट इन/होम पर 19 जुलाई 2022 की सॉयकाल 05:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। महिला महाविद्यालय के बहुउद्देशीय हाल में 20 जुलाई 2022 को प्रातः 10:00 बजे जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। डीओ पीआरडी ने बताया कि लोकनृत्य (फोक डांस), लोकगीत (फोक–सांग), एकांकी (वन एक्ट–प्ले), क्लासिकल वोकल (हिन्दुस्तानी), कनार्टक वोकल, सितार वादन, बाँसुरी वादन, तबला वादन, वीणा वादन, मृदंगम वादन, हारमोनियम लाइट, गिटार वादन, मणिपुरी नृत्य, ओडिसी नृत्य, भरतनाट्यम नृत्य, कत्थक नृत्य, कुचिपुड़ी नृत्य, एक्सटेम्पोर (एलोक्यूशन) आदि विद्याओं में कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है। जनपद स्तर पर विजेता प्रतिभागियों द्वारा क्रमशः मण्डल स्तरीय चयन प्रतियोगिता में सम्मिलितध्वनित होकर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

डीएम की अध्यक्षता में तहसील महसी में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- 68 बुजुर्गों को मिली आयु रक्षा किट की सौगात

दैनिक अयोध्या टाइम्स

महसी बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह जुलाई के तृतीय शनिवार को तहसील महसी में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डीएम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, उप जिलाधिकारी रामदास, पुलिस क्षेत्राधिकारी जे.पी. त्रिपाठी व अन्य अधिकारियों के साथ आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस की विशेषता यह रही कि यहॉ पर आये हुए बुजुर्ग फरियादियों को डीएम व एसएसपी द्वारा ''आयु रक्षा किट'' का वितरण किया गया। डीएम व क्षेत्रीय आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक पाण्डेय द्वारा बुजुर्गों को दवा के सेवन का तरीका तथा वर्तमान मौसम में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। यहॉ पर लगभग 68 बुजुर्गों आयु रक्षा किट का वितरण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम रमपुरवा के पूरन मिश्रा ने विपक्षी के खिलाफ कार्रवाई, खमरिया शुकुल की शान्ती ने प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने, ग्राम कोढ़वा के हरि प्रसाद ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि दिलाये जाने, पूरेगंगा प्रसाद की श्यामा देवी ने अवैध कब्जा हटवाये जाने, सबलापुर के नुरुल हसन ने भूमि का सीमांकन कराये जाने, गोपचन्दपुर के राकेश कुमार ने विपक्षी के विरूद्ध कार्रवाई तथा रामदास वर्मा ने खलिहान की भूमि की पैमाईश कराये जाने, धनावा के अनन्तराम ने चकमार्ग की पैमाइश, पूरेकुबेरपाण्डेय के दिवाकर शुक्ला ने भूमि तथा विशम्भर सिंह ने रास्ता की पैमाईश कराये जाने सहित आये हुए अन्य फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए पी. एन. यादव, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. एम.के. सचान, जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी उमाकान्त पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 162 प्रार्थना–पत्रों के सापेक्ष 21 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसके अलावा तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 89 में 06, पयागपुर में प्राप्त 163 में 08, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 34 में 03, कैसरगंज में प्राप्त 112 में 06 तथा तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 50 में 03 प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील नानपारा में अपर जिलाधिकारी मनोज के साथ उप जिलाधिकारी अजित परेश द्वारा जनसमस्याओं की सुनवाई की गई।

भगवा रंग में निकलेगी कावड़ियों की टोली, दो वर्ष बाद गूजेंगे बोल बम के जयकारे

दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। हिंदू युवा वाहिनी ब्लॉक उपाध्यक्ष कैलाश नाथ राना ने कहा कोरोना संक्रमण के कारण पिछले दो वर्ष से श्रावण मास में निकलने वाली कावड़ यात्राओं पर रोक लगाई गई थी, लेकिन इस वर्ष 14 जुलाई से शुरू हुआ श्रावण मास जो दो वर्ष बाद एक बार फिर से गांव–गांव, शहर–शहर से भगवा रंग में रंगी कावड़ियों की टोली कांधे पर कावड़ उठाए नजर आएगी। निकलने वाली कावड़ यात्रा में बोल बम के जयकारों की गूंज सुनाई देगी। शिवालयों में श्रावण मास को उत्सव की तरह धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। शिवालयों पर श्रद्धालुओं का सैलाब एक बार उमड़ते हुए दिखाई देगा। कल दिन रविवार 17 जुलाई को जरवल कस्बा के खाकी दास मंदिर शाम 4:00 बजे शिव कांवरिया संघ की 21 वी पदयात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली जाएगी जो करनैलगंज सरजू नदी से जल भरकर शिव कांवरिया भक्त श्री बाबा लोधेश्वर धाम बाराबंकी के लिए निकलेंगे यह जानकारी शिव कांवरिया संघ छात्रसाल नगर जरवल कस्बा अध्यक्ष कैलाश नाथ सोनी ने दी। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार पप्पू ईश्वरचंद मुन्ना सोनू सोनी दिले राम भारती सीताराम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत समूह से जुड़ी महिलाओ को दिया गया प्रशिक्षण

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा मुख्यालय पर एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे इस बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया।प्रशिक्षकों द्वारा पानी की जांच कैसे की जाये, कौन सा नल खराब है।जैसे जल से जुड़ी अन्य चीजों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।एडीओ पंचायत केपी सिंह ने बताया यह प्रशिक्षण दो दिवसीय है कल ब्रहस्पतिवार तक प्रशिक्षण चलेगा।जिसमें समूह से जुड़ी महिलाओ को प्रशिक्षित किया जायेगा।इस दौरान समूह से जुड़ी काफी महिलाएं मौजूद रही।

संक्षिप्त समाचार

छुट्टा पशुओं से किसान त्रस्त विकासखंड महसी के जिम्मेदार मस्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी महसी बहराइच। विकासखंड महसी के ग्राम पडोहिया के किसानों ने तहसील दिवस महसी में डीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र जिसमें किसानों ने कहा आवारा पशुओं से किसान आह भर रहे हैं। जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं आवारा पशुओं से बचाव के लिए गौशाला निर्माण की पहल की गई है। लेकिन पशुओं के झुंड खेतों में पहुंचकर लगी फसलों को नष्ट कर रहे हैं किसान खेतों की रखवाली में दिन रात जुटे रहते हैं इसके बावजूद भी अपनी गाढ़ी कमाई की फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि आवारा पशुओं के झुंड के झुंड घूमते नजर आ रहे हैं। इन झुंडों में अधिकांश जानवर घायल भी हैं। ग्राम सभा पडोहिया के अरुण कुमार मिश्रा, सुदीप कुमार त्रिवेदी, जीतराम पुत्र भजन, सिपाही लाल पुत्र बाबादीन, तीरथ राम पुत्र बदलू ने कहा कि रात को खेतों में आवारा पशुओं के झुंड आ जाते हैं फसलों को चरकर और पैरों से रौंदकर चले जाते हैं, सुरक्षा के लिए खेत में चारों तरफ तारों की बाड़ लगा रखी है लेकिन पशुओं के झुंड तारों को लांघकर खेतों में घुस जाते हैं जब तक खेत में लोग पहुंचते हैं तब तक पशुओं के झुंड फसलों को नष्ट कर देते हैं इन लोगों का कहना है कि हमारे ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि उपलब्ध है लेकिन मेरे यहां लापरवाह कर्मचारी आवारा पशुओं के लिए गौशाला नहीं बनवा रहे हैं जबकि हम लोगों ने कहा है कि चारा पानी के लिए हम लोग सहयोग करेंगे।

वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी 31 जुलाई तक करा ले आधार अथेन्टिकेशन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपने आधार कार्ड, पासबुक एवं मोबाईल नम्बर के साथ सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारीध्नगर निकाय कार्यालय से सम्पर्क कर 31 जुलाई 2022 तक अपना आधार अथेन्टिकेशन करा लें। आधार प्रमाणीकरण न कराने वाले पेंशनरों की सूची विकास खण्डध्नगर निकायों को उपलब्ध करा दी गयी है। पेंशन प्राप्त करने के लिए 31 जुलाई 2022 तक सभी लाभार्थियों के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के बैंक खातों में पेंशन की धनराशि नहीं भेजी जायेगी।

यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर ने बताया कि अगर किसी लाभार्थी का आधार वेरीफिकेशन के समय पेंशनध्खाता लॉक हो गया है, तो पुनः वेरीफिकेशन कर सकता है। पोर्टल पर लॉक पेंशनध्खाता को अनलॉक कर दिया गया है। श्री शंकर ने बताया कि यदि किसी लाभार्थी नगर या ग्राम में आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है तो आधार की छायाप्रति, मोबाईल नम्बर एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ ब्लाक, नगर निकाय अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क कर समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

इतिहास में इस बार हर घर के छत पर होगा तिरंगा झण्डा (अमृत महोत्सव) के संदर्भ में आयोजित होगा विशेष कार्यक्रम/बीडीओ सत्य प्रकाश पान्डेय व एडीओ पंचायत अरुण कुमार वर्मा ने ब्लश्क समागार में आंगनबाड़ी व सफाई कर्मियों के साथ किया बैठक/अमृत महोत्सव के बारे में लोगों को किया जागरूक

दैनिक अयोध्या टाइम्स

जरवल बहराइच

जरवल बहराइच विकासखंड मुख्यालय सभागार में इस बार स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अमृत महोत्सव के विशेष कार्यक्रम को लेकर सफाई कर्मियों तथा आंगनबाड़ी महिलाओं के साथ बैठक करते हुए सत्य प्रकाश पांडेय खंड विकास अधिकारी जरवल ने कहा कि देश की आजादी में महान बलिदानीयों ने जो आजादी दिलाई है उसी के संदर्भ में इस बार स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रत्येक गांव में 15 अगस्त को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज लगाकर देशप्रेम जागृत किया जाएगा और गांव के लोगों को अमृत महोत्सव के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया जाएगाध शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि आजाद कभी भी अंग्रेजों के सामने नहीं झुके और अंत में मातृभूमि के लिए शहीद हुए। अरुण कुमार वर्मा एडीओ पंचायत ने सफाई कर्मियों व आंगनबाड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर में तिरंगा झंडा लगाया जाएगा आप सभी लोगों को अपने अपने गांव में पैनी नजर रखनी है कि किसी भी प्रकार से राष्ट्रीय ध्वज का अपमान ना हो और प्रत्येक घरों में पहुंचकर अमृत महोत्सव के बारे में लोगों को जागरूक करें और देश प्रेम की भावना को बढ़ाने का काम करेंध गांव में साफ–सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए अनुशासनहीनता करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई भी हो सकती है केंद्र अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जानकारी दें। इस मौके पर– पिंकी जयसवाल, शीलू सिंह, दीपमाला, खुशबू, यासमीन, रेनू सिंह, रिंकू जायसवाल सुपरवाइजर, सरिता चौधरी सुधा चौधरी, सीमा चौधरी, राकेश प्रजापति, मोहम्मद शमीम के साथ सैकड़ों लोग रहे मौजूद।

बेसिक शिक्षक अरुण कुमार गुप्ता को किया गया सम्मानित

- आजादी का अमृत महोत्सव नियमित मनाने वाले बेसिक शिक्षक अरुण कुमार गुप्ता हुए सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स बलहा बहराइच। बलहा विकास खण्ड के संविलियन विद्यालय मलंगपुरवा में कार्यरत मूल रूप से बदायूँ जिले के नगर उझानी निवासी नवाचारी शिक्षक अरुण कुमार गुप्ता बदायूं में सम्मानित हुए आदर्श शिक्षक संतपाल सिंह राठौड़ की स्मृति में जन दृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन द्वारा राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह 2022 का आयोजन बदायूं के प्रभाशंकर मेमोरियल स्काउट भवन में आयोजित हुआ जिसमें देश के अठारह राज्यों के 111 नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दातागंज मा0 राजीव कुमार सिंह बब्बू भैया एवं बदायूं चेयरमैन दीपमाला गोयल कार्यक्रम संयोजक हरिप्रताप सिंह राठौड़ ने अरुण कुमार गुप्ता को सम्मानित किया ।

गत चार वर्षों से नित्य जयंती व पुण्यतिथि के अनुसार ब्लैकबोर्ड पर चित्रण कर वीरों की शौर्यगाथा का गुणगान अपने विद्यालय व सोशलमीडिया के माध्यम से समाज मे किया जा रहा है अपने इस पावन कार्य से देश भर में जनपद बहराइच व बदायूँ का मान अरुण कुमार गुप्ता द्वारा बढ़ाया जा रहा है ।

बदायूं में सम्मानित हुए जनपद बहराइच के शिक्षक नवल कुमार पाठक तथा अरुण कुमार

- स्कूलों में शैक्षिक नवाचारों के माध्यम से गुणवत्ता संवर्धन के लिए मिला नवल कुमार पाठक को राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। प्रभा शंकर मेमोरियल स्काउट भवन बदायूं में राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन जन दृष्टि(व्यवस्था सुधार मिशन)के तत्वाधान में हुआ, जिसमें जिले के शिक्षक नवल कुमार पाठक तथा अरुण कुमार को विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह,शिक्षाविद राम बहादुर पांडेय , डॉव राकेश कुमार चेयरमैन दीपमाला गोयल ने अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। इसकी जानकारी मिलने पर जिले के साथी शिक्षकों ने बधाई दी है।जन दृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन के तत्वावधान में स्कूलों में शैक्षिक नवाचारों के माध्यम से गुणवत्ता संवर्धन को बढ़ाने के लिए प्रभा शंकर मेमोरियल स्काउट भवन बदायूं में कार्यशाला का संपन्न हुआ, जिसमें 18राज्यो के 111 नवाचारी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में शिक्षकों ने कक्षा शिक्षण के दौरान बच्चों के बीच किए जा रहे अनुभव को उपस्थित अधिकारियों व शिक्षकों के साथ साझा किया। इस कार्यशाला में जिले से पयागपुर विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया आलम , पयागपुर, बहराइच के शिक्षक नवल कुमार पाठक तथा अरुण कुमार ने प्रतिभाग किया और अपने विचारों व प्रयोगों को साझा किया। शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य व विचार के लिए शिक्षाविद् राम बहादुर पांडेय, डॉक्टर राकेश कुमार व विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह,चेयर मैन दीपमाला गोयल ने शिक्षक नवल कुमार पाठक तथा अरुण कुमार को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

बदायूं में जनपद बहराइच के शिक्षक के सम्मानित होने पर जिले के शिक्षकों ने बधाई दी है।

कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में आयोजित हुआ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय। आपको बता दें कि कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा पांच दिवसीय मशरूम की खेती का प्रशिक्षण क्षेत्र के किसानों को दिया जा रहा था जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने मशरूम के उत्पादन और उसकी बिक्री के बारे में बताया था उसका आज अंतिम दिवस था जिसमें प्रशिक्षित किसानों को प्रमाण पत्र भी बांटा गया प्रमाण पत्र वितरण में मुख्य अतिथि नवाबगंज ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह रहे एवं कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर के एम सिंह डॉक्टर वीपी सिंह डॉक्टर मनीष डॉक्टर हर्षिता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसान मौजूद रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह ने कहा कृषि विज्ञान केंद्र प्रशिक्षण के साथ हमारे खेतों की मिट्टी व अन्य चीजों का परीक्षण भी करता है हमें कृषि विज्ञान केंद्र से समय–समय पर राय अवश्य लेनी चाहिए। और केंद्र पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के 94 वाँ दिवस पर माननीय कृषि मंत्री भारत सरकार का वर्चुअल मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ जिसे सभी किसानों ने देखा।

सहारा इंडिया के निवेशकों के समर्थन में सांसद ने वित्तमंत्री को लिखा पत्र

- सहारा इंडिया के निवेशकों के प्रति सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने वित्त मंत्री को लिखकर धन की वापसी कराए जाने की बात कही

दैनिक अयोध्या टाइम्स कैसरगंज बहराइच। लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण भारत सरकार नई दिल्ली को पत्र लिखकर इस बात से अवगत कराया है कि सहारा इंडिया बैंक में गरीब जनता के खून पसीने की गाढी कमाई का निवेश हुआ है विसंगतियों की दृष्टिगत रखते हुए इन गरीब लोगों का भुगतान कराने

संक्षिप्त समाचार

आबकारी विभाग द्वारा किया गया निबोहरा क्षेत्र में शराब की दुकानों का निरीक्षण

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। आबकारी विभाग द्वारा शनिवार को निबोहरा क्षेत्र में शराब के ठेकों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम का उद्देश्य नकली शराब की बिक्री को रोकना था। शनिवार दोपहर आबकारी अधिकारी डीएन सिंह फोर्स के साथ निबोहरा के शराब के सभी ठेकों पर पहुंचे तथा उन्होंने सघन चेकिंग की। इस दौरान हालांकि कहीं पर शराब की अवैध बिक्री नहीं पाई गई। डीएन सिंह के मुताबिक शासन के निर्देश पर अवैध रूप से शराब की बिक्री को रोकने के लिए महीने में दो बार छापेमारी की जा रही है। इस दौरान उन्होंने शराब के ठेकों पर गुणवत्ता पूर्वक शराब उपलब्ध कराए जाने के बारे में भी चेकिंग की साथ ही संदिग्ध ग्राहकों की भी चेकिंग की जिससे कहीं भी अपमिश्रित या नकली शराब की बिक्री ना हो सके। यदि कोई शराब की अवैध बिक्री करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान आबकारी विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से कराएं कार्यालयों के मेन्टीनेन्स सम्बन्धी कार्य : डीएम

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन नाम से सेवामित्र पोर्टलध्मोबाइल ऐप टोल फ्री नम्बर 155330 एवं काल सेन्टर विकसित किया गया है। विभाग द्वारा विकसित डिजीटल प्लेटफार्म सेवामित्र पोर्टलध्मोबाइल ऐ पके माध्यम से सर्विस प्रोवाइडर (सेवाप्रदाता) एवं सेवामित्रों (कुशल कामगार) द्वारा प्रदेश के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तथा शासकीय कार्यालयों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर, प्लम्बर, एसी सर्विस मैकेनिक, टैक्सी सर्विस, रंगाई–पुताई आदि सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने जिले के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि कार्यालयों में मेन्टीनेन्स सम्बन्धी समस्त कार्यो को प्राथमिकता के आधार सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से ही कराये जाने के साथ ही वर्तमान में जिन सेवाप्रदाताओं से सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं उन्हें भी सेवामित्र प्रोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड कराया जाय। जिससे प्रदेश्ज्ञ सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना को गति मिलने के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर कुशल कामगारों को रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

डीएम व एसएसपी ने लान्च किया दुलार हेल्प लाइन का नम्बर

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर लगाये गये स्टालों के निरीक्षण के उपरान्त डीएम व एसएसपी ने यूनीसेफ व पीरामल फाउण्डेशन एवं दोस्त फाउण्डेशन के संयुक्त दुलार हेल्पलाइन नम्बर 08068971703 को लांच किया। दुलार हेल्प लाइन नम्बर से 0 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावक द्वारा कॉल करने पर उन्हें बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा तथा देखभाल के सम्बन्ध में परामर्श प्रदान किया जायेगा।

समस्या के समाधान के प्रति हीलाहवाली न करें अधिकारी : डीएम

- समाधान दिवस में डीएम–एसपी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

चित्रकूट ब्यूरो। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील सभागार राजापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 172 समस्याएं प्राप्त हुई। जिसमें से 19 समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया गया। अधिकारियों ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को समय से समस्या निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में डीएम–एसपी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो समस्याएं प्राप्त हो, उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए क्योंकि निस्तारण के संबंध में शासन स्तर से संबंधित समस्याग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक लिया जा रहा है। कहा कि समस्या का जो भी निस्तारण करें उसके संबंध में संबंधित समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। कहा कि कोई भी भूमि संबंधी मामले लंबित नहीं रहना चाहिए। कहा कि भूमि संबंधित मामलों में जो पैमाइश की व्यवस्था है, उसी के अनुसार कराएं। अविवादित वरासत में सभी की वरासत दर्ज करके खतौनी दी जाए। संबंधित लेखपाल तथा कानूनगो अपने क्षेत्रों में जाकर जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है, उनके परिवार के व्यक्तियों के नाम वरासत करके खतौनी में दर्ज करके दें। कहा कि सबसे ज्यादा समस्याएं राजस्व विभाग में भूमि की पैमाइश की है। उन्होंने राजस्व व पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भूमि संबंधी मामले प्राप्त हो रहे हैं, उसमें राजस्व पुलिस की टीम को मौके पर भेजकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। डीएम ने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों, जिनका आधार प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, उनका आधार प्रमाणीकरण करा दें ताकि उन्हें पेंशन प्राप्त हो सके। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है, उनकी पेंशन शासन द्वारा उनके खातों पर भेज दी गई है। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि निराश्रित गोवंशो को गौशालाओं पर संरक्षित कराएं तथा इसमें हीला–हवाली नहीं होनी चाहिए। जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से अंत्योदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। उप निदेशक कृषि से कहा कि किसान सम्मान निधि के जो नए आवेदन पत्र तथा जिन किसानों के ई–केवाईसी नहीं

हुई है, उनको तत्काल कराएं। इस दौरान डीएम ने किसानों को बीज किट भी बांटी।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर एस पी सोनकर, तहसीलदार कर्वी संजय अग्रहरी, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लवप्रकाश यादव सहित सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

फतेहाबाद में राशन विक्रेताओं ने अपर जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, रेनू मिश्रा के खिलाफ कार्यवाही की मांग

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। फतेहाबाद तहसील क्षेत्र के सभी राशन विक्रेताओं ने शनिवार को एक ज्ञापन अपर जिला अधिकारी प्रोटोकॉल हिमांशु गौतम को सौंपा। इस दौरान उन्होंने यूपी फूड एवं सिविल सप्लाई ईस्पेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष रेनू मिश्रा के वीडियो वायरल होने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी फूड सिविल सप्लाई स्पेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष रेनू मिश्रा द्वारा 80000 कोटेदारों पर घटतौली व कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए एक वीडियो वायरल हुआ है।इस पर कोटेदारों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि कार्यवाही नहीं होती है तो 80,000 कोटेदार राशन वितरण बंद कर देंगे ।जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी । इस दौरान फतेहाबाद में प्रमुख रूप से देवेंद्र वर्मा जिलाध्यक्ष आगरा, सुभाष चन्द्र वर्मा जिला महासचिव आगरा जितेंद्र सिंह संगठन मंत्री, ब्लाक अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ,नत्थू सिंह धाकरे, सहदेव सिंह बलबीर सिंह पीतम सिंह हुक्म सिंह ,वेवी देवी आदि राशन विक्रेता मौजूद रहे।

ग्रामीण लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं सीएससी संचालक : बदरुद्दीन

- जनपद के सीएससी केंद्रों में धूमधाम से मनाया गया सीएससी दिवस

चित्रकूट ब्यूरो। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित सीएससी ई–गवर्नेंस के केन्द्रों में शनिवार को यूपी सीएससी दिवस बडे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों को सीएससी द्वारा आम लोगों को दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी तथा केंद्र संचालकों को लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कराने के लिए निर्देशित किया गया।

सीएससी जिला समन्वयक बदरुद्दीन खान ने बताया कि आज के परिवेश में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्य जैसे ई–डाक सेवा, सीएससी एकेडमी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता

अभियान, आयुष्मान भारत कार्ड, पैन कार्ड, बैंकिग कार्य, जीवन प्रमाण पत्र, डिजि–पे आदि महत्वपूर्ण संचालित हो रहे हैं, जिससे आमजन की सरकार से नजदीकीयां बढी है और लोगों को ग्रामीण स्तर पर ही सारी शासकीय–अर्द्धशासकीय सुविधायें प्राप्त हो रही है। शनिवार को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में सहित जनपद के सभी केंद्रों में सीएससी दिवस मनाया गया। इसी क्रम में मुख्यालय स्तर पर भैरोपागा रोड कर्वी स्थित कामन सर्विस सेन्टर/आधार सेवा केन्द्र में सीएससी दिवस का मनाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टेली–ला वीएलई व सम्मानित अधिवक्ता घनश्याम दास ने केक काट कर किया। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों को सीएससी की सेवाओं की जानकारी दी। जिला समन्वयक बदरूददीन खान ने सीएससी दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त केन्द्र संचालकों को शुभकामना दी गई और कहा कि सभी केन्द्र संचालक ग्रामीण स्तर पर ही आमजन को समस्त शासकीय सेवायें मुहैया कराने के लिये प्रतिबद्ध रहे। जिला प्रबंधक अतुल कुमार ने बताया कि ऐसे प्रयोजनो का तात्पर्य लोगों में उत्साहवर्धन करना है तथा ऐसे कार्यक्रमों से केन्द्र संचालाकें में भी उत्साहवर्धन होता है ताकि वह लोग शासकीय सेवायें आमजन में अच्छे ढंग से पंहुचा सके। सीएससी दिवस पर केंद्र संचालक राजेन्द्र, हेमेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, अभय पटेल, विमल कुमार आदि ने अपने केन्द्रों में लोगों का पंजीकरण प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, टेली–ला आदि में पंजीकरण किया।

शांति निकेतन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मे आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। पिनाहट स्थित शांति निकेतन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मे शनिवार को स्कूली बच्चो द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गयी।जिसमे म्यूजिकल चौयर चौस,रस्सी खेच,खोखो जैसे खेल खेले गये। वही म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता कक्षा सात की छात्रा मे रमा भदौरिया ने प्रथम स्थान व खुशी शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

रस्सी खींच मे बालिका वर्ग जूनियर कक्षा की छात्राओ ने सीनियर कक्षा की छात्राऑ को हराया।वही बालक वर्ग मे कक्षा 9,10 के छात्रो ने कक्षा 11,12 के छात्रो को हराया।खो खो मे कक्षा 11,12 की छात्राओ ने 9,10 की छात्राओ को हराया।इस दौरान विद्यालय प्रबंधक रनवीर भदौरिया ने सभी छात्र छात्राओ का उत्साहवर्धन किया।निर्णायक की भूमिका आशुतोष भदोरिया ,जगदीश कुशवाह,मोहिनी विधोलिया,मोनू समाधिया ने निभाई।संचालन ए के पाठक ने किया।इस दौरान रजत गुप्ता,देवेन्द्र सिह,विनय तोमर, भावेश,रमाकांत त्यागी अजय आदि मौजूद रहे।

ब्लाक प्रमुख ने बढ़ाया होनहार छात्रों का हौसला

- संकुल स्तरीय शैक्षिक गोष्ठी संपन्न

पहाड़ी, चित्रकूट। प्राथमिक विद्यालय देवल में मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान, निःशुल्क टी–शर्ट वितरण एवं संकुल स्तरीय शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय रहे। कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी मिथिलेश कुमार एवं आयोजक प्राथमिक विद्यालय देवल रहा।

कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी ने कहा कि वाकई प्राथमिक विद्यालय देवल बहुत अच्छा विद्यालय है। यहां की सुविधाएं देखकर लग रहा है। यह कोई कॉन्वेंट विद्यालय है। कहा कि वह कोशिश करेंगे कि ब्लॉक के बाकी विद्यालयों को भी प्राथमिक विद्यालय देवल जैसे बनाए जाए। शिक्षा के क्षेत्र व विकास के क्षेत्र में हमेशा भी अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी मिथिलेश कुमार ने कहा कि शिक्षक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीन साल से लेकर नौ साल के बच्चों के लिए निपुण भारत मिशन लक्ष्य का निर्धारण किया गया है। जिसमें कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को लक्ष्य के अनुसार निपुण करने का लक्ष्य रखा गया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि आज समय बदल गया है, उसी के अनुसार सभी लोगों को कार्य करना है टीम भावना के साथ मिलकर सभी लोग अपने–अपने विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाएं। राममूषण पांडेय प्रधानाध्यापक देवल ने कहा कि वर्तमान में विद्यालय मे छात्र संख्या 196 है।वही 19 अवस्थापना सुविधाओं में से 18 अवस्थापना सुविधाओं से विद्यालय संतृप्त है। वही स्मार्ट क्लास 3 कक्षा कक्षों में संचालित है। विद्यालय मे भौतिक परिवेश के साथ–साथ शिक्षा के स्तरों पर भी सुधार हो रहा है। जिस कारण विद्यालय में विगत 5 वर्षों में लगातार नामांकन मे वृद्धि हुई है।

इस दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं स्कूल की टापर छात्रा श्रद्धा देवी को प्रमाण पत्र, धनराशि देकर प्रोत्साहन किया गया। साथ ही ऋषभ और सुमन देवी को भी अनुशासन एवं अच्छी उपस्थिति के लिए प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को टीशर्ट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर संकुल प्रभारी प्रभु दयाल एआरपी पुष्पेन्द सिंह, शिवप्रेम याज्ञिक, कमलेश परिहार, कन्धई प्रसाद, प्रमोद शुक्ला, गोविंद सिंह, राजेश कुमार पाल, राजेश कुमार, राजकुमारी, सर्वजीत सिंह, रामप्यारे विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, विवेक श्रीवास्तव, जय सिंह, जुगल किशोर त्रिपाठी, गिरजा देवी, अमजद शेख, सत्यम शुक्ला, देवेंद्र सिंह, कमलेश कुमार कुशवाहा, शिवानंद त्रिपाठी, राजनारायण, सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

राज्य जीएसटी विभाग द्वारा चलाया गया सघन पंजीयन जागरुकता अभियान, लगाया शिविर

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। प्रदेश में अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीयन की श्रेणी में लाने हेतु आयुक्त जीएसटी मिनिस्ती एस के निर्देश पर पंजीयन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत एडिशनल कमिश्नर अजय कुमार सिंह एवं ज्वाइंट कमिश्नर रवि शेखर सिंह, डिप्टी कमिश्नर विशाल पुण्डीर के निर्देशन में राज्यकर जीएसटी अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा दूर दराज के गांव और कस्वों में जा जाकर पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। प्रमोद कुमार मिश्रा वाणिज्यकर अधिकारी खण्ड–20 द्वारा गौरव जैन के प्रतिष्ठान पर धिमश्री में एक कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों को दी जा रहीं सुविधाओं एवं लाभों से अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया पंजीयन लेने के पश्चात व्यापारी पूरे देश में बिल के माध्यम से बेरोकटोक कहीं से भी माल ला और ले जा सकते हैं। व्यापारियों को दस लाख का दुर्घटना बीमा बिना किसी प्रीमियम के दिया जाता है। छोटे एवं मझोले व्यापारी समाधान योजना का लाभ ले सकते हैय विभाग में सारी कार्यवाही ओनलाइन है, अब कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों को पेंशन की योजना भी अमल में लाई जा रही है। सभी व्यापारियों को जीएसटी की बारीकियों से अवगत कराया

गया, उनके द्वारा बताया गया कि अपंजीकृत व्यापारी पंजीयन प्राप्त कर देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनें। इस अवसर पर जगदीश धनवाल सिंह प्रधान धिमश्री, शिव शंकर , कल्ला प्रधान, अध्यक्ष व्यापार मंडल गौरव जैन, धर्मेंद्र सिंह, विजय सिंह, सौरभ जैन,नवीन जैन, मनोज गुप्ता, शशीकान्त, वरुण पारौलिया, अमित कुमार, एवं बड़ी संख्या में व्यापारियों द्वारा आयोजित कैम्प में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में खंड शिक्षा अधिकारी की जगह पहुंचा शिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की संस्तुति

संवाददाता सभाजीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। फतेहाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायत सुनते समय उस समय एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जब शिक्षा विभाग की शिकायत के दौरान कमिश्नर ने खंड शिक्षा अधिकारी को तलब किया तो उनकी जगह फतेहाबाद विकासखंड क्षेत्र में एक विद्यालय में तैनात एक शिक्षक संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद मिला।

जिस पर उन्होंने उक्त शिक्षक से खंड शिक्षा अधिकारी के तहसील दिवस में ना आने का कारण पूछा तो उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी के बीमार होने का हवाला दिया ।इसके बाद कमिश्नर ने खंड शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद वीरेंद्र शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है। इस दौरान उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में ना आने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी।

3.73 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

- जिले में 20 जुलाई को मनेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

चित्रकूट ब्यूरो। जनपद में 20 जुलाई को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान में जनपद के 3.73 लाख (एक से 19 साल के) बालक–बालिकाओं को कृमि से मुक्ति (पेट के कीड़े निकालने) के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। ऐसे बच्चे जो बीमार हैं या फिर कोई अन्य दवा ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवा नहीं खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में 20 जुलाई को स्कूल–कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके बाद 25 से 27 जुलाई तक मॉपअप चरण आयोजित होंगे। 3.73 लाख बालक–बालिकाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बताया कि एक से पांच साल तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, छह से 19 साल तक के स्कूल न जाने वाले सभी बालक–बालिकाओं, श्रमिक एवं घुमंतू बालक–बालिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलाई जाएगी। जबकि छह से 19 तक के सभी छात्र–छात्राओं को सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। एनडीडी के नोडल डॉ आर के आजाद ने बताया कि ऐसे बच्चे जो बीमार हैं या फिर कोई अन्य दवा ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवा नहीं खिलाई जाएगी। इसके लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए गए है।

–ऐसे फैलता है संक्रमण–

एनडीडी नोडल ने बताया कि नंगे पैर खेलना और घूमना, हाथ धोए बिना भोजन करना, खुले में शौच करना, फल और सब्जियां बिना धोए खाना और दूषित भोजन करने से कृमि संक्रमण फैलता है। बताया कि गंभीर कृमि संक्रमण से कई लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं जैसे दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना आदि इसके लक्षण है। बच्चे के पेट में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने ही अधिक होंगे। हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। बताया कि कृमि मुक्ति से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, एनीमिया नियंत्रण, सीखने की क्षमता और कक्षा में उपस्थिति में सुधार होता है।

–ऐसे खिलाई जाएगी दवा–

बताया कि एक से दो साल के बच्चों को आधी गोली अच्छी तरह से चूरा करके पानी में मिलाकर खिलाएं। दो से तीन साल के बच्चों को एक पूरी गोली चूरा करके पानी के साथ खिलाएं तथा तीन से 19 साल के बालक–बालिकाओं को एक पूरी गोली चबाकर खानी होगी।

पाइप पर ट्रेक्टर चढ़ने को लेकर भिड़े दो पक्ष 3 गिरफ्तार

जैतपुर। शनिवार के दिन थाना चित्राहाट क्षेत्र में समर सेवल के पाइप पर ट्रेक्टर चढ़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया विवाद के दौरान एक पक्ष ने 112 डायल कर पुलिस को बुला लिया मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया तो पता चला कि समर सेवल के पाइप लाइन पर ट्रेक्टर चढ़ने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ है पुलिस ने दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया लेकर एक पक्ष तो मान गया दूसरा पक्ष मानने को तैयार नहीं था तो पुलिस ने रवि राकेश राजू पुत्र कैलाश निवासी गांव नगला इमली के खिलाफ शान्ति भंग की कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है मिली जानकारी के अनुसार पता चला कि विवाद रामदत्त पुत्र राधाकृष्ण निवासी गांव नगला इमली से हुआ था दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं विवाद के दौरान रामदत्त ने पुलिस को बुलाया था।

निपुण भारत मिशन है सरकार की महत्वाकांक्षी योजना

- बीएसए ने दी योजना की जानकारी

चित्रकूट ब्यूरो। निपुण भारत मिशन से प्राथमिक शिक्षा में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होंगे। आधारभूत साक्षरता और गणना में कुशलता के लिए शुरु की जाने वाली यह राष्ट्रीय पहल है। इस कार्यक्रम से जिले के हजारों बच्चों के जुड़ने की आशा है।

यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव कुमार यादव ने दी। बताया कि निपुण भारत अभियान भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना को जिले के प्रत्येक विद्यालय में लागू किया जाएगा। इसमें 12 सप्ताह की कार्ययोजना बनाकर काम शुरू किया जाएगा। योजना में जांच के लिए अनुश्रवण समिति गठित की गई है। बीएसए ने बताया कि नई शिक्षा नीति में कक्षा एक को ग्रेड–1, कक्षा दो को ग्रेड–2 व कक्षा तीन को ग्रेड–3 में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए शिक्षकों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान के तहत चार–चार दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। टास्क फोर्स समिति के सदस्य विद्यालयों में जाएंगे और शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन करेंगे। शैक्षिक गुणवत्ता में यह देखा जाएगा कि शिक्षक जो विषय बच्चे को पढ़ा रहा है वह

विषय बच्चे के समझ में आ रहा है या नहीं। अगर बच्चे के समझ में नहीं आ रहा है तो बच्चे और शिक्षक दोनों का मूल्यांकन किया जाएगा और उनके बौद्धिक स्तर को सुधारा जाएगा।

तहसील ऊंचाहार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 144 शिकायतों में 13 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील ऊँचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है कोई भी फरियादी तहसील दिवसधकिसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए जब तक फरियादी द्वारा की गई शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन–जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस ऊँचाहार में कुल 144 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 13 शिकायतों का जिलाधिकारी के माध्यम से मौके पर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की अन्य शिकायतें हैं जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्तापूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा शिकायतों

पर तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है। जितनी भी शिकायतें आई हैं, सभी शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण हो जाना चाहिए। सभी शिकायत की गुणवत्ता जरूरी है, शिकायतकर्ता संतुष्ट अवश्य होने चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी ने तहसील के प्रांगण में बाल विकास द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी व मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार ने तहसील प्रांगण में पौधों का रोपण भी किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीएफओ, उप जिलाधिकारीध्तहसीलदार ऊँचाहार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व संबंधित उपस्थित रहे।

स्कूली छात्र छात्राओं को साइबर अपराध से बचने की दी जानकारी

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। पिनाहट कस्बे में महिलाओं व स्कूली छात्र छात्राओं को बीट प्रभारी सुमन ने साइबर अपराध, सोशल मीडिया अपराध जैसी घटनाओं से बचने के बारे में कस्बे की महिलाओ और स्कूली छात्र छात्राओं को बताया और लोगों को जागरूक किया किसी

की बातों में ना आएं और ना ही किसी के झांसे में आए। वहीं सुमन जी ने स्कूली छात्र छात्राओं को बताया अगर कोई मनचला किसी छात्रा को परेशान करता है। तो घबराए ना अपनी सूचना 1090 पर दर्ज कराएं आप की सूचना गुप्त रखी जाएगी।

सम्पत्ति के लालच में परिवार के सदस्यों ने ही कर दिया रिश्तों का कत्ल

- विधवा महिला ने उठाई पति की मौत की जांच की मांग

चित्रकूट ब्यूरो। गांधीगंज निवासी आराधना यादव ने अपने ससुरालीजनों पर उसके पति की जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उसने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने महिला थाना प्रभारी पर भी जबरिया हलफनामे में दस्तखत करने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया।

आराधना यादव ने बताया कि उसके पति रामबाबू की मृत्यु संदेहास्पद हुई है। इसके बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उसने बताया कि उसके पति के हिस्से की प्रॉपर्टी हड़पने की नीयत से उसके ससुरालीजनों ने जहर खिलाकर मार डाला है। संदेह होने पर पति के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा तो सास अनारा देवी व देवर रामगनेश उर्फ रामनरेश पुत्र स्व सुंदरलाल व शालिकराम पुत्र कंधईलाल ने नहीं सुनी और आननफानन दाह संस्कार कर दिया गया। उसने बताया कि मामले की विवेचना महिला थाना प्रभारी को मिली। एक जुलाई को महिला थाने में बुलाया गया। आरोप लगाया कि महिला थाना प्रभारी ने विपक्षी से

मिलकर जबरन सुलहनामा करने के लिए कहा गया। इससे उसने इंकार कर दिया। थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरण में जांच की गई है। संपत्ति विवाद का मामला है। आरोप निराधार हैं।

क्रिकेट के लेजेंड ब्रैड हॉग ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधान मंत्री और पर्यटन मंत्री के साथ मुंबई में

–अनिल बेदाग–

मुंबई। इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े राज्य में आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन होने जा रहा है। भारत में इसके प्रचार के लिए वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (डब्लूए) के उप प्रधान मंत्री और पर्यटन मंत्री, माननीय रोजर कुक एमएलए एवं टुरिज्म वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के प्रबंध निदेशक कैरोलिन टर्नबुल दिल्ली और मुंबई के दौरे पर हैं। इस शिष्ट मंडल में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट स्टार ब्रैड हॉग भी शामिल थे।

आज मुंबई में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ब्रैड हॉग ने बहु–प्रतीक्षित आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप से लेकर वर्ष 2003 के वर्ल्ड कप में ऐंडी फ्लावर का विकेट लेने तक, क्रिकेट के विषय में सारी बातों की चर्चा की। ब्रैड ने पर्थ में अपने मनपसंद स्पोर्ट्स के बारे में बताया और यह भी कि क्रिकेटप्रेमियों, सैलानियों और रोमांच के दीवानों के लिए टुरिज्म ऑस्ट्रेलिया एक आदर्श गंतव्य क्यों है ये बताया है। ब्रैड और उप प्रधानमन्त्री ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के अपने "वेन्यू ऑफ थे इयर" – पर्थ स्टेडियम पर प्रकाश डाला, जहाँ दक्षिण अफ्रीका के साथ भारत के मैच सहित अनेक प्रमुख मैच खेले जायेंगे। इन खेलों के लिए अब चार महीने से भी कम समय रह गया है।

वर्ष 2019 के बाद से वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियाई सरकार के इस प्रथम आधिकारिक दौरे में उप प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस मिशन में दिल्ली, विजयवाड़ा और चेन्नई में मंत्री–स्तरीय मीटिंग, ग्रुप ब्रीफिंग, इंडस्ट्री राउंडटेबल, वन–टू–वन बिजनेस मैचिंग और नेटवर्किंग इवेंट्स सम्मिलित हैं। जागरूकता और संबंधों को मजबूत करने के लिए इस मल्टी–सेक्टर व्यापार मिशन का लक्ष्य भारत में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के लिए संभावनाओं के द्वार खोलने के साथ–साथ पर्यटकों, स्टूडेंट्स, समारोहों, व्यवसायों और निवेश के लिए वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को एक गंतव्य के रूप में प्रचारित करना है।

टुरिज्म वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के प्रबंध निदेशक कैरोलिन टर्नबुल ने कहा,"भारत में काफी खुशी से हमारा स्वागत हुआ है। हमने भारत से आने वाले आगंतुकों के लिए तमाम एडवेंचर को प्रदर्शित करने के लिए पर्यटन और मीडिया के प्रमुख लोगों के साथ बातचीत और विमानन हितधारकों से मुलाकात की है। अक्टूबर में हमारे विश्वस्तरीय पर्थ स्टेडियम में भारत की नैशनल टीम दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करेगी।

तहसील मुसाफिरखाना में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- मुसाफिरखाना में 108 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया
- गलत जाति प्रमाणपत्र निर्गत करने पर बूबूपुर के लेखपाल निलंबित

अमेठी। जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इस अवसर पर पुलिस से संबंधित प्रकरणों को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम बूबूपुर में गलत जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का मामला प्रकाश में आने पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल अजीत सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश एसडीएम मुसाफिरखाना को दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई।

जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे–मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी

योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 40 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने–अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, प्रभागीय वनाधिकारी एम0एन0 सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबे, तहसीलदार मुसाफिरखाना संगीता पाण्डेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

21 जुलाई को आई0टी0आई0 गोरा बाजार में रोजगार मेला का आयोजन

रायबरेली ब्यूरो। जनपद के राजकीय आई0टी0आई0 गोरा बाजार रायबरेली में 21 जुलाई को प्रातः 09:30 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में एस0एस0एस0 ग्रुप प्रयागराज, क्वेस कॉर्प लिमिटेड एवं एडिको कंपनी द्वारा एस0 ग्रुप के लिए इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रानिक्स, फिटर, मैकेनिक, मैकेनिकल ट्रेड पद हेतु चयन प्रक्रिया संपादित की जायेगी। आयु 18 से 30 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, आई0टी0आई0 अंकपत्र, बायोडाटा आदि प्रमाण पत्र लेकर प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में 2 कम्पनियां 200 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। चयन प्रक्रिया ऑनलाइनधलिखितध्साक्षात्कार के माध्यम से होगी। अधिक जानकारी के लिए आई0टी0आई0 के प्रधानाचार्य के सम्पर्क कर सकते है।

एस आई अभिनेश कुमार का विदाई सम्मान समारोह आयोजित

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी।मुसाफिरखाना स्थानीय कोतवाली मे कार्यरत रहे उप निरीक्षक अभिनेश कुमार का स्थानांतरण जनपद के टीकरमाफी चौकी इंचार्ज के रूप किया गया उनके सम्मान में स्थानीय कोतवाली परिसर में विदाई सम्मान समारोह आयोजित हुआ इस दौरान उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उप निरीक्षक अभिनेश कुमार के स्थानांतर ण होने पर स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित विदाई सम्मान समारोह में प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने एस आई अभिनेश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया हम सभी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं इस अवसर पर

इंस्पेक्टर हंसराज कुशवाहा उप निरीक्षक संतोष मिश्रा इंग्लेश तिवारी का0ज्ञानेन्द्र सिंह अशोक सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

स्पार्क मिंडा ने हेलमेट के लॉन्च के साथ उपभोक्ता जगत में कदम रखा

–अनिल बेदाग–

स्पार्क मिंडा समूह की प्रमुख कंपनी, मिंडा कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जिसे मिंडा कॉर्प या कंपनी कहा गया है ने भारतीय खुदरा बाजार में 145 वेरिएंट्स के साथ 17 हेलमेट मॉडल लॉन्च किए हैं। यह लॉन्च स्पार्क मिंडा के बी2सी जगत में प्रवेश को ऐसे समय में चिह्नित करता है जब भारत वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते हेलमेट बाजार के रूप में उभर रहा है। अगले कुछ वर्षों के दौरान, कंपनी 200 वितरकों को जोड़ने और देश भर में विशिष्ट स्पार्क मिंडा ब्रांडेड आउटलेट खोलने की योजना बना रही है, जिससे वितरण नेटवर्क अधिक मजबूत हो जाएगा। प्रोटेक्टिव हेड गियर तीन ग्राहक खंडों– किफायती (नाइट सीरीज), मध्यम (गैरीसन सीरीज) औरप्रीमियम (आर्मर्ड सीरीज) में उपलब्ध होगा।

स्पार्क मिंडा ने देश भर में 2–व्हीलर राइडर्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 1500 फाइबर पार्ट्स (टू – व्हीलर के लिए प्लास्टिक – मोल्डेड, पेंटेड कंपोनेंट्स) लॉन्च किए जाने की भी घोषणा की है। यह संख्या अगले दो वर्षों में 2400 तक बढ़ने का लक्ष्य है, जो देश में उपलब्ध फाइबर पार्ट्स की सबसे बड़ी श्रृंखला होगी। मिंडा कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अशोक मिंडा ने कहा, षपिछले छह दशकों में स्पार्क मिंडा ने मोटर वाहन उद्योग में इंडस्ट्री के अग्रणी समाधानों की शुरुआत की है। व्यापक शोध पर इसके प्रोत्साहन के साथ समूह के अनुभव के समामेलन ने भविष्य के लिए उत्पादों को विकसित करने की दृष्टि से इसे एक विशिष्ट पहचान दी है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

उपभोक्ता व्यापार श्रेणी में हमारा प्रवेश न केवल हमें देश की इस प्रतिष्ठित विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनाएगा, बल्कि देश भर में 2–व्हीलर सवारों के लिए सुरक्षा के उच्चतम मानक प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगा।मिंडा कॉर्पोरेशन लिमिटेड के आफ्टरमार्केट डिवीजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री नीरज शरण ने कहा, ष्भारत दुनिया का सबसे बड़ा हेलमेट बाजार है और इस सेक्टर की 40 –45 प्रतिशत मांग अभी भी असंगठित क्षेत्र से पूरी होती है।

इस व्यापक उत्पाद रेंज का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और हमें हेलमेट सेगमेंट की अग्रणी कंपनियों में से एक बनने में मदद

करेगा। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत में प्रत्येक 2–व्हीलर सवार के लिए प्रमाणित हेलमेट उपलब्ध हों। आगे बढ़ते हुए, कंपनी ने कई नए उत्पादों को लॉन्च करके मर्चेंडाइज पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बनाई है और हमारे पास देश में हमारे 2–व्हीलर राइडर्स के लिए फाइबर पार्ट्स की सबसे बड़ी रेंज है।

दमदार है विक्रम भट्ट द्वारा निर्देशित पहली वर्चुअल प्रोडक्शन में शूट की गई फिल्म "जुदा होके भी"

अनिल बेदाग, मुंबई। हॉरर के बादशाह कहे जाने वाले फिल्मकार विक्रम भट्ट ने इस सप्ताह रिलीज हुई फिल्म जुदा होके भी" के माध्यम से एक प्यारी सी प्रेम कहानी में हॉरर का तड़का देने की सफल कोशिश की है। जुदा होके भी, के सेरा सेरा और विक्रम भट्ट के वर्चुअल वर्ल्ड द्वारा निर्मित, विश्व की पहली ऐसी फिल्म है जिसे पूरी तरह से वर्चुअल प्रोडक्शन में शूट किया गया है। इसे विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया है और महेश भट्ट ने लिखा है। फिल्म अक्षय ओबेरॉय, ऐंद्रिता रे, मेहरजान मज्दा के किरदारों के इर्दगिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी यह है कि कभी एक सफल गायक रहे अमन खन्ना अपने 6 साल के बेटे की एक दुर्घटना में हुई मौत के बाद अपना जीवन शराब और निराशा में डुबो देते हैं। अमन की पत्नी मीरा को एक बड़े व्यवसायी सिद्धार्थ जयवर्धन की बॉयोग्राफी लिखने का काम मिलता है और वह उत्तराखंड चली जाती है। उसके बाद वहां मीरा के साथ क्या होता है, अमन में कुछ बदलाव आता है या नहीं, इसके लिए आपको फिल्म देखनी होगी। फिल्म में कलाकारों के अभिनय की बात करें तो अमन का रोल अक्षय ओबेरॉय ने बखूबी निभाया है। कई तरह के इमोशंस को उन्होंने प्रभावी ढंग से पर्दे पर उकेरा है। मीरा के रोल मे ऐंद्रिता ने भी अपना असर छोड़ा है। सिद्धार्थ जयवर्धन की भूमिका में मेहरजान मज्दा ने तो कमाल कर दिया है। नकारात्मक किरदार को उन्होंने बड़ी शिद्दत से निभाया है जो भूमिका याद रह जाती है। विक्रम भट्ट ने साइक्लोजिकल थ्रिलर फिल्म "जुदा होके भी" को कुशलता से डायरेक्ट किया है। सभी

कलाकारों से शानदार अभिनय करवा लिया है। फिल्म का बैकग्राउंड म्युजिक भी सब्जेक्ट और सिचुएशन के अनुसार दिया गया है। पुनीत दीक्षित के गाने फिल्म का प्लस पॉइंट है। गाने भी कहानी को आगे बढाते हैं और सीन्स व डायलॉग के बीच गाने को इस तरह पिरोया गया है कि देखते हुए दर्शक एक अलग सा अनुभव महसूस करते हैं।

"जुदा होके भी" की सबसे खास बात यह है कि इसे पूरी तरह से वर्चुअल प्रोडक्शन में शूट किया गया है।

विक्रम भट्ट इस नई तकनीक के लिए बधाई के पात्र हैं।

अमेठी में पकड़ी गई अवैध असलहों की फैक्ट्री

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- दो तस्कर गिरफ्तार, अगल–बगल के जिले के अपराधियों को थे बेचते

अमेठी में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम व शिवरतनगंज पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने 10 अदद अवैध तमंचे व 10 जिन्दा कारतूस और अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शिवरतनगंज थाना क्षेत्र से हुई गिरफ्तारी : पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में आज यह गिरफ्तारी हुई। उपनिरीक्षक अमरेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष शिवरतनगंज व उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा एसओजी प्रभारी अमेठी वांछित की तलाश में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प सरैया सुल्तानपुर मोड़ के पास खण्डहर मकान के अन्दर अवैध शस्त्र बनाते हुए दो लोगो को गिरफ्तार किया। इनकी पहचाना कुलदीप तिवारी (27) पुत्र गिरधारी तिवारी निवासी जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज व जिब्राइल (28) पुत्र कासिम निवासी कामापुर थाना मोहनगंज के रूप में हुई है।

10 तमंचा बरामद : पुलिस ने कुलदीप तिवारी के कब्जे से 2 तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 3 तमंचा 8 जिन्दा कारतूस 12 बोर व अभियुक्त जिब्राइल के कब्जे से 5 तमंचा 315 बोर बरामद किया है।

मौके से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण 1 भट्ठी लोहा, 1 प्लास, 2 पेचकस, 15 कील, 2 लोहे की आरी, 2 ट्रैगर, 1 हथौडी, 1 सम्सी, 4 स्प्रिंग, 11 लोहे की नाल आदि बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों लोग अवैध शस्त्र फैक्ट्री लगाकर तमंचा तैयार कर अगल–बगल के जनपदों के अपराधियों को बेच देते हैं।

संक्षिप्त समाचार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व बड़ौदा यू0पी0 बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रायबरेली के सहयोग से रक्तदान शिविर हुआ आयोजित

रायबरेली ब्यूरो। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व बड़ौदा यू0पी0 बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रायबरेली के संयुक्त तत्वाधान में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद द्वारा दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा इस अवसर पर रक्तदान से होने वाले फायदों के बारे में बताकर बैंक की इस पहल की सराहना की। जिला जज बताया गया कि रक्तदान करने से न सिर्फ दूसरों की जान बचायी जा सकती है बल्कि यह हमारी खुद की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। रक्तदान, रक्तदाता के शरीर और मन दोनों पर बहुत अच्छा प्रभाव डालता है। रक्तदान सच्चे अर्थों में मानवता की सेवा है। रक्तदान शिविर में कुल 87 बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में विमल त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुमित कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अभिनव जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोक कुमार क्षेत्रीय प्रबन्धक, डा0 एम0पी0 सिंह व अन्य बैंक के अधिकारीगण, कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सरकारी भवनों, स्कूलों, पार्कों व राजकीय कालोनी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जाए सुनिश्चित : पल्लवी मिश्रा

रायबरेली ब्यूरो। शासन के निर्देशों के अनुपालन में वर्षा जल संचयन के सम्बन्ध में जिलाधिकारीधविकास प्राधिकरण रायबरेली की उपाध्यक्ष माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार सचिव पल्लवी मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण कार्यालय सभागार में भूजल सप्ताह के अन्तर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि 300 वर्गमी0 भूखण्ड से अधिक भवनों के स्वीकृत होने वाले मानचित्रों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाये। उक्त के अतिरिक्त छोटे भवनों एवं प्राधिकरण की योजनाओं में विकसित किये गये पार्कों आदि में भी जल संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सचिव द्वारा प्रवर्तन अनुभाग के सभी अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वह क्षेत्र में भ्रमण करते हुए भू–स्वामियों को भवनों निर्माण के समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करें साथ ही सरकारी कार्यालयों, स्कूलों एवं योजनाओं के अतिरिक्त प्राधिकरण द्वारा बनवाये गये राजकीय कालोनी स्थित पार्क एवं शहीद स्मारक स्थित पार्क में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर विकास प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

रिकॉर्ड तोड़ेगी विश्व की सबसे बड़ी अयोध्या की रामलीला

अनिल बेदाग मुंबई। मुंबई में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अयोध्या की रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी) ने बोला कि मुझे बड़ी खुशी है अयोध्या कि रामलीला सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। भगवान श्री राम के भक्तो ने इसे विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया है। अयोध्या की रामलीला में सबसे बड़ा सहयोग उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सहयोग से हो पाया है और उनका सहयोग,आशिर्वाद हमारे पर रहता है। अयोध्या की रामलीला इस वर्ष अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी। 2020 में सोलह करोड़ से ज्यादा भगवान राम भक्तों ने इसे देखा था। 2021 मे बाईस करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखा था।इस बार हमे उम्मीद है कि भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या की रामलीला पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी। इस मौके पर अयोध्या की रामलीला कमेटी के क्रिएटिव डायरेक्टर जनरल सेक्रेटरी शुभम मालिक ने बोला कि अयोध्या कि रामलीला में इस बार 1600 फुट का एल ई डी सेट तैयार हो रहा है और बॉलीवुड की कई महान हस्तियां अयोध्या की रामलीला में काम कर रही हैं।

अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मालिक ने बताया अयोध्या कि रामलीला का अयोजन दिनांक 25 सितंबर से 5 अक्टूबर 2022 तक अयोध्या में हर वर्ष कि तरह लाइव देख पाएंगे। इस वर्ष अयोध्या की रामलीला का तीसरा संस्करण होगा। जिसको लाइव दिखाया जाएगा। शाम 7 से रात 10 बजे तक दूरदर्शन पर देख पाएंगे। श्री रवि किशन जी केवट, श्री बिंदुदरसिंह जी हनुमान, श्री गजेंद्र

चौहान जी राजा जनक, सुभम मालिक क्रिएटिव डायरेक्टर जनरल सेक्रेटरी, श्री शाहबाज खां जी रावण, श्री राकेश बेदी जी , श्री गुर्फी पटेल जी नारद मुनि, श्री गिरजा शंकर जी दशरथ, कपिल शर्मा शो की बुआ जी उपासना सिंह जी कैकेई, दीक्षा रैना जी सीता, राहुल बुचड़ राम की भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर कमेटी के चेयरमैन राकेश बिंदल,और वॉइस चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, वॉइस चेयरमैन कैप्टन राज माथुर, वॉइस चेयरमैन अनुज अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या की रामलीला 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अयोध्या में होगी। हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है। भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में अयोध्या की रामलीला का आयोजन होता है। इस मौके पर अयोध्या की रामलीला का वेबसाइट पर भी उद्घाटन हुआ।

पुजारी की पत्नी की चेन लूटकर लुटेरे फरार

रायबरेली ब्यूरो। जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऐहार गांव के पास शनिवार को लुटेरों ने मंदिर के पुजारी की पत्नी की सोने की चेन लूट ली और महिला के आंखों में मिर्च पाउडर डालकर फरार हो गए।

महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस लुटेरों का पता लगाने के लिए कोशिश कर रही है। जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के सुप्रसिद्ध बालेश्वर मंदिर के पुजारी झिलमिल जी महाराज की पत्नी अर्चना शुक्ला ऐहार गांव के नजदीक घर से निकल कर सड़क पर गाय को खाना देने गई थी। इसी बीच बाइक सवार दो लुटेरे उनके पास पहुंचे और उनकी आंख में मिर्च पाउडर डालकर सोने की चौन खींच कर भाग गए। महिला द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े परंतु लुटेरे तब तक नौ दो ग्यारह हो चुके थे। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर लालगंज थाने की पुलिस तथा डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया है। इस बीच महिला की हालत खराब होने पर उसे रायबरेली स्थित राणा बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज महिपाल पाठक भी घटनास्थल पर पहुंचे और लुटेरों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

13 अगस्त को जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

रायबरेली ब्यूरो। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आगामी 13 अगस्त को मा0 अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्जनपद न्यायाधीश रायबरेली अब्दुल शाहिद की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर रायबरेली में प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी सुलह–समझौते के आधार पर सरल निस्तारण कराना है। कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अभिनव जैन ने बताया कि आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद 138 एनआई एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, बिजली एवं जल से सम्बन्धित विवाद, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, राजस्व वादों, अन्य सिविल वादों, किराया, सुखाधिकार व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, सर्विस में वेतन से संबंधित मामलोंध्प्रकरणों के निस्तारण के साथ–साथ अन्य प्रकृति के वादों का विवेकानुसार निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य वादकारियों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करना है। जन उपयोगी सेवाओं के सम्बन्ध में उपजे विवादों हेतु गठित स्थाई लोक अदालत रायबरेली में निम्न मामले जैसे वायु, सड़क या जल मार्ग द्वारा यात्रा या माल के वहन के लिए यातायात सेवा, डाक तार व वाहन या टेलीफोन सेवा, किसी स्थापना द्वारा जनता को विद्युत प्रकाश या जल, सार्वजनिक मल वाहन या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल या औषधालय, बीमा सेवा, शैक्षिक एवं शैक्षणिक संस्थानों, आवास और भू सम्पदा सेवा निस्तारित किये जा सकते है, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाए। उन्होने अपील करते हुए कहा कि समस्त वादकारियों को सूचित किया जाता है कि वह इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने वादों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराएँ।

जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने की छापेमारी

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- मौके पर 40 लीटर अवैध शराब बरामद तथा 02 अभियोग पंजीकृत

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत सतीश चंद्र, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–2, अमेठी तथा हमराह स्टाफ प्रधान आबकारी सिपाहीध्आबकारी सिपाही रामनाथ मौर्य, विनीत कुमार, सुधीर पाठक, संजय सरोज, प्रीति पाल एवं सरकारी वाहन चालक बृजेश चन्द्र पाण्डेय के साथ ग्राम सरैया कनु, राजापुर पसियान थाना संग्रामपुर में आकस्मिक दबिश दी गयी।

दबिश के दौरान 40 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 500 किलो ग्राम

लहन बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत 02 मुकदमा पंजीकृत किया गया एवं आबकारी दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, साथ ही गॉव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।

घाटों पर साफ-सफाई व स्वच्छता का व्यवस्था रखे सुनिश्चित : माला श्रीवास्तव

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कावड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए ऊँचाहार के गोकना घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाटों की साफ–सफाई व स्वच्छता का पूरा इंतजाम करने के साथ ही घाटों पर स्नान आदि की सभी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये। इसी दौरान जिलाधिकारी ने गंगा मईया की विधि विधान द्वारा पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, एसडीएम, बीडीओ ऊँचाहार आदि सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

जन-जन तक जल पहुँचाना है, जल संरक्षण अपनाना है

संवाददाता अयोध्या टाइम्स । जिलाधिकारी महोदया व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाकर भू–जल सप्ताह का किया गया शुभारम्भ, जनपद वासियों से जल संरक्षण में अपने अमूल्य योगदान हेतु की गई अपील, प्रदेश में अत्यधिक भूजल दोहन के कारण उस पर आसन्न संकट के दृष्टिगत भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबन्धन तथा उसके महत्व के प्रति आमजन मानस को जागरूक करने के उद्देश्य से भदोही तहसील सभागार में श्रीमती आर्यका अखौरी जिलाधिकारी भदोही की अध्यक्षता व डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में भू–जल सप्ताह (16 जुलाई से 22 जुलाई 2022) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा जल की बचत व जल संरक्षण सहित 'जल ही जीवन है' पर प्रकाश डालते हुए जनपदवासियों से कहा कि हम सभी को मिलकर अनावश्यक व्यय होने वाले जल को बचाते हुए, जल संरक्षण हेतु सोकपिट, रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग, परम्परागत जल केन्द्रध्टैंक, वाटरशेड डबलपमेन्ट के कार्य, तालाबध्पोखर, चौकडैम, नहरों की

सफाई, वृक्षारोपण, ड्रिप ऐरिगेशन एवं मिनी स्प्रींकलर आदि तरीकों पर बल दिया। जिससे वर्षा जल का संचयन कर भूँ–गर्भ जल स्तर बढ़ाया जा सकें। उन्होंने बताया कि भू–जल सप्ताह के अन्तर्गत जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के क्रम में स्कूल कालेजों में छात्रध्छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, पद यात्रा, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता इत्यादि के माध्यम से प्रचार–प्रसार करके जनता जर्नादन में जागरूकता लाई जायेगी। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों, विकास खण्ड तथा तहसील स्तरों पर भी नुक्कड़ नाटक, कठपुतली, मोटरसाइकिल रैली, एवं गोष्ठियों तथा होर्डिंग्स, बैनर पोस्टर इत्यादि के माध्यम से जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है। भू–जल सप्ताह दिवस में जागरूकता कार्यक्रम हेतु तिथिवार नोडल अधिकारी बनाये गये है। उपस्थित अधिकारियों एवं जनमानस को भू–जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए ''जन–जन तक जल पहुँचाना है, जल संरक्षण अपनाना है'' के केन्द्रीय भाव पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को जीवन में जल के महत्व को समझाते हुए जल संरक्षणध्संचयन हेतु व्यावहारिक व प्रभावी तरीकों पर बल दिया। सभी से जल संरक्षण में अपने अमूल्य योगदान हेतु अपील की गई।

अमृत महोत्सव के चलते 15 अगस्त से पहले हर घर झंडा तिरंगा लगाने की अनोखी पहल

शाहजहांपुर। एक ओर जहां सरकार आजादी के अमृत महोत्सव के चलते 15 अगस्त से पहले हर घर झंडा तिरंगा लगाने की मुहिम में जुटी हुई है । तो वहीं इस ऐलान से पहले ही शाहजहांपुर में एक गांव के प्रधान ने इस मुहिम से जुड़ते हुए अनोखी पहल की है। उन्होंने गांव में पानी के लिए लगाए गये सभी सरकारी नलों को तिरंगे के रंगों में सजाकर गांव बालों में देश प्रेम की भावना का एहसास जगा रहे हैं। ग्राम प्रधान इन अनोखे नलों से पानी भरने वाले ग्रामीणों और उनके बच्चों में तिरंगे को देखकर ना केवल उन्हें देश के लिए समर्पण की याद दिला रहे हैं बल्कि उन्हें देश प्रेम की भावना से जोड़कर उन्हें भारतीय होने ने की याद भी दिला रहे हैं । तिरंगा नलों की इस अनोखी मुहिम को देखकर स्थानीय ग्रामीण के अलावा आसपास के गांवों में भटपुरा गांव चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। यूपी के शाहजहांपुर में ब्लाक सिधौली का भटपुरा रसूलपुर गांव इन दिनों अनोखी पहल के के लिए चर्चा का केंद्र बना हुआ है। दरअसल इस गांव के ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने गांव के 56 सरकारी नलो को भारतीय झंडे के रंगों से सराबोर किया है। यही नहीं खूबसूरत नल के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था भी कराई है। गांव के सभी नलों को भारतीय रंगों में रंग कर ग्रामीणों को देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत किया गया है। नलों से पानी भरने वाले ग्रामीण और बच्चो के मन में भारतीय झंडे के रंग में रंगे नलों से पानी भरते समय भारतीय झंडे को देखकर देश प्रेम की भावना जागृत होती है।ये नल ग्रामीणों को अपने पूर्वजों का देश की आजादी के लिए समर्पण की भी याद दिला रहा है।राजेश्वर, स्थानीय ग्रामीणने बताया दरअसल यह गांव प्रशासन की तरफ से हमेशा से आदर्श गांव घोषित होता चला आ रहा है। पिछले 10 वर्षों से इस गांव के प्रधान अनिल गुप्ता ने इस गांव के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराया हैं। सड़क और नालियों को दुरुस्त करने के साथ साथ गांव की साफ सफाई व्यवस्था में नंबर वन बनाया है। इन नलों के जरिए हर घर में पेयजल व्यवस्था मुहैया कराने के साथ–साथ ग्रामीणों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाए हैं। यही नहीं इस गांव में बना हनुमत धाम भी चर्चा का केंद्र रहा है। अब आजादी के महोत्सव से पहले ही इस गांव के ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने अनोखी मुहिम शुरू करते हुए गांव के सभी नलों में भारतीय झंडे के रंगों को भरने के साथ–साथ गांव के बिजली के खंभों में भी भारतीय झंडे से रंग करा कर नई मुहिम शुरू की है। इस मुहिम से इस गांव के यह नल आसपास इलाकों में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं।अनिल गुप्ता,ग्राम प्रधान भटपुरा रसूलपुर शाहजहांपुरने बंताया 15 अगस्त आने से पहले ही प्रदेश सरकार हर घर में झंडा फहराने का संदेश दे रही है। ताकि लोग अपने घरों में झंडा फहरा कर ना केवल अपने आप को भारतीय होने का एहसास करा सकें बल्कि देश प्रेम और आजादी में पूर्वजों की कुर्बानी की हिस्सेदारी का भी एहसास कर सकें । लेकिन इस गांव में आजादी के महोत्सव से पहले ही ग्राम प्रधान कि इस मुहिम से गांव में देश प्रेम की भावना लोगों में एहसास कराने लगी है। ऐसे में भटपुरा गांव इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है।

अंत्योदय कार्ड धारकों के शत प्रतिशत गोल्डन कार्ड जारी कराए जाएं : जिलाधिकारी

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने तहसील तिलहर के ग्राम बीरमपुर में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं उनकी समस्याओं तथा शिकायतों को सुनकर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने गांव में स्थापित किए गए हैंड पंप एवं कराए गए निर्माण कार्यों के विषय में ग्रामीणों से फीडबैक लिया। उन्होने कहा कि यदि गांव में कोई दैवीय आपदा से पीड़ित है तो उसे राहत राशि से शीघ्र लाभन्वित किया जाये। उन्होने प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा अन्त्योदय कार्ड से सम्बन्धित लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को प्राप्त हो रहे लाभ के सम्बन्ध मे जानकारी ली। ग्राम स्तर पर तैनात कर्मचारियों के कार्यों के विषय में भी जनता से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अंत्योदय कार्ड धारकों के शत प्रतिशत गोल्डन कार्ड जारी कराए जाएं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सभी शौचालय का प्रयोग करें तथा खुले में शौच बिल्कुल ना जाएपुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने बताया शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव में स्थित पंचायत घर में मिशन शक्ति कक्ष बनाया गया जिसमें निर्धारित रोस्टर के अनुसार महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गयी है। कोई भी महिला इसके माध्यम से सहायता प्राप्त करने एवं गोपनीय सूचनाएं पुलिस तक पहुचाने हेतु सम्पर्क कर सकती है। उन्होने कहा कि गोपनीय सूचना देने वाली महिला का नाम गुप्त रखा जायेगा एवं उनके द्वारा की गयी शिकायत पर भी त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसपी गौतम, उप जिला अधिकारी राशि कृष्णा, जिला विकास अधिकारी पवन सिंह, जिला पं0 राज अधिकारी श्री घनश्याम सागर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

क्राइम ब्रांच व चौरी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। ज्ञानपुर, भदोही। भदोही जनपद के चौरी बाजार के सराफा व्यापारी जयकुमार वर्मा से की गई लूट के एक और आरोपी को पुलिस ने आज शनिवार को सुबह 7:30 बजे लूट का माल खपाने वाले सर्राफा व्यापारी शिव प्रकाश सेठ उर्फ छन्नू निवासी मीराशाह पिंडरा थाना फूलपुर जनपदवाराणसी को 2 अदद अंगूठी लेडीस, 6 अदद अंगूठी जेन्स, 2 अदद चौन, 2 अदद लाकेट मंगलसूत्र का, एक अदद नदियां,8 अदद कान की जाली,14 पीस मंगलसूत्र की गुरिया,एक जोड़ा पैजेब, 2 सिक्का चांदी का ,5 अदद टिकुलीऔर एक अदद मनटीका के साथ साथ 12 बोर का तमंचा 41.3 ग्राम (पीली धातु) व 314 ग्राम (सफेद धातु) तथा 19 हजार 500 रुपए नगद के साथ चौरी थाना क्षेत्र के मई हरदोपट्टी तिराहे के पास गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में स्वाट प्रभारी विनोद दूबे, प्रभारी निरीक्षक भदोही गगनराज सिंह, तुफैल अहमद, नरेंद्र सिंह ,अजय यादव, राजेश सिंह, दीपक यादव, मन्नू सिंह, सुनील कनौजिया, चालक सुभाष सिंह, थानाध्यक्ष चौरी अनिल कुमार सहित अन्य हमराही शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने गिरफ्तार और बरामदगी करने वाली टीम को 25 हजार रुपए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

बताते चलें कि 25 जून को दिनदहाड़े हुए लूट की घटना में घटना के मास्टर माइंड ग्राम पुत्र सलीम निवासी कूड़ी, थाना बड़ागांव– वाराणसी को धौरहरा पुलिस चौकी के पास पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार करके 12 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था।

डॉक्टर ने ग्लेयरिंग पब्लिक स्कूल के बच्चों को संचारी रोग नियंत्रण के प्रति किया जागरूक

शाहजहांपुर। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर के पी निराला द्वारा ग्लेयरिंग पब्लिक स्कूल हथोड़ा बुजुर्ग में संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में छात्र–छात्राओं को जागरूक कर रोग नियंत्रण के उपाय सुझाए गए डॉक्टर निराला द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में विस्तार पूर्वक बच्चों को समझाते हुए बताया गया की बरसात के महीने में दूषित व गंदे पानी के संपर्क में आने से बचना चाहिए क्योंकि बरसात के मौसम में दूषित व गंदे पानी से तमाम ऐसे रोग उत्पन्न होते हैं जो सिर्फ गंदगी और दूषित पानी से उत्पन्न होते है डॉक्टर के पी निराला ने बताया की बारिश के मौसम में बच्चों को बेहतर पोषण युक्त खानपान लेना चाहिए और शौच के बाद हाथों को ठीक तरह से साबुन से धोना चाहिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखकर सतर्कता अपनाकर विषाणु जनित संक्रमण से बचा जा सकता है कार्यक्रम का संचालन अतुल कुमार सिंह ने किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

विकासखंड निगोही का निरीक्षण करने पहुंची विधायिका को नदारद मिले खंड विकास अधिकारी

• खुद उपस्थित लोगों की सुनीं जन समस्याएं

• दलाली भ्रष्टाचार के मामले में नंबर वन है विकासखंड निगोही

शाहजहांपुर। ब्लॉक स्तर के अधिकारियों में अब सरकार का कोई खौफ दिखाई नहीं दे रहा है।इच्छा आए तब कुर्सी पर विराजमान हो जाते हैं और जब इच्छा आए तो गायब हो जाते हैं,इन इच्छाधारी अधिकारियों पर उच्च अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों का कोई दबाव नहीं है।ऐसी तमाम शिकायतें मिलने के बाद शुक्रवार को तिलहर विधानसभा से विधायिका सलोना कुशवाहा निगोही ब्लाक का निरीक्षण करने पहुंची।जहां खण्ड विकास अधिकारी साहब तो इच्छाधारी नाग की तरह कुर्सी से गायब मिले लेकिन फरियादियों का तांता लगा हुआ था। फरियादियों का तांता लगा देख विधायिका का पारा चढ़ गया और वो खुद लोगों की जन समस्याएं सुनने लगीं,फिलहाल विकासखंड निगोही दलाली और भ्रष्टाचार के मामले में नंबर वन चल रहा है यहां राजनीतिक खींचतान भी सदैव बनी रहती है कुछ दिन पूर्व यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वसूली का मामला सामने आया था। पुलिस ने ऐसे दलालों को पकड़कर थाने में भी बैठा लिया था,लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते उन्हें छोड़ दिया गया यह सभी दलाल निगोही ब्लाक में सक्रिय रहते हैं और जहां दलाल सक्रिय रहते हो वहां अधिकारियों का उपस्थित ना रहना कोई नई की बात नहीं है यह तो सभी जानते हैं।

जिस कार्यालय में अधिकारी मौजूद रहेंगे वहां फरियादी दलाल से क्यों मिलेगा सीधे अधिकारियों से मिलेगा लेकिन यहां तो ब्लॉक के मुखिया खंड विकास अधिकारी ही अधिकतर गायब रहते हैं और इनके गायब रहने का फायदा गिद्ध की तरह मंडरा रहे दलाल उठाते हैं।और भोले भाले लोगों को अपना शिकार बनाते हैं,निगोही ब्लॉक परिसर में ऐसा मकड़जाल फैला हुआ है कि पूर्व विधायक के गुर्गों का यहां आज भी बोलबाला है उनके आगे ग्राम पंचायत सचिव से लेकर खंड विकास अधिकारी तक बगैर मर्जी कलम नहीं चला सकता निगोही ब्लाक के अंतर्गत आने वाली अधिकतर ग्राम पंचायतों में गंभीर फर्जीवाड़े किए गए हैं। ब्लाक प्रमुख की मनमानी इस कदर हावी है कि यहां जो अधिकारी तैनात किया गया और उसने ब्लाक प्रमुख के विरुद्ध काम किया तो वह एक महीना भी पूरा नहीं कर पाया और ट्रांसफर पर चला गया जबकि ब्लॉक प्रमुख की हां में हां मिलाने वाले दशकों से जमे बाबू व अधिकारी कर्मचारी गण लंबे भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं। ग्राम प्रधान की अनोखी पहल, गांव के सभी नलों को तिरंगे के रंग में रंगवाया।

महिलाओं/छात्राओं को सशक्त, स्वावलम्बी व आत्म रक्षा के प्रति किया जागरुक

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द शाहजहाँपुर द्वारा संजीव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं प्रभारी निरीक्षकोंध्थाना प्रभारियों, थाना स्तर पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल सहित एन्टी रोमियों स्क्वायड को अपने अपने थाना क्षेत्रों में बालिकाओंध छात्राओं एवं महिलाओं को महिला अपराधों के प्रति जागरूक एवं महिला सशक्तिकरण हेतु मिशनशक्ति अभियान के अंतर्गत सशक्त, स्वाबलम्बी व आत्म रक्षा के प्रति जागरुक करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

गांव की महिलाओं बच्चियों की सुरक्षा के संबंध में अवगत कराते हुए उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी तय करते हुये बताया गया कि आपके आस पास यदि कोई अपराध में संलिप्त है या बालिका छात्राओं एवं महिलाओं से छेडखानी करता है तो अपने परिवार में अवश्य बताये तथा बताये गये नम्बरों पर सूचना दे ।

वीएएस0 वीर कुमार क्षेत्राधिकारी तिलहर के नेत्तव में श्री बीरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक द्वारा आरवीएम इण्टर कालिज तिलहर मे मिटिंग आयोजित कर यातायात नियमों एव साईबर अपराध, नारी शक्ति के सम्बन्ध मे जागरुक किया गया, उक्त गोष्ठी मे आरवीएम इण्टर कालिज के प्रबन्धक लाल प्रभात चन्द्र व प्रधानाचार्य रत्नेश जायसवाल एव सभी अध्यापक एवं अध्यापिका मौजूद रहे। महिलाओं एवं बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी की गयी तथा महिला सशक्तिकरण एवं महिला अपराधों एवं उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी जा रही है तथा एन्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर चौकिंग के दौरान शोहदों एवं बेवजह घूम रहे लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा रही है ताकि भविष्य में दुबारा ना करे ।जनपद शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा मिशनशक्ति के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने, उनमें सुरक्षित परिवेष की अनुभूति कराने हेतु निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

रजिस्ट्री कार्यालय के निकट जमीन बेचने के विवाद को लेकर पति-पत्नी में हुई मारपीट, मचा हड़कंप

शाहजहांपुर। जनपद की तहसील परिसर जलालाबाद में बैनामा रजिस्ट्री कार्यालय में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब गांव नगरिया भूड़ निवासी पवन कुमार अपने हिस्से की 2 बीघा जमीन का बैनामा अपने छोटे भाई के नाम कराने पहुंच गया,, उसकी पत्नी कामिनी को जब पता चला तो बह आपने माता पिता के साथ रजिस्ट्री कार्यालय पहुंची और पति पवन कुमार को रजिस्ट्री कार्यालय से खींच कर बाहर ले आई,,इसके बाद पवन कुमार व उसके भाई पंकज ने महिला के बाल पकड़कर जमकर मारपीट की इसी बात पर हंगामा खड़ा होता देखकर रजिस्टार ने बैनामा रोक दिया कामिनी ने बताया कि उनका पति पवन कुमार नगरिया भूड़ निवासी शराबी किस्म का व्यक्ति है। और अपनी दो बीघा जमीन अपने छोटे भाई के नाम करा रहा है। जबकि उसकी पत्नी और खुद का बच्चा है। पत्नी को जब बैनामा कराने की भनक लगी तो वह रजिस्ट्री कार्यालय पहुंची और वहां पर दोनों पक्षों में मारपीट और लात घूंसे चले।पत्नी कामनी ने बताया 2 माह पूर्व उसके देवर पंकज तपति पवन कुमार ने उसके साथ मारपीट की थी और घर से निकाल दिया था ।

तबसे महिला अपने मायके थाना तिलहर के डभौरा गांव में पिता सीताराम के यहां रह रही है ।उसके 5 साल का 1 पुत्र है ।महिला को मारने के लिए आरोपी धियरपूरा में अपने साढ़ू के यहां भी गए थे। और धमकी दी थी की बैनामा का विरोध किया तो जान से मार देंगे। कुल मिलाकर रजिस्ट्री कार्यालय के पास भीड़ जमा हो गई और सभी लोग पति को भरा बुरा कह रहे थे ।उधर प्रभारी सब रजिस्टार पवन कुमार दुबे ने बताया नियमानुसार पागल गूंगे का हम बैनामा नहीं कर सकते हैं ।परंतु जिसके नाम जमीन है और वो अगर किसी को रजिस्ट्री कराना चाहता है तो ऐसा रोकने का कोई प्रावधान नियमानुसार नहीं है,,फिलहाल हमने पति पत्नी को यहां बाहर कर दिया है और कहा है कि अपन समझौता कर लूं उसके बाद बैनामा कराने आना।

अभयनपुर निवासी दीपक रवि शंकर यादव ने दूसरे ही प्रयास में CA बन किया जिले का नाम रोशन

संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही। जनपद अंतर्गत लखनपुर अभयनपुर के निवासी दीपक यादव पुत्र रवि शंकर यादव ने अपने दूसरे प्रयास में ही सीए की परीक्षा को उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया। इस अवसर पर उनके दादा हुब लाल यादव को शुभकामना देने जनपद के तमाम गणमान्य लोग पहुंचे।इनमें से समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त भारतीय थल सेना के शीतला प्रसाद पटेल ने उनके दादा को माला पहनाकर शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि हर एक युवा को दीपक यादव के मेहनत से सीख लेनी चाहिए और अपने

लक्ष्य की ओर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर खदेरन यादव पूर्व प्रधान शेषमणि यादव इसराइल मिस्त्री राम कबीर गौतम चंद्र बालक राय योगेंद्र यादव फूलगेन यादव दर्पण सिंह राम बहादुर पटेल उमाशंकर यादव रामजीत यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

गाँव में नहीं मिल रही गौशाला के लिए जमीन भू माफियाओं के हौसले बुलंद

• भ्रष्ट कर्मियों की मिलीभगत से भू माफियाओं के हौसले बुलंद,योगी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे उदासीन अधिकारी

पुवायां, शाहजहांपुर। तहसीलदार धर्मेंद्र पांडे ने गाँव धारा पहुँचकर गांव में अवैध रूप से सरकारी जमीन और तालाब तथा चारागाह आदि पर किये गये कब्जों की जानकारी एकत्र की थी। जिससे गांव के दबंग और माफिया किस्म के लोगों के बीच हड़कंप मच हुआ है ।शुक्रवार को गांव की हर गली, नुक्कड़ चौराहे पर अवैध रूप से कब्जा की गई जमीनों को खाली कराने की चर्चा चलती रही।सूत्रों की माने तो तहसीलदार ने गांव में गौशाला की स्थापना के लिए लेखपाल से जमीन उपलब्ध कराने की बात कही थी तो लेखपाल ने सीधे तौर पर मना कर दिया था कि गांव में गौशाला हेतु कहीं पर कोई जमीन खाली नहीं है ।

जबकि सूत्र बताते हैं कि कई किसान भी अपनी कृषि योग्य भूमि के साथ ही गांव की खाली पड़ी जमीन भी होते हुए हैं।बता दें कि गांव धारा में कई अपराधी प्रवृत्ति के लोग भी हैं। जिनके डर से अवैध रूप से 14 तालाबों तथा खाली पड़ी चारागाह और परती की जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों की शिकायत करके उन्होंने मुसीबत मोल ले ली है।चर्चा यहां तक है कि दबंग लोग शिकायत कर्ताओं के विरुद्ध कभी भी झूठी साजिश रचने के साथ ही शारीरिक और आर्थिक नुकसान पहुँचा सकते हैं। राजनीतिक रुचि रखने वाले लोगों ने अपनी गोटियां बिछाने शुरू कर दिया।वे अवैध कब्जों को आगामी पंचायत चुनाव में होने वाले हानि–लाभ से जोड़कर देख रहे हैं। शिकायत करने वाले लोग दबंगों के डर से घरों में दुबके हुए हैं।जिसके चलते गाँव में डर का माहौल है।शिकायतकर्ता अब खुलकर सामने आने से भी डर रहे हैं।ऐसे में भी वे पुलिस के पास जाने से भी डर रहे हैं।

अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को 27 क्वार्टर अवैध देशी शराब तथा 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

जिसमें थाना बहिलपुरवा के उपनिरीक्षक शिवमणि मिश्रा तथा उनकी टीम आरक्षी अनुज विश्वकर्मा व संदीप कुमार द्वारा आरोपी अवधेश कुमार पटेल पुत्र स्व राजाराम निवासी बरौनीतीर मजरा रूकमा बुजुर्ग थाना बहिलपुरवा को 27 अदद क्वार्टर देशी शराब मस्तीहू ब्राण्ड के साथ तथा थाना मऊ के उपनिरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा तथा उनके हमराही आरक्षी विवेक कुमार द्वारा आरोपी सुन्दर पुत्र चौभाई निवासी सुहेल थाना मऊ को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

गौमाता की सेवा से प्राप्त होती है गोविंद की कृपा : महेश गुप्ता

• भाजपाइयों ने कान्हा उपवन गौशाला पहुंचकर की गोवंश की सेवा

पुवायाँ, शाहजहाँपुर। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा नगर अध्यक्ष महेश गुप्ता ने कान्हा उपवन गौशाला पहुंचकर गोवंश को चने की दाल,गुड़, चोकर आदि खिलाकर गोमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। महेश गुप्ता ने बताया कि भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में करीब दोपहर 12:00 बजे जेवाँ रोड स्थित कान्हा उपवन गौशाला पहुंचकर गोवंश की सेवा की गई।साथ ही कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि यदि कोई भी गोवंश भूखा –प्यासा न रहे।यदि किसी गोवंश को घायल या बीमारी की अवस्था में चिकित्सकीय आवश्यकता पड़ती है तो तुरंत स्थानीय पशु चिकित्साधिकारी को इसकी सूचना दी जाए।

उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा से गोविंद की कृपा प्राप्त होती है गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष महेश गुप्ता के अलावा नगर महामंत्री मदन पाल ,नगर मंत्री संजय शुक्ला ,नगर मंत्री अशोक पांडे ,सेक्टर संयोजक दिनेश चंद्र, आनंद भारद्वाज ,श्रवण कश्यप आदि उपस्थित रहे।

तहसील तिलहर में जिला अधिकारी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

शाहजहांपुर। जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील तिलहर में फरियादियों की समस्याएं सुनी एवं कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। संपूर्ण समाधान तहसील दिवस पर अधिक शिकायतें राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, आवास, भू–लेख एवं कब्जा, चकबन्दी, पुलिस आदि सहित अन्य प्रकरणों से संबंधित कुल 138 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की प्रकरण को जल्द से जल्द निस्तारण करें, उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों में अधिकारियों द्वारा कार्य में ढिलाई ना बरती जाए। गुंडागर्दी, दबंगई, मारपीट तथा अवैध रूप से कब्जा किए जाने की शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी महोदय ने कहां की पुलिस प्रशासन इस पर गुंडा एक्ट में सख्त कार्यवाही करें। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि अवैध कब्जा, चक रोड, नाली आदि के विवादों को अभियान चालकार निस्तारित करें,इसके साथ ही उन्होंने सभी नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का विशेष प्रबंध किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान तहसील दिवस पर अधिक शिकायतें राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, आवास, भू–लेख एवं कब्जा, चकबन्दी, पुलिस आदि सहित अन्य प्रकरणों से संबंधित कुल 138 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की प्रकरण को जल्द से जल्द निस्तारण करें, उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों में अधिकारियों द्वारा कार्य में ढिलाई ना बरती जाए। गुंडागर्दी, दबंगई, मारपीट तथा अवैध रूप से कब्जा किए जाने की शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी महोदय ने कहां की पुलिस प्रशासन इस पर गुंडा एक्ट में सख्त कार्यवाही करें। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि अवैध कब्जा, चक रोड, नाली आदि के विवादों को अभियान चालकार निस्तारित करें,इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसपी गौतम, उप जिला अधिकारी राशि कृष्णा, जिला विकास अधिकारी पवन सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

डीआईओएस ने छात्राओं को प्रेरित किया प्रधानाचार्य ने सम्मान में पुष्पगुच्छ दिया

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। नगर के कन्या इंटर कॉलेज में डीआईओएस ने पहुंचकर छात्राओं को आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के टिप्स दिए विद्यालय की प्रधानाचार्य ने डीआईओएस को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया!

नगर के मुख्य बाजार स्थित श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज मैं आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निरीक्षण करने एवं दिशा निर्देश पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान का विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती दीपा काला ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति एक भारत श्रेष्ठ भारत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने को जिला विद्यालय निरीक्षक ने बीड़ा उठाया इसी के तहत उन्होंने कन्या इंटर कॉलेज में पहुंच कर कक्षानुसार छात्राओं को हर घर तिरंगा कार्यक्रम सफल बनाने को प्रेरित किया जिसमें विद्यालय ड्रेस की भूमिका सर्वोपरि होगी एवं उनके पाठ्यक्रम खेलकूद के साथ अन्य क्रियाकलाप की भी जानकारी ली दो टूक कहा शिक्षक के रूप में इन बालिकाओं को शिक्षित करने एवं क्षमता अनुसार छात्राओं को वर्गीकृत करते हुए मिशन टॉपर निशाने पर लेकर गतिविधियों को विस्तार से बताया विद्यालय का परिवेश देखकर गदगद हुए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं पठन–पाठन की प्रशंसा करते हुए शिक्षिकाओं का मनोबल बढ़ाया अंत में विद्यालय प्रांगण में धरा के आभूषण को मोहरा बनाकर पौधारोपण किया स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक झंडे को फहराने के मुहिम की कमान संभाली जो हर घर तिरंगा कार्यक्रम स्वतंत्रता सप्ताह हेतु सुनिश्चित करने में कारगर साबित होगी इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा!

सावन माह में कावरिया श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रहेगा रुट डायवर्जन

गाजीपुर। सावन माह में पड़ने वाले सोमवार को भोले भंडारी का जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में कांवरिया महादेव धाम सहित अन्य धाम के लिए एक दिन पूर्व रविवार को नगर के विभिन्न गंगा घाटों से जल लेकर रवाना होते है। कांवरियों को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहन पी. बोत्रे ने रुट डायवर्जन का निर्देश दिया है। इस निर्देश के अनुसार 17–18 जुलाई, 24–25 जुलाई, 31 जुलाईध्01 अगस्त तथा 07–08 अगस्त को दोपहर 12 बजे से सोमवार की शाम को सायं 06 बजे तक रुट डायवर्जन रहेगा।

जनपद क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए डावर्जन स्कीम लागू होगी। इसके अनुसार भूतहियाटांड़ से जाने वाले यात्री वाहन, रोडवेज, प्राइवेट, हल्के वाहन लंका तिराहे तक जा सकेगें। लंका तिराहे पर लगे बैरियर के आगे विशेश्वरगंज की तरफ किसी वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, बल्कि उन्हें सासंद तिराहे की तरफ मोड़ दिया जायेगा। रौजा तिराहा से भारी भार वाहनध्मध्यम या किसी प्रकार के वाहन शहर में नहीं जा सकेगें। बैरियर लगाकर वाहनों रोके जाने की व्यवस्था की जाएगी। मुहम्मदाबाद की तरफ से आने वाले भारी भार वाहन को नोनहरा थाना अटवां मोड़ से कासिमाबाद की तरफ मोड़ाध्रोका जाएगा, जो सोमवार को स्थिति सामान्य होने तक वहीं रूके रहेगें। मुहम्मदाबाद की तरफ से आने वाले हल्के वाहन आलमपट्टी चौराहा से शहर की ओर मोड़ दिए जाएंगें, जो कांवरिया मार्ग को छोड़कर फुल्लनपुर क्रासिंग से शहर की ओर जाएंगे। रोडवेज वाहन भुतहियाटांड़ से लंका तिराहा होते हुए रेलवे स्टेशन रोड से दाहिने मुड़कर रोडवेज स्टैंड पर जा सकेंगे। रोडवेज की गाड़िया जो गाजीपुर डिपो से चलेंगी, वह स्टेशन मार्ग होते हुए फुल्लनपुर रेलवे क्रासिंग से दाहिने–बाएं जा सकती हैं। लंका प्राइवेट बस स्टैंड की गाड़ियां लंका तिराहा से विशेश्वरगंज की तरफ नहीं जाएंगी, बल्कि भुतहियाटांड़ से जाएंगी। मुहम्मदाबाद अथवा शहर से हल्के वाहन हमीद सेतु की तरफ जाएंगे, भारी भार वाहन नहीं जाएंगे। सुहवल–जमानियां की तरफ से भारी भार वाहन हमीद सेतु की तरफ नहीं जाएंगे। थानाध्यक्ष गहमर, भदौरा में भारी भार वाहनों को दिलदारनगर, जमानिया की तरफ मोड़ने के लिए बैरियर लगाएंगें। मऊ जनपद से बदुवा गोदाम थाना सरायलखंसी से भारी भार वाहनों को जनपद गाजीपुर में नहीं आने दिया जाएगा, उन्हें आजमगढ़ मार्ग पर डायवर्ट करा दिया जाएगा। यदि कोई भारी भार वाहन आ जाता है तो चौकी प्रभारी मटेहूं थाना प्रभारी मरदह मटेहूं चौकी पर बैरियर लगाएंगे तथा हल्के वाहनों को मरदह तिराहे तक आने अनुमति होगी। मटेहूं चौकी से जंगीपुर तक बायां लेन बंद रहेगा। चौकी प्रभारी मटेहूं बैरियर लगाकर वाहनों को रोकेंगे। आजमगढ़, मऊ से चिरैयाकोट होते हुए वाराणसी जाने वाली वाहनों को जलालाबाद तिराहे से शादियाबाद की तरफ मोड़ दिया जाएगा, जो शादियाबाद, सैदपुर, बिहारीगंज, डगरा से चंदवक जौनपुर के रास्ते वाराणसी को जाएंगे।

यदि कोई वाहन किसी प्रकार से बिरनो से होते हुए गाजीपुर की तरफ आ जाता है तो उसे यादव मोड़ जंगीपुर पर बैरियर लगाकर नसीरपुर की तरफ मोड़ दिया जाएगा, जो भुतहियाटांड़ पर आ जाएगा। थानाध्यक्ष खानपुरध्प्रभारी निरीक्षक सैदपुर चंदवक, जौनपुर से आने वाले भारी भार वाहनों को डहराकलां पर रोकेंगें तथा जो वाहन उसके बाद भी निकलकर आ जाएंगें तो उन्हें औड़िहार तिराहा पर रोका जाएगा। चौकी प्रभारी सिधौना चौकी के सामने बैरियर लगाएंगे तथा किसी प्रकार के भारी भार वाहनोंध्मध्यम माल वाहनों को वाराणसी की तरफ नहीं जाने देगें। प्रभारी निरीक्षक सैदपुर अपने थाने के सामने बैरियर लगाएंगें तथा किसी भी वाहन को रविवार की शाम चार बजे से सोमवार अग्रिम आदेश तक वाराणसी की तरफ नहीं जाने देंगे।

औड़िहार तिराहे से रजवारी पुल तक बायां लेन बंद रहेगा। प्रभारी निरीक्षक सैदपुर बैरियर लगाकर वाहनों को रोकेंगे। विशेष छूट बंदी के दौरान आकस्मिक वाहन जैसे एम्बुलेंस, मरीज वाहन, स्कूली वाहन व फायर टेंडर अपने गंतव्य मार्ग से जाएंगे।

महिला कांस्टेबल से इलू इलू करके लाइन हाजिर हुए इंस्पेक्टर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फतेहगंजपूर्वी। फतेहगंज पूर्वी में तैनात एसएचओ मनोज कुमार अपनी रंगीन मिजाजी के कारण अपनी कुर्सी गवा बैठे यहां बता दें कि नगर के थाने में तैनात एक महिला कांस्टेबल से उसके फोन पर रंगीन मिजाजी से बात करना थाना प्रभारी को महंगा पड़ गया सोशल मीडिया पर वायरल हुआ ऑडियो उड़ते उड़ते कड़क मिजाज एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज के पास पहुंचा देर शाम उन्होंने थाना फतेहगंज पूर्वी के इंचार्ज मनोज कुमार को लाइन हाजिर करने का आदेश कर दिया यहां बता दें अपनी कार्यप्रणाली के चलते हमेशा विवादित रहे एसएचओ मनोज कुमार जनता और विभाग के प्रति लापरवाह नजर आते थे वही अनुशासन हीनता का उन पर कई बार आरोप लगा था वहीं कुछ लोगों का कहना है ।

कि उनके कार्यकाल में अवैध रूप से खनन करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हो गए थे और क्षेत्र में जमकर अवैध खनन हो रहा था जिससे थाना प्रभारीरू हर महा मोटी रकम वसूल करते थे वही जनप्रतिनिधियों को भी तत्कालीन थाना प्रभारी संतुष्ट नहीं कर पाए उनके कार्यकाल मे हमेशा ही किसी ना किसी विवाद ने जन्म लेता ही रहा उनकी कार्यप्रणाली से उनके साथ में काम करने वाले कर्मचारी भी हमेशा असंतुष्ट रहते थे यही वजह रही कि किसी ने मौका देखकर उनके रंगीन मिजाज ऑडियो को वायरल कर दिया और अब तो लोगों का कहना यह है कि बड़े बेआबरू होकर निकले तेरे कूचे से हम वही पुलिस के उच्च अधिकारियों का कहना है कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी जांच की जा रही है और विभागीय जांच करने के बाद कठोर कार्यवाही की जाएगी!

फतेहगंज पूर्वी कोतवाली की कमान धर्मेंद्र सिंह ने संभाली

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पूर्वी। महिला कांस्टेबल से फोन पर अश्लील बातें कर सुर्खियों में आने के बाद लाइन हाजिर हुए इंस्पेक्टर मनोज कुमार के बाद कोतवाली की कमान धर्म धर्मेंद्र सिंह ने संभाली है! बता दें थाना

फतेहगंज पूर्वी की एक महिला कांस्टेबल से पूर्व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह मोबाइल फोन पर अश्लील भाषा मैं बात कर रहे थे और उस पर अवैध रूप से टिप्पणी कर रहे थे । जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया उसी के चलते एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने मामले को गंभीरता से लेकर आनन–फानन में इंस्पेक्टर मनोज कुमार को लाइन हाजिर कर दिया उनकी जगह पर कुछ दिन पूर्व फरीदपुर में तैनात रहे इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह को कोतवाली फतेहगंज पूर्वी की जिम्मेदारी सौंपी है थाने पहुंचकर शनिवार देर शाम को नवागतप्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने फतेहगंज पूर्वी का चार्ज और कार्यभार संभाल लिया उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि सबसे पहले सावन माह में कावड़ यात्रियों की यात्रा को हर हाल निर्विघ्न रुप से संपन्न कराया जाएगा और कानून व्यवस्था की हर प्रकार से रक्षा की जाएगी किसी भी हाल में क्षेत्र का संप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने नहीं दिया जाएगा और फरियादियों के लिए सुबह हर समय उपलब्ध रहेंगे इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिन्होंने नवागत कोतवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया!

करंट लगने से गर्भवती भैंस की मौत किसान को हजारों की चपेट

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। बिजली विभाग की लापरवाही किसान को नासूर बन गई हम भी से निकले अर्थिंग तार से उतरे करंट की चपेट में आने से उसकी गर्भवती भैंस की दर्दनाक मौत हो गई जिससे उसे हजारों का भारी नुकसान हुआ है ! सोमवार सुबह 10:00 बजे रामगंगा कटरी के गांव रामनगर मजरा बेहरा निवासी हरिओम शर्मा अपनी गर्भवती भैंस इसकी कीमत लगभग 60 हजार है उसे पानी पिलाने सरकारी नल पर ले जा रहे थे तभी नल के पास ही गली के मोड़ पर बिजली का पोल खड़ा था जिसका अर्थिंग सपोर्ट तार जमीन पर गड़ा हुआ था उसमें किसी तरह बिजली का करंट आ रहा था वही तार भैंस के छू जाने से भैंस उसमें चिपक गई और पल भर में छटपटा कर उसकी जीवन लीला समाप्त हो गई किसान ने अपनी भैंस को बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन कामयाब नहीं हुआ । भैंस की अचानक इस तरह से मौत होने से हरिओम शर्मा काफी आहत हैं। वही उनका कहना है कि गनीमत रही कि कहीं कोई व्यक्ति इसकी चपेट में न आ सका जबकि ग्रामीणों ने बिजली विभाग को खंबे के तार में करंट की सूचना दी थी फिर भी विभाग ने सुध नहीं ली जिससे किसान को हजारों का नुकसान हो गया।

जिलाधिकारी डॉ.आदर्श सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह जुलाई के द्वितीय शनिवार को तहसील सिरौलीगौसपुर पारिजात सभागार में जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों का आहवान्ह किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन की उपयोगिता, उपादेयता व सार्थकता को बनाए रखें। इसके लिए प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें जिससे लोगों को राहत महसूस हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को सुझाव दिया कि अपने स्तर पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना–पत्रों की नियमित रूप से समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण इस प्रकार से कराएं कि फरियादी भी की गयी कार्यवाही से संतुष्ट हो जाएं और उन्हें दोबारा भाग–दौड़ न करनी पड़े।

उन्होंने निर्देश दिया कि लम्बित सभी सन्दर्भों का तत्काल निस्तारण कराया जाय। तहसील सिरौली गौसपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 179 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। राजस्व विभाग से सम्बन्धित 99 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 36 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से सम्बन्धित 13 प्रार्थना पत्र, पूर्ति विभाग से सम्बन्धित 12 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से सम्बन्धित 09 प्रार्थना पत्र, अन्य विभाग से सम्बन्धित 10 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। मौके पर कुल 09 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर, प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, परियोजना निदेशक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

फरीदपुर के संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपीआरए ने सुनी फरियादियों की समस्या, 161 शिकायतें दर्ज ,15 का निस्तारण

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। तहसील भवन सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी शिवकांत द्विवेदी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल ने तहसील समाधान में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के प्रार्थना पत्रों का अवलोकन करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपते हुए समय अवधि में निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में 161 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को उनके संबंधित विभागों को सौपते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग, विकास विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण सेवाएं, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, चकबंदी विभाग, नगर पालिका एवं नगर पंचायत, सहकारिता विभाग, जल निगम , कृषि विभाग, वन विभाग, मंडी समिति ,जिला पंचायत, महिला कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, के काउंटर लगे हुए थे। समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलबीर सिंह ,उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह , थाना भुता फतेहगंज पूर्वी के पुलिस अधिकारी एवं समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिला अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

हाईवे पर बदमाशों का तांडव अब पेस्टिसाइड कंपनी के एम आर से लाखों की लूट, मुकदमा दर्ज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर,फतेहगंजपूर्वी। राजमार्ग पर दिनदहाड़े हथियारबंद नकाब पोश बाइक सवार चार बदमाशों ने हाईवे पर पेस्टिसाइड कंपनी के एम आर को निशाने पर लेकर लाखों की लूट कर ली और जंगल के रास्ते फरार हो गए सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी फरीदपुर फतेहगंज पूर्वी दोनों थानों की फोर्स के साथ इलाके में कांबिंग की लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए देर शाम एसएसपी और एसपीआरए ने घटनास्थल का मुआयना किया और पुलिस को घटना का पर्दाफाश करने का आदेश दिया अभी बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट से लाखों की लूट ट्रक चालक से हजारों की लूट का मामला सुलझा नहीं तब तक बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे डाला जो पुलिस के लिए खुली चुनौती है! सुरेंद्र पाल गंगवार पुत्र भावनाथ निवासी ग्राम चांद डांडी जिला पीलीभीत नरियावल के डिस्ट्रीब्यूटर नीरज सेठी कंपनी के एमआर है जो किसानों को फसल रोगी दबाए उपलब्ध कराते हैं शनिवार को दिनदहाड़े 1:00 बजे रामगंगा कटरी के गांव पड़ेरा गांव से चौहान एग्रो एजेंसी से 110000 दवा का पेमेंट लेकर द्वारकेश चीनी मिल के रास्ते से फतेहगंज पूर्वी पेमेंट लेने जा रहा था वह जैसे ही अपनी बाइक से राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकसुआ प्रधान ढाबे के समीप पहुंचा तभी नकाबपोश हथियारबंद चार बाइक सवार बदमाशों ने अपनी बाइक एमआर की बाइक के आगे लगा दी और तमंचे की नोक पर लाखों की नकदी और मोबाइल लूट लिया इस दौरान एमआर की बदमाशों से उठापटक भी हुई जो काले रंग की बिना नंबर प्लेट एचएफ डीलक्स बाइक पर सवार थे लेकिन चार नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों सेएम आर मुचौटा ले नहीं पाया फिर भी उसने पीछा किया तब तक बदमाश जंगल के रास्ते फरार हो गए सूचना पर क्षेत्राधिकारी फरीदपुर गौरव सिंह फरीदपुर कोतवाल राजेश कुमार फतेहगंज पूर्वी कोतवाल धर्मेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और जिले के आला अधिकारियों को सूचना देकर बदमाशों की तलाश में घंटों कांबिंग की लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए देर शाम एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज और एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल ने भी घटनास्थल का जायजा लिया और पुलिस को मामले का पर्दाफाश करने का निर्देश दिया पुलिस से बेखौफ बदमाश हाईवे पर आए दिन तांडव कर रहे हैं जिससे हाइवे से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत का माहौल बना हुआ है ज्ञात हो 11 जुलाई को दिनदहाड़े बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट वसीम को चार नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने तमंचे की नोक पर लेकर लाखों की लूटपाट की वही 15 जुलाई हाईवे पर फौजी ढाबा के निकट ट्रक चालक को बदमाशों ने निशाने पर लेकर 2000 की नकदी और मोबाइल लूट लिया था वही पुराने मामले अभी निपटे नहीं तब तक पुलिस से बेखौफ बदमाशों ने पेस्टिसाइड कंपनी केएमआर को निशाने पर लेकर लाखों की लूट करके पुलिस को खुली चुनौती दी है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है!, पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम को लगाया गया है जल्द ही

चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने हत्या का किया सफल अनावरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। पीड़ित नर्वदेश्वर शुक्ल पुत्र स्व.रामशंकर शुक्ल निवासी ग्राम भदईपुर थाना हरैया जनपद बस्ती द्वारा थाना कोतवाली नगर पर 15 जुलाई को सूचना दी गई कि उनका लड़का शिवम शुक्ला मेयो इन्स्टीयूट ऑफ मेडिकल साइन्स सफेदाबाद बाराबंकी में डी.एम.एल.टी. प्रथम वर्ष का कोर्स कर रहा था, जिसे अविनाश राय व उसके साथियों ने जान से मार डाला। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।घटना में संलिप्त अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी करने के आदेश पर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए 16 जुलाई को 04 अभियुक्तों 1– अविनाश राय पुत्र दीपक कुमार राय निवासी ट्रान्सपोर्ट नगर गोरखपुर, मूलपता–ग्राम अनीशाबाद बेउर थाना बेउर जनपद पटना (बिहार), हाल पता–शिवफूड हास्टल सफेदाबाद थाना कोतवाली नगर , 2–अनिल सिंह उर्फ पोलार्ड पुत्र राम स्वरूप निवासी तिवारीगंज थाना बी.बी.डी. जनपद लखनऊ, 3– आरिफ पुत्र मो. हनीफ निवासी लालकुंआ भेडी मण्डी थाना हुसैनगंज जनपद लखनऊ, 4– संजय पाल उर्फ मोनू पाल पुत्र राकेश पाल निवासी तिवारीगंज थाना बी.बी.डी. जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 964 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। विवेचना में साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग उपरोक्त को धारा 304ध्109 भादवि में तरमीम किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर प्रकाश में आया कि मृतक शिवम शुक्ला अपने साथी अविनाश राय के साथ स्मैक का सेवन करता था। 14.जुलाई को मृतक शिवम व उसका साथी अविनाश राय बी. बी.डी.के पास से अभियुक्तगण अनिल सिंह उर्फ पोलार्ड, आरिफ, संजय पाल से स्मैक खरीद कर लाये थे, जिसे शिवम द्वारा सेवन किया गया था और ओवर डोज होने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। अभियुक्तगण अनिल सिंह उर्फ पोलार्ड, आरिफ, संजय पाल तीनों गैंग बनाकर स्मैक बेचने का कार्य आकाश उपाध्याय के लिए करते है जो टिकरा उस्मा थाना जैदपुर निवासी नजमुद्दीन से खरीद कर ले जाते है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मौर्य,निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल, उ.नि.संजीव प्रकाश सिंह,हे.का. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, का.उपेन्द्र कुमार,का.हिमांचल पटेल, का. सफीज अहमद,का. प्रवीण शुक्ला थाना जहांगीराबाद।

संक्षिप्त समाचार

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली का 94 वां स्थापना दिवस मनाया गया

डा 0 बृजा नन्द तिवारी संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स गाजीपुर। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र आंकुशपुर–गाजीपुर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली का 94 वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही जनपद के डी एफ आई योजना के तहत जिन किसानों की आमदनी दोगुनी हो गई है । लगभग 100 से 150 कृषकों के साथ संवाद किया गया।

इस कार्यक्रम को भारत सरकार के कृषि मंत्री माननीय नरेंद्र सिंह तोमर जी ने देशभर के उन किसानों के साथ नई दिल्ली में संवाद किया जिन्होंने खेती के साथ कुछ नया करके अपनी आमदनी को दोगुना कर लिया है। कार्यक्रम को पूरे देश के कृषि विज्ञान केंद्रों पर आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्रों ने अपने– अपने जनपद के प्रगतिशील किसानों के साथ स्थापना दिवस मनाया एवं नई दिल्ली से हो रहे सीधे प्रसारण को किसानों को दिखाया गया । इस कार्यक्रम का उद्घघाटन मुख्य अतिथि श्रीमती उषा बिंद, प्रधान ग्राम पंचायत आंकुशपुर ने किया । कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. जे.पी. सिंह ने कृषकों से एकीकृत फसल प्रणाली अपनाकर आमदनी दोगुनी करने का आवाहन किया कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ ए के सिंह ने खेती के साथ दुग्ध व्यवसाय, मुर्गी पालन एवम मछली पालन अपनाकर कैसे आमदनी किसान बढ़ा सकते हैं इसकी तकनीकी बताई केंद्र के वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र प्रताप ने कृषकों को उन्नत बीज बनाने तकनीकी बताई जो अनाज की अपेक्षा दोगुने से भी ज्यादा मूल्य पर बिकता है इससे किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं वैज्ञानिक डॉ अविनाश राय ने मृदा उर्वरता पर जोर दिया

डॉ शशांक सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने कृषकों से खेती के साथ फूलों एवं सब्जी की खेती की अपनाने पर जोर दिया ।डॉ शशांक शेखर वैज्ञानिक कृषि अभियंत्रण ने आधुनिक यंत्रों का प्रयोग कर खेती की लागत को कैसे कम करें विषय पर किसको को जानकारी दी कार्यक्रम में श्री अंशु राय ग्राम मरखापुर (मुबारकपुर नेत) वि.ख.कासिमाबाद ने केले की उन्नत खेती कर कैसे उन्होंने अपनी आमदनी दोगुनी क्या चौगुनी कर ली कृषको को बताया। प्रगतिशील कृषक रामबचन ग्राम सहेड़ी, श्री तेज बहादुर सिंह आकुशपुर शंभू यादव सुरेश गुप्ता गीता देवी कुमारी देवी रामदुलार देवराज आदि शामिल रहे।

जनता की हर आवश्यकताओं व अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है सरकार : सुब्रत पाठक

गाजीपुर। प्रदेश में जनता की हर आवश्यक्ताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए भाजपा सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उक्त बातें भाजपा जिला कार्यालय पर कन्नौज सांसद और पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने भाजपा की संगठनात्मक बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की गैर भाजपा सरकारों की मानसिकता के चलते समाज का अंतिम और कमजोर आदमी ही रहा, अन्यथा आज प्रदेश समृद्धि के उच्चतम मानक पर होता। गाजीपुर संगठन के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी चुनावों में मजबूती के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। कहा कि कार्यक्रमों के प्रति प्रवास व बैठक का नियमित निर्धारण संगठन को मजबूती प्रदान करेगा। लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधान संगठन है। ये हमारी संगठन शक्ति के मजबूती का सबसे बड़ा आधार है। हमारे संगठन का प्रत्येक सदस्य राष्ट्र को परम वैभव पर स्थापित करने के लिए कार्य करता है। इस मौके पर एमएलसी विशाल सिंह चंचल, जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, डॉ संगीता बलवंत, सुनीता सिंह, बृजनंदन सिंह, सुनील सिंह, नपा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, राजेश भारद्वाज, ओमप्रकाश राय, अवधेश राजभर, दयाशंकर पांडेय, श्यामराज तिवारी, विपिन सिंह आदि रहे।



श्रावण मास के दृष्टिगत जनपद में महत्तवपूर्ण मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए किया गया यातायात मार्ग का परिवर्तन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दृष्टिगत रखते हुए जनपद में लगने वाले दो महत्वपूर्ण मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु निम्न मार्गो पर भारी वाहन (ट्रक, बस, डम्फर आदि) का आवागमन –17.जुलाई को समय 12.00 बजे से 18.जुलाई को सायं 18.00 बजे तक पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। जिसका विवरण निम्नवत है–1–प्रतिबन्धित मार्ग– सफेदाबाद रेलवे क्रासिंग व असैनी अण्डर पास के रास्ते देवा जाने वाले वाहनों का प्रवेश शहर की ओर प्रतिबन्धित रहेगा। वैकल्पिक मार्ग–देवा शहर की ओर जाने वाले वाहन लखनऊ–अयोध्या हाइवे से होते हुए किसान पथ के रास्ते अपने गंतव्य को जायेगें। 2–प्रतिबन्धित मार्ग–हैदरगढ़ व पल्हरी अण्डर पास के रास्ते शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों का पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।

3–प्रतिबन्धित मार्ग–पल्हरी ओवरब्रिज कटध् चौपला की ओर से रामनगर होते हुए बहराइच, गोण्डा को जाने वाले वाहनों का पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। वैकल्पिक मार्ग–जलवल रोड को जाने वाले वाहन चौपला, रसौली, सफदरगंज, बदोसराय, मरकामऊ, चौकाघाट होते हुए जलवल रोड को जायेगें। 4–प्रतिबन्धित मार्ग–कस्बा कोठी से मंजीठा की ओर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

वैकल्पिक मार्ग– हैदरगढ़ से मंजीठा की ओर आने वाले भारी वाहन नई सड़क रामसनेहीघाट होते हुए गंतव्य को जायेगें।

कविता

एक रोज,किसी रोज।
कहीं से, किसी ओर से।
ब्रह्मांड के किसी छोर से।
मैं देख रहा होऊंगा, सोच रहा होऊंगा।
शरीर की आंखें ना भी हो, चेतना की आंखों से सही।
इस बार नहीं तो, अगली बार सही।
मुझे फिर लौटना होगा, उस बस्ती में।
जहां हर तरफ है खलल, मौज और मस्ती में।
जहां मोहन, सोहन,कुंदन,जुम्मन व्यस्त है सत्ता परस्ती में
यूं नहीं मेरे संघर्षों को जाना होगा।
जब तक ना हो संकल्प पुरे, हर बार लौट कर आना होगा।
खुजलाती दाढ़ी मेरी, बारंबार मुझे समझाया है।
नाकाम रहे तुम बेशक लेकिन, तुमने जोर लगाया है।
क्या हुआ जो जगे नहीं, मुर्दों में शंख बजाया है।
नेताओं से आशाएं क्या, मदहोश तो पूरी जनता है।
संघर्ष,आंदोलन इतिहास है अब, भीतर नहीं उफनता है।
बुद्ध,क

आयोजित हुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी का विदाई समारोह

पताही प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋतू रंजन कुमार का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया संध के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह ने की ,कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋतु रंजन कुमार ने कहा कि उनका स्थानांतरण हुआ है, लेकिन वे स्थानांतरण के बाद भी यहां की जनता और जनप्रतिनिधि के साथ हैं,उन्होंने कहा कि जब भी किसी को किसी तरह की कोई समस्या महसूस हो तो वे मोबाइल पर भी हमसे विचार विमर्श कर सकते हैं, उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को कहा कि वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए पूरी निष्ठा ,ईमानदारी और लगन के साथ पंचायत में विकास कार्यों करें ,ताकि आगे आने वाले दिन में पताही का विकास और अधिक हो । उन्होंने अपने कार्यकाल में जनता और जनप्रतिनिधियों द्वारा मिले सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की और पताही प्रखंड के जनता को धन्यवाद दिया । विदाई समारोह में सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अंग वस्त्र,माला पहनाकर, गुलदस्ता व अनेको गिफ्ट देकर विदाई दी।

मौके पर पताही पूर्वी पंचायत के मुखिया कृष्ण मोहन कुमार, जिहुली पंचायत के मुखिया विकास कुमार सिंह,नोनफरवा पंचायत के मुखिया पति बलेसर बैठ,पंचायत समिति धर्मेंद्र कुमार सिंह,पूर्व पंचायत समिति लालबाबू सिंह,सुजीत कुमार,रंजन कुमार, सहित दर्जनों मुखिया पंचायत समिति सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी आवास पर्यवेक्षक एवं आवास सहायक के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी आवास पर्यवेक्षक एवं आवास सहायक के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवास योजना में प्रखंडवार समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। आवास योजना में निदेश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2021–22 में जिनका प्रथम किस्त दिया गया है उनको एक सप्ताह के अंदर द्वितीय किस्त देना सुनिश्चित करें। जो आवास सहायक की प्रगति संतोष जनक नहीं होगी उनपर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उसी तरह जिन पंचायतों में आवास की स्वीकृति लंबित है उसे एक सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत आवास की स्वीकृति कराना सुनिश्चित करें। आवास विहीन लाभुकों को भूमि उपलब्ध कराया गया है उसकी इंट्री आवास सॉफ्ट पर कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही निदेश दिया गया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रत्येक दिन आवास पर्यवेक्षक के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर इसकी सूचना उप विकास आयुक्त को उपलब्ध कराएंगे। जियो टैगिंग में लापरवाही करने पर संबंधित कर्मी पर करवाई करें। उक्त बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा से मनरेगा योजना अंतर्गत उनके कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया कि अमृतसरोवर योजना में जल जीवन हरियाली का भी लोगो लगाना सुनिश्चित करें।। ऐसे पंचायत जहां आवास के लाभुकों को मनरेगा से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है उन्हें चिन्हित कर

प्रतिवेदन आज ही गोपनीय प्रशाखा को उपलब्ध कराने हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को निर्देश दिया गया। साथ ही अनुसूचित जाति के लोगों को अधिक से अधिक कार्य देने का निर्देश दिया गया। एवं पौधरोपण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया ताकि तय अवधि में शत प्रतिशत पौधरोपण किया जा सके। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा राजीव कुमार, एपीओ आलोक कुमार, एमआईएस मनरेगा, आवास के साथ सभी आवास पर्यवेक्षक एवं आवास सहायक उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

पेड़ से गिरकर बालक हुआ गंभीर घायल, भर्ती

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। शुक्रवार को करमचट थाना क्षेत्र के बहेरी गांव में खेलने के दौरान एक पेड़ पैड चढ़ा करीब 10 वर्षीय एक बालक नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक घायल बालक करमचट थाना क्षेत्र के लाल बहादुर सिंह के 10 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार बताया गया है,जो शुक्रवार को बच्चों के साथ बाहर खेल रहा था, तभी पेड़ पर चढ़ गया। वहीं पेड़ पैर फिसलने से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया,जहां सदर अस्पताल में चिकित्सक भर्ती कर घायल बच्चा का इलाज किया जा रहा है।

मशरक थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित सुना गया फरियादियों का बयान

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण) मशरक थाना परिसर में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित हुआ। जनता दरबार में मुख्य रूप से अंचल राजस्व पदाधिकारी श्वेता श्री, सीआई महेंद्र राम, एएसआई विपिन कुमार के द्वारा जनता दरबार में पहुंचे

फरियादियों का फरियाद सुना गया। जनता दरबार में सभी मामला जमीन संबंधित पहुंचा हुआ था। अंचल सीआई महेंद्र राम ने बताया कि पहले का कुल वाद की संख्या 15 थी जिसमें से 7 का निष्पादन किया गया है 8 वाद को जांच पड़ताल के लिए रखा गया है। आज जनता दरबार में कुल 5 वाद वादी लेकर पहुंचे हुए थे, जिसमें से 3 का निष्पादन कर दिया गया है और 2 को जांच पड़ताल के लिए रखा गया है।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत 8 से होगी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।इस बारे में कला संस्कृति एवं युवा विभाग के निदेशक की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।जिसमें कहा गया है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 8 अगस्त से 15 अगस्त तक किया जाएगा। हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सभी घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य दिया गया

है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए निर्देश दिया गया है कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जीओ, एनजीओ, सीबीओ और अन्य संस्थाओं के संपर्क स्थापित कर इस कार्य को कराया जा सकता है। ग्रामीण स्तर पर सरपंच,मुखिया एवं प्रमुख से समन्वय स्थापित कर हर घर में झंडा फहराया जाना है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जिले के खिलाड़ियों व खेल प्रशिक्षकों, कैडेट स्वयंसेवकों,स्काउट एंड गाइड को भी सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया है।

अपेक्षाकृत कम उपलब्धि वाले सभी अंचलाधिकारी को शोकॉज करने का निर्देश

☒ सीओ, बगहा–01 को शोकॉज तथा सीओ, बैरिया को शोकॉज सहित अगले आदेश तक वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में ऑनलाइन म्यूटेशनध्परिमार्जन की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि ऑनलाइन म्यूटेशन के तहत 63 दिन से ज्यादा के मामले नहीं होने पाएं, इसका विशेष ध्यान रखा जाय तथा ऑनलाइन दाखिल–खारिज का निर्धारित समयावधि में निष्पादन कराना सुनिश्चित किया जाय। ऑनलाइन म्यूटेशन के निष्पादन में रामनगर अंचल द्वारा बेहतर कार्य किया गया है, जिसकी सराहना जिलाधिकारी द्वारा की गयी। इसके साथ ही मधुबनी, चनपटिया एवं मैनाटांड़ अंचल द्वारा भी बेहतर कार्य किया गया है।उन्होंने कहा कि ऑनलाइन म्यूटेशन के तहत पुराने मामलों का

निष्पादन प्राथमिकता के तौर पर कराया जाय। ऑनलाइन म्यूटेशन की सतत निगरानी आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि अपेक्षाकृत कम उपलब्धि वाले सभी अंचलाधिकारियों को शोकॉज किया जाय। समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारी, बगहा–01 को शोकॉज तथा अंचलाधिकारी, बैरिया को शोकॉज सहित अगले आदेश तक वेतन अवरूद्ध रखने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता नंदकिशोर साह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

तारकेश्वर बने सीवान राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रवक्ता कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। सीवान जिला के महराजगंज थाना क्षेत्र के बलऊ पंचायत के सरपंच तारकेश्वर राय को राष्ट्रीय जनता दल के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला प्रवक्ता पद पर मनोनित किया गया। कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।इस मौके पर राजद नेता व जिलाध्यक्ष परमात्मा राम जी उपस्थित रहें। जिनका कहना की तारकेश्वर राय निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्त्ता हैं। तारकेश्वर राय जी के आने से पार्टी की को मजबूती मिलेगी। तारकेश्वर राय जी का कहना की राजद सभी जातियों की पार्टी है। राजद की विचारधारा से मैं काफी प्रभावित हूं। मौके पर पूर्व डीजीपी सोहर आजाद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

शिवहर मे हो रहे नरसंहार की निंदा,एक भी गुनाहगार बचे नही इसकी मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव जी शिवहर मे हो रहे नरसंहार पर प्रतिकार करने आ रहे है मै भी इस तरह के नरसंहार की कडी से कडी निंदा करती हूं साथ ही एक भी गुनाहगार बचे नही इसकी मांग करती हूं।

पर हत्या की आर मे किसी खास समुदाय विशेष को प्रताड़ित करने की ओछी राजनीति जो हो रही है उस पर मै माननीय नेता प्रतिपक्ष का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी और चाहूंगी की आप उन बेकसूर परिवार वालो की स्थिती भी जाकर देखे जिसके बेकसूर बेटे. भाई . पति को राजनीतिक लाभ के लिए नामजद किया गया है आप अपने स्तर से माननीय आरक्षी अधीक्षक से मांग करे की एक भी गुनाहगार बच न सके और बेगुनाहगार फसे नही।

शिवहर जाने के क्रम में प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव का मुजफ्फरपुर में राजद नेता एवं कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

(जितेंद्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाईम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर)

मुजफ्फरपुर। पटना से शिवहर जानें के क्रम में आज दिनांक 16–07–2022 को मुजफ्फरपुर के चांदनी चौक पर बिहार प्रतिपक्ष के ओजस्वी ऊर्जावान नेता श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी का स्वागत सम्मान करते हुये एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को

संबोधित करते हुये बोचहां विधायक माननीय श्री अमर कुमार पासवान जी साथ मे साहेबगंज विधानसभा के राजद नेता पृथ्वीनाथ राय जी।

लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी डीएम

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। समाहरणालय के सभाकक्ष में डीएम नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में राजस्व, खनन, लोक शिकायत निवारण, नीलाम पत्र, मध निषेध से संबंधित बैठक की गई। बैठक में दाखिल खारिज के 21 दिनों से अधिक लंबित मामलों व परिमार्जन पोर्टल पर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का डीएम ने निर्देश दिया। बैठक में जलस्त्रोतों को अतिक्रमणमुक्त कराने की चल रही कार्रवाई के बारे में डीएम ने जानकारी ली और कार्रवाई लगातार जारी रखने की बात कही। पीएम आवास योजना के भूमिहीन लाभुकों को भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश सीओ को दिया। डीएम ने नीलाम पत्र के अंतर्गत साप्ताहिक विशेष अभियान चलाकर वारंटियों को गिरफ्तार कर नीलाम पत्र शाखा के लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न माध्यम से प्राप्त परिवाद एवं निष्पादित आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

जिसमें जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय भभुआ एवं मोहनिया में प्राप्त आवेदनों की संख्या 15484 निष्पादित आवेदनों की संख्या 14827 लंबित आवेदनों की संख्या 657 बताई गई।

जिलाधिकारी ने 30 भूमिहीन परिवारों को सौंपा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का स्वीकृति पत्र

☒ खुशी से भर गयी लाभुकों की आंखें, जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। दुखनी देवी, देवन्ती देवी,उमरावती देवी, रूखमीना देवी, झुनी देवी, सुनीता देवी, फुलकुमारी देवी, सुमित्रा देवी, जोगिन्द्र मुखिया, बिन्दा चौधरी आदि की आंखें खुशी से उस वक्त भर गयी जब जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा उन्हें भूमि एवं आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र दिया गया। उपरोक्त लाभुक भूमिहीन थे तथा भूमि की अनुपलब्धता के कारण आवास योजना से वंचित थे। सभी लाभुकों ने जिला प्रशासन को जमीन का क्रय करने और आवास उपलब्ध कराने के लिए तहेदिल से धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का स्वीकृति पत्र मिलने के उपरांत जल्द ही सभी लाभुकों का अपना आशियाना होगा, जिसमें वे अपने पूरे परिवार के साथ रह सकेंगे।

बेतिया समाहरणालय सभाकक्ष में बैरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज, उतरी पटजिरवा के 30 लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की स्वीकृति पत्र जिलाधिकारी पश्चिम चम्पारण द्वारा प्रदान की गयी। इन लाभुकों को वास भूमि उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना से लाभान्वित किया गया था, जिसके आलोक में इनके द्वारा भूमि क्रय किया गया। भूमि क्रय करने हेतु मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना के तहत 60 हजार रूपये प्रति लाभुक सहायता राशि सरकार द्वारा दी गयी। तत्पश्चात इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण से लाभान्वित करते हुए इन्हें आवास उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, नंदकिशोर साह, निदेशक डीआरडीए सुजीत बरनवाल, एसडीएम बेतिया विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।ज्ञातव्य हो कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के वास स्थल विहीन परिवारों को वास भूमि तथा आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कृतसंकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। जिलान्तर्गत अबतक 78 वास स्थल विहीन परिवारों को मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना से लाभान्वित किया गया है तथा वास भूमि क्रय करने के उपरांत 68 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण से लाभान्वित किया गया है।

ट्रैक्टर की ठोकर से पांच लोग गंभीर रूप से घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद चारों छपरा सदर रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड क्षेत्र के खजूरी गांव में ट्रैक्टर को ड्राइवर के द्वारा बैक करने के क्रम में पांच लोग ट्रैक्टर की चपेट में

आ गए, जिसमें एक ही परिवार के तीन महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गएऔर एक दुकान के ग्राहक लालबाबू सिंह भी घायल हो गए उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा आनन–फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

जहां ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सक संजय कुमार ने सभी घायलों को इलाज कर छपरा रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान खजूरी गांव निवासी स्वर्गीय युगल साह का 55 वर्षीय पुत्र मोहन साह, मोहन साह का 15 वर्षीय पुत्री आशा कुमारी मोहन साह का 12 वर्षीय पुत्री सपना कुमारी , मोहन साह का 45 वर्षीय पत्नी रीता देवी, स्वर्गीय राम इकबाल सिंह के 55 वर्षीय पुत्र लाल बाबू सिंह घायलों के साथ पहुंचे परिजनों के साथ साथ ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग में सही इलाज संबंधित सारी सुविधा नहीं मिलने के कारण असंतुष्ट और नाराजगी व्यक्त करते हुए दिखे।

स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति के लिए प्राथमिक शिक्षा निदेशक श्री रवि प्रकाश से मिला परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

(कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार)। नियोजन के लिए नहीं बल्कि प्रमोशन के लिए हो स्नातक शिक्षक पद की रिक्तियों का निर्धारण। यह मांग परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने राज्य सरकार से की है । संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक श्री रवि प्रकाश से मिलकर स्नातक ग्रेड के पदों की रिक्तियों का निर्धारण निदेशालय स्तर पर ही तय करने का अनुरोध किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष वंशीधर ब्रजवासी ने कहा है कि निदेशालय द्वारा पूरे राज्य में सातवें चरण के नियोजन के पूर्व स्नातक ग्रेड के पद की रिक्तियों के निर्धारण हेतु सभी जिलों को निर्देश दिया गया है किंतु, इसका समुचित तरीके से निर्धारण नहीं किया जा रहा है । शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रत्येक मध्य विद्यालय में कक्षा 6 से 8 के लिए हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान सात विषयों के शिक्षकों की आवश्यकता है । प्रावधानों के अनुसार राज्य में अवस्थित 29241 मध्य विद्यालयों में इतनी ही संख्या में प्रत्येक विषय के शिक्षकों की आवश्यकता है ।अर्थात, 29243 मध्य विद्यालयों में 29243×7= 2,04,701 शिक्षकों की आवश्यकता है इसके निर्धारण के लिए जिलों से रिक्तियां निर्धारित कराने की कोई आवश्यकता नहीं है बल्कि यह काम निदेशालय स्तर से ही आसानी से किया जा सकता है। इसके लिए जिलावार प्रत्येक विषय में कार्यरत शिक्षकों का संख्यात्मक विवरण प्राप्त करने की आवश्यकता है और कुल आवश्यक स्नातक शिक्षकों की संख्या 2,04,701 में से घटाकर जितना पद रिक्त बचता है उतने पदों पर पूर्व से कार्यरत स्नातक योग्यताधारी शिक्षकों को प्रमोशन देने की आवश्यकता है। श्री ब्रजवासी ने कहा कि छात्र शिक्षक अनुपात में मध्य विद्यालयों में पूर्व से शिक्षक नियुक्त है किंतु शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत विषयगत शिक्षक के पद पर स्नातक कोटि में उन्हें प्रोन्नति नहीं दिए जाने के कारण छात्र शिक्षक अनुपात में शिक्षकों की उपलब्धता के बावजूद मध्य विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 के बच्चों के लिए विषयवार शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इस मामले में परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी जिसकी सुनवाई के दौरान 13 सितंबर 2019 को सदेह हाजिर होकर तत्कालीन प्राथमिक शिक्षा निदेशक श्री रंजीत कुमार सिंह ने माननीय उच्च न्यायालय को आश्वस्त किया था कि 3 से 4 माह के अंदर प्रोन्नति दे दी जाएगी किंतु अब तक प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है और परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने पुनः माननीय उच्च न्यायालय में अवमाननावाद संख्या–587/2022 दायर किया है जिस पर विभाग को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए अन्यथा की स्थिति में अगली सुनवाई के समय माननीय उच्च न्यायालय द्वारा संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के प्रति विभाग पूर्णतः उदासीन है ।इसका सबसे बड़ा प्रमाण है कि लगभग दो दशक से कार्यरत शिक्षक अपनी प्रोन्नति के लिए बार–बार उच्च न्यायालय में मुकदमा लड़ने के लिए विवश हैं और विभाग प्रोन्नति देने के बदले तरह तरह की बहानेबाजी कर रहा है । प्राथमिक शिक्षा निदेशक से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में तिरहुत प्रमंडल के संगठन प्रभारी लखन लाल निषाद, मुन्ना यादव और अमरेंद्र कुमार शामिल थे।

डीएम द्वारा 102 एंबुलेंस सेवा के तहत एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा समाहरणालय परिसर से 08 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस, 08 बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस तथा 01 मॉच्युरी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने एंबुलेंस में मौजूद एक्सपर्ट से एंबुलेंस के अंदर की व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस मील का पत्थर साबित होगा। माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, श्री नीतीश कुमार जी के कर–कमलों द्वारा फ्लैगऑफ कर जिले को उपलब्ध कराया गया है। आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रखंडों को भेजा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है। एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एक तरह से मोबाईल आइसीयू की तरह है जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचाएगा तथा उन्हें उच्चतर इलाज की सुविधा वाले अस्पतालों में ले जायेगा। उन्होंने कहा कि इस एंबुलेंस में ऑक्सीजन सुविधा के साथ–साथ वेंटिलेटर, डिफिब्रीलेटर–सह–कॉर्डियक मॉनिटर, सेन्ट्रल वेन कैथेटर्स आदि की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इन एंबुलेंसों के परिचालन से आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा में गुणात्मक सुधार होगा तथा आमलोगों को इसका काफी लाभ प्राप्त होगा। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मरीजों को समय सीमा के अंदर

आपातकालीन स्वास्थ्य परिवहन सेवा उपलब्ध होने से काफी सहूलियत होगी। इस पहल से मरीजों को उच्चतर इलाज की सुविधा वाले अस्पतालों में ले जाने में काफी सुविधा होगी। गामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं, बीमार शिशुओं, गंभीर रूप से बीमार मरीजों एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को इससे तत्काल स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, सिविल सर्जन विरेन्द्र चौधरी, एसडीएम, बेतिया विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

समस्तीपुर में महिला की हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने के लिए ले जाने के क्रम में, तीन गरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर,मोहिउद्दीननगर। समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहिउद्दीननगर उत्तर पंचायत के टेढ़ी बाजार स्थित वार्ड 8 में मुर्गा फॉर्म के पास एक अज्ञात महिला की लाश को पुलिस ने बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार महिला का गला रेत कर हत्या की गयी है। महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष अनुमान लगाई जा रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष ने चार नामजद व एक अज्ञात पर

प्राथमिक दर्ज की है। वहीं पुलिस ने मामले में दो महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में मो. सुहैल उर्फ लड्डन मिया, कमरुन निशा व रिंकू देवी शामिल है। जबकि दो आरोपित साबिर अहमद उर्फ लालबाबू व एक अज्ञात आरोपी फरार है। थानाध्यक्ष द्वारा दर्ज की गई रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार रात में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि टेढ़ी बाजार में एक महिला की हत्या कर कुछ लोग लाश ठिकाने लगाने के लिए बाइक से दूसरी जगह ले जाने के प्रयास में हैं। सूचना पर गांव में पुलिस को आते देख चार पांच लोग भागने लगे। जिसके बाद पुलिस के जवानों ने खदेड़ कर एक युवक व दो महिला को अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद घटनास्थल की तलाशी में पुलिस ने हत्या में उपयोग की गयी चाकू भी बरामद की। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस महिला की हत्या हुई है उसे शुक्रवार को टेढ़ी

बाजार में देखा गया था। थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान ने बताया कि महिला की गला रेतकर हत्या की गई है। हत्या में शामिल मो. सोहेल उर्फ लड्डन मियां व दो महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार आरोपित मो. साबिर व एक अज्ञात की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत कैम्प में करायें फर्स्ट, सेकेन्ड एण्ड थर्ड स्टॉलमेंट का भुगतान : डीएम

☒ एक–एक लाभुकों से बात कर जल्द पूर्ण करायें आवास निर्माण

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अत्यंत ही महत्वाकांक्षी है। यह जन कल्याण से जुड़ी हुई बेहद महत्वपूर्ण योजना है। इसका क्रियान्वयन ससमय एवं पूर्ण पारदर्शी तरीके से कराना सुनिश्चित किया जाय। इसके लिए सभी को अपनी–अपनी सहभागिता निभानी होगी तथा तत्परतापूर्वक कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अवास योजना–ग्रामीण के तहत फर्स्ट, सेकेन्ड एण्ड थर्ड स्टॉलमेंट का भुगतान कैम्प में कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि जल्द से जल्द आवासविहीन लोगों को आवास उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रथम किस्त देने के उपरांत द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान नियमानुसार निर्धारित समयावधि में कराना सुनिश्चित किया जाय। एक–एक लाभुकों से बात की जाय और आवास निर्माण का कार्य पूरा कराया जाय। जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। जिलाधिकारी निदेश दिया कि शत–प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए आवास सहायक प्रत्येक लाभुक के पास जाय और तीव्र गति से आवास निर्माण का कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निदेश दिया कि भुगतान प्राप्त किये वैसे लाभुक जो कार्य शुरू नहीं करायें हैं, उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई भी करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी लगातार आवास योजना–ग्रामीण की समीक्षा करेंगे तथा नियमित रूप से आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण भी करेंगे।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मस्तक सोहे चन्द्रमा, गंग टा के बीच श्रद्धा से शिवलिंग को, निर्मल जल मन से सीच

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

शिवहर,सीतामढ़ी। हिन्दू धर्म में महादेव, त्रिदेवों में सबसे महत्वपूर्ण देवता हैं जो भोलेनाथ, महादेव, शिव शंकर, नीलकंठ, महेश, रुद्र, गंगाधार, महाकाल इत्यादि सैकड़ों नामों से जाने जाते हैं। पुरे विश्व में भोले बाबा के लाखों भक्त आज भी मौजूद हैं। ये देवों के भी देव महादेव हैं, जो की कैलाश पर्वत पर अपनी अर्धांगिनी (शक्ति) माता पार्वती और अपने दोनों पुत्रों गणेश और कार्तिके के साथ निवास करते हैं। भोलेनाथ की पूजा शिवलिंग तथा मूर्ति दोनों रूपों में की जाती हैं। शिव के गले में नाग देवता विराजित हैं और हाथों में

डमरू और त्रिशूल हैं और साथ ही ये त्रिनेत्रधारी हैं। भगवान् शिव कलयाणकारी तथा स्वभाव से सौम्य हैं वही दूसरी और इनका रूद्र रूप भी बहुत विनाशकारी हैं इसलिए इनके कालो के काल महाकाल के नाम से भी जाना जाता हैं और ऐसा माना जाता हैं की शिव आदि हैं और शिव ही अंत हैं, और एक दिन ये सृष्टि भी शिव में ही विलीन हो जाएगी। वही आप सभी को इस जानकारी अवगत करा दिया जाए कि सावनी सोमवार के शुभअवसर शिवहर युवा एकता मंच के द्वारा बाबा भुवनेश्वर नाथ स्थान देकुली की झाड़ू से सफाई की और वहाँ की गन्दगी को साफ स्वच्छ वातावरण बनाया ने वही सभी युवाओं ने भक्तिमय होकर पूरे हिर्दय से भगवान् भोलेनाथ के दरबार की एक सुन्दर और स्वच्छ वातावरण रूप दिया वही मौके पे उपस्थित रहे युवा अवनीश कुमार ,रितेश कुमार,राणा कुमार मुकेश कुमार सिंह,विकेश कुमार सिंह ,ऋषि राज ,राजन कुमार ,आदित्य कुमार, आदित्य कुमार ,नवनीत कुमार अजीत पटेल एव अन्य युवागन मौजूद रहे। भोलेनाथ ने जिस पर भी डाली छाया उसकी किस्मत की पलट गई काया वो सब मिला उसे बिन मांगे ही जो कभी किसी ने ना पाया।

हनुमान मंदिर की स्थापना दिवस पर भक्तिमय हुआ साहित

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। विद्यापतिनगर से सटे साहित पंचायत में शनिवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर के स्थापना की पहली वर्षगांठ पूरी भक्ति भाव एवं श्रद्धा पूर्वक मनाई गई! देवघर से आए आचार्य दीनदयाल पाठक एवं निशांत पाठक के द्वारा विधिवत पूजा, हवन तथा रामायण के सुन्दर काण्ड का वाचन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया! सुबह से ही लोग

राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में पहुंचने लगे थे, सभी ओर हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण दिखा, साथ ही सीताराम के जाप से पूरा क्षेत्र अनुगूंजित हो उठा ! गौरतलब है कि ग्रामीणों के सहयोग एवं उनके अथक प्रयास के कारण इस मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हुआ, जिसके पश्चात गत वर्ष मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई तथा उनका प्राण – प्रतिष्ठा यज्ञ संपन्न कराया गया था ! आयोजन समिति से जुड़े शिक्षक, राजीव कुमार ने बताया कि मंदिर स्थापना की वर्षगांठ पर पूजन के साथ साथ अष्टयाम तथा सुंदर कांड के पाठ की व्यवस्था की गई है साथ ही आयोजन समिति एवं मंदिर से जुड़े कार्यकर्ताओं के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक वर्ष मंदिर की स्थापना दिवस मनाया जाएगा साथ ही रामनवमी एवं हनुमान जयंती के अवसर पर धूमधाम से पूजा अर्चना के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ! इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित, वाजिदपुर एवं आसपास के भक्त श्रद्धालुओं के अलावा मंदिर से जुड़े गौतम कुमार, नवीन कुमार, राजीव कुमार,सिंकू तथा फूल बाबू मौजूद थे!!

लौरिया में बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक से 15 लाख की दिनदहाड़े लूट

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। लौरिया–बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक से 15 लाख रुपए की लूट बाइक पर सवार 6 नकाबपोश अपराधियों ने पिस्टल के बल पर घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब 11:30 बजे दिन में लौरिया थाना से महज कुछ ही दूर बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा लौरिया शाखा में करीब आधा दर्जन नकाबपोश हथियारबंद अपराधी बैंक में प्रवेश कर गए और वहाँ उपस्थित ग्राहकों एवं बैंक कर्मियों को गन प्वाइंट पर लेकर एक जगह इकट्ठा कर दिया तथा सभी का मोबाइल एक जगह रखवा दिया। उसके बाद अपराधियों ने कैश बॉक्स में रखें सभी रुपए ले लिए तथा बैंक मैनेजर से बैंक के कैश लॉकर खुलवा कर करीब 15 लाख रुपया लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद आसानी से नरकटियागंज वाले रास्ते की तरफ भाग निकलें।बैंक के शाखा प्रबंधक ने बताया कि करीब 2 सालों से इस बैंक में गार्ड का पद रिक्त था। वहीं सूत्र बताते हैं कि अपराधियों की संख्या आधा दर्जन थी, और वे दो मोटरसाइकिल से आए थे।जिसकी पुष्टि भी बेतिया पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा ने भी की है। वहीं

लूट की सूचना मिलते ही लौरिया थानाध्यक्ष विनोद कुमार सदल बल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू किया ही था, तब तक स्वयं बेतिया पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा घटनास्थल पर पहुंच गए। वही पुलिस द्वारा घटना के बारे में छानबीन शुरू कर दिया गया है।

तस्करी कर नेपाल ले जा रहे चार टेलर युरीया खाद जब्त

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।

कुंडवा चौनपुर। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के महंगुआ गाँव से सटे मनमोहन गेट के समीप से पिलर

संख्या 347/4 से चार ट्रैक्टर के टेलर पर लाद कर लें जाई जा रही 390 बोरा यूरिया खाद को शसस्त्र सीमा बल गुआबारी के जवानों ने गुप्त सुचना के आधार पर जब्त किया है। नाका पार्टी का कप्तान एसआई रोहित धामा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जप्त गाड़ियों और खाद को मोतिहारी कस्टम के हवाले कर दिया गया है। तस्करी की खाद किसकी है इसकी पुस्टि अबतक नही हो पाई है। साथ ही टेलर खाद के साथ एक भी चालक या उपचालक के नहीं पकड़ा जाना इसको लेकर भी चौंक चौराहों पर चर्चा का बाजार गर्म है। पुलिस और एस एस बी लाख चौकसी के दावा के बाद भी भारत नेपाल सीमा से तस्करी का खेल खुब फल फुल रहा है। एस एस बी ने बताया की जब्त किए गए ट्रैक्टर ट्राली को खाद सहित मोतिहारी कस्टम के हवाले सौंप दिया जाएगा। बता दे कि हाल ही में 60 बोरा खाद को कुंडवा चौनपुर एसएसबी ने पकड़ा था।

रक्सौल की बेटी आकांक्षा घोषित सीए की परीक्षा 2022 में सफल होकर लहरायी अपनी परचम, बनी दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत

(संजय कुमार, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स, रक्सौल पूर्वी चंपारण) द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया 2022 की ओर से घोषित सीए फाइनल रिजल्ट में रक्सौल की बेटी आकांक्षा सर्राफ ने एक विषय में डिस्टिंक्शन के साथ सीए की डिग्री हासिल कर रक्सौल व पूरे परिवार सहित रक्सौल अनुमंडलीय क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वही आकांक्षा के सफल होने पर पूरे परिवार सहित अनुमंडल क्षेत्र के आम जनों के चेहरे पर खुशी की लहर दिख रही हैं . रक्सौल के लोकप्रिय भाजपा विधायक श्री प्रमोद कुमार सिन्हा जी के आदेश पर रक्सौल भाजपा नगर अध्यक्ष कन्हैया सराफ द्वारा सफल अभ्यर्थी आकांक्षा को सम्मानित किया गया. स्थानीय विधायक प्रमोद सिन्हा ने सफल अभ्यर्थी आकांक्षा व परिजनों से फोन पर बात कर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दिए और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है साथ ही कहा कि भारत– नेपाल के प्रवेश द्वार रक्सौल की धरती कभी भी प्रतिभाओं की मुहताज नहीं रही है। इस शहर के बेटों से ज्यादा बेटियों ने समय–समय पर अपनी विलक्षण प्रतिभा का लोहा मनवाया है तथा केवल न केवल डॉक्टर , इंजीनियरिंग, बिजनेस मैनेजमेंट की परीक्षाओं के साथ सीए की कठिन परीक्षाओं में भी सफलता का परचम लहराया है।

वही नगर महामंत्री कमलेश कुमार ने कहा की निश्चित रूप से इस अवधारणा को बल मिलता है कि अगर मौका मिले तो बेटियाँ भी खुद को साबित कर अपने माँ–बाप व समाज का नाम रौशन कर सकती है। इस बार रक्सौल निवासी विमल

सर्राफ एवं पूनम देवी की बेटी आकांक्षा सर्राफ ने जो यह कारनामा कर दिखाया है, वह सीए बनने के लिए किस्मत आजमा रहे हर विधार्थी के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। ज्ञातव्य हो होनहार आकांक्षा ने दो विषयों इनडायरेक्ट टैक्स तथा एकजम्पशन इन इकॉनमी लॉ में डिस्टिंक्शन के साथ सीए की डिग्री हासिल कर अविश्वसनीय सफलता हासिल की है।

नगर अध्यक्ष कन्हैया सर्राफ, रवि कुमार गुप्ता, कमलेश कुमार, राजेश आर्य व विनोद सर्राफ आदि सहित अन्य गणमान्य लोग सफल अभ्यर्थी आकांक्षा के रक्सौल स्थित पैतृक घर पहुंचकर बधाई के साथ साथ शुभकामनाएं दिए व उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

आर्म्स एक्ट मामले में 3 अभियुक्तों को 3 साल की सजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

शिवहर,सीतामढ़ी। शिवहर व्यवहार न्यायालय की न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के मामले में तीन अभियुक्तों को 3 साल की सजा सुनाया है

व्यवहार न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार की अदालत ने ग्राम भंडारी थाना बेलसंड जिला सीतामढ़ी के महिंदर भगत के पुत्र सुनील कुमार, ग्राम बेलाही जयराम थाना सहियारा जिला सीतामढ़ी के मुकेश कुमार सिंह के पुत्र शिवेंद्र कुमार सिंह उर्फ शिबू सिंह, तथा ग्राम विष्णु रैन वार्ड नंबर 4 थाना रुन्नीसैदपुर जिला सीतामढ़ी के राम नरेश ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार को शस्त्र अधिनियम और आर्म्स एक्ट की धारा 25(1–बी–)एए35 के अंतर्गत दोषी पाते हुए 3 वर्ष की कारावास एवं 500 का सजा एवं शस्त्र अधिनियम आर्म्स एक्ट की धारा 26/35 के अंतर्गत 1 वर्ष की कारावास एवं 500 का जुर्माना, जुर्माना नहीं देने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास का सजा सुनाया गया है। इसमें अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अभियोजन पदाधिकारी सौरव सुरेंद्र ने अपना पक्ष रखा एवं बहस किया ,सभी सजाएं साथ–साथ चलेगी। पुलिस द्वारा सभी गवाहों को मुस्तैदी से न्यायालय में प्रस्तुत कराकर गवाही कराई गई जिसमें अभियुक्तों को सजा दी गई है। इस बात की जानकारी जिला अभियोजन पदाधिकारी पंकज पंजिकार ने दी है। गौरतलब हो कि 14 मार्च 2021 को पिपराही थाना के परीक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार अपने साथ में पुलिस अवर निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार एवं सशस्त्र बल के साथ संध्या गस्ती में धनकौल बांध के पास निर्माणाधीन पुल के आगे पहुंचे, तो दो मोटरसाइकिल सवार पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, तो पुलिस बल के सहयोग से तीनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। स्वतंत्र साक्ष्यों के समक्ष उनका नाम पता पूछ कर उसकी विधिवत तलाशी ली गई । गिरफ्तार मुकेश कुमार सिंह के पास से 7.65एएम का देसी पिस्टल जिनमें दो जिंदा गोली लोडेड पाया गया साथ में टच स्क्रीन मोबाइल भी था। कथा सुनील कुमार के पास से भी 7.65 एमएम की देसी पिस्टल जिसमें एक जिंदा गोली लोडेड पाया गया था। बरामद देसी पिस्टल एवं जिंदा गोली के संबंध में तीनों ने किसी भी तरह का कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया , अवैध अग्नियास्त्र रखने के आरोप में तीनों को गिरफ्तार कर पिपराही पुलिस द्वारा थाना कांड संख्या 55/21 दर्ज किया गया ,पुलिस अनुसंधान एवं न्यायालय में विचारण के पश्चात तीनों को सजा सुनाई गई है।

मुखिया जी का वोल्टेज बढ़ गया है नीतीश सरकार ने पंचायतों के खाते में भेज दिए 1921 करोड़

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ)

बिहार के मुखिया जी का वोल्टेज अब बढ़ गया है। नीतीश कुमार सरकार त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के खातों में 1921 करोड़ रुपये का भुगतान कर किया है। इनमें 1343 करोड़ रुपये ग्राम पंचायतों को दिए गए हैं। जबकि पंचायत समितियों और जिला परिषदों को 288–288 करोड़ रुपये मिले हैं। 15 वें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत मिली इस राशि को पंचायती राज विभाग ने सीधे पंचायतों के खातों में भेजा है। पंचायतों के मुखिया इस राशि को गांवों में पेयजल, स्वच्छता और विकास कार्य में खर्च कर सकेंगे।

पंचायतों को दो अलग–अलग मदों (टाइड और अनटाइड) के अंतर्गत राशि भेजी गई है। टाइड मद में 60 प्रतिशत तो अनटाइड मद में 40 प्रतिशत राशि गई है। टाइड मद की राशि सरकार द्वारा चिह्नित योजनाओं में खर्च करनी है। इनमें पेयजल आपूर्ति, जल संरक्षण, गली–नाली पक्कीकरण, स्वच्छता, खुले में शौचमुक्त के सतत रखरखाव आदि पर खर्च होगा। वहीं, अनटाइड मद की राशि को विभिन्न विकास कार्यों में लगाया जाएगा, जिसका निर्णय ग्राम सभा में लिया जाएगा। अनटाइड राशि खोल के मैदान, सामुदायिक भवन निर्माण, शवदाह गृह, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं का विकास पर खर्च होंगे। अनटाइड मद की राशि का उपयोग वार्ड से आए प्रस्ताव पर भी किया जा सकेगा। हर पंचायत को मिले 12–22 लाख रुपये बिहार में 8067 ग्राम पंचायतें, 38 जिला परिषद और 533 पंचायत समितियां हैं। ग्राम पंचायतों के क्षेत्र और आबादी को देखते हुए 12 से 22 लाख रुपये तक की राशि हर एक के खाते में गई है। वहीं एक जिला परिषद को 12 से 15 करोड़ रुपये और पंचायत समितियों को एक करोड़ रुपये तक की राशि मिली है।

आज देवराहा बाबा की ओर से गरीबों को खाना खिलाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। अन्न से शरीर चलता है अन्न ही जीवन का आधार है रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रोज कमाने वाले मजदूर दूरदराज से आए यात्रियों ठेला चालकों रिक्शा चालकों गरीबों जरूरतमंदों को भोजन कराना सबसे श्रेष्ठ और ज्यादा फल देने वाला सराहनीय कार्य है उक्त बातें देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद और सीता देवी ओंकारनाथ जालान सेवा संस्थान द्वारा मिशन अन्नपूर्णा रसोई की 26 वी सप्ताहिक निशुल्क भोजन वितरण सेवा का बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर शुभारंभ करते हुए ईष्ट चंपारण लायंस क्लब के सचिव लोकेश कुमार ने कहा वही लायंस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य आलोक कुमार ने मौके पर कहा कि प्रेम एक भावना है जो दूसरे के प्रति निस्वार्थ भाव से बनती है श्रेष्ठदान वही है जो जरूरतमंदों को निस्वार्थ भाव से दिया जाए लगातार शहर में चलाए जा रहे हैं अन्नपूर्णा रसोई जरूरतमंदों के बीच एक थाली खुशियों वाली के संचालक सामाजिक कार्यकर्ता राम भजन और कमेटी के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं अन्नपूर्णा रसोई कार्यक्रम के संचालक देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम के सह सचिव राम भजन ने बताया कि चिलचिलाती गर्मी में लगभग 400 लोगों को स्वादिष्ट पौष्टिक भरपेट चावल आलू चना सोयाबीन की सब्जी और अचार का भोजन कराया गया साथ में शीतल जल की व्यवस्था की गई कार्यक्रम को सफल बनाने में लगातार सहयोग दे रहे सीतादेवी ओंकारनाथ जालान संस्था के अध्यक्ष विनोद जालान, सामाजिक कार्यकर्ता विक्की कुमार ,रविंद्र कुमार, शशि भूषण कुमार इत्यादि लोग लगे रहे।

ग्रामीण आवास सहायक का अनुबंध रद्द करते हुए अनुबंध आधारित सेवा की गयी समाप्त

☒ कार्य में लापरवाही, अनियमितता एवं अन्य गंभीर आरोपों के कारण जिला प्रशासन द्वारा की गयी कार्रवाई

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। कार्य के प्रति लापरवाही, अनियमितता तथा अन्य गंभीर आरोपों के कारण तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक, पतिलार एवं महिपुर भतौड़ा पंचायत के धर्मेन्द्र कुमार शर्मा का अनुबंध रद्द कर दिया गया है।उक्त गामीण आवास सहायक के कार्य में लापरवाही, अनियमितता आदि आरोपों के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी, बगहा–01 द्वारा साक्ष्य के साथ अनुबंध रद्द करने की अनुशंसा की गयी, जिसे जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया गया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश के आलोक में उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण द्वारा उक्त ग्रामीण आवास सहायक का अनुबंध रद्द कर दिया गया है।

उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि ग्रामीण आवास सहायक के रूप में अस्थायी सूची से प्रखंड के अभिलेखों से मिलान तथा सुपात्र परिवारध्लाभुकों का चयन, नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आवास निर्माण की प्रगति का अनुश्रवण, निर्माणाधीन आवासों/पूर्ण आवासों की फोटोग्राफी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने का दायित्व गामीण आवास सहायक के रूप में धर्मेन्द्र कुमार का था। उन्होंने बताया कि इनका नियोजन आवास योजना को ससमय पारदर्शी रूप से क्रियान्वयन करने के उदेश्य से किया गया है, जिसमें श्री शर्मा पूर्णतः विफल रहे हैं।

इनके द्वारा अपने निर्धारित दायित्वों का अनुपालन नहीं करने के कारण जहां एक तरफ गैर अहर्ता प्राप्त व्यक्ति को आवास योजना से लाभान्वित किया गया वहीं दूसरी तरफ योजना के प्रगति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जो उनके कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं संदिग्ध प्रवृति का घोतक है। उक्त के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बगहा–01 से प्राप्त अनुशंसा एवं ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प संख्या–165209 की कंडिका–11 में उल्लेखीत प्रावधान के तहत धर्मेन्द्र कुमार शर्मा तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक, ग्राम पंचायत राज पतिलार एवं महिपुर भतौड़ा, प्रखंड–बगहा–01 का अनुबंध रद्द करते हुए तत्काल प्रभाव से अनुबंध आधारित सेवा समाप्त कर दी गयी है।

बाइक सवार दो युवक लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार। सहरसा जिला सदर थाना गश्ती पुलिस को देखकर स्थानीय बस स्टैंड पर बाइक घुमा कर भाग रहे दो युवक को खदेड़ कर पकड़ा गया। जिनकी तलाशी लिए जाने पर एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। सदर थाना एएसआई राजेश यादव ने बताया कि पुलिस गश्ती गाड़ी को देखकर बीआर 19 क्यू 3972 बाइक पर सवार दो युवक भागने लगे। जिनको भागते देख संदेह के आधार पर खदेड़ कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके कमर से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया है। अपराधी बस स्टैंड , वार्ड नंबर 19 निवासी सतो मल्लिक के पुत्र राजा कुमार मल्लिक हैं। वहीं उनके दूसरे साथी खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिलगरा गांव , वार्ड नंबर 6 निवासी उमेश मल्लिक के पुत्र रणवीर मल्लिक थे। गिरफ्तार दोनों युवक ने बताया कि वे लोग सुनसान इलाके में हथियार के बल पर लोगों से लूटपाट की घटना को अंजाम देते रहे हैं। उन्हें जेल भेज दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

बक्सर के रामरेखा घाट पर पंडा समाज को धरने के लेकर जनता दल यू के नेता नारायण उपाध्याय का बयान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ बक्सर गोविन्द जायसवाल।

बक्सर। रामरेखा घाट पर चौकी चार्ली और मचान के हट जाने से काफी सुंदर और स्वच्छ गंगा घाट बनारस की तरह दिख रहा है और पंडा समाज को इसमें समर्थन देना चाहिए हरिद्वार से बनारस तक कहि भी चौकी चार्ली नही है वही रजिस्टर्ड पंडा है जो विवाह मंडप के

आस पास भी लगाकर पूजा अर्चना और श्राद्ध कर्म किया जा सकता है बहुत सारा जगह है इसपर अभी तक घरना जारी है आगे नगर परिषद और प्रशासन के ओर से कोई प्रतिक्रिया नही मिला।

बारिश नहीं होने से नुआंव के सभी प्रखंडों में मात्र 6 प्रतिशत ही हुई है धान की रोपनी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। प्रखंड के दसों पंचायत के क्षेत्रों में समय पर बारिश नहीं होने के चलते कृषि कार्य पूर्ण रूप से बाधित हो रही है। केवल सबमर्सिबल के सहारे कृषि का कार्य किया जा रहा है एवं धान की रोपनी हो रही है। जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि समंवयक सत्य प्रकाश गौतम ने बताया कि शुक्रवार तक प्रखंड के दसों पंचायत में करीब मात्र 6: ही धान की रोपनी का कार्य हुआ है। बारिश नहीं होने के चलते खेती का कार्य पिछड़ रहा है। फिर भी किसान आस लगाए हुए हैं कि मानसून की बारिश का अभी समय है। अभी भी बारिश हो जाती है तो धान की रोपनी पूरी हो जाएगी,लेकिन प्रखंड के कुछ किसानों द्वारा सबमर्सिबल के माध्यम से खेती की जा रही है एवं धान की रोपनी हो रही है। यह भी स्थिति जहां–तहां देखी जा रहा है।दूसरी तरफ नुआंव गांव सहित प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में जो भूयजल स्तर नीचे गिरा है। जिसके कारण कई लोगों के चापाकल बंद हो गए हैं। पानी की किल्लत हो रही है,लोगों द्वारा दूसरे के घर जाकर पानी भरा जा रहा है एवं प्यास बुझाई जा रही है।

खगड़िया के मानसी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दी लूटपाट को अंजाम

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार।

मानसी थाना क्षेत्र के बदला घाट पुल संख्या 51 के पास अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम ठूठी मुसहरी के प्राथमिक विद्यालय का एचएम आशीष कुमार भारतीय को तीन नकाबपोस हथियार के साथ अपराधियों ने हथियार सटा कर मोटरसाइकिल सहित सारा सामान लूट ले गया शिक्षक उसके पीछे भागे लेकिन अपराधिओ ने घटना को अंजाम देकर भागने में सफल रहे जिस गाड़ी को लेकर अपराधी भागा उसका नंबर है ठत–3ै 3787 हीरो का गाड़ी है ब्लैक कलर की गाड़ी जिसमें गोल्डन कलर का स्टीकर चिपका हुआ है गाड़ी के वाइजर पर परिता लिखा है अपराधी गाड़ी लेकर कोपरिया की ओर भागा है।

हरसिद्धि की पूजा,अजितेश व ब्रजेश बने दारोगा

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।

हरसिद्धि। धिवाढार पंचायत लौकरिया निवासी सतनारायण साहनी के पुत्र अजितेश कुमार मटियारिया पंचायत के मटियारिया कोठी के परमानंद मिश्र की पुत्री पूजा कुमारी और गायघाट पंचायत के रूपडीह

निवासी लालबाबू साह के पुत्र ब्रजेश कुमार का चयन सब इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। अजितेश कुमार ने सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गांव समाजको बताया है। पूर्व जिला पार्षद रोहित गिरी, पंचायत समिति सदस्य पुत्र मनोज कुमार,धीवाढार मुखिया वीरेंद्र कुमार, निर्माला सहनी,चंदन सहनी, जेपी यादव, श्याम कुशवाहा,ने अजितेश को मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी है। वही पूजा कुमारी ने अपने माता पिता, भाई को सफलता का श्रेय दिया है। गायघाट मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य मस्तकिम अंसारी, ने बताया कि उनकी पंचायत से चयनित ब्रजेश ने गायघाट हाई स्कूल से मैट्रिक किया था। एक साथ तीन छात्र–छात्राओं के चयन होने से पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है।

महासचिव पद पर होने से कार्यकर्ता ने दी बधाई

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।

चकिया पू.च। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के निर्देश पर जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षा डॉ श्वेता विश्वास ने जिला के सरिता कुशवाहा को प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। इस मनोयनन से जदयू कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सह विधान पार्षद उपेंद्र कुशवाहा को साधुवाद देते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की की है। वही प्रदेश महासचिव पद पर मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में केसरिया

विधायक शालिनी मिश्रा, पूर्व विधायक रजिया खातून, मीना द्विवेदी, श्याम बिहारी प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष सिंह कुशवाहा, जिला अध्यक्ष रतन पटेल, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शोभा सिंह, डॉ कुमकुम सिन्हा, संत सिंह कुशवाहा, डॉ दीपक कुमार, बबन कुशवाहा, कामेश्वर कुशवाहा, रामपुकार सिन्हा, ई रमेश पासवान, प्रमोद कुमार सिंह, डॉ संजय कुशवाहा, विक्रम कुशवाहा, ब्रिज बिहारी पटेल, मधु सिंह, विशाल सिंह, कपिलदेव कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल है।

सेनरेले में महिला को गोली मारने की घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है

आसनसोल रू आसनसोल उत्तर थाने के सेनरेले में एक महिला की गोली मारकर हत्या की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। गोली लगने से घायल चौताली मंडल नाम की महिला को शुक्रवार दोपहर को आसनसोल के एक निजी अस्पताल में लाया गया। निजी अस्पताल की पीआरओ पूर्वी तनेजा ने बताया कि चौताली मंडल नाम की महिला गोली लगने के बाद यहां

आई और उसका इलाज किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस आई और उन्होंने अपनी जांच शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक, घटना बिजनेसमैन जयदेव मंडल के घर पर हुई। जयदेव मंडल के भाई की पत्नी चौताली मंडल गंभीर रूप से घायल हो गई। शुक्रवार को हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। चौताली मंडल को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल लाया गया। बाद में, उस अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया। निजी अस्पताल के अनुसार, चौताली मंडल नाम की एक महिला को गोली लगने से अस्पताल लाया गया था। बाद में, उसने दूसरे अस्पताल ले जाया गया। हालांकि गोली मारने का कारण रहस्य बना हुआ है।

8 लाख के जाली नोट के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार, यूट्यूब से सीखा नोट छापना

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पूर्वी चंपारण जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है. राज्य में तीसरे सबसे बड़े जाली नोट के खेप को बरामद करने में पुलिस सफल रही है. जाली नोटों के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार स्मगलरों के निशानदेही पर पुलिस ने नोट छापने वाला प्रिंटर और पेपर भी बरामद किया है. दरअसल छतौनी पुलिस को शहर के एक होटल के पास भारतीय जाली नोट की डिलीवरी होने की सूचना मिली थी. जिसके बाद टेक्निकल सेल से तहकीकात कराने के बाद सदर डीएसपी अरुण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जाली नोट के धंधे का मुख्य मास्टर माइंड पिपरा थाना क्षेत्र के चिंतावनपुर का रहने वाला संदीप सहनी है. उसने पिपरा थाना के बेदिबन मधुबन के रहने वाले राजेश कुमार के साइबर कैफे में डेढ़ माह पूर्व यूट्यूब से जाली नोट बनाने का तरीका सीखा और जाली नोट छापने का धंधा शुरू कर दिया. राजेश का साइबर कैफे पिपरा ओबर ब्रिज के पास है. संदीप पूर्व में पौने दो लाख रुपए छाप कर मार्केट में भेजा दिया था. इस बार वह एक साथ आठ लाख रुपए छाप कर खपाने वाला था. जिसकी भनक पुलिस को लग गई और वह पकड़ा गया. हालांकि इसके लिंक की भी जांच की जा रही है. गिरफ्तार तस्करों में सरगना संदीप और राजेश के अलावा शिवहर जिला के परसौनी तैयब गांव का दीपक कुमार और कोठिया गांव का सुबोध कुमार शामिल हैं.श – डॉ. कुमार आशीष, एसपी

गठित टीम ने छतौनी के एक मीट हाउस के पास छापेमारी की. जहां से आठ लाख रुपया का जाली नोट, एक कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया. एसपी कुमार आशीष ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर पिपरा थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज के पास एक साइबर कैफे में छापेमारी की गई. जहां से जाली नोट छापने वाला प्रिंटर, लैपटॉप और तीन बंडल पेपर बरामद किया गया. एसपी के अनुसार तस्करों ने पौने दो लाख रुपए का जाली नोट देश के अन्य क्षेत्रों में खपाने की बात स्वीकार की है. तस्कर दो लाख असली भारतीय रुपया लेकर पांच लाख का जाली नोट देते थे।

बाढ़ में खाद्यान्न पर जीएसटी के विरोध में व्यवसायियों ने किया सांकेतिक हड़ताल एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ) बाढ़रू खाद्यान्न पर केंद्र सरकार द्वारा 5: जीएसटी लगाने के विरोध में बाढ़ के व्यवसायियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया और बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार के पास जाकर अपना ज्ञापन सौंपा। बिहार राज्य खाद्य व्यवसाई संघ तथा अन्य व्यवसायिक प्रकोष्ठ ने जीएस खाद्यान्न पर जीएसटी के विरोध में सभी गल्ला व्यवसाईयों ने अपनी अपनी दुकाने बंद रखी। बाजार में सन्नाटा पसरा रहा।

गल्ले की दुकान सहित कई दुकाने बंद रखी ने वही बाढ़ बाजार से मार्च करते हुए व्यवसायियों ने अनुमंडल कार्यालय तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया तथा अनुमंडल पदाधिकारी को जाकर अपना ज्ञापन सौंपा। बता दें कि 18 जुलाई से खाद्यान्न ने पर केंद्र सरकार द्वारा 5: जीएसटी लागू किया जा रहा है जिसका भारत के कई राज्यों के व्यवसाई विरोध कर रहे हैं। व्यवसायियों का कहना है कि यदि खाद्यान्न पर जीएसटी लागू हो गया तो खाद्यान्न बहुत महंगे हो जाएंगे साथ ही साथ

छोटे–मोटे व्यापारी समाप्त हो जाएंगे और वे बेरोजगार हो जाएंगे।

इससे देश में समस्याओं की बाढ़ आ जाएगी। इसलिए जल्द से जल्द सरकार को खाद्यान्न को जीएसटी मुक्त रखते हुए इस नियम को तुरंत वापस लेना चाहिए।

कार्यालय में आये आगंतुकों से व्यवहार पूर्ण बात करें एवं उनके कार्यो का निष्पादन करें : डीएम मनेश कुमार मीणा

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में समाहरणालय के सभी प्रधान सहायकों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें सबसे पहले जिले में स्थानांतरण होने के बाद प्रभार आदान–प्रदान की समीक्षा की गई। तत्पश्चात सभी प्रधान सहायकों से उनके कार्यों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी प्रधान सहायकों को कार्य सूची बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री का जनता दरबार के लंबित मामलो, कोर्ट से संबंधित मामलों, सीएम डैशबोर्ड से संबंधित मामले एवं अन्य सभी मामलों का निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया गया।

सभी संचिकाओ का संधारण ठीक से करना सुनिश्चित करें। कार्यालय प्रधान भंडारण पंजी प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही कार्यो का सत्यापन करेंगे।

सभी नये ऊर्जा के साथ कार्य करें । सभी पत्रों का समय पर निष्पादन करें। कार्यालय की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान रखें कार्यालय में आने वाले आगंतुकों से व्यवहार पूर्ण बात करें। उनके कार्यों का निष्पादन करें साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय में मेय आई हेल्प यू काउंटर बनाने का निर्देश दिया गया। जहां पर संबंधित विभागों एवं शाखाओं की जानकारी मिल सके एवं समाहरणालय में आने वाले सभी आम जनों की सहायता हो सके।

उक्त बैठक में अपर समाहर्ता विभागीय जांच, कृष्ण प्रसाद गुप्ता, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास, जिला परिवहन पदाधिकारी–सह –वरीय पदाधिकारी स्थापना रवींद्र नाथ गुप्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी विजय कुमार पांडे, उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अवधेश प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, वरीय उप समाहर्ता इति चतुर्वेदी, शशि भूषण कुमार के साथ सभी कार्यालय के प्रधान सहायक उपस्थित थे।

देश एवं समाज के निर्माण में सिपाही की भूमिका महत्वपूर्ण : आईजी पंकज कुमार सिन्हा

'वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल के 196 एवं शिवहर जिला पुलिस बल के 107 कुल 303 प्रशिक्षु सिपाहियों का पारण परेड समारोह सीतामढ़ी पुलिस लाइन में मनाया गया। 12 प्लाटून कमांडर ने 12 टीम का नेतृत्व किया। जिसमें मुख्य अतिथि तिरहुत प्रमंडल (प्रक्षेत्र) के पुलिस महा निरीक्षक पंकज कुमार सिन्हा, डीएम मनेश कुमार मीणा एवं एसपी हर किशोर राय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी द्वारा पुलिस महा निरीक्षक एवं जिला पदाधिकारी का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर किया गया। प्रशिक्षु सिपाही के द्वारा जेनरल सेल्यूट दिया गया। बैंड पर राष्ट्रगान बजाकर मार्च पास्ट के धुन का आगाज किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत पासिंग आउट परेड की कार्यवाही की गई। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक तिरहुत प्रमंडल (प्रक्षेत्र) पंकज कुमार सिन्हा द्वारा प्रशिक्षु सिपाहियों का शपथ ग्रहण कराया गया।उन्होंने सभी प्रशिक्षित सिपाहियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह क्षण गर्व और संतोष का है, पुलिस विभाग में इन प्रशिक्षित सिपाहियों का स्वागत है देश व समाज के निर्माण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पुलिस की वर्दी पहनना गौरव की बात है। नए सिपाहियों के मिलने से पुलिस विभाग को मजबूती मिलेगी। एक पुलिस के रूप में आदर्श स्थापित करते हुए अनुशासित रहकर निर्दोष लोगों के साथ मानवता पूर्ण व्यवहार करने का पाठ पढ़ाया। यह प्रशिक्षण 9.8.2021 से प्रारंभ होकर 3.7.2022 तक कुल 229 दिनों तक चला करीब 10 से 11 माह तक चलने वाले इस कठिन प्रशिक्षण के दौरान आपके द्वारा कठिन परिश्रम का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। जो व्यवहार आप अपनों से करते हैं वही व्यवहार जनता के साथ करें। शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान धैर्य पूर्वक करें।आपका काम और व्यवहार ही पुलिस की छवि बनाती है। वहीं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने अपने संबोधन में कहा कि नए समाज के निर्माण में आप की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। समय का पालन करते हुए अपने वर्दी की स्वच्छता एवं अपने फिटनेस पर ध्यान दें। तभी एक सफल पुलिस के रूप में अपनी पहचान स्थापित करते हुए जीवन में परस्पर आगे बढ़ सकते हैं। आपको आने वाले समय की हार्दिक बधाई। डिसिप्लिन मेंटेन रखें व्यक्तिगत व्यवहार को संयम रखें जिससे समाज में आप की छवि अच्छी बनी रहे । कार्यक्रम के अंत में परेड कमांडर अश्वनी कुमार मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल, द्वितीय कमांडर अश्वनी कुमार शिवहर जिला पुलिस बल, निशान पार्टी कमांडर शहजाद अंसारी मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल, बैंड दल कमांडर हवलदार मोहम्मद निजामुद्दीन अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक शोभानंद यादव, सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार, संजय कुमार,शकील अहमद, वृंदावन यादव, हवलदार पवन कुमार झा को पारितोषिक स्मृति चिन्ह, वही प्लाटून कमांडर सुधांशु कुमार, अमित कुमार, प्रिंस कुमार, दिवेश कुमार द्विवेदी, नागेंद्र राम एवं सोनू कुमार,मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल तथा मुरारी कुमार, नीतीश कुमार, पीयूष कुमार, अर्जुन कुमार मिश्रा, सुमन कुमार बैगवे एवं राहुल कुमार शिवहर जिला पुलिस बल को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस महा निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक द्वारा सत्यमेव जयते का प्रतीक चिन्ह एवं जिला पदाधिकारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही उत्कृष्ट कार्य हेतु डीएसपी मुख्यालय–1 रामकृष्णा, डीएसपी मुख्यालय–2 राकेश रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुपरी विनोद कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर सुबोध कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सोनल कुमारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बिहार में सरकारी शिक्षकों के लिए कोई ड्रेस कोड नहीं : विजय चौधरी

विकास कुमार पाण्डेय अनुमंडल ब्यूरो चीफ दलसिंगसराय! सराय रंजन के विधायक और बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज यह स्पष्ट किया कि बिहार सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए कोई ड्रेस कोड तय नहीं किया गया है ! बिहार में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के ड्रेस कोड को लेकर बवाल शुरू हो गया है। क्योंकि वैशाली के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्कूलों के शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया था, जिसे शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए उनसे जवाब मांगा है। बढ़ते विवाद को देखते हुए वैशाली के जिला शिक्षा

अधिकारी वीरेंद्र नारायण ने शुक्रवार को अपने आदेश को रद करके एक नया आदेश जारी किया है।वहीं, सूबे के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से कोई ड्रेस कोड संबंधी आदेश नहीं है, लेकिन शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे शालीन और उपयुक्त पहनावा पहनें। खासकर प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में बच्चे शिक्षकों से कक्षा–पाठ के अलावा उनसे उठने–बैठने, बोलने के तरीके के साथ पहनावा का भी तरीका सीखते हैं। इसलिए शिक्षकों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वो बच्चों को किस ढंग से प्रेरित करना चाहते हैं। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना वैशाली के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए पहनावा तय किए जाने के आदेश के बाद बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डा. मदन मोहन झा ने शुक्रवार को अपने ट्वीटर हैंडल पर एक कविता पोस्ट कर सरकार को निशाने पर लिया। डा. झा ने अपने ट्वीट में लिखा शिक्षक दाढ़ी नहीं रख सकता, टीशर्ट नहीं पहन सकता, पाजामा कुर्ता नहीं पहन सकता, गर्मी से पसीना बहे तो गमछा नहीं रख सकता, महीनो वेतन ना मिले तो सवाल भी नहीं कर सकता लेकिन, शिक्षक चुनाव कार्य संपन्न करा सकता है।

पूर्वी चम्पारण कोटवा थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर 3 लाख 51 हजार 2 सौ आठ रुपये की विद्युत ऊर्जा चोरी मामले की प्राथमिकी दर्ज

(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा पूर्वी चम्पारण)। बिजली विभाग के कनीय अभियंता श्री जनार्दन कुमार ,सारणी पुरुष तारकेश्वर कुमार ,मानव बल अनिल कुमार , सुपरवाइजर पिंटू कुमार, के द्वारा गुप्त, और डिवीजन मैनेजर श्री गौरव सिंह, मिली सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर विद्युत चोरी मामले में छापेमारी की गई , कनीय अभियंता जनार्दन कुमार ने अपने आवेदन में बताया है कि अधिक बकाया होने के कारण विद्युत विच्छेद कर दी गई थी।

फिर भी बिना आरसी डीसी कटवाए टोका लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी। जिसको लेकर प्रखंड के विभिन्न जगहों से 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें सहदेव दास अदिया 53246 रुपया, भगत राय 65698 रुपया ,अशीन मिया कररिया 49196 रुपया,हाफिज मिया कररिया 6433 रुपया, रुखसाना बेगम 10532 रुपया, राजेन्द्र राय तलवा 7075 रुपया,ओम प्रकाश साह कोटवा 70938 रुपया,जन्मे जय सहनी पोखरा 23167 रुपया,उमेश साह कोटवा 56613 रुपया और करारिया के यासीन मिया पिता सैफुल मिया पे 49196 रूपए का विभाग को क्षति हुई है। विद्युत विभाग ने भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है , थानाध्यक्ष अनुज कुमार ने बताया कि विधुत चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सुपौल आईटीआई के द्वारा प्रभात फेरी

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल)

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुपौल के प्राचार्य ने आईटीआई के छात्रों के साथ विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रभात फेरी निकला गया । आज ही दोपहर 2 बजे संस्थान में प्राचार्य महोदय के द्वारा , दो इंस्ट्रक्टर, एक ग्रुप इंस्ट्रक्टर और बड़ा बाबू का विदाई समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें बच्चो ने उनके जाने से बहुत दुखी थे क्योंकि उनके कार्य बहुत ही सराहनीय एवम उत्तम था । सभी बच्चे उनके कार्य से बहुत खुश था लेकिन जब उनके बिदाई का समय आया तो सभी छात्रों के आंखे नम और मन में एक प्रश्न चिन्ह था कि अब कैसे इंस्टैक्टर से हमे मिलना होगा । वो कैसे होंगे उनका व्यवहार कैसा होगा । अनेक प्रश्न उनके मन में चल रहा था साथ ही आईटीआई निर्मली के नये प्राचार्य का फुलगुच्छा के साथ स्वागत किया

गया। इस स्वागत कार्यक्रम में कॉलेज के सभी कर्मी एवम सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे ।

नौतन थाना के परिसर में अंचलाधिकारी ने लगाया जनता दरबार

(त्रिलोकी राय संवाददाता अयोध्या टाईम्स नौतन पश्चिमी चम्पारण) नौतन। नौतन थाना के परिसर में अंचलाधिकारी ने लगाया जनता दरबार और भूमि से

संबंधित विवादों का किया निपटारा सभी जमीन से विवादित मौकीलोने अपना अपना मुकदमा दायर किया और अंचलाधिकारी ने सबके बातों को सुनते हुए मुकदमा का निपटारा किया कुछ का निष्पादन किया और कुछ को उच्च न्यायालय में भेजिए अंचलाधिकारी के साथ नौतन थाना अध्यक्ष खालिद अख्तर और अंचलाधिकारी बड़ा बाबू रोहित कुमार मौजूद थे।

समस्तीपुर में एक शिक्षक ही हैवान निकला, विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा के साथ गंदी तरह से छेड़खानी किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल

बिहार के समस्तीपुर में एक शिक्षक ही हैवान निकला। दरअसल मामला समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय परोरिया के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा के साथ गंदी तरह से छेड़खानी की। छात्रा के साथ गलत हरकत की जानकारी जब परिजनों को लगी तो उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर स्कूल में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। इस दौरान पुलिस को स्कूल से शराब की खाली बोतलें भी मिली हैं। मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मामला समस्तीपुर के उजियारपुर इलाके का है। जहां एक स्कूल में शनिवार को छुट्टी होने के बाद शिक्षक ने छात्रा से गंदी तरह से छेड़खानी की। छात्रा ने यह बात तुरंत अपने परिजनों को बताई। छात्रा से बात की जानकारी लगते ही परिजन भड़क गए और साथ में कई ग्रामीणों को लेकर स्कूल पहुंच गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने एचएम के विरोध में जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। जानकारी मिलने पर उजियारपुर थाना से एएसआई पंकज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ विद्यालय परिसर पहुंचे और लोगों की शिकायत सुनी। वहीं बीडीओ भृगुनाथ सिंह, बीईओ नागेंद्र कुमार, मुखिया श्रीराम साह उर्फ मनोज कुमार, सरपंच दुखन साह, जिला पार्षद पति सुनिल चौधरी आदि पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। हंगामा के दौरान विद्यालय के कार्यालय के खिड़की के समीप से बाउंड्री के अंदर शराब के दर्जनों खाली बोतल भी लोगों ने बरामद किया है। जिसे एक बोरी में रखकर उजियारपुर पुलिस को सौंप दिया। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि एचएम अक्सर विद्यालय में छुट्टी होने के बाद भी देर शाम तक विद्यालय में रहते हैं। वहीं कई छात्राओं ने भी अपने साथ एचएम द्वारा अश्लील हरकत करने की बात कही है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में लग गई है।

गुरु-शिष्य रिश्ता फिर हुआ शर्मसार, प्रधानाध्यापक ने की छात्रा से छेड़खानी का प्रयास

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंहसराय उजियारपुर। समस्तीपुर जिले में एक बार फिर गुरु शिष्य रिश्ता शर्मसार हुआ है जहां एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रा के साथ छेड़खानी का प्रयास किया गया, ताजा मामला उजियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय परोरिया का है जहां एक प्रधानाध्यापक ने विद्यालय की एक छात्रा के साथ छेड़खानी करने का दुस्साहस करते हुए गुरु की मर्यादा को कलंकित कर दिया। पीड़ित छात्रा ने अपने साथ एचएम द्वारा की गई घटना की जानकारी विद्यालय से घर जाने पर अपने अभिभावक को दिया। घटना एक दिन पूर्व शुक्रवार की बताई गई है। छात्रा के अभिभावक ने इस बात की जानकारी अपने गांव के लोगों को दिया। जिससे ग्रामीणों में एचएम के प्रति काफी गुस्सा भड़क उठा। शनिवार को विद्यालय खुलने से पहले दर्जनों ग्रामीण विद्यालय परिसर में एकत्रित होकर एचएम से पूछताछ करना चाहा। परंतु एचएम को विद्यालय पर जुटे भीड़ की भनक रास्ते में ही मिल गई। वे विद्यालय नहीं पहुंचे। अपने वाट्सऐप के द्वारा मैसेज भेजकर शिक्षक रंजीत कुमार को प्रभार संभालने की बात कहकर रास्ते से ही लौट गये।एचएम के विद्यालय नहीं पहुचने पर लोगों का गुस्सा और भड़क गया। लोगों ने एचएम के विरोध में जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। जानकारी मिलने पर उजियारपुर थाना से एएसआई पंकज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ विद्यालय परिसर पहुंचे और लोगों की शिकायत सुनी। वहीं बीडीओ भृगुनाथ सिंह, बीईओ नागेंद्र कुमार, मुखिया श्रीराम साह उर्फ मनोज कुमार, सरपंच दुखन साह, जिला पार्षद पति सुनिल चौधरी आदि पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। हंगामा के दौरान विद्यालय के कार्यालय के खिड़की के समीप से बाउंड्री के अंदर शराब के दर्जनों खाली बोतल भी लोगों ने बरामद किया है। जिसे एक बोरी में रखकर उजियारपुर पुलिस को सौंप दिया ! स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि एचएम अक्सर विद्यालय में छुट्टी होने के बाद भी देर शाम तक विद्यालय में रहते हैं। वहीं कई छात्राओं ने भी अपने साथ एचएम द्वारा अश्लील हरकत करने की बात कही है। उधर इस संबंध में एचएम जितेंद्र रजक ने बताया कि कुछ लोग गुटबंदी करके उनके चरित्र को बदनाम करने की साजिश की है। उक्त शिकायत निराधार एवं असत्य है।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को विद्यालय में पानी की व्यवस्था के लिए मिस्त्री से पाइप कनेक्शन करवा रहे थे। इसी कारण देर शाम तक ठहरना पड़ा था से! साला की सच्चाई जो भी हो लेकिन इस खबर से पूरे क्षेत्र में गुरु शिष्य रिश्ते की चर्चा आम हो गई तथा लोग अपनी बेटियों को विद्यालय भेजने से पहले कई बार सोचने लगे हैं!!

संक्षिप्त समाचार

नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी सोनबरसा। त्रि–स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य का प्रारंभिक प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ठाकुर, मुकेश कुमार एवं अनुप कुमार ने प्रशिक्षण दिया। 14 जुलाई से शुरू प्रशिक्षण का समापन हो गया। ट्रेनर ने बताया कि नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 और इसके अधीन गठित महत्वपूर्ण नियमावलियां पर जानकारी दी गई। उन लोगों ने बताया जीपीडीपी, बीपीडीपी एवं डीपीडीपी के विषय, आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन विषय, 15वीं एफसी एवं 6वीं एसएफसी, लेखा संधारण और वित्तीय प्रबंधन, ई–ग्रामस्वराज विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। सदस्यों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी विषयों को दिखाया और समझाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी, उप प्रमुख अणु कुमारी, पूर्व उप प्रमुख जय किशोर साह उर्फ ललित, पंचायती राज पदाधिकारी के कार्यपालक सहायक आनंद प्रकाश, राम नारायण महतो, प्रमोद कुमार, उमेश यादव, कविता कुमारी, गुड़ीया कुमारी, क्रांति कुमार, सुहागो देवी, विभा देवी, संतोष कुमार, मो राजा, मनोज राय समेत सभी पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

मेहसी के मुसलमानों ने दहेज प्रथा और डी जे परंपरा को खत्म करने का किया एलान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

दहेज के विरुद्ध और मुसलमानों में गलत रस्मो रिवाज के खिलाफ उलेमाओं ने समाज सुधार अभियान के तहत अपना कदम आगे बढ़ाया है इस क्रम में मिर्जापुर गांव में दहेज लेन देन के विरुद्ध एक विशेष बैठक का आयोजन की गई। इस बैठक में बड़े तादाद में उलमा और आम नागरिक शरीक हुए। इस बैठक में दहेज लेने देन के खिलाफ एक कमिटी की भी गठन की गई। इस मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि कोई भी व्यक्ति अगर दहेज का लेन देन करता है, यह कमेटी उन

लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। नहीं मानने वाले के खिलाफ तमाम उलेमा और अवाम उसका बायकाट करेगा। वैसे लोग जो दहेज लेते हैं या मुतालबा करते हैं। उलेमा उनके शादी में निकाह नहीं पढ़ाने काम नही करेंगे। शादी सहित अन्य अवसरों पर डीजे बजाने वाले और डी जे की धुन पर नाच गाना करने वाले परिवार के खिलाफ भी इस कमिटी ने कड़े फैसले लिए। अगर कोई भी व्यक्ति शादी विवाह के मौके पर या अन्य किसी आयोजन में डीजे बजाते हैं नाच गाना करते हैं तो उनके यहां मिलादुन्नबी व अन्य अयोजन में शरीक नही होंगे।

अंतरजातीय विवाह करने वाले दो लाभुकों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1-1 लाख रुपये प्रदान किया गया

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल)। श्री शशि कुमार सहायक निर्देशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुपौल के द्वारा जानकारी दी गई कि आज दिनांक 16.07.2022 को सरकार द्वारा संचालित अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत अंतरजातीय विवाह करने वाले दो लाभुकों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1–1 लाख रुपये प्रदान किया गया। उक्त योजना के अंतर्गत वैसे लाभुकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता है. जो अंतरजातीय विवाह करते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ही समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना है।

जिला अधिकारी सुपौल द्वारा प्रखंड कार्यालय बसंतपुर का निरीक्षण किया

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल) सुपौल। जिला अधिकारी सुपौल द्वारा प्रखंड कार्यालय बसंतपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में लॉग बुक, आगत निर्गत, कैश बुक, योजना पणजी अनुमंडल लोक शिकायत, मुख्यमंत्री ई डेश बोर्ड, स्वच्छता, इंदिरा आवास सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य संचिकाओ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कई बिंदुओं पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंतपुर को अपने उप निर्देशकों का अभिलंब अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त जांच में अनुमंडल पदाधिकारी बीरपुर श्री कुमार सतेन्द्र, वरीय कोषागार पदाधिकारी, श्री पंकज कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, श्री सुरेश प्रसाद उपस्थित थे।

पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। महाराजगंज थाना क्षेत्र के बलिया गांव से पुलिस ने बीती रात एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानेदार रणधीर कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर फरार वारंटी मेमन पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार वारंटी को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को सिवान न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी में वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

विकास पदाधिकारी द्वारा जनता दरबार का आयोजन

अयोध्या टाइम्स पुरनहिया प्रखंड विजय बैठा पुरनहिया। विकास पदाधिकारी आशीष कुमार द्वारा लोगों को बीच यह निर्देश दिया गया है कि जिन लोगों की समस्याएं हैं वह मुझे बताएं। कि आप लोगों की क्या समस्याएं हैं बताइए। लोगों ने बहुत सारी समस्याए बताएं और दरखास जमा किए जनता दरबार में आवास सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य याचिकाओं का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में कई बिंदुओं पर विकास पदाधिकारी महोदय द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए प्रखंड विकास पदाधिकारी पूरनहिया प्रखंड को अपने अनुपालन करने हेतु निर्देश दिया गया कि उक्त समस्याओं का जांच की जाएगी।

कुल्टी क्षेत्र की पांच छात्र छात्राये बनी सीए

बराकर। शिक्षा के क्षेत्र में पश्चिम बर्दवान के कुल्टी ने एक अनोखी पहचान हैं बनाई है। जहा देखा गया कि कुल्टी क्षेत्र में बराकर ओर नियामतपुर एक ऐसा क्षेत्र जो कुल्टी की लाइफ लाइन कहे तो अतिसंयोक्ति नही होगी। जहा देखा जा रहा है कि बिगत कई वर्षो से यहा के छात्र छात्राएं लगातार सीए की परीक्षा में उतीर्ण हुए है। जहा इस वर्ष भी बराकर ओर नियामतपुर के रहने वाले छात्र छात्राएं जो सीए फाइनल परीक्षा में उतीर्ण होकर अपने छेत्र के साथ अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। जिनमे बराकर के रहने वाले बिनोद कुमार अग्रवाल आशा अग्रवाल के पुत्र अंकित अग्रवाल जो लोयला स्कूल से माध्यमिक पास कर उच्च माध्यमिक एजी चर्च से पास किया जो आज सीए बनकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। वही बराकर के ही स्वर्गीय महेश शर्मा पूनम शर्मा की पुत्री सिमरन शर्मा ने डीनोबलि मैथन से माध्यमिक ओर एजी चर्च सोदपुर से उच्च माध्यमिक पास कर सीए में सफलता प्राप्त की। वही बराकर के ही सुशील सुल्तानिया पूनम सुल्तानिया की पुत्री मनीषा सुल्तानिया लोयला स्कूल से माध्यमिक ओर एजी चर्च सोदपुर से उच्च माध्यमिक पास कर सीए में अपनी सफलता प्राप्त की इनके सीए में सफल होने पर बराकर के सभी व्यवसाई सामाजिक कार्यकर्ता ने दिल से बधाई दी है। व्यवसाई सह बराकर चेम्बर ऑफ कोमर्ष के पूर्व सचिव अर्जुन अग्रवाल ने अपनी ओर से सभी सीए के छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आज हमारे समाज के बच्चे भी उच्च शिक्षा में अपना स्थान बनाकर समाज को बुलंदियों के ऊपर ले जाने का कार्य कर रहे है।

जो समाज के साथ सीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी प्रेरणा देगा। वहीं नियामतपुर मरचेंट चेम्बर ऑफ कोमर्ष एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य शम्भु अग्रवाल की पुत्री नेहा अग्रवाल, वहि अशोक बालो दिया कि पुत्री आभा बालोदिया, ने सीए की फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इनकी सफलता को देख नियामतपुर मरचेंट चेम्बर ऑफ कोमर्ष ने इन दोनों बेटियों को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। इनकी इस प्रतिभा को लेकर पूरे शिल्पांचल के साथ कुल्टी क्षेत्र में ब्यवसाइयो की पुत्रियों पर गर्व जताया है।

आरएसएस देश और चरित्र निर्माण करने वाली संस्था है : विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। भाजपा विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ,ज्ञानूष शनिवार को बाढ़ पहुंचे।वे बाढ़ का काशी कहे जाने वाले बाबा उमानाथ पहुंचकर पूजा–अर्चना करने के बाद उमानाथ मंदिर घाट पर किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद श्री ज्ञानू अनुमंडल के डाकबंगला सभागार में स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि मैं अपने क्षेत्र के लोगों से मिलने एवं उनकी समस्याओं को जानने के लिए महिने में तीन–चार बार बाढ़ आता हूं।मुझे यहां की सम्मानित जनता ने लगातार चार बार अपना प्रतिनिधि चुना और विधानसभा भेजा। इसलिए मैं यहां की जनता को अपना परिवार मानता हूं। उन्होंने कहा कि बाबा उमानाथ के सटे घाटों, गुंबदों आदि का निर्माण करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से कराई जा रही है और इसके आसपास धर्मशाला एवं दुकानों के निर्माण के लिए डीपीआर बनाने का निर्देश भी दिया गया है। विधायक श्री ज्ञानू ने ये भी कहा कि करीब 25 करोड़ लागत से भव्य अनुमंडलीय अस्पताल भवन के अलावा बाढ़,बेलछी अथमलगोला प्रखंड में स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों का भी निर्माण कराया जाएगा। पटना एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो द्वारा आरएसएस जैसे संगठन की तुलना पीएफआई से करने की बात कहे जाने के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आरएसएस देश और चरित्र निर्माण करने वाली संस्था है इसकी तुलना पीएफआई से करना काफी निंदनीय है।

जिला पंचायत चुनाव में भाजपा को मिला ऐतिहासिक बहुमत

जिला ब्यूरो चीफ सतीश सिंह मेवाडा दैनिक अयोध्या टाइम्स शाजापुर सुजालपुर से मेहरबान सिंह वाघेला की रिपोर्ट शाजापुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 13 में से 11 भाजपा समर्थित प्रत्याशी हुए विजय ऐतिहासिक बहुमत हासिल कर भाजपा ने अपना परचम फहरा दिया जिले की 13 जिला पंचायत सीटों में से 11 पद भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने जीत हासिल की है जिसका शुक्रवार को जिला कार्यालय पर स्वागत किया गया भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला कार्यालय पर जिन पंचायत के नवनिर्वाचित भाजपा समर्थित सदस्यों का स्वागत समारोह का कार्यक्रम शुक्रवार सुबह रखा गया जिसमें निर्वाचित हुए वार्ड 1से सुंदर बाई पति मदन लाल मालवीय वार्ड4से लोकेंद्र सिंह राजपूत वार्ड 5 से कविता बाई पति जगदीश चौधरी वार्ड 6 से हेमराज सिंह सिसोदिया वार्ड 7 से जगदीश फौजी वार्ड 8 से गोकुल बाई पति भेरू लाल यादव वार्ड 9 से मुरारी लाल पटेल वार्ड 10 से रसकुंवर देवी पति मनोहर सिंह वाघेला वार्ड 11 से सुनीता देवी पति राकेश पाटीदार वार्ड 12 से नवीन शिंदे एवं वार्ड 13से लोकेंद्र सिंह राजपूत खेजड़िया का भाजपा जिला अध्यक्ष अंबाराम कराड़ा ने स्वागत किया स्वागत समारोह में जिला अध्यक्ष कराड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय

जनता पार्टी का कार्यकर्ता हर मोर्चे पर मजबूती के साथ खड़ा हुआ है आज उसी का परिणाम है कि जिला पंचायत के 13 वार्डों में से 11 वार्डो पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी की जीत हुई है त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता ने जमीनी स्तर पर कार्य किया है जिसके कारण ग्राम पंचायत से लेकर जनपद एवं जिला पंचायत में भाजपा के पक्ष में परिणाम आया स्वागत समारोह में जिला महामंत्री संतोष कराड़ा ने भी संबोधित किया स्वागत समारोह का संचालन जिला महामंत्री दिनेश शर्मा ने किया तथा आभार जिला कार्यालय मंत्री विपुल कसेरा ने माना इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे!

ग्राम पंचायत मदाना के सहायक सचिव देवी सिंह सिसोदिया का धूमधाम से मनाया जन्मदिन गुलाब के फूल का पौधा किया भेंट

जिला ब्यूरो चीफ सतीश सिंह मेवाडा दैनिक अयोध्या टाइम्स शाजापुर

ग्राम पंचायत मदाना के सरपंच प्रेम सिंह पठारिया के नेतृत्व में आज ग्राम पंचायत मदाना के सहायक सचिव देवी सिंह सिसोदिया का जन्मदिन

धूमधाम के साथ में मनाया गुलाब के फूल का पौधा भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी साथ ही ग्राम पंचायत परिसर में गुलाब के फूल सहित अन्य प्रकार के फलदारी पौधों का रोपण भी किया साथ ही उन में नियमित रूप से पानी डालकर उन्हें बड़ा करने तक का भी संकल्प लिया यहां सहायक सचिव श्री देवी सिंह सिसोदिया के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हेमंत मेवाड़ा विश्व हिंदू परिषद प्रचार प्रमुख महेंद्र रघुवंशी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कृपाल सिंह सिसोदिया बादशाह ग्राम पंचायत सचिव विक्रम सिंह सिसोदिया वरिष्ठ सामाजिक युवा नेता धर्मेंद्र राजपूत काटिया सामाजिक कार्यकर्ता श्री संजय कुलकर्णी संदीप मेवाडा अनोखी लाल प्रजापत पत्रकार अमर सिंह मेवाडा अर्जुन सिंह पण्डा जी आदि कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे!

अखंड भारत का इतिहास

आज तक किसी भी इतिहास की पुस्तक में इस बात का उल्लेख नहीं मिलता की बीते 2500 सालों में हिंदुस्तान पर जो आक्रमण हुए उनमें किसी भी आक्रमणकारी ने अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, नेपाल, तिब्बत, भूटान, पाकिस्तान, मालद्वीप या बांग्लादेश पर आक्रमण किया हो। अब यहां एक प्रश्न खड़ा होता है कि यह देश कैसे गुलाम और आजाद हुए। पाकिस्तान व बांग्लादेश निर्माण का इतिहास तो सभी जानते हैं। बाकी देशों के इतिहास की चर्चा नहीं होती। हकीकत में अंखड भारत की सीमाएं विश्व के बहुत बड़े भू–भाग तक फैली हुई थीं।

एवरेस्ट का नाम था सागरमाथा, गौरीशंकर चोटी

पृथ्वी का जब जल और थल इन दो तत्वों में वर्गीकरण करते हैं, तब सात द्वीप एवं सात महासमुद्र माने जाते हैं। हम इसमें से प्राचीन नाम रुजम्बूद्वीप जिसे आज रुएशिया द्वीप कहते हैं तथा रुइन्दू रुसरोवरम् जिसे आज रुहिन्दू रुमहासागर कहते हैं, के निवासी हैं। इस जम्बूद्वीप (एशिया) के लगभग मध्य में हिमालय पर्वत स्थित है। हिमालय पर्वत में विश्व की सर्वाधिक ऊंची चोटी सागरमाथा, गौरीशंकर हैं, जिसे 1835 में अंग्रेज शासकों ने एवरेस्ट नाम देकर इसकी प्राचीनता व पहचान को बदल दिया।

ये थीं :अखंड भारत की : 4सीमाएं

अखंड भारत इतिहास की किताबों में हिंदुस्तान की सीमाओं का उत्तर में हिमालय व दक्षिण में हिंद महासागर का वर्णन है, परंतु पूर्व व पश्चिम का वर्णन नहीं है। परंतु जब श्लोकों की गहराई में जाएं और भूगोल की पुस्तकों और एटलस का अध्ययन करें तभी ध्यान में आ जाता है कि श्लोक में पूर्व व पश्चिम दिशा का वर्णन है। कैलाश मानसरोवर' से पूर्व की ओर जाएं तो वर्तमान का इंडोनेशिया और पश्चिम की ओर जाएं तो वर्तमान में ईरान देश या आर्यान प्रदेश हिमालय के अंतिम छोर पर हैं।

एटलस के अनुसार जब हम श्रीलंका या कन्याकुमारी से पूर्व व पश्चिम की ओर देखेंगे तो हिंद महासागर इंडोनेशिया व आर्यान (ईरान) तक ही है। इन मिलन बिंदुओं के बाद ही दोनों ओर महासागर का नाम बदलता है। इस प्रकार से हिमालय, हिंद महासागर, आर्यान (ईरान) व इंडोनेशिया के बीच का पूरे भू–भाग को रुआर्यावर्त अथवा रुभारतवर्ष या हिंदुस्तान कहा जाता है।

अब तक 24 :विभाजन

सन 1947 में भारतवर्ष का पिछले 2500 सालों में 24वां विभाजन है। अंग्रेज का 350 वर्ष पूर्व के लगभग ईस्ट इण्डिया कम्पनी के रूप में व्यापारी बनकर भारत आना, फिर धीरे–धीरे शासक बनना और उसके बाद 1857 से 1947 तक उनके द्वारा किया गया भारत का 7वां विभाजन है। 1857 में भारत का क्षेत्रफल 83 लाख वर्ग किमी था। वर्तमान भारत का क्षेत्रफल 33 लाख वर्ग किमी है। पड़ोसी 9 देशों का क्षेत्रफल 50 लाख वर्ग किमी बनता है।

क्या थी :अखंड रुभारत की रुस्थिति

सन 1800 से पहले विश्व के देशों की सूची में वर्तमान भारत के चारों ओर जो आज देश माने जाते हैं उस समय ये देश थे ही नहीं। यहां राजाओं का शासन था। इन सभी राज्यों की भाषा अधिकांश शब्द संस्कृत के ही हैं। मान्यताएं व परंपराएं बाकी भारत जैसी ही हैं। खान–पान, भाषा–बोली, वेशभूषा, संगीत–नृत्य, पूजापाठ, पंथ के तरीके सब एकसे थे। जैसे–जैसे इनमें से कुछ राज्यों में भारत के इतर यानि विदेशी मजहब आए तब यहां की संस्कृति बदलने लगी।

2500 सालों के इतिहास में सिर्फ हिंदुस्तान पर हुए हमले

इतिहास की पुस्तकों में पिछले 2500 वर्ष में जो भी आक्रमण हुए (यूनानी, यवन, हूण, शक, कुषाण, सिरयन, पुर्तगाली, फेंच, डच, अरब, तुर्क, तातार, मुगल व अंग्रेज) इन सभी ने हिंदुस्तान पर आक्रमण किया ऐसा इतिहासकारों ने अपनी पुस्तकों में कहा है। किसी ने भी अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, नेपाल, तिब्बत, भूटान, पाकिस्तान, मालद्वीप या बांग्लादेश पर आक्रमण का उल्लेख नहीं किया है।

रूस और ब्रिटिश शासकों ने बनाया :अफगानिस्तानः

1834 में प्रकिया शुरु हुई और 26 मई 1876 को रूसी व ब्रिटिश शासकों (भारत) के बीच गंडामक संधि के रूप में निर्णय हुआ और अफगानिस्तान नाम से एक बफर स्टेट अर्थात् राजनैतिक देश को दोनों ताकतों के बीच स्थापित किया गया। इससे अफगानिस्तान अर्थात पठान भारतीय स्वतंत्रतता संग्राम से अलग हो गए। दोनों ताकतों ने एक–दूसरे से अपनी रक्षा का मार्ग भी खोज लिया। परंतु इन दोनों पूंजीवादी व मार्क्सवादी ताकतों में अंदरूनी संघर्ष सदैव बना रहा कि अफगानिस्तान पर नियंत्रण किसका हो? अफगानिस्तान शैव व प्रकृति पूजक मत से बौद्ध मतावलम्बी और फिर विदेशी पंथ इस्लाम मतावलम्बी हो चुका था। बादशाह शाहजहां, शेरशाह सूरी व महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल में उनके राज्य में कंधार (गंधार) आदि का स्पष्ट वर्णन मिलता है।

1904 में दिया आजाद रेजीडेंट का दर्जा

मध्य हिमालय के 46 से अधिक छोटे–बडे राज्यों को संगठित कर पृथ्वी नारायण शाह नेपाल नाम से एक राज्य बना चुके थे। स्वतंत्रतता संग्राम के सेनानियों ने इस क्षेत्र में अंग्रेजों के विरुद्ध लडते समय–समय पर शरण ली थी। अंग्रेज ने विचारपूर्वक 1904 में वर्तमान के बिहार स्थित सुगौली नामक स्थान पर उस समय के पहाड़ी राजाओं के नरेश से संधी कर नेपाल को एक आजाद देश का दर्जा प्रदान कर अपना रेजीडेंट बैठा दिया। इस प्रकार से नेपाल स्वतन्त्र राज्य होने पर भी अंग्रेज के अप्रत्यक्ष अधीन ही था। रेजीडेंट के बिना महाराजा को कुछ भी खरीदने तक की अनुमति नहीं थी। इस कारण राजा–महाराजाओं में यहां तनाव था। नेपाल 1947 में ही अंग्रेजी रेजीडेंसी से मुक्त हुआ।

भूटान के लिए ये रुचाल चली गई

1906 में सिक्किम व भूटान जो कि वैदिक–बौद्ध मान्यताओं के मिले–जुले समाज के छोटे भू–भाग थे इन्हें स्वतन्त्रता संग्राम से लगकर अपने प्रत्यक्ष नियंत्रण से रेजीडेंट के माध्यम से रखकर चीन के विस्तार वाद पर अंग्रेज ने नजर रखना शुरु किया। यहां के लोग ज्ञान (सत्य, अहिंसा, करुणा) के उपासक थे। यहां खनिज व वनस्पति प्रचुर मात्रा में थी। यहां के जातीय जीवन को धीरे–धीरे मुख्य भारतीय धारा से अलग कर मतांतरित किया गया। 1836 में उत्तर भारत में चर्च ने अत्यधिक विस्तार कर नए आयामों की रचना कर डाली। फिर एक नए टेश का निर्माण हो गया।

1914 में तिब्बत को केवल एक पार्टी मानते हुए चीन भारत की ब्रिटिश सरकार के बीच एक समझौता हुआ। भारत और चीन के बीच तिब्बत को एक बफर स्टेट के रूप में मान्यता देते हुए हिमालय को विभाजित करने के लिए मैकमोहन रेखा निर्माण करने का निर्णय हुआ। हिमालय को बांटना और तिब्बत व भारतीय को अलग करना यह षड्यंत्र रचा गया। चीनी और अंग्रेज शासकों ने एक–दूसरों के विस्तारवादी, साम्राज्यवादी मनसूबों को लगाम लगाने के लिए कूटनीतिक खेल खेला।

1935 व 1937 में ईसाई ताकतों को लगा कि उन्हें कभी भी भारत व एशिया से जाना पड़ सकता है। समुद्र में अपना नौसैनिक बेड़ा बैठाने, उसके समर्थक राज्य स्थापित करने तथा स्वतंत्रता संग्राम से उन भू–भागों व समाजों को अलग करने हेतु सन 1935 में श्रीलंका व सन 1937 में म्यांमार को अलग राजनीतिक देश की मान्यता दी। म्यांमार व श्रीलंका का अलग अस्तित्व प्रदान करते ही मतान्तरण का पूरा ताना–बाना जो पहले तैयार था उसे अधिक विस्तार व सुदृढ़ता भी इन देशों में प्रदान की गई। ये दोनों देश वैदिक, बौद्ध धार्मिक परम्पराओं को मानने वाले हैं। म्यांमार के अनेक स्थान विशेष रूप से रंगून का अंग्रेज द्वारा देशभक्त भारतीयों को कालेपानी की सजा देने के लिए जेल के रूप में भी उपयोग होता रहा है।

दो देश से हुए तीन

1947 में भारत पाकिस्तान का बंटवारा हुआ। इसकी पटकथा अंग्रेजों ने पहले ही लिख दी थी। सबसे ज्यादा खराब स्थिति भौगोलिक रूप से पाकिस्तान की थी। ये देश दो भागों में बंटा हुआ था और दोनों के बीच की दूरी थी 2500 किलो मीटर। 16 दिसंबर 1971 को भारत के सहयोग से एक अलग देश बांग्लादेश अस्तित्व में आया।

यह कैसी विडंबना है कि जिस लंका पर पुरुषोत्तम श्री राम ने विजय प्राप्त की ,उसी लंका को विदेशी बना दिया। रचते हैं हर वर्ष रामलीला। वास्तव में दोषी है हमारा इतिहासकार समाज ,जिसने वोट–बैंक के भूखे नेताओं से मालपुए खाने के लालच में भारत के वास्तविक इतिहास को इतना धूमिल कर दिया है, उसकी धूल साफ करने में इन इतिहासकारों और इनके आकाओं को साम्प्रदायिकता दिखने लगती है। यदि इन तथाकथित इतिहासकारों ने अपने आकाओं ने वोट–बैंक राजनीति खेलने वालों का साथ नही छोड़ा, देश को पुनः विभाजन की ओर धकेल दिया जायेगा। इन तथाकथित इतिहास कारो ने कभी वास्तविक भूगोल एवं इतिहास से देशवासिओं को अवगत करवाने का साहस नही किया।

ज्यादा सोचना बंद करते हैं!

हम सभी चीजों के बारे में अपने दिमाग में बहुत गहरे उतारते हैं, और हम सभी ने खुद को क्या–अगर के कभी न खत्म होने वाले सर्पिल में फंसा पाया है जो जीवन के साथ आते और जाते हैं।

क्या होगा अगर हम वास्तव में इसे बर्दाश्त नहीं कर सके? क्या होगा अगर वे हमें पसंद नहीं कर पाए? क्या होगा अगर यह बदलाव चीजों को और खराब कर दे?

यह सुनिश्चित करने के लिए पूछने के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न हैं। लेकिन सही मात्रा में सोचने और अधिक सोचने में अंतर है। हमारा दिमाग अद्भुत प्रोसेसर है जो प्रति दिन 35,000 बार सचेत और अवचेतन निर्णय लेता है। सावधानीपूर्वक विश्लेषण और जांच से कुछ विकल्पों में सुधार हो सकता है, लेकिन अगर हम हर संभावित परिणाम का विश्लेषण करने में फंस जाते हैं, तो उचित परिश्रम अत्यधिक चिंता और निर्णय पक्षाघात का कारण बन सकता है!

लेकिन, हमारा जिज्ञासु स्वभाव कब मददगार होता है और कब ज्यादा सोचना वास्तव में एक समस्या बन जाता है? और क्या वास्तव में हम इसे रोकने के लिए कुछ कर सकते हैं?

हमको कैसे पता चलेगा कि हम ज्यादा सोच रहे हैं?

अधिक सोचने के बारे में पहली बात यह है कि यह समस्या को हल करने जैसा अनुभव कर सकता है। लेकिन दोनों निश्चित रूप से अलग हैं।

समस्या–समाधान तब होता है जब आप उत्तर खोजने औरध्या समाधान करने के इरादे से प्रश्न पूछते हैं ष्दूसरी ओर, ओवरथिंकिंग तब होती है जब आप किसी समस्या को हल करने के किसी वास्तविक इरादे के बिना संभावनाओं और नुकसान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वास्तव में, एक समस्या या संभावित समस्या वास्तव में मौजूद भी नहीं हो सकती है।

ज्यादा सोचना भी कभी–कभी आत्म–प्रतिबिंब की तरह महसूस कर सकता है। फिर से, दोनों अलग हैं।

आत्म–प्रतिबिंब एक उच्च उद्देश्य में निहित एक आंतरिक रूप से जिज्ञासु प्रक्रिया है – चाहे वह एक व्यक्ति के रूप में विकसित हो या एक नया दृष्टिकोण प्राप्त करना हो। यदि आप किसी ऐसी चीज पर ध्यान दे रहे हैं जो आपको अपने बारे में पसंद नहीं है जिसे आप या तो बदल नहीं सकते हैं या सुधार करने का कोई इरादा नहीं है, यह आत्म–प्रतिबिंब नहीं है – यह अधिक सोच है, फिर भी, फिलहाल, ओवरथिंकिंग का पता लगाना मुश्किल हो सकता है।

जिन संकेतों पर आप अधिक विचार कर रहे हैं उनमें शामिल हैं:

पिछली घटनाओं या स्थितियों पर ध्यान देना!

दूसरे अनुमान लगाने वाले निर्णय जो आपने लिए हैं!

मन में अपनी गलतियों को दोहराना!

चुनौतीपूर्ण या असहज बातचीत को फिर से दोहराना

उन चीजों को ठीक करना जिन्हें आप नियंत्रित नहीं कर सकते, बदल सकते हैं या सुधार सकते हैं!

सबसे खराब स्थिति या परिणाम की कल्पना करना!

अपनी चिंताओं को वर्तमान क्षण से बाहर और एक अपरिवर्तनीय अतीत या अप्रत्याशित भविष्य में फॉलो करना!

सो जाने की कोशिश करते हुए अपनी सूची चलाना

सवाल करना लेकिन कभी निर्णय नहीं लेना या कार्रवाई नहीं करना

अधिक सोचने से आप पर क्या प्रभाव पड़ता है?

ओवरथिंकिंग आपके अनुभव को प्रभावित कर सकता है और आपके आस–पास की दुनिया के साथ जुड़ सकता है – आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने से रोकता है, आपको वर्तमान क्षण का आनंद लेने से रोकता है और आपको दैनिक तनाव से निपटने के लिए आवश्यक ऊर्जा की निकासी करता है।

इसके अलावा, चाहे आप अतीत पर ध्यान दे रहे हों या भविष्य के बारे में भयावह सोच रहे हों, विचार पैटर्न जो रचनात्मक से अधिक विनाशकारी हैं, आपके मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर भारी पड़ सकते हैं।

अध्ययन से पता चलता है कि तनावपूर्ण घटनाओं पर चिंतन, समय के साथ, चिंता और अवसाद का कारण बन सकता हे।

मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से, चिंता रोजमर्रा के तनावों से निपटने की आपकी क्षमता को प्रभावित कर सकती है, और अवसाद के परिणामस्वरूप उदासी, अकेलापन और खालीपन की भावना होती है।

चिंता और अवसाद शारीरिक लक्षणों के साथ भी आते हैं, जिनमें शामिल हैंरू

थकान, सिर दर्द, जी मिचलाना

,मुश्किल से ध्यान दे, नींद न आना

,भूख में बदलाव, ष्क्या अधिक है कि सामान्यीकृत चिंता विकार उच्च रक्तचाप और खराब हृदय स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है, जबकि अवसाद आपके दिल के दौरे और आत्महत्या के जोखिम को बढ़ा सकता है!

ज्यादा सोचना थका देने वाला होता है।

जब आप ज्यादा सोचते हैं, तो विचार आपके सिर के चारों ओर चक्कर लगाते हैं और आप खुद को उल्टा फंसा हुआ पाते हैं, आगे बढ़ने में असमर्थ होते हैं। इसके अलावा, आप विचित्र विचारों के साथ आने लगते हैं जो एक–दूसरे का पूरी तरह से खंडन करते हैं।

मैं इस नौकरी के साक्षात्कार के लिए बहुत उत्साहित हूंष्मुझे आश्चर्य है कि क्या वे मुझे पसंद करते हैंष्में बदल जाते हैं और फिर ष्ओह, मैं बहुत बेवकूफ हूं! मुझे ऐसा नहीं कहना चाहिए था! मुझे निश्चित रूप से कोई प्रस्ताव नहीं मिल रहा है। आप उन चीजों के लिए खुद को दोष देना शुरू कर देते हैं जो आपने नहीं की और उन परिदृश्यों के बारे में चिंता करना शुरू कर देते हैं जो हो भी सकते हैं और नहीं भी।

ओवरथिंकिंग केवल षकिसी चीज के बारे में बहुत अधिक या बहुत लंबे समय तक सोचने का कार्य है।

मैं भावना को जानती हूं, और यह ऊर्जा की निकासी है। वास्तव में, अध्ययनों से पता चला है कि अधिक सोचने से आपके तनाव का स्तर बढ़ जाता है, आपकी रचनात्मकता कम हो जाती है, आपके निर्णय पर बादल छा जाते हैं और निर्णय लेने की आपकी शक्ति समाप्त हो जाती है।

सौभाग्य से, ओवरथिंकिंग को संभालने के कुछ तरीके हैं।

ये रातोंरात नहीं होते हैं–––कुछ को विकसित होने में समय लगेगा और कुछ को तुरंत लागू किया जा सकता है। लेकिन उन सभी को आपकी ओर से सचेत काम करने की आवश्यकता है।

ओवरथिंकिंग को रोकने में आपकी मदद करने के लिए यहां कुछ चरण दिए गए हैं। हम जो चीज में नहीं कर सकते हैं और बार–बार हमसे कहते हैं कि हम नहीं कर सकते और फिर परेशान होते हैं, इसकी जगह खुद को यह कहना शुरू करें कि हम कर सकते हैं! जी हां अगर हम ज्यादा सोचने को कम नहीं कर सकते हैं तो सकारात्मक सोच सकते हैं! जैसे हम अतीत के बारे में सोचने लगे या उस चीज के बारे में सोचने लगे जो बदल नहीं सकते , खुद को उसी समय डायवर्जन दीजिए, और स्वयं को समझाएं इसे सोचना व्यर्थ है!

हम छोटी–छोटी चीजें भी कर सकते हैं, जैसे थोड़ी देर के लिए सांसों को रोकना, और फिर गहरी सांस को छोड़ना! योगा, एक्सरसाइज और खेलकूद इसके लिए बहुत उपयोगी है!

ज्यादा सोना त्याग कर कुछ अलग कार्य करें, अगर हम ज्यादा सोचते हैं तो कोशिश करें कि हम ऐसा कार्य करें जिसमें हम मानसिक और शारीरिक रूप से व्यस्त हो!

हम अपने आप को कोई भाषा भी सिखा सकते हैं, उदाहरण के लिए अगर आप अंग्रेजी सीखते हैं, अपने आप से कहते हैं कि हम अंग्रेजी में बोलेंगे नहीं सोचेंगे भी तो इससे हमारी सोच पर रोक लगेगी क्योंकि जब भी हम वाक्य को बनाएंगे तो पहले सोचेंगे और कम सोचेंगे!

हम जो भी देखते जा रहे हैं, सुनते जा रहे हैं, अक्सर हम उसी को सोचते हैं! कोशिश करें कि कुछ ऐसी चीजें देखे और सुने जो नकारात्मक ना हो और अगर ऐसा हुआ तो उससे दुगनी, अच्छा देखने और सुनने की कोशिश करें! ठीक वैसे ही जब आप एक समोसा खाने के बाद दो एप्पल को खाकर अपनी हेल्थ को मेंटेन करते हैं!

कोई भी चीज की सोचने की शुरुआत होते ही, सोचिए क्या हम इसका समाधान ढूंढ सकते हैं, हां अगर ऐसा है तो उसे सोचना थोड़ा जरूरी है!

हम अगर अपनी सोच पर ध्यान रखेंगे तो धीरे–धीरे कम, महत्वपूर्ण बातें और सकारात्मक सोचना शुरु कर देंगे!

हमें कार्य ज्यादा करना चाहिए, क्योंकि ज्यादा सोचने पर हम सिर्फ सोचते रह जाते हैं उस कार्य को नहीं करते और कोई कार्य बहुत ज्यादा सोच ले रहा है तो वह आपके लिए नहीं है! बहुत बार हम कुछ कर देते हैं उस पर सोचते नहीं क्योंकि वह हमें करना होता है!

तो आज से अभी से हम वह कार्य को ज्यादा सोचे समझे बिना करें जो स्वयं की प्रसन्नता और मानवता भलाई से जुड़ा हो! इस बात का जरूर ध्यान रखें हम किसी की उतनी ही मदद करें कि कल को हमें किसी की मदद मांगने की जरूरत ना हो, अगर बुद्धिमानी, स्वाभिमान एवं उदारता के साथ हम कोई कार्य करेंगे तो शायद हम अपनी सोच को एक विराम दे सके!

हमें अपनी बैटरी को बार–बार चार्ज करने की जरूरत है, बीच–बीच में नजर डालें कि हम किसी फिजूल बात पर सोचते ही तो नहीं जा रहे हैं और उसे वही विराम देने की कोशिश करें!

अधिक सोच पर रोक लगाएं,

कार्य को करके दिखाएं,

अवसाद, तनाव से दूर हो जाए,

स्वयं के मन में शांति लाएं!

डॉ. माध्वी बोरसे!

संक्षिप्त समाचार

भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय संचालन में किया बदलाव : जिला शिक्षा पदाधिकारी

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। जिला में भीषण गर्मी बढ़ने के कारण जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को निर्देश जारी किया है , कि सोमवार से नए समय सीमा का पालन करें उन्होंने एक नए समय सारणी दिए । सुबह 6:30 पूर्वाहन से 11:30 पूर्वाहन तक विद्यालय संचालन करेंगे और सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चों को अपने समय सीमा में ही छुट्टी देने का भी काम करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने गैर सरकारी विद्यालयों को भी एक करी निर्देश दिया है की समय सीमा में ही विद्यालय संचालन करे।

मुजफ्फरपुर जिला के कार्यकारिणी टीम एवं प्रखंड के सभी 16 प्रखंड से जुड़े हुए कार्यकारिणी टीम के साथ आज अश्नलाइन गूगल मीटिंग की गई

(जितेंद्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाईम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर)



मुजफ्फरपुर जिला के कार्यकारिणी टीम एवं प्रखंड के सभी 16 प्रखंड से जुड़े हुए कार्यकारिणी टीम के साथ आज ऑनलाइन गूगल मीटिंग की गई जिसमें अलग–अलग तरह के मुद्दों पर बात चली संगठन को मजबूत करना संगठित होना राशन कार्ड ,ट्राई साइकिल , बैटरी वाली गाड़ी ,यूडी आईडी कार्ड इत्यादि अपने–अपने प्रखंड में संबंधित विभाग के पदाधिकारी के साथ बैठक करना इस मीटिंग में जुड़े हुए सभी बंधुओं को संचालन कर रहे थे। राज्य बिहार पीडब्यूडी संघ के मीडिया प्रभारी एवं पारू प्रखंड के त्ज्प्रभारी श्री रामजीवन शाह जीके द्वारा मीटिंग की समाप्ति की घोषणा की गई मीटिंग 6:30 बजे से रात्रि 9:10 तक चलती रही।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली का 94वां स्थापना दिवस सह पुरस्कार वितरण

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। भारतीय कृषि

अनुसंधान परिषद नई दिल्ली का 94वां स्थापना दिवस सह पुरस्कार वितरण 2022 का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र, पटना से किया गया। इस कार्यक्रम में पटना जिला के विभिन्न प्रखंडों से आये प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत देश के वैसे किसान जिनकी आय दुगुनी हुई है उन किसानों से माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने सीधा संवाद स्थापित किया।

कस्तूरबा विद्यालय जीवछपुर में कोरोना का विस्फोट

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। सुपौल जिला के छातापुर प्रखंड अंतर्गत जीवछपुर गांव में चल रहे कस्तूरबा विद्यालय में 16 बच्चियों में कोरोना संक्रमण की लक्षण पूर्व से ही दिख रही थी । जैसे सर्दी खांसी और बुखार । इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दिया गया और विद्यालय की बच्चियों का जांच कराई गई , तो सभी पॉजिटिव पाए। आज इन बच्चों की आरपीसीआर टेस्ट भी कराया गया । इस पर डॉक्टर ने बताया कि 16 बच्चों में एक बच्चे में ही तेज बुखार थी और सभी सामान्य स्थिति में थी । तत्काल में विद्यालय को सैनिटाइज कर दिया गया और डॉक्टरों की निगरानी विद्यालय पर बनी रहेगी।

अर्जुन पुत्र अभिमन्यु कुमार को लिपिक के पद पर,पुत्री दिप्ती कुमारी को दारोगा पद पर चयनित होने पर पिता ने खुशी जताई

(जितेंद्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाईम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर)

MAHARISHI UNIVERSITY

Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001

D.Pharm
B.Pharm
Diploma
B.Tech
L.L.B.

B.C.A.
M.C.A.
M.B.A.
B.Ed.
L.L.M

100% गारंटी : सभी सुविधाएं

- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।

कुछ सीट शेष जल्दी करें

श्री साईं एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251